Website- edristi.in

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 4 >>> अंक - 2 >>> अगस्त, 2020



"भारतीय वायु सेना में शामिल हुए राफेल विमान"

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020





प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (जुलाई,2020) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 14
राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 14
भारतीय वायु सेना में शामिल हुए राफेल विमान 16
भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन 18
इंडिया आईडियाज शिखर सम्मेलन, 2020 18
दूसरी भारत-अमेरिका सामरिक ऊर्जा साझेदारी (SEP) की मंत्रिस्तरीय बैठक, 2020 19
डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षा पर 'प्रज्ञाता' दिशा-निर्देश जारी 19
पोबा रिजर्व फॉरेस्ट 20
भारत ऊर्जा मॉडल फोरम 21
देश की पहली राज्य स्तरीय ई-लोक अदालत 22
राबरी, भारवाड़ एवं चारण समुदाय 22
15 वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन, 2020 23
भारत में बाघों की गणना ने नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया 23
इटोलिजुमाब 24
BLUIS 24
सीबीएसई और फेसबुक के मध्य भागीदारी 25
इंडिया ग्लोबल वीक, 2020 26
भारत में नैनो आधारित कृषि-इनपुट और खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन हेतु दिशा-निर्देश 26
जलवायु कार्यवाही पर चौथी मंत्रिस्तरीय वर्चुअल बैठक, 2020 27
नगालैंड : अफस्पा कानून के लागू होने की अवधि बढ़ाई गई 28
वंदे भारत मिशन का तृतीय एवं चतुर्थ चरण 28
रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना 29
चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध 30
अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 30
विश्व व्यापार संगठन का 25वां ऑब्जर्वर देश 30
हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित करने वाला चौथा देश 31
वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक, 2020 31
जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की तीसरी बैठक, 2020 32
चीन के विरूद्ध प्रतिबंधों को अधिकृत करने वाला कानून हस्ताक्षरित 32
भारत-यूरोपीय संघ : उच्च स्तरीय संवाद स्थापना 33
सतत विकास लक्ष्य सूचकांक, 2020 33
कर मुद्दों पर सूचना का आदान-प्रदान 34
अमेरिका के साथ स्वच्छ ऊर्जा विकास में भागीदारी 35

चेचक और खसरा के उन्मूलन का लक्ष्य समय से पहले हासिल करने वाले दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के दो देश 35
वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक, 2020 36
36वां आसियान शिखर सम्मेलन 37
आर्थिक परिदृश्य 37
चाय उत्पादन में कमी 37
एग्री कमोडिटी में वायदा कारोबारः रेपसीड, गेहूं और मक्का के 'विकल्प अनुबंधों' की लॉन्चिंग 38
एलएंडटी टेक सर्विसेज द्वारा अमेरिकी फर्म ऑर्केस्ट्रा टेक्नोलॉजी का अधिग्रहण 38
नागर विमानन मंत्रालय के द्वारा निवेश मंजूरी सेल की स्थापना 39
ऑनलाइन जॉब पोर्टल 'रोजगार बाजार' 39
आवर्ती भुगतान हेतु NPCI की नई पेशकश 40
एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के नए एमडी एवं सीईओ 40
एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 5वीं वार्षिक बैठक, 2020 41
कैबिनेट का निर्णय : तीन सामान्य बीमा कंपनियों को पूंजी उपलब्ध कराने को मंजूरी 41
भारतीय अर्थव्यवस्था में संकुचन का अनुमान 42
कोलकाता एवं चट्टोग्राम के बीच नई शिपिंग सेवा का अनावरण 43
ग्लोबल ई वेस्ट मॉनीटर, 2020 43
भारत का विदेशी ऋण 44
RBI : वर्धित उधार सीमा में विस्तार 44
कोचीन शिपयार्ड का इलेक्ट्रिक जहाज निर्माण हेतु नॉर्वे की कंपनी से अनुबंध 45
भारत-भूटान नव-व्यापार मार्ग 46
कोलकाता बंदरगाह से पहला मालवाहक जहाज अगरतला के लिए रवाना 46
एचसीजी में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण 47
एएआई और बीईएल में समझौता 47
कर्नाटक : स्वयं सहायता समूह के संवर्धन व आंकड़ों के डिजिटलीकरण में नाबार्ड की भूमिका 48
NHAI की आईआईटी एवं अन्य संस्थानों की साझेदारी 48
BSE ईबिक्स ने अपने प्लेटफॉर्म पर लाइफ इंश्योरेंस की शुरुआत की 49
IRDAI : 5 लाख रुपये से अधिक की आरोग्य संजीवनी पॉलिसी बेचने को मंजूरी 49
उद्योग मंडल फिक्की के वृद्धि अनुमान 50
हरियाणा में नई आर्थिक गलियारा परियोजनाओं का शुभारंभ 50
यूवी सैनिटाइजिंग उत्पाद- शुद्ध 51
जूट व संबद्ध उत्पादों के निर्यात में वृद्धि 52
गूगल द्वारा भारत में निवेश की घोषणा 52
आयकर विभाग : TDS प्रयोज्यता दरों हेतु बैंकिंग टूल की लॉन्चिंग 53
झज्जर में Tsuzuki द्वारा संयंत्र की स्थापना 54

CCI : अधिग्रहण मंजूरियां 54
रिलायंस बीपी मोबिलिटि 55
तीन कंपनियों के प्रस्तावित संयोजन को मंजूरी 55
उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति, 2020 56
कृष्णा होल्डिंग्स द्वारा शेंडोंग बिनानी रोंगन सीमेंट में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री का निर्णय 57
जर्मनी : कोयला व न्यूक्लियर पॉवर को चरणबद्ध तरीके से हटाने वाली पहली प्रमुख अर्थव्यवस्था 57
महाराष्ट्र सरकार-SBI साझेदारी 58
तमिलनाडु : शीर्ष बाजार उधारकर्ता 58
अमेरिका : भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार 59
ब्रिटेन में एफडीआई करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निवेशक देश 59
हाउसिंग प्राइस इंडेक्स (HPI) 60
इंडेक्स ऑफ एट कोर इंडस्ट्रीज 60
गोवा मैरीटाइम क्लस्टर 61
नई देशव्यापी केंद्रीय क्षेत्र योजना-कृषि अवसंरचना कोष 62
एआईआईबी द्वारा एलटीआईएफ को पहली किस्त जारी 63
न्यूजलेटर 'मत्स्य संपदा' 64
ICT उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए जाने वाले इम्पोर्ट ड्यूटी पर डिस्प्यूट पैनल 64
NBFCs एवं HFCs हेतु विशेष तरलता योजना 65
कार्लाइल ग्रुप द्वारा एयरटेल के डाटा सेंटर व्यवसाय में हिस्सेदारी अधिग्रहण 66
फिच रेटिंग्स के वृद्धि अनुमान 66
भारत में FDI : RBI के आंकड़े 66
RBI : ओपन मार्केट ऑपरेशन्स की घोषणा 67
एडीबी, एनजीएफएस के पर्यवेक्षक के रूप में शामिल 68
स्विग्गी-ICICI बैंक साझेदारी 68
इंडियन मरीन फिश प्रोडक्शन डाटा 69
एट वन क्लिक 70
विश्व बैंक द्वारा भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु ऋण स्वीकृत 70
क्रयशक्ति समतुल्यता के आधार पर भारत की GDP 71
CCI: मैकरिची द्वारा अधिग्रहण को मंजूरी 71
इन्सटा फ्लेक्सीकैश 72
टेक पायनियर्स लिस्ट 72
एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक : भारत को 750 मिलियन डॉलर का लोन 73
एम्पावरिंग द ग्रेटर 50% : फिक्की एवं FLO की पहल 74
सर्वे, 'एनेक्शियस अबाउट फाइनेंसेज 75

वैज्ञानिकपरिदृश्य 76
रक्षा/विज्ञानसंक्षिप्तिकी 76
कोविड प्रोटेक्शन सिस्टम फॉर वर्कप्लेस 76
नासा के द्वारा डिजाइन किए गए मल्टी-फंक्शनल वेंटिलेटर का बंगलुरू स्थित फर्म में उत्पादन 76
चीन का मंगल ग्रह के लिए पहला मिशन 77
एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' का सफल परीक्षण 78
तापांतर प्रभाव से बेहद कम समय में खराब होने वाली वस्तुओं हेतु डिवाइस की लॉन्चिंग 78
मायलान को क्षयरोगनिवारक दवा के सशर्त अभिगम हेतु DCGI की मंजूरी 79
दक्षिण अफ्रीका को डीडीटी की आपूर्ति 79
विप्रो 3D : कोरोना मरीजों के सहायतार्थ उपकरण की लांचिंग 80
तीन रैपिड टेस्ट क्षमता वाली कोविड-19 परीक्षण सुविधाओं का शुभारंभ 81
नवाचार प्रतियोगिता 'डेयर टू ड्रीम 2.0' 81
दिहर, लेह में DRDO द्वरा कोविड टेस्टिंग सुविधा की स्थापना 82
कोरोना वायरस को बेअसर करने वाले दो लामाओं से एंटीबॉडी की पहचान 82
मंगल मिशन 'होप' 83
सशस्त्र बलों को सैन्य सामग्री की खरीद हेतु मंजूरी 84
IIT दिल्ली का अल्प लागत कोविड-19 टेस्ट किट 85
भारतीय रक्षा परिदृश्य : अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की अंतिम खेप की प्राप्ति 85
कोविड-19 वैक्सीन के मानव परीक्षण खत्म करने वाला विश्व का पहला देश 85
रक्षा क्षेत्र : इस्रायली राइफलों, अरद और कार्मेल का भारत में निर्माण 86
न्यूमोकोकल पॉलीसैकराइड कंजुगेट टीका 86
"APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह 87
अमेजोनिया-1 87
वाणिज्यिक संचार उपग्रह-APSTAR-6D 88
मॉलीक्यूलर डायग्नोस्टिक टेस्ट्स की मैनुअल प्रक्रियाओं हेतु मशीन लॉन्च 88
छिपकली की नई प्रजाति की खोज 89
ग्लोबल एनुएल टू डिकेडल क्लाइमेट अपडेट फॉर 2020-24 90
आणविक प्रोब्स 90
जाइड्स कैडिला द्वारा विकसित कोविड-19 वैक्सीन मानव नैदानिक परीक्षण हेतु मंजूरी 91
डीएसी द्वारा आवश्यक रक्षा उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी 92
शारीरिक और मानसिक रूप से असक्षम लोगों के लिए आंखों की पुतली से चलने वाला कंप्यूटर विकसित 93
देश के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत 93
क्वांटम संचार प्लेटफार्मों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु टूलकिट विकसित 94
एनबीआरआई में कोविड-19 के परीक्षण हेतु अत्याधुनिक वायरोलॉजी प्रयोगशाला की शुरुआत 95

अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी 95
खेल परिदृश्य 96
टेनिस 96
पीएसडी बैंक नॉर्ड ओपन टूर्नामेंट, 2020 96
विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 96
फुटबॉल 97
ला-लीगा (स्पेनिश लीग), 2019-20 97
जर्मन फुटबॉल कप, 2020 98
फीफा महिला विश्वकप, 2023 की मेजबानी 98
इंग्लिश प्रीमियर लीग, 2020 99
मुक्केबाजी 99
AIBA द्वारा विश्व रैंकिंग, 2020 जारी 99
गोल्फ 100
रॉकेट मोर्टगेज क्लासिक, 2020 100
फॉर्मूला वन 100
हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 100
ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 101
खेल विविध 101
जकार्ता एशियाई खेल, 2018 मिश्रित रिले टीम के पदकों में बदलाव हुए 101
विश्व लीग फोरम में शामिल दक्षिण एशिया की पहली लीग 102
चौथे खेलो इंडिया युवा खेलों की मेजबानी 102
चर्चित खेल व्यक्तित्व 103
पोकरस्टार्स इंडिया के ब्रांड एंबेसेडर 103
कोविड-19 के बीच किसी प्रतियोगिता में भागीदार पहली भारतीय एथलीट 103
आंद्रे शूरले 104
बैरी जरमन 104
रमेश टीकाराम 105
स्पोर्ट्स अड्डा के ब्रांड एंबेसेडर 105
विम सुरबियर 106
जैक चार्लटन 106
स्टाइरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 107
मुक्केबाजों द्वारा पृथकवास (क्वारंटीन) नियमों के कथित उल्लंघन की जांच हेतु समिति 107
हॉकी इंडिया के कार्यवाहक अध्यक्ष 108
जोशना चिनप्पा 108

विल्सन किपसांग 109
भारत के 66वें शतरंज ग्रैंडमास्टर 109
सर एवरटन वीक्स 109
मारियो गोमेज 110
विज्डन द्वारा घोषित 21वीं सदी के भारत के सबसे मूल्यवान टेस्ट खिलाड़ी 111
आईसीसी पैनल में शामिल तीसरे भारतीय अंपायर 111
संक्षिप्तियां 112
चर्चित व्यक्ति 112
करूर वैश्य बैंक के नए एमडी एवं सीईओ 112
Share this: 112
ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मानद सलाहकार 112
लालजी टंडन 113
शिप प्रताप शुक्ला 113
शम्सुद्दीन 114
विजय मोहंती 114
जुआन मार्से 115
चार्ली डेनियल 115
एमएफआईएन के नए सीईओ और निदेशक 116
हिचेम मेचीची 116
बेंजामिन कापा 117
एनी रॉस 117
डॉ. पराग चिटनिस 117
एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज के नए एमडी एवं सीईओ 118
अमला शंकर 118
रोज क्रिस्टियन ओस्सुका रापोंडा 119
रावि कोंडल राव 119
यूआईसी सुरक्षा मंच के नए उपाध्यक्ष 119
जलवायु परिवर्तन पर युवा सलाहकार समूह के लिए नामित भारतीय 120
कुमकुम 121
प्रोफेसर सी.एस. शेषाद्रि 121
जॉन लुईस 122
एचसीएल टेक्नोलॉजीज के नए अध्यक्ष 122
हुलवान गंगाधरैया 123
नीला सत्यनारायण 123

एलिस फखफख 124
सुब्रमण्यम शर्मा 124
चंद्रिकाप्रसाद 'चान' संतोखी 125
एशियाई विकास बैंक के नए उपाध्यक्ष 125
डॉ. विधु.पी. नायर 126
बीसीसीआई के अंतरिम सीईओ 126
ज्योत्सना भट्ट 127
नगिनदास सांधवी 127
एंड्रेज डुडा 128
थिओडोर वॉन कर्मन पुरस्कार, 2020 128
पॉल हैरिस फेलो सम्मान 129
फ्रांस के नए प्रधानमंत्री 129
एडौर्ड फिलिप 129
बैसाली मोहंती 130
गुडनी जोहान्सन 130
डॉ. निगार जौहर 131
लिन डैन 131
अवाद बिन हसन जामी 132
जगदीप 132
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के पहले अध्यक्ष 132
एन्नियो मोरिकोन 133
न्यायमूर्ति बी.एल. भट 133
अर्ल कैमरन 134
यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल ग्रुप के नए सीईओ 135
'द डायना अवॉर्ड, 2020 से सम्मानित भारतीय छात्रा 135
सुनील रायन 135
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के नए अध्यक्ष 136
आईआईएमसी के नए महानिदेशक 136
आनंदी बेन पटेल 137
संयुक्त राष्ट्र में भारत के अगले राजदूत 137
आईसीसी के अंतरिम चेयरमैन 138
के.के. वेणुगोपाल 138
सीबीएफसी के नए सीईओ 139
कार्ल रीनर 139

गीता नागभूषण 140
लाजारस चकवेरा 140
प्रलय मंडल 141
चर्चित स्थल 141
महिंद्रा विश्वविद्यालय 141
भारत का पहला ईवी चार्जिंग प्लाजा 142
थाईलैंड 142
काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र 143
केरल में दूसरा प्लाज्मा बैंक 143
सेंट्रल फुटवियर प्रशिक्षण केंद्र 144
भारत का पहला लाइकेन पार्क 144
कुशीनगर हवाई अड्डा 145
पुरस्कार/सम्मान 146
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राष्ट्रीय पुरस्कार, 2020 146
पहला मानवता के लिए गुल बेंकियन पुरस्कार, 2020 146
गुस्ताव ट्रवे अवॉर्ड, 2020 147
यूएन नेल्सन मंडेला पुरस्कार, 2020 147
इंटरनेशनल प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड, 2020 148
यूएसआईबीसी ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड, 2020 149
इन्फ्रा बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर, 2020 149
मोहन बागान लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2020 150
मोहन बागान लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, 2020 150
सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार, 2019 151
सिद्धार्थ मुखर्जी और प्रोफेसर राज चेट्टी 151
ई-पंचायत पुरस्कार, 2020 152
बीईटी अवॉर्ड्स 2020 153
योजना/परियोजना 153
मणिपुर जलापूर्ति परियोजना 153
काकरापार परमाणु बिजली संयंत्र का तीसरा रिएक्टर 154
मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना 154
नौसेना स्टेशन करंजा, उरण में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन 155
मनोदर्पण 155
जोरम मेगा फूड पार्क 156
आंध्र प्रदेशः नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात नीति 157

ई-पोर्टल एएसपीआईआरई (ASPIRE) 157
मंगोलियन कंजूर पांडुलिपियों के पुनर्मुद्रण की परियोजना शुरू 158
आंध्र प्रदेश में निष्ठा कार्यक्रम लांच 158
नवीन रोजगार छतरी योजना 159
लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता हेतु पीएम पुरस्कार की नई संशोधित योजना और वेब पोर्टल लांच 160
आजाद पट्टन जल विद्युत परियोजना 160
अमेजन इंडिया का कौशल विकास कार्यक्रम 161
द्वितीय राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन परियोजना 162
पोस्ट कोविड कोच 162
भारत चाबहार रेल परियोजना से बाहर 163
'बलराम' योजना 163
लद्दाख खाद्य सुरक्षा योजना 164
आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम 164
रेलवे द्वारा कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य 165
ड्रीम केरल प्रोजेक्ट 166
'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना 166
प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार 167
मुख्यमंत्री मातृ पुष्टि उपहार योजना 168
एमएसएमई क्षेत्र की सहायता हेतु वित्त-पोषण योजना 169
खादी ग्रामोद्योग आयोग की नीर एवं पामगुड़ परियोजना 169
आयोग/समिति 170
'इंडियन पैंडेमिक रिस्क पूल' की व्यवहार्यता की जांच हेतु एक कार्य समूह का गठन 170
उच्चतम न्यायालय द्वारा विकास दुबे प्रकरण की न्यायिक जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी 171
विकास दुबे प्रकरण की जांच हेतु एकल सदस्यीय आयोग गठित 171
मानव अधिकारों पर कोविड-19 प्रभाव का अध्ययन करने हेतु विशेषज्ञ समिति 172
ऑपरेशन/अभियान 172
प्लाज्मा दान अभियान 172
उत्तर प्रदेश में 'विशेष संचारी रोग अभियान' का द्वितीय चरण 173
किल कोरोना अभियान 173
सम्मेलन/समारोह 174
जी-20 डिजिटल इकोनॉमी मंत्रिस्तरीय बैठक, 2020 174
भारतीय वायु सेना कमांडर सम्मेलन-जुलाई, 2020 174
5वां एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर सम्मेलन, 2020 175
संधि/समझौता 175

डाटा सेंटर पार्क की स्थापना हेतु समझौता 175
भारत-मालदीव में समझौता 176
NSDC- एअरटेल पेमेंट्स बैंक साक्षेदारी 176
CBIC एवं CBDT के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित 177
सीबीडीटी और एमएसएमई मंत्रालय में समझौता 177
तमिलनाडु सरकार द्वारा 8 नए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर 178
रक्षा मंत्रालय और बीईएमएल में समझौता 178
उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के लिए समझौता 179
भारत-श्रीलंका में मुद्रा विनिमय समझौता 180
भारत-इस्राइल में समझौता 180
भारत-इज़राइल साइबर थ्रेट समझौता 181
एनटीपीसी-एनआईआईएफ में समझौता 181
NTPC-NIIF समझौता 182
नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड और एनसीआरबी में समझौता 182
स्थानीय कला, शिल्प, हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु समझौता 183
आईआईटी एलुमनी काउंसिल और सीएसआईआर-आईजीआईबी में समझौता 184
ईईएसएल-नोएडा प्राधिकरण में समझौता 184
एनएलसी इंडिया लिमिटेड-कोल इंडिया लिमिटेड में समझौता 185
भारतीय रेलवे और रेलटेल में समझौता 185
डेटा साझा करने हेतु समझौता 186
एनएसडीसी और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य साझेदारी 186
समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता 187
बीडीएल और डीआरडीओ में समझौता 187
यू.के.आईबीसी-एमआईडीसी में समझौता 188
अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन खरीदने हेतु समझौता 189
एमएसएमई आपातकालीन उपाय कार्यक्रम हेतु समझौता 189
भारत बांग्लादेश LPG व्यवसाय समझौता 190
यूएसएमसीए लागू 191
अपशिष्ट के संदर्भ में समझौता 191
भूटान सरकार और खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड में समझौता 192
विधि/न्याय 192
मध्यप्रदेशसाहूकारी (संशोधन) विधेयकएवंअनुसूचितजनजातिऋणमुक्तिविधेयक, 2020 192
वर्ष/दिवस/सप्ताह 193
राष्ट्रीय प्रसारण दिवस 193

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस 193
विश्व हेपेटाइटिस दिवस 194
विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 194
कारगिल विजय दिवस 195
विश्व शतरंज दिवस 195
नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस 196
मलाला दिवस 196
विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 197
विश्व युवा कौशल दिवस 197
विश्व जनसंख्या दिवस 198
वर्ल्ड जूनोसेस 198
अंतरराष्ट्रीय संक्रांति दिवस 199
विश्व खेल पत्रकार दिवस 199
संसदीयता का अंतरराष्ट्रीय दिवस 200
अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 200
राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 201
पुस्तकें 201
पुस्तक-सूरज कदे मरदा नही 201
पुस्तक-द एंड गेम 202
पुस्तक-इफ इट ब्लीड्स 202
पुस्तक-ए सांग ऑफ इंडिया 202
पुस्तक-मेरा युद्ध, कैंसर विरुद्ध 203
पुस्तक-'हिज होलीनेस द फोर्टिंथ दलाई लामा : एन इलेस्ट्रेटेड बॉयोग्राफी' 203
पुस्तक-सेव यूथ सेव नेशन 204
पुस्तक-फ्यूचर ऑफ हायर एजूकेशन-नाइन मेगा ट्रेंड्स 204
विविध 205
रीस्टार्टइंडिया (Restart India) मंच 205
प्रवासी रोजगार ऐप 205
NTPC की कुल संस्थापित क्षमता में वृद्धि 206
कोवैक्सिन मानव परीक्षणः स्वयं सेवकों की भर्ती 206
जम्मू-कश्मीर में पंचायत सदस्यों के लिए बीमा कवर 207
भारत की पहली 'नो-परमीशन नो-टेकऑफ' (NPNT) अनुपालित ड्रोन उड़ान 207
सऊदी अरब की पहल : कोविड रोधी एक्शन प्लान लांच 208
रेलवेः निजी ट्रेनों का लॉन्चिंग वर्ष घोषित 208

'मौसम' मोबाइल ऐप का शुभारंभ 209
IIT मद्रास की मदद से स्थापित स्टार्टअप द्वारा पोर्टेबल हॉस्पिटल का निर्माण 209
FamPay का नंबरलेस कार्ड लॉन्च 210
माता नी पछेड़ी 210
महा जॉब पोर्टल 211
स्वास्थ्य बीमा : कोरोना कवच एवं कोरोना रक्षक पॉलिसियां 211
अंजी खाड ब्रिज 212
कोविड-19 जांच किट-कोरोश्योर 213
गोल्डन बर्डविंग 213
हागिया सोफिया संग्रहालय 214
दवा-फेविपिरावि‍र 214
एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल लांच 215
असीम पोर्टल 215
जम्मू-कश्मीर में 6 पुलों का ई-उद्घाटन 216
डिजिटल इंडिया आत्म-निर्भर ऐप इनोवेशन चैलेंज 216
प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरियां 217
ई-लर्निंग पोर्टल-लीड 217
पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान 218
देश का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप 'इलीमेंट्स' लांच 219
मिशन वृक्षारोपण, 2020 219
माइक्रोसॉफ्ट की पहल 220
पीएम स्वनिधि पोर्टल 220
L & T हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग 221
फिट इंडिया वार्ता 221
जूनियर वकीलों को मासिक वृत्ति देने की घोषणा 222
औषध खोज हैकाथन 222
उ.प्र. में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों हेतु 'लाइब्रेरी खिड़की' 223
नाडा का पहला मोबाइल ऐप लांच 223
संकल्प पर्व 224
प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम 225
प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम 225
देविका और पुनेजा सेतु 226

राष्ट्रीय परिदृश्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020

प्रश्न-29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1976 की जगह लेगी।

(ii) राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अंतिम प्रारूप तैयार करने हेतु इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति गठित हुई थी।

(iii) अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की जाएगी।

(iv) एक नई एवं व्यापक स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (NCFSE)]2020-21, एनसीईआरटी द्वारा विकसित की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i), (ii) एवं (iii) (b) केवल (ii), (iii) एवं (iv)

(c) केवल (iii) एवं (iv) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को मंजूरी दे दी।
- यह 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है।
- साथ ही यह 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 का स्थान लेगी।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अंतिम प्रारूप तैयार करने हेतु इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में एक समिति गठित हुई थी।
- **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण बातें**
- इसमें मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।
- **स्कूली शिक्षा–**
- **स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सबकी एकसमान पहुंच सुनिश्चित करना-**एनईपी (NEP) 2020 स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक सबके लिए एकसमान पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर देती है।
- एनईपी 2020 के तहत स्कूल से दूर रह रहे लगभग 2 करोड़ बच्चों को मुख्य धारा में वापस लाया जाएगा।
- **नए पाठ्यक्रम और शैक्षणिक संरचना के साथ प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा**
- बचपन की देखभाल और शिक्षा पर जोर देते स्कूल पाठ्यक्रम के 10 + 2 ढांचे की जगह 5 + 3 + 3 + 4 का नया पाठ्यक्रम संरचना लागू किया जाएगा जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14 और 14-18 उम्र के बच्चों के लिए है। इसमें अब तक दूर रखे गए 3-6 साल के बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के तहत लाने का प्रावधान है, जिसे विश्व स्तर पर बच्चे के मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण चरण के रूप में मान्यता दी गई है। नई प्रणाली में तीन साल की आंगनवाड़ी/प्री स्कूलिंग के साथ 12 साल की स्कूली शिक्षा होगी।
- एनसीईआरटी 8 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (एनसीपीएफईसीसीई) के लिए एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शैक्षणिक ढांचा विकसित करेगा।
- **बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करना**

- बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की प्राप्ति को सही ढंग से सीखने के लिए अत्यंत जरूरी एवं पहली आवश्यकता मानते हुए 'एनईपी 2020' में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन' की स्थापना किए जाने पर विशेष जोर दिया गया है।
- **स्कूल के पाठ्यक्रम और अध्यापन-कला में सुधार**
- स्कूल के पाठ्यक्रम और अध्यापन-कला का लक्ष्य यह होगा कि 21वीं सदी के प्रमुख कौशल या व्यावहारिक जानकारियों से विद्यार्थियों को लैस करके उनका समग्र विकास किया जाए और आवश्यक ज्ञान प्राप्ति एवं अपरिहार्य चिंतन को बढ़ाने व अनुभवात्मक शिक्षण पर अधिक फोकस करने के लिए पाठ्यक्रम को कम किया जाए।
- स्कूलों में छठे ग्रेड से ही व्यावसायिक शिक्षा शुरू हो जाएगी और इसमें इंटर्नशिप शामिल होगी।
- एक नई एवं व्यापक स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 'एनसीएफएसई 2020-21' एनसीईआरटी द्वारा विकसित की जाएगी।
- नीति में कम से कम ग्रेड 5 तक, अच्छा हो कि ग्रेड 8 तक और उससे आगे भी मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा को ही शिक्षा का माध्यम रखने पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को स्कूल के सभी स्तरों और उच्च शिक्षा में संस्कृत को एक विकल्प के रूप में चुनने का अवसर दिया जाएगा। त्रि-भाषा फॉर्मूले में भी यह विकल्प शामिल होगा।
- **समान और समावेशी शिक्षा**
- 'एनईपी 2020' का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा अपने जन्म या पृष्ठभूमि से जुड़ी परिस्थितियों के कारण ज्ञान प्राप्ति या सीखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के किसी भी अवसर से वंचित नहीं रह जाए।
- **शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय प्रोफेशनल मानक (एनपीएसटी)**-राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2022 तक विकसित किया जाएगा, जिसके लिए एनसीईआरटी, एससीईआरटी, शिक्षकों और सभी स्तरों एवं क्षेत्रों के विशेषज्ञ संगठनों के साथ परामर्श किया जाएगा।
- **स्कूली शिक्षा के लिए मानक-निर्धारण एवं प्रत्यायन**
- एनईपी 2020 नीति निर्माण, विनियमन, प्रचालनों तथा अकादमिक मामलों के लिए एक स्पष्ट, पृथक प्रणाली की परिकल्पना करती है। राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्वतंत्र स्टेट स्कूल स्टैंडर्ड्स अथारिटी (एसएसएसए) का गठन करेंगे।
- **उच्चतर शिक्षा**
- 2035 तक जीईआर को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करना।
- एनईपी 2020 का लक्ष्य व्यावसायिक शिक्षा सहित उच्चतर शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 26.3 प्रतिशत (2018) सेबढ़ाकर 2035 तक 50 प्रतिशत करना है। उच्चतर शिक्षा संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटें जोड़ी जाएंगी।
- **समग्र बहुविषयक शिक्षा**
- नीति में लचीले पाठ्यक्रम, विषयों के रचनात्मक संयोजन, व्यावसायिक शिक्षा एवं उपयुक्त प्रमाणन के साथ मल्टीपल एंट्री एवं एक्जिट बिंदुओं के साथ व्यापक, बहुविषयक, समग्र अवर स्नातक शिक्षा की परिकल्पना की गई है। यूजी शिक्षा इस अवधि के भीतर विविध एक्जिट विकल्पों तथा उपयुक्त प्रमाणन के साथ 3 या 4 वर्ष की हो सकती है। उदाहरण के लिए, 1 वर्ष के बाद सर्टिफिकेट, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक।
- देश में वैश्विक मानकों के सर्वश्रेष्ठ बहुविषयक शिक्षा के मॉडलों के रूप में आईआईटी, आईआईएम के समकक्ष बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) स्थापित किए जाएंगे।

- चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर समस्त उच्च शिक्षा के लिए एक एकल अति महत्वपूर्ण व्यापक निकाय के रूप में भारत उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) का गठन किया जाएगा
- **विवेकपूर्ण संस्थागत संरचना-**
- उच्चतर शिक्षा संस्थानों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुसंधान एवं सामुदायिक भागीदारी उपलब्ध कराने के जरिये बड़े, साधन संपन्न, गतिशील बहु-विषयक संस्थानों में रूपांतरित कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की परिभाषा में संस्थानों की एक विस्तृत श्रेणी होगी, जिसमें अनुसंधान केंद्रित विश्वविद्यालय से शिक्षण केंद्रित विश्वविद्यालय तथा स्वायत्तशासी डिग्री प्रदान करने वाले महाविद्यालय शामिल होंगे।
- **अध्यापक शिक्षण-**
- एनसीईआरटी के परामर्श से, एनसीटीई के द्वारा अध्यापक शिक्षण के लिए एक नया और व्यापक **राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा, एनसीएफटीई** 2021 तैयार किया जाएगा।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के वैकल्पिक साधनों की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों को ई-शिक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए एमएचआरडी में डिजिटल अवसंरचना, डिजिटल कंटेंट और क्षमता निर्माण के उद्देश्य से एक समर्पित इकाई बनाई जाएगी।
- सीखने, मूल्यांकन करने, योजना बनाने, प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने पर विचारों का मुक्त आदान-प्रदान करने हेतु एक मंच प्रदान करने के लिए एक **स्वायत्त निकाय, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ)** का निर्माण किया जाएगा।
- सभी भारतीय भाषाओं के लिए संरक्षण, विकास और जीवंतता सुनिश्चित करने के लिए, एनईपी द्वारा पाली, फारसी और प्राकृत भाषाओं के लिए **एक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन आईआईटीआई (राष्ट्रीय संस्थान) या संस्थान** (की स्थापना करने, उच्च शिक्षण संस्थानों में संस्कृत और सभी भाषा विभागों को मजबूत करने और ज्यादा से ज्यादा उच्च शिक्षण संस्थानों के कार्यक्रमों में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा/ स्थानीय भाषा का उपयोग करने की सिफारिश की गई है।
- शिक्षा **के अंतरराष्ट्रीयकरण** को संस्थागत रूप से सहयोग और छात्र और संकाय की गतिशीलता दोनों के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा और हमारे देश में परिसरों को खोलने के लिए शीर्ष विश्व रैंकिंग रखने वाले विश्वविद्यालय के प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
- इस नीति का लक्ष्य 2030, तक 100% युवा और प्रौढ़ साक्षरता की प्राप्ति करना है।
- शिक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे, जिससे जीडीपी में इसका योगदान जल्द से जल्द 6% (वर्तमान में GDP का लगभग 4.4% है) हो सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/cabinet-approves-national-education-policy-2020#:~:text=The%20Union%20Cabinet%20chaired%20by,school%20and%20higher%20education%20sectors.

भारतीय वायु सेना में शामिल हुए राफेल विमान

प्रश्न-जुलाई, 2020 में फ्रांस ने भारत को 5 राफेल की आपूर्ति की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 27 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने डसॉल्ट एविएशन फैसिलिटी, मेरिग्नैक, फ्रांस से उड़ान भरी।

(b) 29 जुलाई, 2020 को इन विमानों ने अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग की।

(c) इन विमानों को अंबाला की 17वीं स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है, जिसे 'गोल्डन एरोज' के नाम से जाना जाता है।

(d) इन 5 विमानों में 2 एकसीटर और 3 दो सीटर हैं।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने डसॉल्ट एविएशन फैसिलिटी, मेरिग्नैक, फ्रांस से उड़ान भरी।
- 29 जुलाई, 2020 को 5 राफेल विमानों ने अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर लैंडिंग की।
- राफेल विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर 2 सुखोई-30 विमानों द्वारा उनकी मार्गरक्षण (Escorting) की।
- इन विमानों के एयरबेस पर लैंड करने पर वाटर सैल्यूट प्रदान किया गया।
- यात्रा के दौरान ये विमान संयुक्त अरब अमीरात में फ्रांस संचालित अलदफरा हवाई अड्डे पर रुके थे।
- इन विमानों ने फ्रांस से भारत तक लगभग 7000 किमी. की दूरी तय की।
- इन 5 विमानों में तीन एक सीटर और दो विमान दो सीटर हैं।
- इन्हें अंबाला की 17वीं स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है जिसे 'गोल्डन एरोज' के नाम से जाना जाता है।
- 17 स्क्वाड्रन को 10 सितंबर, 2019 को पुर्नगठित किया गया था।
- ध्यातव्य है कि 17 स्क्वाड्रन को वर्ष 2010 में भंग कर दिया गया था।
- इस स्क्वाड्रन को मूल रूप से वायु सेना स्टेशन अंबाला में 1 अक्टूबर, 1951 को स्थापित किया गया था।
- 17 स्क्वाड्रन में राफेल विमान को शामिल करने का औपचारिक समारोह अगस्त, 2020 में आयोजित किया जाएगा।
- राफेल विमान फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट द्वारा निर्मित हैं।
- इस विमान की खरीद हेतु वर्ष 2016 में भारत और फ्रांस के बीच समझौता हुआ था।
- इस सौदे के तहत भारत फ्रांस से 59 हजार करोड़ रुपये में 36 राफेल विमान खरीदेगा।
- 36 विमानों में से 10 विमानों की आपूर्ति निर्धारित अवधि के भीतर पूरी कर ली गई है, इनमें से 5 विमान प्रशिक्षण मिशन पर फ्रांस में ही रहेंगे।
- वर्ष 2021 तक सभी विमान भारत को सौंप दिए जाएंगे।
- 7 भारतीय पायलटों ने राफेल विमानों को लेकर उड़ान भरी थी। इन पायलटों में 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन हरकीरत सिंह, विंग कमांडर एम.के. सिंह, ग्रुप कैप्टन आर. कटारिया, विंग कमांडर अभिषेक त्रिपाठी, विंग कमांडर मनीष सिंह, विंग कमांडर सिद्धू और विंग कमांडर अरुण कुमार शामिल हैं।
- राफेल में MICA एयर-टू-एअर मिसाइल (मारक क्षमता 80 किमी. तक), स्कल्प (SCALP) कूज मिसाइल (मारक क्षमता 300 किमी. तक), Meteor एयर-टू-एयर मिसाइल (मारक क्षमता 100 किमी. तक) और हैमर (HAMMER) मिसाइल (मारक क्षमता 70 किमी. तक, एक साथ 6 टारगेट पर निशाना लगाने में सक्षम) से लैस है।
- राफेल लड़ाकू विमान 4.5 पीढ़ी का विमान है।
- राफेल हेल्मेट युक्त डिस्पले, अत्याधुनिक रडार, कम बैंड की जैमर प्रणाली, रडार वार्निंग रिसीवर, इन्फ्रारेड सर्च और ट्रैकिंग सिस्टम जैसी क्षमताओं से लैस है।
- यह परमाणु हथियार और लेजर गाइडेड बम ले जा सकता है।
- राफेल विमान एयर क्राफ्ट कैरियर से भी उड़ान भर सकता है।
- यह रडार को चकमा देने में माहिर है।
- राफेल विमान प्राप्त करने वाला भारत विश्व का चौथा देश है। फ्रांस के अलावा मिस्र और कतर के पास भी यह विमान है।

- राफेल दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है।
- यह विमान हवाई निगरानी, ग्राउंड सपोर्ट, इन डेप्थ स्ट्राइक, एवं परमाणु अभियानों को अंजाम देने में सक्षम है।
- इस विमान में लगी 30 एमएम की तोप से 2500 राउंड गोले दागे जा सकते हैं।
- राफेल विमान की अधिकतम गति 1.8 मैक है।
- एक बार उड़ाने भरने के बाद 3700 किमी. तक का सफर करने में सक्षम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/explained-rafale-fighter-jets-india-specs-speed-range-6528893/

भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन

प्रश्न-हाल ही में रक्षा मंत्रालय द्वारा कब भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन प्रदान किया गया?
(a) 23 जुलाई, 2020(b) 20 जुलाई, 2020(c) 24 जुलाई, 2020 (d) 18 जुलाई, 2020
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन प्रदान करने के लिए औपचारिक मंजूरी पत्र जारी किया गया।
- गौरतलब है कि 17 फरवरी, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को भारतीय सेना में उन सभी महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का निर्देश दिया था, जो इसका विकल्प चुनते हैं।
- केंद्र सरकार के इस निर्णय से भारतीय सेना में बड़ी भूमिकाओं के निर्वहन के लिए महिला अधिकारियों को अधिकार संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।
- यह आदेश जज एवं एडवोकेट जनरल (JAG) तथा आर्मी एजुकेशन कॉप्स (AEC) के वर्तमान वर्गों के अतिरिक्त भारतीय सेना के सभी दस वर्गों अर्थात आर्मी एयर डिफेंस (AAD) सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी ऐविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (EME), आर्मी सर्विस कॉप्स (ASC), आर्मी आर्डनेंस कॉप्स (AOC) और इंटेलीजेंट कॉप्स में शार्ट सर्विस कमीशंड महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन की मंजूरी को विनिर्दिष्ट करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/permanent-commission-for-women-in-army-approved/story-hj6ScKvb48UYDJgHsyyh3L.html

इंडिया आईडियाज शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-जुलाई, 2020 में इंडिया आईडियाज शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ। इस वर्ष इस शिखर सम्मेलन का थीम क्या है?
(a) बेहतर पर्यावरण निर्माण(b) बेहतर भविष्य निर्माण
(c) बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्माण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में इंडिया आईडियाज शिखर सम्मेलन (India Ideas Summit), 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इसशिखरसम्मेलनकीमेजबानीअमेरिका-भारतव्यापारपरिषदद्वाराकीगई।इसवर्षपरिषदकेगठनकी45वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।
- इस शिखर सम्मेलन की थीम है-"बेहतर भविष्य का निर्माण" (Building a Better Future)।
- गौरतलब है कि इस परिषद का गठन वर्ष 1975 में हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जुलाई, 2020 को इस शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान 'भारत-अमेरिका सहयोग' और महमारी काल के बाद की दुनिया में दोनों देशों के बीच पारस्परिक संबंधों का भविष्य सहित विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हुईं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1640502

दूसरी भारत-अमेरिका सामरिक ऊर्जा साझेदारी (SEP) की मंत्रिस्तरीय बैठक, 2020

प्रश्न-हाल ही में दूसरी भारत-अमेरिका सामरिक ऊर्जा साझेदारी (SEP) की मंत्रिस्तरीय बैठक कब आयोजित हुई?
(a) 18 जुलाई, 2020(b) 17 जुलाई, 2020(c) 19 जुलाई, 2020 (d) 15 जुलाई, 2020
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 17 जुलाई, 2020 को दूसरी भारत-अमेरिका सामरिक ऊर्जा साझेदारी (SEP) की मंत्रिस्तरीय बैठक (2nd Stratagic Energy Partnership Ministerial Meeting between India & USA, 2020 वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुई।
- इस बैठक की सह-अध्यक्षता अमेरिकी ऊर्जा सचिव डैन ब्रोडलेट और केंद्रीय। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैसमंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस बैठक में दोनों देशों ने सुपरक्रिटिकल CO2 (SCO2) बिजली चक्रों और कार्बन कैप्चर उपयोग एवं भंडारण समेत उन्नत कोयला प्रौद्योगिकियों पर आधारित परिवर्तनकारी बिजली उत्पादन को अनुसंधान के नए क्षेत्रों की घोषणा की है।
- गौरतलब है कि दोनों देश स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान, विकास और नवाचार के महत्व को समझते हैं और स्मार्ट ग्रिड व ऊर्जा भंडारण पर स्वच्छ ऊर्जा अनुसंधान तेज करने के लिए (PACE-R) अमेरिका-भारत भागीदारी के जरिए संयुक्त अनुसंधान और विकास (R&D) का नेतृत्व भी कर रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?

डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षा पर 'प्रज्ञाता' दिशा-निर्देश जारी

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने डिजिटल/ऑनलाइन पर 'प्रज्ञाता' दिशा-निर्देश जारी किए। प्रज्ञाता के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) प्रज्ञाता दिशा-निर्देश शिक्षकों के दृष्टिकोण से विकसित किया गया है।

(b) प्रज्ञाता दिशा-निर्देशों में ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के 8 चरण शामिल हैं।
(c) इन दिशा-निर्देशों के तहत कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन पढ़ाई की समयावधि निर्धारित की गई।
(d) कक्षा 1 से 8 तक के छात्र प्रतिदिन 30 से 45 मिनट के अधिकतम दो ऑनलाइन सत्र में ही शामिल हो सकते हैं।
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षा पर 'प्रज्ञाता' (PRAGYATA) दिशा-निर्देश जारी किए।
- 'प्रज्ञाता' दिशा-निर्देश विद्यार्थियों के दृष्टिकोण से विकसित किए गए हैं, जो लॉकडाउन के कारण अभी घरों पर मौजूद छात्रों के लिए ऑनलाइन/मिश्रित/डिजिटल शिक्षा पर केंद्रित है।
- प्रज्ञाता दिशा-निर्देशों में ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षा के 8 चरण योजना, समीक्षा, व्यवस्था (Arrange), मार्गदर्शन, बात (याक), असाईन, ट्रैक और सराहना शामिल हैं।
- ये आठों चरण उदाहरणों के साथ चरणबद्ध ढंग से डिजिटल शिक्षा की योजना और कार्यान्वयन का मार्ग दर्शन करते हैं।इनदिशा-निर्देशोंकेतहतकक्षा1 से 12 वीं तक के छात्रों के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन पढ़ाई की समयावधि निर्धारित की गई है।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इन दिशा-निर्देशों के अनुसार प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए अधिकतम 30 मिनट की समय-सीमा निर्धारित की है, यह समय-सीमा अभिभावकों के साथ बातचीत निर्देश देने के लिए है।
- कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी प्रतिदिन 30 से 45 मिनट के अधिकतम दो ऑनलाइन सत्र में ही शामिल हो सकते हैं जबकि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी 30 से 45 मिनट के अधिकतम 4 ऑन लाइन सत्र में पढ़ाई कर सकते हैं।
- ऑनलाइन पढ़ाई के दिन राज्य अपने हिसाब से निर्धारित कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी का प्रभाव स्कूल जाने वाले 24 करोड़ छात्रों पर पड़ा है। इसी असर को कम करने हेतु स्कूलों को न केवल शिक्षा और शिक्षण के तौर-तरीकों में बदलाव लाने होंगे, अपितु ऐसे तरीके खोजने होंगे, जिससे बच्चों को घर पर और स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराई जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/pragyata-guidelines_0.pdf

पोबा रिजर्व फॉरेस्ट

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पोबा रिजर्व फॉरेस्ट को एक वन्यजीव अभयारण्य में अपग्रेड किए जाने की घोषणा की। पोबा रिजर्व फॉरेस्ट असम के किस जिले में स्थित है?
(a) बरपेटा(b) धेमाजी(c) गोलाघाट (d) दीमा हसाओ
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने धेमाजी जिले में स्थित पोबा रिजर्व फॉरेस्ट को एक वन्य जीव अभयारण्य में अपग्रेड (उन्नत) किए जाने की घोषणा की।
- यह घोषणा उन्होंने जिले के जोनाई में बाढ़ के परिदृश्य की समीक्षा बैठक के दौरान की।

- वर्ष 1924 में 10,522 हेक्टेयर क्षेत्र में घोषित पोबा रिजर्व फॉरेस्ट में बड़ी संख्या में वनस्पतियों एवं जीवों का घर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/poba-reserve-forest-in-assams-dhemaji-to-be-upgraded-to-wildlife-sanctuary/1895528

भारत ऊर्जा मॉडल फोरम

प्रश्न-जुलाई, 2020 में भारत ऊर्जा मॉडल फोरम का शुभारंभ किया गया। इस फोरम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 2 जुलाई, 2020 को भारत ऊर्जा मॉडल फोरम का शुभारंभ सतत विकास स्तंभ के संयुक्त कार्य समूह की बैठक में किया गया।

(b) भारत ऊर्जा मॉडलिंग फोरम के लक्ष्यों में महत्वपूर्ण ऊर्जा और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक मंच प्रदान करना शामिल है।

(c) प्रारंभिक स्तर पर इस मंच (फोरम) की गतिविधियों का समन्वय ऊर्जा मंत्रालय करेगा।

(d) इस फोरम में ज्ञान साझेदार, डेटा एजेंसिया और संबंधित मंत्रालय शामिल होंगे।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को भारत ऊर्जा मॉडल फोरम का शुभारंभ किया गया।
- इसका शुभारंभ सतत विकास स्तंभ के संयुक्त कार्य समूह की बैठक में किया गया।
- सतत विकास आधार स्तंभ भारत-अमेरिकी रणनीतिक ऊर्जा भागीदारी का एक महत्वपूर्ण आधार है, जो नीति आयोग और यूएसएआईडी की सहअध्यक्षता वाला मंच है।
- यह तीन प्रमुख गतिविधियों के रूप में ऊर्जा डेटा प्रबंधन, ऊर्जा मॉडलिंग प्रबंधन और कम उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों के सहयोग पर बल देता है।संयुक्त राज्य अमेरिका में एनर्जी मॉडलिंग फोरम की स्थापना वर्ष 1976 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में सरकार, उद्योग, विश्वविद्यालयों और अन्य शोध संगठनों के प्रमुख मॉडलिंग विशेषज्ञों एवं नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से की गई थी।
- भारत ऊर्जा मॉडलिंग फोरम के लक्ष्यों में महत्वपूर्ण ऊर्जा और पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने हेतु एक मंच प्रदान करना, निर्णयगत प्रक्रिया के भारत सरकार को अवगत कराना, मॉडलिंग टीमों, सरकार और ज्ञान के भागीदारों और वित्त पोषकों के बीच सहयोग में सुधार, विचारों के आदान-प्रदान को सुगम बनाने के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले अध्ययन की सुनिश्चितता, विभिन्न स्तरों और विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान के बीच परस्पर कमी की पहचान करना और भारतीय संस्थानों की क्षमता बढ़ाने में मदद करना शामिल है।
- प्रारंभिक स्तर पर इस मंच की गतिविधियों का समन्वय नीति आयोग करेगा और इसकी शासकीय संरचना को अंमित रूप देगा।
- इस फोरम में ज्ञान साझेदार डेटा एजेंसिया और संबंधित सरकारी मंत्रालय शामिल होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1638779

देश की पहली राज्य स्तरीय ई-लोक अदालत

प्रश्न-11 जुलाई, 2020 को किस राज्य में देश की पहली राज्य स्तरीय ई-लोक अदालत शुरु की गई है?
(a) हरियाणा(b) उत्तर प्रदेश(c) छत्तीसगढ़ (d) बिहार
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी.आर. रामचंद्र मेनन ने देश की पहली राज्य स्तरीय ई-लोक अदालत का उद्घाटन किया।
- ई-लोक अदालत में 23 जिलों के 195 खंडपीठों में 3133 से अधिक मामलों की सुनवाई होगी।
- कोरोना के कारण बाधित लंबित मामलों की सुनवाई हेतु इसकी शुरुआत की गई है।
- पक्षकारों और वकीलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यदि जुड़ने में दिक्कत होगी तो उन्हें यह भी सुविधा प्रदान की गई है कि वह वॉट्सऐप के माध्यम से वीडियो कॉल पर अपना पक्ष रख सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.newindianexpress.com/nation/2020/jul/11/chhattisgarh-organises-indias-first-e-lok-adalat-2168331.html

राबरी, भारवाड़ एवं चारण समुदाय

प्रश्न-8 जुलाई, 2020 को किस राज्य सरकार ने गिर, वरदा एवं एलेच जंगलों के नेस क्षेत्रों में रहने वाली राबरी, भारवाड़ एवं चारण जातियों के लाभार्थियों को चिह्नित करने के लिए 5 सदस्यीय आयोग के गठन का निर्णय किया?
(a) गुजरात(b) छत्तीसगढ़(c) ओडिशा(d) महाराष्ट्र
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को गुजरात सरकार ने गिर, बरदा एवं एलेच जंगलों के नेस (Ness) क्षेत्रों में रहने वाली राबरी, भारवाड़ एवं चारण जातियों के लाभार्थियों को चिह्नित करने के लिए 5 सदस्यीय आयोग के गठन का निर्णय किया।
- इस 5 सदस्यीय आयोग में एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, दो सेवानिवृत्त जिला न्यायालय के न्यायाधीश, एक सेवानिवृत्त वन अधिकारी और एक सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर शामिल होंगे।
- इस आयोग की स्थापना का उद्देश्य वास्तविक आदिवासी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना और गलत व्यक्ति को आदिवासी का लाभ लेने से रोकना है।
- केंद्र सरकार ने 29 अक्टूबर, 1956 की एक अधिसूचना के माध्यम से गुजरात के राबरी, भारवाड़ एवं चारण समुदाय के लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्रदान किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.newsonair.com/News?title=Gujarat-govt-constitutes-a-five-member-commission-to-protect-rights-of-tribal&id=393320

15 वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को 15वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन, 2020 वर्चुअल मोड में आयोजित की जाएगी। इसका 14वां शिखर सम्मेलन कहां आयोजित किया गया था?

(a) ब्रुसेल्स(b) मुंबई(c) नई दिल्ली(d) लंदन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को 15वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन, 2020 वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा।
- इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेव, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डरे लेमेन करेंगे।
- शिखर सम्मेलन में राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधों, व्यापार एवं निवेश तथा आर्थिक सहयोग के मुद्दों पर भारत-यूरोपीय संघ के सहयोग की समीक्षा होगी।
- इसमें दोनों पक्षों के बीच कोविड-19 महामारी और समकालीन वैश्विक मामलों पर भी चर्चा होगी।
- ज्ञातव्य है कि 14वां भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन 6 अक्टूबर, 2017 को नई दिल्ली में हुआ था।
- यूरोपीय संघ मुख्यतः यूरोप में स्थित 27 देशों का एक राजनैतिक एवं आर्थिक मंच है।
- इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=393792

भारत में बाघों की गणना ने नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

प्रश्न-11 जुलाई, 2020 को भारत में किस वर्ष हुई बाघों की गणना ने विश्व के सबसे बड़े कैमरा ट्रैप वन्यजीव सर्वेक्षण होने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया?

(a) वर्ष 2016(b) वर्ष 2017(c) वर्ष 2018 (d) वर्ष 2019

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत में बाघों की गणना, 2018 ने विश्व के सबसे बड़े कैमरा ट्रैप वन्यजीव सर्वेक्षण होने का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की वेबसाइट के प्रशस्ति पत्र के अनुसार, वर्ष 2018-19 में किए गए सर्वेक्षण की पुनरावृत्ति संसाधन और डेटा के हिसाब से अब तक का सबसे व्यापक रहा।
- कैमरा ट्रेप (मोशन सेंसर्श के साथ लगे हुए बाहरी फोटोग्राफिक उपकरण, जो किसी भी जानवर के गुजरने पर रिकॉर्डिंग शुरू कर देता है) को विभिन्न 141 विभिन्न साइटों में 26,838 स्थानों पर रखा गया था और 1,21,337 वर्ग किमी. के प्रभावी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया।
- कुल मिलाकर, कैमरा ट्रैप ने वन्यजीवों की 3,48,58,623 तस्वीरों को खींचा (जिनमें 76,651 बाघों के, 51,777 तेंदुए के शेष अन्य जीव-जंतुओं के थे।

- इन तस्वीरों के माध्यम से 2,461 बाघों (शावकों को छोड़कर) की पहचान स्ट्राइप-पैटर्न-रिकॉग्नाइज सॉफ्टवेयर का उपयोग करके की गई।
- गौरतलब है कि नवीनतम गणना के अनुसार, देश में बाघों की अनुमानित संख्या 2,967 हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637927

इटोलिजुमाब

प्रश्न-11 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने नैदानिक परीक्षण डेटा के आधार पर कोविड-19 के मध्यम से गंभीर रोगियों के लिए 'इटोलिजुमाव' के प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग को मंजूरी प्रदान की है। वर्ष 2013 से किसके द्वारा अल्जुमाब' ब्रांड नाम से मध्यम से गंभीर पुरानी प्लेक सोरायसिस के रोगियों के उपचार हेतु इस दवा का निर्माण और विपणन किया जा रहा है?

(a) सिप्ला(b) बायोकॉन(c) टोरेंट फार्मा (d) कैडिला फार्मास्युटिकल लिमिटेड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने नैदानिक परीक्षण डेटा के आधार पर कोविड-19 के मध्यम (Moderate) से गंभीर रोगियों के लिए 'इटोलिजुमाब' के प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग को मंजूरी प्रदान की है।
- इटोलिजुमाब (आरडीएनए मूल) एक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी है जिसको पहले से ही गंभीर पुरानी प्लेक सोरायसिस में उपयोग के लिए मंजूरी प्राप्त है।
- वर्ष 2013 से मेसर्स बायोकॉन द्वारा 'अल्जुमाब' ब्रांड नाम से मध्यम से गंभीर पुरानी प्लेक सोरायसिस के रोगियों के उपचार के लिए इस दवा का निर्माण एवं विपणन किया जा रहा है।
- इस स्वदेशी दवा को अब कोविड-19 के लिए पुनर्निर्मित किया गया है।
- कोविड-19 के कारण मध्यम से गंभीर तीव्र श्वसन पीड़ा लक्षण (एआरडीएस) वाले रोगियों में साइटोकिन रिलीज सिंड्रोम (सीआरएस) के उपचार के लिए कुछ शर्तों के साथ जैसे-रोगियों की सूचित सहमति, एक जोखिम प्रबंधन योजना, सिर्फ अस्पताल में उपयोग किया जाना आदि के अधीन दवा के प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग के तहत दवा का विपणन करने की अनुमति प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/biocon-s-drug-itolizumab-gets-regulator-nod-to-treat-covid-19-patients-120071100787_1.html

BLUIS

प्रश्न-सरकारी भूमि की निगरानी के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग करने वाले उच्च-रिजॉल्यूशन उपग्रह इमेजरी का उपयोग करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?

(a) ओडिशा(b) महाराष्ट्र(c) कर्नाटक (d) गुजरात

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राजधानी भुवनेश्वर में सभी सरकारी भूमि की निगरानी हेतु भुवनेश्वर भूमि उपयोग खुफिया प्रणाली (BLUIS-Bhubaneswar land Use Intelligence System) का शुभारंभ किया।
- ओडिशा सरकारी भूमि की निगरानी के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रि बुद्धिमता का उपयोग करने वाले उच्च-रिजॉल्यूशन उपग्रह इमेजरी का उपयोग करने वाला देश का पहला राज्य है।
- BLUIS भूमि उपयोग के अनाधिकृत परिवर्तन की निगरानी और सरकारी भूमि के अतिक्रमण को रोकने हेतु एक वेब और मोबाइल आधारित समाधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/odisha-uses-satellite-technology-to-prevent-encroachment-of-govt-land/article32026528.ece

सीबीएसई और फेसबुक के मध्य भागीदारी

प्रश्न-5 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने घोषणा की कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और फेसबुक ने छात्रों और शिक्षकों के लिए डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन कल्याण (Online well being) और संवर्धित आवश्यकता पर पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु भागीदारी की घोषणा की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के ऑनलाइन रहने के दौरान उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए भविष्य के कार्यों हेतु उन्हें तैयार करना है।
(b) इस साझेदारी का नेतृत्व फेसबुक फॉर एजुकेशन' द्वारा किया जा रहा है, जो फेसबुक की वैश्विक पहल है।
(c) यह पाठ्यक्रम सुरक्षा, गोपनीयता, मानसिक स्वास्थ्य और ईस्टाग्राम गाइड फॉर बिल्डिंग हेल्दी डिजिटल हैबिट्स जैसे पहलुओं को कवर करेगा।
(d) इस भागीदारी के तहत फेसबुक पहले चरण में 25000 शिक्षकों को प्रशिक्षित करेगा।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 5 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने घोषणा की कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और फेसबुक ने छात्रों और शिक्षकों के लिए डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन कल्याण (Online Wellbeing) और संवर्धित आवश्यकता (Augumented Reality) पर पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु भागीदारी की है।
- इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के ऑनलाइन रहने के दौरान उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए भविष्य के कार्यों के लिए उन्हें तैयार करना है।
- इस साझेदारी का नेतृत्व 'फेसबुक फॉर एजुकेशन' द्वारा किया जा रहा है, जो फेसबुक की वैश्विक पहल है।
- यह पाठ्यक्रम सुरक्षा, गोपनीयता, मानसिक स्वास्थ्य और इंस्टाग्राम गाइड फॉर बिल्डिंग हेल्दी डिजिटल हैबिट्स जैसे पहलुओं को कवर करेगा।
- सीबीएसई के वेबसाइट पर उपलब्ध यह पाठ्यक्रम माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए है।
- इस भागीदारी के तहत फेसबुक सीबीएसई को पाठ्यक्रम के तौर पर आर्टिफिशियल रियल्टी को शुरू करने में मदद करेगा।

- सेंटर फॉर सोशल रिसर्च द्वारा शुरू इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कम-से-कम 10,000 छात्रों को शामिल किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/cbse-partners-with-facebook-for-curriculum-on-digital-safety-augmented-reality/article31999698.ece

इंडिया ग्लोबल वीक, 2020

प्रश्न-9-11 जुलाई, 2020 के मध्य वर्चुअल सम्मेलन 'इंडिया ग्लोबल वीक, 2020' का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का विषय क्या है?

(a) पुनः प्रवर्तक बने : भारत और बेहतर नया विश्व (b) कोविड-19 : चुनौतियां एवं अवसर
(c) आर्थिक पुनर्स्थापना की ओर भारत एवं विश्व (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9-11 जुलाई, 2020 के मध्य वर्चुअल सम्मेलन 'इंडिया ग्लोबल वीक, 2020' का आयोजन किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया।
- तीन दिवसीय इस वर्चुअल सम्मेलन का विषय है-"पुनः प्रवर्तक बनें : भारत और बेहतर नया विश्व' (Be the Revival : India a Better New World)।
- इस सम्मेलन में 30 देशों के 5000 वैश्विक प्रतिभागियों को 75 सत्रों में 250 वैश्विक वक्ता संबोधित करेंगे।
- इस आयोजन में भाग लेने वाले अन्य प्रमुख वक्ताओं में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, रेल वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जी.सी. मुर्मू, ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव, आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक राब और गृह सचिव प्रीति पटेल, भारत अमेरिकी राजदूत केन जस्टर आदि शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/politics/news/pm-narendra-modi-address-live-updates-inaugural-address-at-the-india-global-week-2020-11594281800356.html

भारत में नैनो आधारित कृषि-इनपुट और खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन हेतु दिशा-निर्देश

प्रश्न-7 जुलाई, 2020 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भारत में नैनो आधारित कृषि-इनपुट और खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार करें-

(i) ये दिशा-निर्देश नीति निर्माताओं और नियामकों को भारत के कृषि-इनपुट और खाद्य क्षेत्र में नए नैनो आधारित उत्पादों के लिए प्रभावी प्रावधानों को तैयार करने में मदद करेंगे।
(ii) इसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा तैयार किया गया है।
(iii) ये दिशा निर्देश एनएम, से बने नैनो कंपोजिट और सेंसरों पर भी लागू होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वीडियो लिंक के माध्यम से भारत में नैनो आधारित कृषि-इनपुट और खाद्य उत्पादों के मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।
- ये दिशा-निर्देश नीति निर्माताओं और नियामकों को भारत के कृषि-इनपुट और खाद्य क्षेत्र में नए नैनो आधारित उत्पादों के लिए प्रभावी प्रावधानों को तैयार करने में मदद करेंगे।
- ये दिशा-निर्देश डीबीटी द्वारा समन्वित अंतर-मंत्रालयी प्रयासों के माध्यम से, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्यागिकी विभाग (DBT), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए हैं।
- वर्तमान दिशा-निर्देश नैनो-कृषि-इनपुट उत्पादों (NAIPs) और नैनो-कृषि उत्पादों (NAPs) पर लागू होते हैं।
- ये दिशा-निर्देश एनएम (Nano Material) से बने नैनो कंपोजिट और सेंसरों पर भी लागू होते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637011

जलवायु कार्यवाही पर चौथी मंत्रिस्तरीय वर्चुअल बैठक, 2020

प्रश्न-7 जुलाई, 2020 को जलवायु कार्यवाही पर चौथी मंत्रिस्तरीय वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया?

(a) डॉ. हर्षवर्धन (b) नरेंद्र सिंह तोमर (c) प्रकाश जावडेकर (d) प्रहलाद सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को जलवायु कार्यवाही पर चौथी मंत्रिस्तरीय वर्चुअल बैठक, 2020 संपन्न हुई।
- संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) के तहत पेरिस समझौते को पूरी तरह से लागू करने पर चर्चा को बढ़ाने तथा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक स्तर पर राजनीतिक प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करने के लिए यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने इस बैठक की सह-अध्यक्षता की
- बैठक का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में सामूहिक कार्यवाही की प्रगति सुनिश्चित करना है।
- इस बैठक में सभी पक्षों ने पेरिस समझौते के अनुरूप आर्थिक सुधार योजनाओं को कार्यान्वित करने के तौर-तरीकों और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने पर गहन विचार-विमर्श किया।
- बैठक में लगभग 30 देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637044

नगालैंड : अफस्पा कानून के लागू होने की अवधि बढ़ाई गई

प्रश्न-30 जून, 2020 को केंद्र सरकार ने अफस्पा कानून के तहत अगले छः माह के लिए नगालैंड को फिर से '-अशांत क्षेत्र' घोषित किया। यह घोषणा अफस्पा की किस धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है?

(a) सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (अफस्पा) की धारा तीन
(b) सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (अफस्पा) की धारा दो
(c) सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (अफस्पा) की धारा चार
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को केंद्र सरकार ने अफस्पा कानून के तहत अगले छः माह के लिए नगालैंड को फिर से अशांत क्षेत्र घोषित किया।
- यह घोषणा अफस्पा की धारा तीन द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।
- **पृष्ठभूमि-**
- यह निर्णय अंतिम दौर पर चल रही नागा शांति प्रक्रिया को बाधित होने से बचाने के लिए लिया गया है।
- ध्यातव्य है कि उग्रवादी संगठन (एनएससीएनके) (वाईए) ने पूर्व में इस शांति प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने के लिए हिंसक रूप धारण किया था।
- जिसके तहत सुरक्षा बलों (असम राइफल्स) को उग्रवादियों द्वारा निशाना बनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/government-declares-entire-nagaland-disturbed-area-for-6-more-months/article31960215.ece

वंदे भारत मिशन का तृतीय एवं चतुर्थ चरण

प्रश्न-वंदे भारत मिशन के तहत एक हजार से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा-

(a) तृतीय एवं चतुर्थ चरण के अंतर्गत (b) पांचवें एवं छठवें चरण के अंतर्गत
(c) छठें एवं सातवें चरण के अंतर्गत (d) सातवें एवं आठवें चरण के अंतर्गत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20 जून, 2020 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने वंदे भारत मिशन के तहत तृतीय एवं चतुर्थ चरण में संचालित होने वाली उड़ानों की घोषणा की।
- घोषणा के अनुसार, उपरोक्त चरणों में निजी एअरलाइन्स तथा Air India के द्वारा लगभग 1050 उड़ानों का संचालन किया जाएगा।एअरइंडियाकेद्वारातीनसौएवंभारतकेनिजीएअरलाइंसोंकेद्वारा750 उड़ानों का संचालन किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि एअर इंडिया एकमात्र भारतीय विमानन कंपनी है जो UK, अमेरिका (USA), यूरोप एवं कनाडा के लिए उड़ानों का संचालन करती है।
- जबकि अन्य सभी प्राइवेट एअरलाइंस अल्प-दूरी के अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक ही सीमित हैं।
- **मिशन-**वंदेभारतमिशनमई, 2020 में लॉन्च हुआ था।

- इसका उद्देश्य COVID-19 महामारी से उपजे संकट के बीच कई देशों में फंसे भारतीयों की घर वापसी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/vande-bharat-mission-govt-offers-750-repatriation-flights-to-private-airlines-11592654226417.html

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना

प्रश्न-10 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। इस परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना के अंतर्गत 250-250 मेगावाट की 4 सौर इकाइयां स्थापित की गई हैं।
(b) यह परियोजना रीवा जिले के गुढ़ तहसील में 1590 एकड़ क्षेत्र में स्थापित है।
(c) यह परियोजना भारत में और एशिया में सबसे बड़ी सिंगल साइट परियोजना है।
(d) यह परियोजना प्रतिवर्ष 15 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड (CO_2) के बराबर कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया।
- 750 मेगावाट की इस परियोजना में पूर्ण क्षमता के साथ सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रारंभ हो चुका है।
- इस परियोजनान्तर्गत 250-250 मेगावाट की तीन सौर उत्पादन इकाइयां स्थापित की गई हैं।
- इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड, मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड और भारतीय सौर ऊर्जा निगम के बीच एक संयुक्त उद्यम है।
- यह परियोजना रीवा जिले की गुढ़ तहसील में 1590 एकड़ क्षेत्र में स्थापित है।
- इस सौर पार्क के विकास के लिए रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) को केंद्रीय वित्तीय मदद के रूप में 138 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई।
- यह परियोजना भारत में और एशिया में सबसे बड़ी सिंगल साइट सौर परियोजना है।
- इस परियोजना को विश्व बैंक द्वारा ऋण राज्य शासन की गारंटी के बिना क्लीन टेक्नोलॉजी फंड के तहत सस्ती दरों पर प्रदान किया गया।
- यह परियोजना प्रतिवर्ष 15 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड (CO_2) के बराबर कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी।
- इस सौर परियोजना की पूरी लागत राशि लगभग 4000 करोड़ रुपये है।
- यह परियोजना इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें प्रतियूनिट की क्रय दर 2.97 रुपये है, जो अब तक की न्यूनतम दर है।
- यह परियोजना राज्य के बाहर एक संस्थागत ग्राहक (दिल्ली मेट्रो) को आपूर्ति करने वाली पहली अक्षय ऊर्जा परियोजना है।
- इस परियोजना से उत्पादित 24 प्रतिशत विद्युत दिल्ली मेट्रो को और शेष 76 प्रतिशत विद्युत मध्य प्रदेश के राज्य विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को प्रदान किया जा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 22 दिसंबर, 2017 को इस परियोजना का शिलान्यास किया था।
- इस परियोजना को नवाचार और उत्कृष्टता के लिए 'वर्ल्ड बैंक ग्रुप प्रेसीडेंट्स अवॉर्ड' भी प्राप्त हुआ है।

- इसे प्रधानमंत्री द्वारा जारी किए गये 'ए बुक ऑफ इनोवेशन : न्यू बिगनिंग्स' पुस्तक में भी शामिल किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637549

चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध

प्रश्न-29 जून, 2020 को भारत सरकार ने चीन के 59 मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। यह प्रतिबंध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की किस धारा के तहत लगाया गया है?

(a) 61ए (b) 62बी (c) 69ए (d) 71सी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जून, 2020 को भारत सरकार ने चीन के 59 मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।
- यह प्रतिबंघ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत लगाया गया है।
- इसमें टिकटॉक सहित यूसी ब्राउसर, शेयरइट, वी चैट, हैलो और अन्य चाइनीज ऐप शामिल हैं।
- यह प्रतिबंध देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा के दृष्टिगत लगाया गया है।
- गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने इस ऐप्स पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.google.com/amp/s/m.economictimes.com/tech/software/india-bans-59-chinese-apps-including-tiktok-helo-wechat/amp_articleshow/76694814.cms
https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1635206

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

विश्व व्यापार संगठन का 25वां ऑब्जर्वर देश

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को विश्व व्यापार संगठन (WTO) जनरल काउंसिल ने किस देश को 'ऑब्जर्वर' का दर्जा दिए जाने की घोषणा की?

(a) कजाख्स्तान (b) अफगानिस्तान (c) तुर्कमेनिस्तान (d) उज्बेकिस्तान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को विश्व व्यापार संगठन (WTO) जनरल काउंसिल ने मध्य एशियाई देश तुर्कमेनिस्तान को 'ऑब्जर्वर' का दर्जा दिए जाने की घोषणा की गई।
- तुर्कमेनिस्तान डब्ल्यूटीओ के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने वाला अंतिम पूर्व सोवियत गणराज्य बन गया है।
- तुर्कमेनिस्तान इस संगठन का 25वां ऑब्जर्वर बना है।

- तुर्कमेनिस्तान अब इस दर्जे का लाभ प्राप्त करने में सक्षम होगा।
- यह देश की अर्थव्यवस्था को विकसित करने, बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने, विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों को विकसित करने में मदद करेगा।
- WTO औपचारिक संबंध रखने वाले अन्य मध्य एशियाई देश हैं-कजाख्स्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और अफगानिस्तान।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Turkmenistan-gets-observer-status-in-World-Trade-Organization&id=395475

हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित करने वाला चौथा देश

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित करने वाला चौथा देश कौन है?
(a) न्यूजीलैंड (b) ऑस्ट्रेलिया (c) ब्रिटेन (d) कनाडा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को न्यूजीलैंड ने हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित कर दिया।
- चीन द्वारा हांगकांग में नए सुरक्षा कानून को लागू करने के कारण यह निर्णय लिया गया है।
- न्यूजीलैंड हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित करने वाला चौथा देश है।
- इससे पूर्व इसी मुद्दे पर ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन भी हांगकांग के साथ प्रत्यर्पण संधि को निलंबित कर चुके हैं।
- अमेरिका ने भी हांगकांग का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया है।
- उल्लेखनीय है कि प्रत्यर्पण संधि दो देशों के बीच ऐसी संधि है, जिसके अनुसार देश में अपराध करके किसी दूसरे देश में जाकर रहने वाले अपराधियों को उस देश को प्रत्यर्पित कर दिया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/new-zealand-suspends-extradition-treaty-with-hong-kong/article32208823.ece

वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक, 2020

प्रश्न-जुलाई, 2020 में अमेरिकी संपत्ति कंसल्टेंट कुशमैन एंड वेकफील्ड द्वारा जारी वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(a) पांचवां(b) तीसरा(c) चौथा (d) छठवां
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में अमेरिकी संपत्ति कंसल्टेंट कुशमैन एंड वेकफील्ड द्वारा 'वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक' (Global Manufacturing Risk Index), 2020 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में 48 देशों को शामिल किया गया है।

- इस सूचकांक में चीन को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात अमेरिका दूसरे स्थान पर रहा।
- इस सूचकांक में भारत को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- वर्ष 2019 के इस सूचकांक में भारत चौथे स्थान पर था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cushmanwakefield.com/en/insights/2020-global-manufacturing-risk-index

जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की तीसरी बैठक, 2020

प्रश्न-18 जुलाई, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किस देश की अध्यक्षता में जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की तीसरी बैठक हुई?
(a) भारत(b) जापान(c) सऊदी अरब (d) चीन
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 जुलाई, 2020 को जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की तीसरी बैठक, 2020 वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई।
- यह बैठक सऊदी अरब की अध्यक्षता में हुई।
- केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बैठक में भाग लिया।
- इस बैठक के दौरान कोविड-19 महामारी संकट के बीच वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण के साथ ही वर्ष 2020 के लिए अन्य जी-20 प्राथमिकताओं पर भी बात की गई।
- यह मीटिंग वर्ष 2020 के अंत तक प्रस्तावित G-20 Leaders Summit 2020 का एक हिस्सा है।
- G-20 Leaders Summit-2020 की थीम-Realizing Opportunities of the 21st Century for All।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1639707

https://g20.org/en/g20/Documents/Presidency%20Agenda.pdf

चीन के विरूद्ध प्रतिबंधों को अधिकृत करने वाला कानून हस्ताक्षरित

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किस देश के लोगों के खिलाफ अपने दमनकारी कार्यों के लिए चीन के विरूद्ध प्रतिबंधों को अधिकृत करने वाले कानून और कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया?
(a) ताइवान (b) तिब्बत (c) हांगकांग (d) भूटान
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हांगकांग के लोगों के खिलाफ अपने दमनकारी कार्यों के लिए चीन के विरूद्ध प्रतिबंधों को अधिकृत करने वाले कानून 'हांगकांग ऑटोनामी एक्ट' और कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया।

- यह कानून हांगकांग के लोगों के खिलाफ दमन के लिए चीन को जवाबदेह ठहराता है।
- साथ ही, यह कानून ट्रंप प्रशासन को हांगकांग की स्वायत्तता को खत्म करन रहे विदेशी लोगों और बैंकों पर प्रतिबंध का अधिकार देगा।
- उल्लेखनीय है कि चीन द्वारा हांगकांग सुरक्षा कानून लागू किए जाने के दो सप्ताह बाद अमेरिका ने यह कदम उठाया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cnbc.com/2020/07/14/trump-signed-law-slapping-sanctions-on-china-for-interference-in-hong-kong.html

https://www.bbc.com/news/world-asia-china-53414539

भारत-यूरोपीय संघ : उच्च स्तरीय संवाद स्थापना

प्रश्न-भारत और यूरोपीय संघ ने व्यापार अड़चनों को दूर करने के लिए उच्च स्तरीय संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक-

(a) पंचवर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है। (b) त्रिवर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है।
(c) सप्तवर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है। (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को भारत और यूरोपीय संघ ने "व्यापार अड़चनों" को दूर करने के लिए उच्च स्तरीय संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया।
- दोनों पक्ष इस उद्देश्य हेतु एक पंचवर्षीय रोडमैप पर सहमत हुए।
- 'रोडमैप 2025' के तहत दोनों पक्षों ने स्वतंत्रता, खुलेपन और समुद्री क्षेत्र में समावेशी दृष्टिकोण के संरक्षण के लिए हिंद महासागर के साथ-साथ प्रशांत महासागर में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है।
- इसके अलावा रोडमैप में अन्य बहुत से क्षेत्रों को समावेशित किया है, जिस पर दोनों पक्ष भविष्य में मिलकर काम करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/india-and-eu-push-trade-talks-discuss-china-pakistan-and-the-coronavirus-pandemic/article32092238.ece

सतत विकास लक्ष्य सूचकांक, 2020

प्रश्न-30 जून, 2020 को सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) और बर्टल्समैन स्टिफटंग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 106वां (b) 117वां (c) 110वां (d) 108वां

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) और बर्टल्समैन स्टिफटंग (Bertelsmann Stiftung) द्वारा सतत विकास रिपोर्ट (Sustainable Development Report), 2020 जारी किया।
- इस रिपोर्ट के अंतर्गत जारी सतत विकास लक्ष्य सूचकांक, 2020 में 166 देशों को शामिल किया गया है।
- इस सूचकांक में विभिन्न देशों के 17 वैश्विक लक्ष्यों के मामले में उनके प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग दी गई है।
- इस सूचकांक में स्वीडन को शीर्ष स्थान (स्कोर-84.7) प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात डेनमार्क दूसरे (स्कोर-84.6), फिनलैंड तीसरे (स्कोर-83.8), फ्रांस चौथे (स्कोर 81.1) तथा जर्मनी पांचवें (स्कोर 80.8) स्थान पर रहा।
- इस सूचकांक में सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक सबसे अंतिम स्थान (166वें) पर है।
- इसके पश्चात दक्षिण सूडान 165वें, चाड 164वें, सोमालिया 163वें, लाइबेरिया 162वें तथा मेडागास्कर 161वें स्थान पर रहे।
- इस सूचकांक में भारत को 117वां (स्कोर 61.9) स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि भारत के पड़ोसी देशों में भूटान को 80वां, श्रीलंका को 94वां, नेपाल को 96वां, बांग्लादेश को 109वां, तथा पाकिस्तान को 134वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में भारत के अलावा, चीन को 48वां, ब्राजील को 53वां, रूस को 57वां तथा दक्षिण अफ्रीका को 110वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक में विश्व के अन्य प्रमुख विकसित देशों में यूनाइटेड किंगडम को 13वां, जापान को 17वां, कनाडा को 21वां, तथा सं.रा. अमेरिका को 31वां स्थान प्राप्त हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://s3.amazonaws.com/sustainabledevelopment.report/2020/2020_sustainable_development_report.pdf

कर मुद्दों पर सूचना का आदान-प्रदान

प्रश्न-कर मुद्दों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान मे भारत की स्थिति है-

(a) स्विट्जरलैंड के शीर्ष तीन भागीदारों में शामिल (b) स्विट्जरलैंड के शीर्ष दस भागीदारों में शामिल

(c) स्विट्जरलैंड का शीर्ष भागीदार है (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में जारी एक अध्ययन के निष्कर्षों के अनुसार, कर मुद्दों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान में भारत स्विट्जरलैंड के शीर्ष भागीदारों में शामिल है।
- इस संबंध में अन्य दो देश फ्रांस एवं जर्मनी हैं।
- **जारीकर्ता-**इसका जारीकर्ता OECD का 'ग्लोबल फोरम' नामक संस्था है।
- जो कर मुद्दों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु एक वैश्विक मंच है। इसकी स्थापना वर्ष 2000 में हुई थी, जबकि सितंबर, 2009 में इसका पुनर्गठन हुआ था।
- **अवधि-**इस रिपोर्ट में जुलाई, 2015 से जून, 2018 तक की अवधि के आंकड़ों को आधार बनाकर निष्कर्ष निकाला गया है।
- **500 मामले-**रिपोर्ट के अनुसार, भारत के संबंध में स्विट्जरलैंड ने पिछले एक वर्ष में 500 से अधिक कर मुद्दों में विस्तृत जानकारी साझा की है।

- **संधि-**ध्यातव्य है कि टैक्स मामलों की जानकारी के स्वतः आदान-प्रदान हेतु स्विट्जरलैंड ने भारत सहित 100 से अधिक देशों के साथ समझौता किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/india-among-switzerlands-top-3-partners-for-info-exchange-on-tax-matters-global-forum/articleshow/76671272.cms?from=mdr

अमेरिका के साथ स्वच्छ ऊर्जा विकास में भागीदारी

प्रश्न-7 जुलाई, 2020 को राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा के विकास के लिए यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और किस देश के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने यूएसएआईडी समर्थित साउथ एशिया ग्रुप फॉर एनर्जी (एसएजीई) और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थानों के बीच भागीदारी की घोषणा की?

(a) भारत (b) जापान (c) चीन (d) बांग्लादेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को स्वच्छ ऊर्जा के विकास के लिए अमेरिका-भारत सहयोग को बढ़ाने हेतु यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने यूएसएआईडी समर्थित साउथ एशिया ग्रुप फॉर एनर्जी (एसएजीई) और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थानों के बीच भागीदारी की घोषणा की।
- इस भागीदारी के तहत साउथ एशिया ग्रुप फॉर एनर्जी (एसएजीई) स्वच्छ ऊर्जा के विकास हेतु अमेरिका के ऊर्जा विभाग के राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से संबद्ध अत्याधुनिक तकनीकी ज्ञान एमएनआरई के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों को उपलब्ध कराएगा।
- एमएनआरई सचिव इंदु शेखर चतुर्वेदी और यूएसएआईडी के उप-सहायक प्रशासक (एशिया) जेवियर पियद्रा ने अमेरिका-भारत रणनीतिक ऊर्जा भागीदारी (एसईपी) बैठक के दौरान इस भागीदारी की शुरुआत की घोषणा की।
- एसएजीई स्वच्छ ऊर्जा के विकास के संदर्भ में गठजोड़ के लिए औपचारिक मंच उपलब्ध कराएगा और एमएनआरई के राष्ट्रीय संस्थानों के साथ गठजोड़ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इस संस्थागत व्यवस्था से अमेरिकी और भारतीय संस्थान द्विपक्षीय लाभ हेतु नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी सहित महत्वपूर्ण तकनीकी सूचनाओं को साझा कर सकेंगे।

चेचक और खसरा के उन्मूलन का लक्ष्य समय से पहले हासिल करने वाले दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के दो देश

प्रश्न-जुलाई, 2020 में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के किन दो देशों ने चेचक और खसरा के उन्मूलन का लक्ष्य समय (वर्ष 2023) से पहले हासिल कर लिया?

(a) भारत एवं श्रीलंका (b) मालदीव और श्रीलंका

(c) भारत एवं मालदीव (d) मालदीव एवं भूटान

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के मालदीव और श्रीलंका ने चेचक और खसरा के उन्मूलन का लक्ष्य समय (वर्ष 2023) से पहले हासिल कर लिया।
- यह घोषणा डब्ल्यूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने चेचक और खसरा के उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय पुष्टिकरण आयोग की 5वीं बैठक के बाद की।
- मालदीव में चेचक का अंतिम मामला वर्ष 2009 में और खसरे का अक्टूबर, 2015 में सामने आया था।
- श्रीलंका में चेचक का अंतिम मामला मई, 2016 में और खसरे का मार्च, 2017 में आया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/southeastasia/news/detail/08-07-2020-maldives-sri-lanka-eliminate-measles-and-rubella-ahead-of-2023-target

वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक, 2020

प्रश्न-जुलाई, 2020 में जेएलएल (JLL) और ला सेले (La Salle) द्वारा जारी वैश्विक रियल एस्टेट पारदार्शिता सूचकांक, 2020 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(a) 35वां (b) 34वां (c) 65वां (d) 54वां
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में जेएलएल (JLL) और ला सेले (La Salle) द्वारा वैश्विक रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक (Global Real Estate Transparency Index), 2020 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में 99 देशों, क्षेत्रों और 163 शहरों को शामिल किया गया है।
- यह नवीनतम सूचकांक 210 संकेतकों पर आधारित है। वैश्विक संपत्ति सलाहकार कंपनी जेएलएल यह द्वि-वार्षिक सर्वेक्षण करती है।इस सूचकांक में यूनाइटेड किंगडम को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात यूएसए को दूसरा, ऑस्ट्रेलिया को तीसरा, फ्रांस को चौथा तथा कनाडा को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। सूचकांक में लीबिया को सबसे निचला स्थान (99वां) प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात इथियोपिया को 98वां, इराक को 97वां, डोमिनिकन रिपब्लिक को 96वां, तंजानिया को 95वां तथा सेनेगल को 94वां स्थान प्राप्त हुआ।इससूचकांकमेंभारतको34वां स्थान प्राप्त हुआ।रियलएस्टेटबाजारमेंजुड़ेनियामकीयसुधार, बाजार से जुड़े बेहतर आंकड़े और हरित पहलों के चलते देश की रैंकिंग में एक अंक का सुधार हुआ है।वर्ष 2018 में भारत की रैंकिंग 35 थी।
- सूचकांक में भारत के रियल एस्टेट बाजार को वैश्विक स्तर पर 'आंशिक-पारदर्शी' श्रेणी में रखा गया है।
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में चीन को 32वां, श्रीलंका को 65वां और पाकिस्तान को 73वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jll.co.in/en/trends-and-insights/research/global-real-estate-transparency-index/greti-global-rankings-and-methodology

36वां आसियान शिखर सम्मेलन

प्रश्न-26 जून, 2020 को 36वां आसियान शिखर सम्मेलन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कहां आयोजित हुआ?
(a) हनोई (b) दोहा (c) सिंगापुर (d) दा नांग
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 26 जून, 2020 को 36वां आसियान शिखर सम्मेलन (36th ASEAN Summit) वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हनोई, वियतनाम में आयोजित हुआ।इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) था-"Cohesive and Responsive ASEAN"।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 महामारी प्रतिक्रिया, महामारी के बाद रिकवरी और भागीदारों के साथ भविष्य में सहयोग पर था।इससेपूर्वयहसम्मेलनअप्रैल, 2020 में वियतनाम के दा नांग में होने वाला था, जिसे कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।आसियानकेबारेमें-
- यह दस दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों-(इंडोनेशिया, थाइलैंड, सिंगापुर, फिलीपींस, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई, कंबोडिया, म्यांमार और लाओस) का एक समूह है।
- स्थापना- वर्ष 1967,मुख्यालय- जकार्ता (इंडोनेशिया)

संबंधित लिंक भी देखें...
https://asean.org/chairmans-statement-36th-asean-summit-26-june-2020-cohesive-responsive-asean/

आर्थिक परिदृश्य

चाय उत्पादन में कमी

प्रश्न-'इंडियन टी एसोसिएशन' के अनुसार पिछले माह (जून, 2020) असम और पश्चिम बंगाल के चाय बागानों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण चाय उत्पादन में कितने प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई?
(a) 10 प्रतिशत से अधिक(b) 8 प्रतिशत
(c) 5 प्रतिशत (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में इंडियन टी एसोसिएशन' ने पश्चिम-बंगाल और असम के चाय उत्पादन में दस प्रतिशत से अधिक की कमी आने की घोषणा की।उत्पादन में कमी जून माह में उपरोक्त राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण दर्ज की गई। ध्यातव्य है कि 2011 में विश्व चाय निर्यात में भारत की 11 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।
- जबकि उत्पादन मात्रा में 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/agriculture/tea-production-down-by-more-than-10-due-to-heavy-rain-flooding-in-assam-and-west-bengal/articleshow/77069830.cms

एग्री कमोडिटी में वायदा कारोबारः रेपसीड, गेहूं और मक्का के 'विकल्प अनुबंधों' की लॉन्चिंग

प्रश्न-एग्री कमोडिटी में वायदा कारोबार कराने वाले देश के सबसे बड़े कमोडिटी एक्सचेंज 'NCDEX' पर रेपसीड (Rapeseed), गेंहू और मक्का के 'विकल्प अनुबंधों' की लॉन्चिंग होगी-

(a) 27 जुलाई, 2020 से(b) 29 जुलाई, 2020 से (c) 3 जुलाई, 2020 से(d) मार्च, 2021 से

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 जुलाई, 2020 को NCDEX ने रेपसीड गेंहू और मक्का के 'विकल्प अनुबंधों' की लॉन्चिंग तिथि घोषित की।
- उपरोक्त तीनों कमोडिटीज के 'विकल्प अनुबंध' आगामी 27 जुलाई को NCDEX पर लॉन्च किए गए।
- NCDEX
- यह एग्री कमोडिटी में वायदा कारोबार कराने वाला देश का सबसे बड़ा कमोडिटी एक्सचेंज है।
- यह 27 जुलाई को एग्री कमोडिटीज में विकल्प अनुबंधों को लॉन्च करने वाला देश का पहला एक्सचेंज बन गया।
- ध्यातव्य है कि शेयर बाजार नियामक सेबी ने जनवरी, 2020 में एक्सचेंजों को ऐसा (विकल्प अनुबंध लॉन्च) करने की अनुमति दी थी।
- विकल्प अनुबंध
- विकल्प (ऑप्शंस) के दो बुनियादी प्रकार होते हैं-कॉल विकल्प और पुट विकल्प।
- कॉल विकल्पः- यह धारक को एक निश्चित मूल्य पर एक निश्चित तिथि (रेपसीड, गेंहू और मक्का के संदर्भ में अक्टूबर, 2020 व नवंबर, 2020) तक कोई परिसंपत्ति खरीदने का अधिकार प्रदान करता है किंतु बाध्यता नहीं।
- पुट विकल्पः यह धारक को एक निश्चित मूल्य पर एक निश्चित तिथि (रेपसीड, गेंहू और मक्का के संदर्भ में अक्टूबर 2020 व नवंबर, 2020) तक कोई परिसंपत्ति बेचने का अधिकार प्रदान करता है किंतु बाध्यता नहीं।
- विकल्प मूल्य/प्रीमियमः यह वह मूल्य है जो विकल्प खरीदार, विकल्प विक्रेता को भुगतान करता है। इसे विकल्प प्रीमियम भी कहा जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/ncdex-to-launch-options-on-goods-contracts-of-3-commodities-from-july-27/articleshow/77094117.cms

एलएंडटी टेक सर्विसेज द्वारा अमेरिकी फर्म ऑर्केस्ट्रा टेक्नोलॉजी का अधिग्रहण

प्रश्न-एलएंडटी टेक सर्विसेज द्वारा अमेरिकी फर्म 'आर्केस्टा टेक्नोलॉजी की कितने प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जाएगा?

(a) शत-प्रतिशत(b) पचास प्रतिशत(c) पच्चीस प्रतिशत (d) 75 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को L&T टेक सर्विसेज ने अमेरिकी फर्म ऑर्केस्ट्रा टेक्नोलॉजी को खरीदे जाने की घोषणा की।'ऑर्केस्ट्रा टेक्नोलॉजी' टेलिकॉम नेटवर्क प्रबंधन हेतु समाधान तथा इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता फर्म है।

- इसकी शत-प्रतिशत हिस्सेदारी का क्रय 25 मिलियन डॉलर (187 करोड़ रुपये) के नकद सौदे के माध्यम से किया जाएगा।
- यह सौदा चरणबद्ध तरीके से 11 मिलियन डॉलर एवं 14 मिलियन डॉलर मूल्य की हिस्सेदारी के खरीद के माध्यम से संपादित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/lt-tech-services-to-acquire-orchestra-tech-for-rs-187-crore/articleshow/77005725.cms

नागर विमानन मंत्रालय के द्वारा निवेश मंजूरी सेल की स्थापना

प्रश्न-नागर विमानन मंत्रालय के द्वारा निवेश प्रस्तावों से संबंधित 'निवेश मंजूरी सेल' की स्थापना की गई है, जिसमें सदस्यों की संख्या होगी-

(a) दस(b) बारह(c) पंद्रह(d) सोलह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 जुलाई, 2020 को नागर विमानन मंत्रालय के द्वारा 'निवेश मंजूरी सेल' के स्थापना की घोषणा की गई।निवेशप्रस्तावोंपरमंत्रालयकेसहायतार्थगठितICC (निवेश मंजूरी सेल) में दस सदस्य होंगे।इसकीअध्यक्षतामंत्रालयकेएकसंयुक्तसचिवस्तरकेअधिकारीद्वाराकीजाएगी।
- यह सेल निवेश को आकर्षित करने के लिए एकल-खिड़की प्रणाली के रूप में काम करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Civil-Aviation-Ministry-set-up-Investment-Clearance-Cell-for-assistance%2C-clearance-of-proposals&id=394082

ऑनलाइन जॉब पोर्टल 'रोजगार बाजार'

प्रश्न-27 जुलाई, 2020 को किस सरकार ने देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और बेरोजगार हो चुके लोगों को फिर से रोजगार प्रदान करने हेतु ऑनलाइन जॉब पोर्टल 'रोजगार बाजार' का शुभारंभ किया?

(a) दिल्ली(b) उत्तर प्रदेश(c) हरियाणा(d) महाराष्ट्र

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को दिल्ली सरकार ने देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने और बेरोजगार हो चुके लोगों को फिर से रोजगार प्रदान करने हेतु ऑनलाइन जॉब पोर्टल 'रोजगार बाजार' (Rozgaar Bazaar) का शुभारंभ किया।
- इस पोर्टल के माध्यम से श्रमिक सुगमता से अपनी पसंद की नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।
- व्यापारियों को यह पोर्टल आसानी से कुशल कामगारों की खोज करने में सहायता करेगा।

- अपनी पसंद की नौकरी प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, जिसके बाद वह फोन या व्हाट्सअप के माध्यम से प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी प्रदाताओं से संपर्क कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/jobs/arvind-kejriwal-launches-jobs-delhi-gov-in-covid-19-job-economy-loss-6527097/

आवर्ती भुगतान हेतु NPCI की नई पेशकश

प्रश्न-भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने रेकरिंग पेमेंट (आवर्ती भुगतान) के लिए कौन-सी सुविधा लांच की है?
(a) UPI ऑटोपे (UPI Auto Pay) (b) UPI रिकरिंग पे (c) UPI âीक्रेंट पे (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने रेकरिंग पेमेंट (आवर्ती भुगतान) के लिए 'UPI ऑटोपे' नामक सुविधा लांच की।
- UPI (Unified Payments Interface) 2.0 के तहत लांच की गई इस सुविधा के माध्यम से उपभोक्ता किसी भी यूपीआई ऐप के जरिए मोबाइल बिल, बिजली बिल, ईएमआई भुगतान, एंटरटेनमेंट/ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बीमा म्यूचुअल फंड, कर्ज भुगतान, आवागमन अथवा मेट्रो को भुगतान जैसे आवर्ती भुगतान कर सकेंगे।
- प्रक्रिया
- इस नई सुविधा के तहत दो हजार रुपये तक के भुगतान के लिए पिन की जरूरत नहीं होगी, परंतु इससे ऊपर की राशि के भुगतान के लिए हर बार पिन की आवश्यकता होगी।
- प्रत्येक UPI ऐप में अब एक अनिवार्य (Mandate) खंड होगा।
- जहां जा कर उपभोक्ता किसी आवर्ती भुगतान की मंजूरी दे सकेंगे या उसे रोकने समेत अन्य बदलाव कर सकेंगे।
- आवर्ती भुगतान एकल, दैनिक, साप्ताहिक, अर्द्ध-मासिक, मासिक, द्वैमासिक, तिमाही, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक आदि जैसे अंतराल के आधार पर करने की सुविधा दी जाएगी।
- UPI 2.0
- UPI के द्वारा UPI को अप्रैल, 2016 में एवं UPI 2.0 (UPI का अपग्रेडेड संस्करण) को अगस्त, 2018 में लांच किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.npci.org.in/sites/default/files/NPCI_Press_Release-NPCI_introduces_AutoPay_facility_on_UPI_for_recurring_payments.pdf

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के नए एमडी एवं सीईओ

प्रश्न-जुलाई, 2020 में कौन एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ नियुक्त हुए?
(a) पूषण महापात्रा (b) सुमित देब (c) प्रकाश चंद्र कांडपाल (d) पराग अग्रवाल
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 21 जुलाई, 2020 को प्रकाश चंद्र कांडपाल एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का नया प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकरी (CEO) नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई।
- वह जून, 2019 से एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के डिप्टी सीइओ के रूप में कार्यरत है।
- जिन्हें अब निदेशक (रणनीतिक निवेश और डिजिटल पहल) के पद पर नियुक्त किया गया है।
- इसके अलावा, प्रकाश चंद्र कांडपाल ने एसबीआई म्युचुअल फंड के मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में भी काम किया है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई में है।
- इसका मूल संगठन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/sbi-general-insurance-appoints-pc-kandpal-as-md-ceo/articleshow/77083244.cms

एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 5वीं वार्षिक बैठक, 2020

प्रश्न-28 जुलाई, 2020 को एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 5वीं वार्षिक बैठक, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में भारत की ओर से किसने भाग लिया?
(a) शक्तिकांत दास(b) अजय भूषण पांडे(c) पीयूष गोयल(d) निर्मला सीतारमण
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 5वीं वार्षिक बैठक, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई।
- केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।
- उनको राउंडटेबल विचार-विमर्श के लिए मुख्य वक्ता के रूप में चुना गया था।
- इस वर्ष के बैठक में होने वाले विचार विमर्श में एआईआईबी के अध्यक्ष के चुनाव सहित कई आधिकारिक कार्य और 'एआईआईबी 2030 – एशिया के विकास में सहायक अगला एक दशक' विषयवस्तु पर होने वाली राउंडटेबल जैसे मुद्दे शामिल थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://ddnews.gov.in/business/fm-nirmala-sitharaman-attends-5th-annual-meeting-board-governors-aiib

कैबिनेट का निर्णय : तीन सामान्य बीमा कंपनियों को पूंजी उपलब्ध कराने को मंजूरी

प्रश्न-प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले कैबिनेट ने तीन सामान्य बीमा कंपनियों की मदद हेतु कुल कितने राशि की पूंजी उपलब्ध कराने की मंजूरी दी है?
(a) 12,450 करोड़ रुपये(b) 15,650 करोड़ रुपये (c) 17,000 करोड़ रुपये(d) 22,200 करोड़ रुपये
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने तीन सामान्य बीमा कंपनियों के पूंजीगत मदद को मंजूरी प्रदान किया।
- ये कंपनियां हैं-ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी लि. (OICL), नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि. (NICL) एवं यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. (UIICL)।
- **पूंजी प्रवाह-**
- इन कंपनियों की मदद हेतु कुल 12,450 करोड़ रुपये (वर्ष 2019-20 में दिए गए 2,500 करोड़ रुपये सहित) की पूंजी देने को मंजूरी दी गई है।
- बीमा कंपनियों को पूंजी प्रवाह के पहले हिस्से के रूप में मौजूदा वित्त वर्ष में 3,475 करोड़ रुपये का आवंटन कर दिया जाएगा और शेष राशि बाद में एक या दो हिस्सों के रूप में जारी की जाएगी।
- इस पूंजी प्रवाह को प्रभावी बनाने के लिए NICL की अधिकृत पूंजी बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये और UIICL तथा OICL की अधिकृत पूंजी बढ़ाकर क्रमशः 5,000 करोड़ रुपये कर दी जाएगी।
- **प्रभाव :**
- इस पूंजी प्रवाह से इन कंपनियों की वित्तीय स्थिति और ऋण चुकाने की क्षमता में सुधार होगा।
- साथ ही अर्थव्यवस्था की बीमा जरूरतों को पूरा करने, बदलावों को अपनाने, संसाधन जुटाने की क्षमता बढ़ाने और जोखिम प्रबंधन में सुधार करने में मदद मिलेगी।
- **KPIs-**पूंजी का बेहतर प्रयोग सुनिश्चित कराने के लिए KPIs (मुख्य निष्पादन संकेतक) के रूप में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
- इन दिशा-निर्देशों का लक्ष्य पूंजी का बेहतर प्रयोग करते हुए कंपनियों में व्यावसायिक क्षमता को बढ़ाना और लाभदायक वृद्धि लाना है।
- ध्यातव्य है कि पहले सरकार की योजना विलय की थी, परंतु इसको रोक कर पूंजी प्रवाह की नीति अपनाई गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanherald.com/business/economy-business/cabinet-approves-infusion-of-rs-12450-crore-in-three-psu-insurance-firms-858567.html

https://www.business-standard.com/article/news-cm/cabinet-approves-capital-infusion-for-three-public-sector-general-insurance-companies-120070801016_1.html

भारतीय अर्थव्यवस्था में संकुचन का अनुमान

प्रश्न-बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के बीच ब्रोकरेज फर्म सिटीग्रुप ने भारत के GDP वृद्धि दर (2020-21) में कितने प्रतिशत तक के संकुचन का अनुमान व्यक्त किया है?

(a) 6 प्रतिशत(b) 5 प्रतिशत(c) 4 प्रतिशत (d) 3 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को वैश्विक ब्रोकरेज फर्म सिटी ग्रुप ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर में 2020-21 में 6 प्रतिशत तक के संकुचन का अनुमान व्यक्त किया है।
- ऐसा भारत में बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए कहा गया है।
- अपने पिछले अनुमान में सिटीग्रुप ने अर्थव्यवस्था में 3.5 प्रतिशत के गिरावट की संभावना व्यक्त की थी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/coronavirus-impact-indias-gdp-may-contract-6-in-fy21-says-citi/story/409089.html

कोलकाता एवं चट्टोग्राम के बीच नई शिपिंग सेवा का अनावरण

प्रश्न-कोलकाता एवं चट्टोग्राम (Chattogram) के बीच नई शिपिंग सेवा का अनावरण किया गया-
(a) 3 जुलाई, 2020 को(b) 5 जुलाई, 2020 को (c) 1 जुलाई, 2020 को(d) 6 जुलाई, 2020 को
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को कोलकाता एवं बांग्लादेश के बंदरगाह चट्टोग्राम (Chattogram) के बीच एक नई शिपिंग सेवा का अनावरण किया गया।
- दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।
- इस नई शिपिंग सेवा के तहत पहला नौपोत 'M.V. Asiatic Moon' (एम.वी. एशियाटिक मून) होगा, जो भारत से 300 कंटेनरों को बांग्लादेश के चटोग्राम ले कर जाएगा।
- यह कोलकाता के चट्टोग्राम को गया अब तक का सबसे बड़ा नौपोत होगा।
- ध्यातव्य है कि जुलाई के दूसरे सप्ताह में एक और पोत सेवा का अनावरण कोलकाता डॉक से चट्टोग्राम के बीच किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.aninews.in/news/national/general-news/new-shipping-service-to-augment-indo-bangla-trade-inaugurated-at-kolkota-dock20200704004655/

ग्लोबल ई वेस्ट मॉनीटर, 2020

प्रश्न-संयुक्त राष्ट्र के 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर, 2020' रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में, 2019 में कितना इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) उत्पन्न हुआ था?
(a) 53.6 मिलियन टन(b) 68.7 मिलियन टन(c) 38.4 मिलियन टन (d) 85.2 मिलियन टन
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर, 2020 नामक रिपोर्ट का तीसरा संस्करण जारी किया गया।
- **जारीकर्ता-**रिपोर्ट को GESP (ग्लोबल ई-वेस्ट स्टेटिस्टिक्स पार्टनरशिप) नामक संस्था ने जारी किया।
- GESP-इसकी स्थापना 2017 में ITU (इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन), संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन (ISWA) के द्वारा की गई थी।
- **महत्वपूर्ण तथ्य**
- रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में दुनियाभर में 53.6 मिलियन टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) उत्पन्न हुआ, जो कि एक रिकॉर्ड है।
- दुनियाभर में प्रति व्यक्ति 7.3 किग्रा के औसत से ई-वेस्ट उत्पादित होता है।

- ई-वेस्ट से तात्पर्य खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से है, कम्प्यूटर के पार्ट्स, मोबाइल के पार्ट्स, खराब कम्प्यूटर मॉनीटर्स तथा PCBs (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) इत्यादि।
- ध्यातव्य है कि प्रौद्योगिकी में नित नई नवीनता और उपभोक्तावादी समाज (Consumpiton Driven Society) के परिणामस्वरूप दुनियाभर में बहुत बड़ी मात्रा में ई-वेस्ट उत्पन्न होता है।
- रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2014 से ले कर अब तक वैश्विक ई-वेस्ट की उत्पत्ति में 9.2 मिलियन टन का इजाफा हुआ है।
- 2030 तक यह आंकड़ा 74.7 मिलियन टन (2014 के स्तर से दोगुना) हो जाने की संभावना है।
- पिछले वर्ष मात्र 17.4% ई-वेस्ट का संग्रहण एवं निस्तारण (Recycling) किया गया।
- ध्यातव्य है कि कीमती धातु युक्त ई-वेस्ट के निस्तारण से 57 बिलियन डॉलर की राशि अर्जित हुई, जो बहुत से देशों के GDP से भी अधिक है।
- विश्व में सर्वाधिक ई-वेस्ट चीन (10129 kt) में उत्पादित होता है। अमेरिका दूसरे स्थान (6918 kt) पर है एवं भारत में 3230 kt का उत्पादन हुआ। (2019 में) (तीसरा स्थान)।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ewastemonitor.info/

भारत का विदेशी ऋण

प्रश्न-भारत में विदेशी ऋण के आंकड़े जारी किए जाते हैं-
(a) त्रैमासिक आधार पर (b) छमाही आधार पर (c) वार्षिक आधार पर (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को RBI ने भारत के विदेशी ऋण के आंकड़े जारी किए।
- ध्यातव्य है कि भारत में विदेशी ऋण के आंकड़े त्रैमासिक आधार पर जारी किए जाते हैं।
- प्रथम दो तिमाहियों के आंकड़े RBI के द्वारा, जबकि अंतिम दो तिमाहियों के आंकड़े वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं।
- हालिया आंकड़ों के अनुसार, विदेशी ऋण मार्चांत, 2020 (P) में बढ़कर 558.5 बिलियन डॉलर हो गया है।
- यह मार्चांत 2019 (PR) की तुलना में 15.4 बिलियन डॉलर अधिक है।
- 39.4% की हिस्सेदारी के साथ वाणिज्यिक ऋण, विदेशी ऋण का सबसे बड़ा घटक है।
- इसके बाद अनिवासी जमा (23.4%) एवं अल्पकालिक व्यापार ऋण (18.2%) का स्थान आता है।
- विदेशी ऋण में बहुपक्षीय ऋण का योगदान 60.0 बिलियन डॉलर रहा।
- जबकि द्विपक्षीय ऋण की हिस्सेदारी 27.2 बिलियन डॉलर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=50021

RBI : वर्धित उधार सीमा में विस्तार

प्रश्न-RBI ने सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) के तहत बैंकों के 'वर्धित उधार सीमा' को किस तिथि तक लागू रखने का निर्णय लिया है?

(a) 30 सितंबर, 2020 (b) 31 अक्टूबर, 2020 (c) 30 नवंबर, 2020 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जून, 2020 को RBI ने सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) के तहत बैंकों के 'वर्धित उधार सीमा' को आगामी 30 सितंबर तक लागू रखने का निर्णय लिया।
- ऐसा बैंकों (शेड्यूल्ड) में तरलता की कमी से निपटने के लिए किया गया है।
- ध्यातव्य है कि एक अस्थायी उपाय के रूप में RBI ने बैंकों की उधार सीमा को MSF के तहत तीन प्रतिशत तक बढ़ा दिया था (NDIL के सापेक्ष)
- यह वृद्धि 27 मार्च से प्रभावी हुई है।
- **MSF व NDTL**
- सीमांत स्थायी सुविधा दर वह दर है, जिस पर बैंक अनुमोदित सरकारी प्रतिभूतियों के प्रति RBI से रात भर के लिए धन उधार लेते हैं।
- NDTL (शुद्ध मांग व समय दायित्व), बैंकों के मांग और समय का योग होता है।
- अन्य बैंकों का शुद्ध दायित्व पाने के लिए अन्य बैंकों के साथ संपत्ति को घटाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economic-revival/rbi-extends-enhanced-borrowing-limit-to-banks-under-msf-till-sept-30-120062700927_1.html

कोचीन शिपयार्ड का इलेक्ट्रिक जहाज निर्माण हेतु नॉर्वे की कंपनी से अनुबंध

प्रश्न-सार्वजनिक क्षेत्र के पोत निर्माता फर्म कोचीन शिपयार्ड ने किस देश की कंपनी के लिए इलेक्ट्रिक जहाज निर्माण का अनुबंध हस्ताक्षरित किया है?

(a) नॉर्वे (b) जर्मनी (c) अमेरिका (d) फ्रांस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को सार्वजनिक क्षेत्र के पोत निर्माता 'कोचीन शिपयार्ड' ने नॉर्वे की कंपनी 'एएसकेओ मैरीटाइम एएस' से दुनिया के पहले पूर्ण स्वचालित इलेक्ट्रिक जहाज के निर्माण का अनुबंध किया।
- अनुबंध के तहत इस नॉर्वेयन कंपनी के लिए दो जहाजों का निर्माण और आपूर्ति कोचीन शिपयार्ड के द्वारा सुनिश्चित की गई है।
- अनुबंध में दो अन्य इलेक्ट्रिक जहाजों (फेरी) के निर्माण का भी विकल्प है।
- इसका उद्देश्य ओस्लो में माल ढुलाई के लिए उत्सर्जन-मुक्त परिवहन की व्यवस्था करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/cochin-shipyard-to-build-autonomous-electric-ferries-for-norway-firm/article32098849.ece

भारत-भूटान नव-व्यापार मार्ग

प्रश्न-हाल ही में भारत और भूटान के बीच कौन एक नया व्यापार मार्ग खोला गया है?
(a) जयगांव-अहले (Ahllay) व्यापार मार्ग(b) गुंजी-पुलान व्यापार मार्ग
(c) मोरेड – तमू व्यापार मार्ग (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को भारत और भूटान के बीच एक नया व्यापार मार्ग खोला गया।
- यह एक अस्थायी वैकल्पिक व्यापार मार्ग है, जो कोविड महामारी को दृष्टिगत रखते हुए खोला गया है।
- **मार्ग-**यहव्यापारमार्गहै-जयगांव-अहलेजयगांवपश्चिमबंगालमेंहै, जबकि अहले भूटान के पसाखा में स्थित है।
- **व्यापार-**ध्यातव्यहैकिभारत, भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साक्षेदार है।
- दोनों देशों के बीच वर्ष 2018 में 9,227 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।भूटान खनिज, उत्पाद, मशीनरी एवं मैकेनिकल एप्लाइंसेज, इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट, बेस मेटल्स, वाइन तथा सब्जी उत्पाद (शाक उत्पाद) इत्यादि आयात करता है।जबकि भारत को विद्युत, पोर्टलैंड सीमेंट, डोलोमाइट, टिम्बर व काष्ठ उत्पाद, आलू, इलायची (Cardamom) एवं फलों के उत्पाद का निर्यात करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/india-and-bhutan-launch-jaigaon-ahllay-trade-route/articleshow/77008095.cms

कोलकाता बंदरगाह से पहला मालवाहक जहाज अगरतला के लिए रवाना

प्रश्न-16 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने एव वर्चुअल समारोह में कोलकाता बंदरगाह से किस बांग्लादेशी बंदरगाह से होते हुए अगरतला के लिए पहला परीक्षण मालवाहक जहाज को रवाना किया?
(a) चट्टोग्राम (b) मोंगल (c) पयारा (d) मातरबारी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को केंद्रीय जहाजरानी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मांडविया ने एक वर्चुअल समारोह में कोलकाता बंदरगाह से चट्टोग्राम बंदरगाह (बांग्लादेश) होते हुए अगरतला (त्रिपुरा) के लिए पहला परीक्षण मालवाहक जहाज को रवाना किया।यह रवानगी भारत के पारगमन जहजों की अवाजाटी हेतु चट्टोग्राम और मोंगल बंदरगाह का उपयोग करने हेतु बांग्लादेश के साथ हुए समझौते के तहत की गई।
- इस जहाज के चट्टाग्राम पहुंचने के बाद वहां से माल बांग्लादेशी ट्रकों में लोड करके अगरतला भेजा जाएगा।उल्लेखनीयहैकिअक्टूबर, 2019 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय समझौता हुआ जिसमें भारत से माल की अवाजाही हेतु चट्टोग्राम और मोंगल बंदरगाहों के उपयोग हेतु मानक संचालन प्रक्रिया संपन्न हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/international/first-trial-container-ship-kolkata-agartala-through-chattogram-port-bangladesh-flagged

एचसीजी में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एकेसो कंपनी पीटीई लिमिटेड को हेल्थकेयर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एचसीजी) में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने हेतु मंजूरी प्रदान की। प्रस्तावित संयोजन के तहत एकेसो कंपनी पीटीई लिमिटेड एचसीजी की कितनी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी?

(a) 45.09 प्रतिशत(b) 50.89 प्रतिशत(c) 58.92 प्रतिशत (d) 60.72 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एकेसो कंपनी पीटीई लिमिटेड को हेल्थ केयर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड (एचसीजी) में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2020 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की गई है।
- प्रस्तावित संयोजन के तहत एकेसो कंपनी पीटीई लिमिटेड एचसीजी की 58.92 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।एकेसो एक इकाई या निकाय है, जो सीवीसी नेटवर्क का हिस्सा है।
- एचसीजी और उसके समूह कैंसर उपचार क्लीनिक, मल्टी-स्पेशियलटी अस्पतालों तथा प्रजनन उपचार केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1638864

एएआई और बीईएल में समझौता

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के बीच एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य किस क्षेत्र में हवाई एयरपोर्ट में उभरते वैश्विक बाजारों में शामिल होना है?

(a) दक्षिण-पूर्व एशिया (b) एशिया-प्रशांत (c) ओसनिया (d) अरबियन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा नवरत्न का दर्जा प्राप्त रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के मध्य एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- यह समझौता-ज्ञापन दोनों कंपनियों को एक साथ काम करने हेतु एक साझा मंच प्रदान करेगा।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हवाई एयरपोर्ट कारोबार में उभरते वैश्विक बाजारों में शामिल होना है।दोनों कंपनियां एयरपोर्ट कारोबार में उभरते वैश्विक अवसरों को भुनाने के लिए एक-दूसरे की सहायता करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/aai-ties-up-with-bel-to-make-cns-equipment-in-india/articleshow/76964916.cms

कर्नाटक : स्वयं सहायता समूह के संवर्धन व आंकड़ों के डिजिटलीकरण में नाबार्ड की भूमिका

प्रश्न-कर्नाटक में नाबार्ड ने स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के संवर्धन, कौशल विकास एवं रिकॉर्डों के डिजिटलीकरण हेतु सहायता अनुदान प्रदान किया है, जिसकी राशि है-

(a) 2.51 करोड़ रुपये(b) 5.52 करोड़ रुपये(c) 3.50 करोड़ रुपये (d) 6.90 करोड़ रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जुलाई, 2020 को नाबार्ड के द्वारा उसके 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर कर्नाटक में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को 2.51 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान (Grant assistance) प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- यह राशि SHGs के संवर्धन, कौशल विकास एवं रिकॉर्डों के डिजिटलीकरण हेतु प्रदान की गई है।
- **वाटरशेड परियोजना-**
- नाबार्ड ने 14 जुलाई को कर्नाटक के 298 वाटरशेड परियोजनाओं (तीन लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में विस्तृत) हेतु 221.98 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान को भी स्वीकृत किया।
- इस वाटरशेड परियोजना से 66,500 परिवार लाभान्वित होंगे।
- **नाबार्ड-**यह कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु वित्त उपलब्ध कराने वाली देश की शीर्ष संस्था है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/nabard-helps-digitise-shg-records-in-karnataka/article32080964.ece

NHAI की आईआईटी एवं अन्य संस्थानों की साझेदारी

प्रश्न-हाल ही में NHAI ने आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के साथ भावी गठजोड़ की घोषणा की है। NHAI का पूर्ण रूप है-

(a) National Highways Authority of India (b) National Highways Association of India

(c) National Highways Auditor of India (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जुलाई, 2020 को NHAI (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के साथ भावी साझेदारी की घोषणा की।
- यह साझेदारी देश में राजमार्गों और सड़कों के सड़क अवसंरचना पारिस्थितिकी-तंत्र को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- साथ ही साझेदारी योजना से इस क्षेत्र में छात्रों और शिक्षकों की बौद्धिक क्षमता को प्रदर्शन का मंच भी मिलेगा।

- **योजना-**देश में विश्वस्तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों के तहत NHAI ने IIT, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) और अन्य प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से स्वैच्छिक आधार पर अपने आस-पास के राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए साझेदारी करने और गोद लेने के लिए कहा है।
- ये संस्थान अपने सांस्थानिक सामाजिक उत्तरदायित्व (ISR) के तहत NHAI के आग्रह पर अमल कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/auto/news/nhai-to-collaborate-with-iits-other-institutes-for-improving-highway-infrastructure/articleshow/76951906.cms

BSE ईबिक्स ने अपने प्लेटफॉर्म पर लाइफ इंश्योरेंस की शुरुआत की

प्रश्न-बीएसई ईबिक्स बीटा (Beta) ने अपने ऑन डिमांड हाईटेक प्लेटफॉर्म पर जीवन बीमा उत्पादों की बीटा (Beta) लॉन्चिंग की है। "BSE Ebix इंश्योरेंस ब्रोकिंग" ने किन कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत किया है?

(a) आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस एवं बजाज आलियान्ज लाइफ इंश्योरेंस
(b) मेटलाइफ इंश्योरेंस एवं लोम्बार्ड
(c) कोटक लाइफ इंश्योरेंस एवं एक्साइड लाइफ इंश्योरेंस
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 13 जुलाई, 2020 को "BSE ईबिक्स इंश्योरेंस ब्रोकिंग" ने अपने प्लेटफॉर्म पर जीवन बीमा के बीटा (Beta) लॉन्चिंग की घोषणा की।
- इस उद्देश्य हेतु BSE ईबिक्स ने अपने प्लेटफॉर्म पर 'आदित्य बिरला सन लाइफ' एवं 'बजाज आलियान्ज लाइफ इंश्योरेंस' जैसी कंपनियों को पंजीकृत किया है।
- **BSE ईबिक्स इंश्योरेंस ब्रोकिंग-**यह बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और 'ईबिक्स फिनकॉर्प एक्सचेंज' का संयुक्त उद्यम है।
- **बीटा लॉन्चिंग (Beta launching)-**बीटा लॉन्चिंग से तात्पर्य होता है कि जिस सेवा को लॉन्च किया गया है वो अभी टेस्टिंग फेज (प्रयोग के चरण) में है और उसमें बदलाव भी संभव है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/BSE-Ebix-Beta-Launches-Life-Insurance-On-Its-On-Demand-Hi-Tech-Platform/13-07-2020-296776/

IRDAI : 5 लाख रुपये से अधिक की आरोग्य संजीवनी पॉलिसी बेचने को मंजूरी

प्रश्न-आरोग्य संजीवनी पॉलिसी एक स्टैंडर्ड इंश्योरेंस प्रोडक्ट है, जिसकी शुरुआत हुई थी-

(a) 1 अप्रैल, 2012 को (b) 1 अप्रैल, 2014 को
(c) 1 अप्रैल, 2013 को (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को बीमा नियामक IRDAI ने 5 लाख रुपये से अधिक की 'आरोग्य संजीवनी पॉलिसी' बेचने को मंजूरी दे दी।
- अभी आरोग्य संजीवनी पॉलिसी बेसिक हेल्थ कवर के साथ आती है।
- इसमें न्यूनतम 1 लाख रुपये और अधिकतम 5 लाख रुपये का बीमा कवर मिलता है।
- आरोग्य संजीवनी पॉलिसी एक स्टैंडर्ड इंश्योरेंस प्रोडक्ट है, जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल, 2020 को हुई थी।
- IRDAI की नवीनतम मंजूरी से 5 लाख रुपये से ज्यादा के सम इंश्योर्ड के साथ आरोग्य पॉलिसी खरीदने के इच्छुक ग्राहकों को पॉलिसियों में फ्लेक्सिबिलिटी प्राप्त होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/wealth/insure/health-insurance/insurers-can-offer-arogya-sanjeevani-policy-for-sum-insured-more-than-rs-5-lakh-irdai/articleshow/76830726.cms

उद्योग मंडल फिक्की के वृद्धि अनुमान

प्रश्न-उद्योग मंडल फिक्की (FICCI) ने वित्त वर्ष 2020-21 में देश की वार्षिक जीडीपी वृद्धि में कितने प्रतिशत के संकुचन का अनुमान व्यक्त किया है?

(a) 4.5 प्रतिशत(b) 5.0 प्रतिशत(c) 4.0 प्रतिशत (d) 3.5 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में 'भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल महासंघ' (FICCI) ने अपना इकोनॉमिक आउटलुक सर्वे जारी किया।
- जिसमें उसने पूर्व में जारी अपने अनुमानों को व्यापक रूप से संशोधित किया है।ऐसा दुनियाभर में कोविड-19 महामारी के तेजी से प्रसार की वजह से पैदा हुए आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी संकट के कारण किया गया है।
- **भारतीय परिदृश्य-**
- वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि में 4.5 प्रतिशत का संकुचन अनुमानित है।
- ध्यातव्य है कि FICCI ने जनवरी, 2020 के अपने आउटलुक में 5.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया था।
- चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में GDP में 14.2 प्रतिशत के औसत संकुचन का अनुमान लगाया गया है।
- आर्थिक गतिविधि-वार वार्षिक पूर्वानुमान में 2020-21 हेतु कृषि और संबद्ध गतिविधियों की औसत वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/outlookmoney/newsflash/fy21-gdp-to-be-in-negative-territory-says-ficci-survey-5018

हरियाणा में नई आर्थिक गलियारा परियोजनाओं का शुभारंभ

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा में नए आर्थिक गलियारे के तहत लगभग कितनी लागत राशि की विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया?

(a) 12500 करोड़ रुपये (b) 15,500 करोड़ रुपये
(c) 20,000 करोड़ रुपये (d) 22,000 करोड़ रुपये
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा में नए आर्थिक गलियारे के तहत 11 राष्ट्रीय तहत विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यस किया।इनपरियोजनाओंकीलागतराशिलगभग20 हजार करोड़ रुपये होगी।इनराजमार्गपरियोजनाओंकालाभहरियाणाकेसाथहीअन्यराज्योंजैसीपंजाबराजस्थान, दिल्ली और उत्तर-प्रदेश को सुचारू कनेक्टिविटी प्रदान करके हरियाणा के लोगों को बड़े पैमाने पद लाभ होगा। भीतर के साथ ही पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से भी संपर्क में सुधार होगा।
- हरियाणा में 4 बड़े गलियारे विकसित किए जा रहें है जिनमें दो ब्राउनफील्ड परियोजनाएं जींद-गोहाना-सोनीपत और उत्तर प्रदेश/हरियाणा सीमा-रोहना-झज्जर शामिल हैं।
- अन्य 2 ग्रीनफील्ड परियोजनाएं अंबाला-कोटपुतली (304 किमी.) गुरुग्राम रेवाड़ी-नारनौल राजस्थान सीमा (132 किमी.) है।
- वर्तमान में हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 3237 किमी. है, जो वर्ष 2014 में 2050 किमी. थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1638545

यूवी सैनिटाइजिंग उत्पाद- शुद्ध

प्रश्न-जुलाई, 2020 में किस आईआईटी संस्थान के इमेजिनिरिंग लेबोरेटरी डिपार्टमेंट ने शुद्ध (SHUDH) नामक एक यूवी (UV) सैनिटाइजिंग उत्पाद विकसित किया है।
(a) आईआईटी, मद्रास (b) आईआईटी, रुड़की (c) आईआटी, कानपुर (d) आईआईटी, बॉम्बे
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में आईआईटी कानपुर के इमेजिनिरिंग लेबोरेटरी डिपार्टमेंट ने शुद्ध (SHUDH-Smartphone Operated Handy Ultraviolet Disifection Helper) नामक एक यूवी (UV) सैनिटाइजिंग उत्पाद विकसित किया है।एक एंड्रॉइक ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करके अपने स्मार्टफोन के माध्यम से उत्पाद को ऑन-ऑफ, गति को दूर से ही नियंत्रित किया जा सकता है।
- इसमें 15 वाट की 6 यूवी लाइट्स हैं जिन्हें व्यक्तिगत रूप से दूर से ही देखा जा सकता है।
- प्रारंभिक परीक्षण में यह पाया गया है कि अपने पूर्ण ऑपरेशन में यह डिवाइस लगभग 15 मिनट में 10×10 वर्ग फुट के कमरे की कीटाणुरहित कर सकता है।
- इसके प्रयोग से अस्पताल, होटल, मॉल, पर्यावरण, स्कूल आदि में कोरोना वायरस के प्रसार को समाप्त करने में मददगार होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=393689

जूट व संबद्ध उत्पादों के निर्यात में वृद्धि

प्रश्न-भारत से जूट और उससे बने उत्पादों का वर्ष 2019-20 में रिकॉर्ड निर्यात हुआ है, यह निर्यात है-

(a) 2757.90 करोड़ रुपये का (b) 1580.40 करोड़ रुपये का

(c) 1250 करोड़ रुपये का (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को एमएसएमई मंत्रालय ने जूट व संबद्ध उत्पादों के निर्यात आंकड़े जारी किए।
- इन आंकड़ों के अनुसार, भारत से जूट और उससे बने उत्पादों का वर्ष 2019-20 में 2757.90 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निर्यात हुआ जबकि वर्ष 2018-19 में यह निर्यात 2728.04 करोड़ रुपये का था।
- **मात्रा संदर्भ में निर्यात एवं अन्य तथ्य**
- 2019-20 में 9,88,996 मीट्रिक टन का निर्यात हुआ जबकि पिछले वर्ष यह निर्यात 9,64,046 मीट्रिक टन था।
- 99 प्रतिशत निर्यात तूती-कोरीन, चेन्नई और कोच्चि के बंदरगाह से होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1638735

गूगल द्वारा भारत में निवेश की घोषणा

प्रश्न-13 जुलाई, 2020 को गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने भारत में अगले 5-7 वर्षों में गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के तहत कितनी राशि का निवेश करने की घोषणा की?

(a) 25,000 करोड़ रुपये (b) 65,000 करोड़ रुपये (c) 75,000 करोड़ रुपये (d) 85,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 जुलाई, 2020 को गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने भारत में अगले 5-7 वर्षों में गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के तहत 75,000 करोड़ रुपये (लगभग 10 बिलियन डॉलर) का निवेश करने की घोषणा की।
- सुंदर पिचाई ने 'गूगल फॉर इंडिया' के वार्षिक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।
- इस पहल के तहत इस निवेश के किए जाने का उद्देश्य देश में डिजटलीकरण की प्रक्रिया को तीव्र करने में सहायता प्रदान करना है।
- भारतीय मूल के सीईओ सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ एक ऑनलाइन बैठक भी की।
- इस अवसर पर पिचाई ने गूगल फॉर इंडिया डिजिटलीकरण कोष की भी घोषणा की।
- गूगल निवेश के संदर्भ में भारत के डिजिटलीकरण के 4 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इन चार प्रमुख क्षेत्रों में नए उत्पाद और सेवाओं का निर्माण करना, छोटे कारोबारियों को डिजिटल परिवर्तन हेतु सशक्त बनाना और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि जैसे क्षेत्रों में सामाजिक भलाई के लिए कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी लाभ पहुंचाना शामिल है।
- इसके अलावा गूगल ने प्रसार भारती के साथ एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की।

- यह कंपनी दूरदर्शन पर एक प्रशिक्षण शृंखला शुरु करेगी जो वर्तमान हालातों में छोटे कारोबारियों को डिजिटल ढंग से कामकाज करने के विषय में प्रशिक्षित करेंगे।
- साथ ही गूगल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के माध्यम से देश के 22000 स्कूलों में वर्ष 2020 के अंत तक 10 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए साझेदारी भी की है।
- इसके तहत शिक्षकों को ऑनलाइन क्लासेस के दौरान बच्चों को कक्षा की पढ़ाई जैसा अनुभव कराने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://economictimes.indiatimes.com/tech/internet/google-to-invest-10-billion-in-india-will-use-money-to-up-digital-stake/articleshow/76937268.cms

आयकर विभाग : TDS प्रयोज्यता दरों हेतु बैंकिंग टूल की लॉन्चिंग

प्रश्न-आयकर विभाग ने हाल ही में बैंको और डाकघरों को एक नई सुविधा (टूल) उपलब्ध कराई है, जिसके तहत नकद निकासियों पर टीडीएस दरों का पता लगाया जा सकेगा। इस टूल के माध्यम से आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों के संदर्भ में कितनी राशि के निकासी पर लागू टीडीएस दरों का पता लगाया जा सकता है?
(a) एक करोड़ रुपयें से अधिक (b) पचास लाख रुपये (c) पच्चीस लाख रुपये (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 जुलाई, 2020 को आयकर विभाग ने बैंकों और डाकघरों को एक नई सुविधा (टूल) उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की।
- जिसके तहत नकद निकासियों पर टीडीएस प्रयोज्यता (TDS applicability) दरों का पता लगाया जा सकेगा।
- **सुविधा एवं प्रयोग विधि-**
- इस सुविधा के माध्यम से आयकर रिटर्न नहीं भरने वालों (नॉन फाइलर्स) के संदर्भ में 20 लाख से अधिक और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों के संदर्भ में एक करोड़ रुपये से अधिक के निकासी पर लागू TDS दरों का पता लगाया जा सकता है।
- अब बैंक या डाकघर को TDS दर का पता लगाने के लिए सिर्फ उस व्यक्ति का पैन भरना होगा, जो नकद निकासी कर रहा है।
- अभी तक इस सुविधा के तहत 53,000 से ज्यादा सत्यापन अनुरोधों को पूरा किया जा चुका है।
- ध्यातव्य है कि सरकार ने नकद लेन-देन को हतोत्साहित करने हेतु बैंकों या डाकघरों से एक करोड़ रुपये से अधिक की नकद निकासी पर 2 प्रतिशत की दर से TDS लगाने की व्यवस्था की है।
- तथापि इसमें कुछ अपवाद भी शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.livemint.com/money/calculators/cbdt-launches-tool-for-banks-to-ascertain-tds-applicability-rates-on-cash-withdrawals-11594563780660.html
http://newsonair.com/News?title=Income-Tax-Department-launches-tool-for-Banks-to-ascertain-TDS-applicability-rates-on-cash-withdrawals&id=393629

झज्जर में Tsuzuki द्वारा संयंत्र की स्थापना

प्रश्न-जापानी फर्म Tsuzuki हरियाणा के झज्जर में किस कंपनी के परिसर में एक संयंत्र की स्थापना करेगी?
(a) रिलायंस की अनुषंगी कंपनी (b) टाटा की अनुषंगी कंपनी
(c) इन्फोसिस की अनुषंगी कंपनी (d) बजाज ऑटो की अनुषंगी कंपनी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 12 जुलाई, 2020 को रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी कंपनी, मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप लि. (METL) ने झज्जर (हरियाणा) के अपने परिसर में जापानी कंपनी Tsuzuki के निर्माण की घोषणा की।
- यह निर्माण (संयंत्र स्थापना) METL और Tsuzuki के बीच समझौते के तहत किया जाएगा।
- Tsuzuki उक्त संयंत्र में वाहन उद्योग के लिए स्टीयरिंग नकल्ज (पोर) की मैन्यूफैक्चरिंग करेगी।
- Tsuzuki इस संयंत्र से 2021 तक मैन्यूफैक्चरिंग शुरू कर देगी।
- ध्यातव्य है कि METL झज्जर में निवेश करने वाली Tsuzuki जापान की तीसरी फर्म है। (दो अन्य जापानी कंपनी हैं-पैनासोनिक एवं डेंसो)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/auto/auto-components/tsuzuki-to-set-up-plant-at-reliances-model-economic-township-in-jhajjar/articleshow/76922084.cms

CCI : अधिग्रहण मंजूरियां

प्रश्न-CCI : (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) ने हाल ही में कुबोटा कॉर्पोरेशन द्वारा एस्कॉर्ट्स लिमिटेड में 9% की हिस्सेदारी और एस्कॉर्ट्स द्वारा कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया में 40% हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। कुबोटा कहां की कंपनी है?
(a) जापान की (b) द. कोरिया की (c) चीन की (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने कुबोटा कॉर्पोरेशन द्वारा एस्कॉर्ट्स लि. में 9% की हिस्सेदारी और एस्कॉर्ट्स द्वारा 'कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया' में 40% हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी प्रदान की गई।कुबोटा एक जापानी कंपनी है।
- उपरोक्त अधिग्रहण के बाद कुबोटा एग्री.इं. में कुबोटा और एक्कॉर्ट्स की शेयर धारिता क्रमशः 60-40% हो जाएगी।
- कुबोटा व्यापक कृषि यंत्र उत्पाद निर्माता है, जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर और राइस ट्रांसप्लांटर जैसी मशीनरी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/cci-approves-kubota-corps-9-stake-buy-in-escorts/articleshow/76899714.cms

रिलायंस बीपी मोबिलिटि

प्रश्न-रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. एवं ब्रिटिश पेट्रोलियम (BP) ने हाल ही में 'रिलायंस बीपी मोबिलिटि' नामक नया ज्वाइंट वेंचर लॉन्च करने की घोषणा की है। यह ज्वाइंट वेंचर (संयुक्त उद्यम) किस ब्रांड के तहत संचालित होगा?

(a) जियो-बीपी (b) जियो मोबिल (c) जियो पेट्रो (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. एवं ब्रिटिश पेट्रोलियम (BP) ने 'रिलायंस बीपी मोबिलिटि' नामक संयुक्त उद्यम के शुरूआत की उद्घोषणा की।
- ध्यातव्य है कि अप्रैल में CCI (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) ने इस उद्यम को अपनी मंजूरी दी थी।
- **पृष्ठभूमि**
- रिलायंस और BP ने दिसंबर, 2019 में इस उद्यम के लिए एक समझौता किया था।
- पहले दोनों समूहों ने अगस्त 2019 में एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- **हिस्सेदारी एवं ब्रांड**
- संयुक्त उद्यम (ज्वांइट वेंचर) में रिलायंस इंडस्ट्रीज की 51 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी और BP के पास 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।
- संयुक्त उद्यम RIL (रिलायंस) के मौजूदा भारतीय ईंधन खुदरा नेटवर्क का स्वामित्व ले लेगा और इसके उड्डयन ईंधन कारोबार में भी इसकी पहुंच होगी।
- यह साझेदारी/उद्यम 'जियो-बीपी' ब्रांड के तहत संचालित होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/corporate/ril-bp-launch-fuel-and-mobility-joint-venture-under-jio-bp-brand/story/409423.html

तीन कंपनियों के प्रस्तावित संयोजन को मंजूरी

प्रश्न-8 जुलाई, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने तीन कंपनियों इरोस इंटरनेशनल पीएलसी (इरोस पीएलसी), एसटीएक्स फिल्मवर्क्स इंक (एसटीएक्स) और मार्को अलायंस लिमिटेड (मार्को) के प्रस्तावित संयोजन को मंजूरी प्रदान की। इसमें से किस कंपनी के शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं?

(a) एसटीएक्स फिल्मवर्क्स इंक (एसटीएक्स)(b) इरोस इंटरनेशनल पीएलसी (इरोस पीएलसी)

(c) मार्को अलायंस लिमिटेड (मार्को) (d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने तीन कंपनियों इरोस इंटरनेशनल पीएलसी (इरोस पीएलसी), एसटीएक्स फिल्मवर्क्स इंक (एसटीएक्स) और मार्को अलायंस लिमिटेड (मार्को) के प्रस्तावित संयोजन को मंजूरी प्रदान की।
- इरोस इंटरनेशनल पीएलसी एक वैश्विक भारतीय मनोरंजन कंपनी है जिसका गठन आइल ऑफ मैन में किया गया और इसके शेयर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं।

- एसटीएक्स पूर्णतः एकीकृत वैश्विक मीडिया कंपनी है जिसको प्रतिभा-संचालित गतिशील चित्रों (मोशन पिक्चर्स) टेलीविजन और मल्टीमीडिया कंटेंट तैयार करने, वितरण एवं विपणन में विशेषज्ञता प्राप्त है।
- मार्को अलयांस लिमिटेड (मार्को) एक निवेश होल्डिंग कंपनी है।
- यह कंपनी हॉनी कैपिटल (एक निवेश प्रबंधन फर्म) के नियंत्रणाधीन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/cci-approves-proposed-deal-involving-eros-plc-stx-marco/1890069

उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति, 2020

प्रश्न-जुलाई, 2020 में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति, 2020' को मंजूरी प्रदान की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने 8 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति, 2020 को मंजूरी प्रदान की।
(b) इस नई स्टार्टअप नीति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग के अंतर्गत प्रदेश को देश के शीर्ष 2 राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।
(c) इस नीति के तहत भारत में सबसे बड़े इन्क्यूवेटर की स्थापना लखनऊ की जाएगी।
(d) यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्षों के लिए लागू होगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा 'उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति, 2020' को मंजूरी प्रदान की गई।
- वर्तमान में उ.प्र. सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति, 2017 प्रचलन में है।
- इस नई स्टार्टअप नीति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग के अंतर्गत प्रदेश को देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल करने, प्रदेश में 100 इन्क्यूबेटर्स तथा राज्य के प्रत्येक जिले में कम से कम एक इन्क्यूबेटर्स की स्थापना, राज्य में कम से कम 10,000 स्टार्टअप की स्थापना के अनुकूल इकोसिस्टम का सृजन तथा स्टेट ऑफ आर्ट उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस नीति के तहत भारत के सबसे बड़े इन्क्यूबेटर की स्थापना लखनऊ में की जाएगी।
- यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्षों के लिए लागू होगी।
- इस नीति में प्रोत्साहनों के अंतर्गत इन्क्यूबेटर्स को पूंजीगत अनुदान, परिचालन व्यय में सहायता, सेंटर ऑफ इक्सीलेंस की स्थापना, नवरत्न इन्क्यूबेटर्स की व्यवस्था, स्टार्टअप को सरकारी खरीद में वरीयता, भरण-पोषण भत्ता, पेटेंट फाइलिंग लागत की प्रतिपूर्ति, स्टार्टअप फंड, विश्वविद्यालयों एवं विद्यालयों में नवाचार और उद्यमिता पाठ्यक्रम, पूर्वांचल तथा बुंदेलखंड के स्टार्टअप्स हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहनों को शामिल किया गया है।
- इस नीति से प्रदेश में लगभग 50,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एव 1 लाख व्यक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।इस नीति में समय की आवश्यकताओं के अनुरूप किसी भी प्रकार का परिवर्तन मुख्यमंत्री से मंजूरी मिलने के बाद किया जा सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/up-cabinet-clears-startup-policy-2020-targets-10-000-new-ventures-120070900855_1.html

कृष्णा होल्डिंग्स द्वारा शेंडोंग बिनानी रोंगन सीमेंट में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री का निर्णय

प्रश्न-अल्ट्राटेक नाथ द्वारा सीमेंट की सहायक इकाई कृष्णा होल्ंिडग्स चीन की शेंडोंग बिनानी रोंगन सीमेंट कंपनी में अपनी कितने प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 120 मिलियन डॉलर में बेचेगी?

(a) 45 प्रतिशत (b) 55 प्रतिशत (c) 75.5 प्रतिशत (d) 92.5 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने जानकारी प्रदान की कि अल्ट्राटेक नाथ द्वारा सीमेंट की सहायक इकाई कृष्णा होल्ंिडग्स चीन की शेंडोंग बिनानी रोंगन सीमेंट कंपनी में अपनी 92.5 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 120 मिलियन डॉलर में बेचेगी।
- इसके लिए दोनों कंपनियों के बीच एक बाध्यकारी समझौता हुआ है।
- अल्ट्राटेक नाथ द्वारा सीमेंट मुंबई स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है।
- शेंडोंग बिनानी रोंगन सीमेंट की स्थापना वर्ष 2007 में एक संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में की गई थी।
- इस संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना भारत के बिनानी सीमेंट और चीन के रिझाओ रोंगन कंस्ट्राक्शन मटेरियल्स कंपनी लिमिटेड के बीच 70 : 30 इक्विटी अनुपात के साथ की गई थी।
- नवंबर, 2018 में आदित्य बिड़ला समूह की फर्म-अल्ट्राटेक सीमेंट ने कर्ज में डूबी बिनानी सीमेंट का अधिग्रहण किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://realty.economictimes.indiatimes.com/news/allied-industries/ultratechs-arm-to-sell-entire-stake-in-chinas-shandong-binani-rongan-cement/76838972

जर्मनी : कोयला व न्यूक्लियर पॉवर को चरणबद्ध तरीके से हटाने वाली पहली प्रमुख अर्थव्यवस्था

प्रश्न-जर्मनी की सरकार ने देश की ऊर्जा जरूरतों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से ही पूरा करने के लिए पहल कर दी है, जिसके अनुसार न्यूक्लियर पावर व ताप विद्युत पर निर्भरता क्रमशः निम्न वर्षों तक पूर्णरूपेण खत्म कर दी जाएगी-

(a) 2022 एवं 2038 तक (b) 2024 एवं 2034 तक

(c) 2026 एवं 2032 तक (d) 2028 एवं 2030 तक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को जर्मनी की संसद के दोनों सदनों ने देश में ताप विद्युत के उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से बंद करने के विधेयक को अनुमोदित कर दिया।
- इस प्रकार, देश के आखिरी बचे ताप विद्युत केंद्र को 2038 तक बंद कर दिया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि जर्मनी ने न्यूक्लियर पावर उत्पादन को पहले ही 2022 के अंत तक बंद करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।
- इस प्रकार जर्मनी चरणबद्ध तरीके से उपरोक्त ऊर्जा संसाधनों को हटाने वाली विश्व में पहली प्रमुख अर्थव्यवस्था होगी।

- देश में इन ऊर्जा संसाधनों के विकल्प के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा को ही अपनाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cleanenergywire.org/factsheets/spelling-out-coal-phase-out-germanys-exit-law-draft#:~:text=The%20German%20parliament%20adopted%20the,2038%20at%20the%20very%20latest.

महाराष्ट्र सरकार-SBI साझेदारी

प्रश्न-महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्लम प्रोजेक्ट्स को पुनर्जीवित करने के लिए कितनी राशि उन्मुक्त करने की योजना है?
(a) 700 से 100 करोड़ रुपये(b) 250 करोड़ रुपये(c) 500 करोड़ रुपये (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- महाराष्ट्र सरकार भारतीय स्टेट बैंक के साथ मुंबई महानगर क्षेत्र (MMR) और राज्य के अन्य शहरी क्षेत्रों में झुग्गी पुनर्वास परियोजनाओं (स्लम प्रोजेक्ट्स) को फिर से शुरू करने के लिए एक स्ट्रेस फंड स्थापित कर रही है।
- राज्य के संबंधित मंत्रालय ने 9 जुलाई, 2020 को इसकी उद्घोषणा की।
- कोष (फंड) के सृजन हेतु राज्य का झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (SRA : Slum Rehabilitation Authority) SBI के साथ गठजोड़ करेगा।
- इस कोष में राज्य सरकार 700 से 1000 करोड़ रुपये का योगदान करेगी।
- जबकि SBI का योगदान इससे काफी बड़ा होगा।
- साथ ही SBI इस फंड के प्रबंधन की भी जिम्मेदारी लेगा।
- राज्य के आवास मंत्रालय के तहत SRA इस फंड के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/services/property-/-cstruction/maharashtra-government-sbi-to-set-up-stress-fund-for-stuck-slum-rehabilitation-projects/articleshow/76875486.cms?from=mdr

तमिलनाडु : शीर्ष बाजार उधारकर्ता

प्रश्न-वित्त वर्ष 2020-21 में कौन-सा राज्य 'शीर्ष बाजार उधारकर्ता' के रूप में उभरा है?
(a) तमिलनाडु (b) केरल (c) उत्तराखंड (d) गुजरात
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- RBI द्वारा हाल ही में जारी (जुलाई, 2020) आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु भारत के राज्यों में शीर्ष बाजार उधारकर्ता राज्य है।
- RBI के आंकड़े वित्त वर्ष 2020-21 से संबंधित है, जिसके अनुसार तमिलनाडु ने इस अवधि में 30,500 करोड़ रुपये बाजार से उठाए (लोन लिए)।

- इस राशि में 17 प्रतिशत हिस्सा बाण्ड जारी करके प्राप्त किया गया है।
- ये बॉण्ड राज्य विकास ऋण के रूप में जारी किए गए।
- चालू वित्त वर्ष (7 अप्रैल से 7 जुलाई, 2020) में 23 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश ने बाजारी उधारी के माध्यम से संचयी रूप से 1.8 लाख करोड़ रुपये जुटाये है। (स्रोत : केयर रेटिंग्स)
- यह 2019-20 की इसी समयावधि की तुलना में 75% अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/tamil-nadu-tops-market-borrowings-among-states-so-far-in-2020-21/article32019834.ece#:~:text=Tamil%20Nadu%20has%20so%20far,Bank%20of%20India%20(RBI).

अमेरिका : भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार

प्रश्न-वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2019-20 में अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार रहा?
(a) 88.75 अरब डॉलर (b) 80.96 अरब डॉलर
(c) 84.90 अरब डॉलर (d) 80 अरब डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका लगातार दूसरे वर्ष 2019-20 में भी भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है।
- 2019-20 में दोनों पक्षों के बीच 88.75 अरब डॉलर का व्यापार हुआ।
- जो 2018-19 की तुलना में 0.89 अरब डॉलर अधिक है।
- ध्यातव्य है कि अमेरिका उन विशिष्ट देशों में शामिल है, जिनके साथ भारत का व्यापार अधिशेष है।
- अमेरिका 2018-19 में चीन को पछाड़ कर भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार बन गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/foreign-trade/u-s-remains-indias-top-trading-partner-in-2019-20/articleshow/76924711.cms#:~:text=the%20data%20showed.-,In%202018%2D19%2C%20the%20US%20first%20surpassed%20China%20to%20become,87.08%20billion%20in%202018%2D19.

ब्रिटेन में एफडीआई करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निवेशक देश

प्रश्न-जुलाई, 2020 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार वर्तमान में ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निवेशक देश कौन है?
(a) भारत (b) जर्मनी (c) अमेरिका (d) फ्रांस
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार भारत, ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन गया है।
- वर्ष 2019 में भारत ने ब्रिटेन में 120 परियोजनाओं में निवेश किया है।
- ब्रिटिश सरकार के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत एफडीआई में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर तीसरे स्थान से दूसरे स्थान पर आ गया है।
- मौजूदा समय में ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के दृष्टिकोण से अमेरिका पहले स्थान पर, भारत दूसरे स्थान पर और जर्मनी तीसरे स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/india-moves-up-a-rank-becomes-second-largest-foreign-investor-in-uk-120071001461_1.html

हाउसिंग प्राइस इंडेक्स (HPI)

प्रश्न-अखिल भारतीय HPI (हाउसिंग प्राइस इंडेक्स) में क्रमिक आधार पर (Q-0-Q) पर (-) 0.2 प्रतिशत की संकुचन दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण निम्नलिखित शहरों के आवास मूल्य की गिरावट रही-
(a) दिल्ली एवं बंगलुरू (b) अहमदाबाद एवं जयपुर
(c) (a) एवं (b) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को RBI ने 10 प्रमुख नगरों के आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन आंकड़ों के आधार पर 2019-20 की चौथी तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक (HPI) जारी किया।
- **मुख्य बिंदु**
- **10 प्रमुख नगर-**वे नगर जिनसे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर HPI जारी किया गया, इस प्रकार हैं-अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई।
- अखिल भारतीय एचपीआई में क्रमिक आधार (Q-0Q) पर (-) 0.2 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया।
- यह संकुचन दिल्ली, बंगलुरू, अहमदाबाद एवं जयपुर के आवास मूल्य में गिरावट की वजह से हुआ।
- जबकि क्रमिक आधार पर मुंबई में वृद्धि अधिकतम रही।
- **वार्षिक आधार पर (Y-o-Y)-**इस आधार पर HPI ने Q4 : 2019-20 में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।
- जो पिछली तिमाही में 3.0 प्रतिशत और एक साल पहले (वर्ष 2019 में) 3.6 प्रतिशत थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=50024

इंडेक्स ऑफ एट कोर इंडस्ट्रीज

प्रश्न-हाल ही में आठ कोर उद्योगों (Eight Core Industries) के सूचकांक वृद्धि दर में कितने प्रतिशत की गिरावट (मई, 2020 हेतु) दर्ज की गई है?
(a) 23.4% (अनंतिम) (b) 40.5% (अनंतिम) (c) 50.0% (अनंतिम) (d) 60.0% (अनंतिम)

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को आठ कोर उद्योगों का सूचकांक जारी किया गया।
- **जारीकर्ता-**यह सूचकांक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है।
- **सारांश (Summary)**
- मई, 2020 हेतु आठ कोर उद्योगों के सूचकांक की वृद्धि दर, अप्रैल, 2020 के 37 प्रतिशत (अनंतिम) की गिरावट की तुलना में 23.4 प्रतिशत (अनंतिम) की गिरावट दर्ज की गई है।
- अप्रैल से मई, 2020-21 के दौरान इसकी संचयी (Cumulative) वृद्धि-30 प्रतिशत थी।
- **कारण-**COVID-19 महामारी के कारण अप्रैल और मई, 2020 के दौरान देशव्यापी तालाबंदी (Lockdown) के कारण विभिन्न उद्योगों (कोयला, सीमेंट, स्टील, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी व कूड ऑयल इत्यादि) के उत्पादन में काफी नुकसान (कमी) हुआ।
- 8 कोर उद्योगों के सूचकांक की संशोधित अंतिम वृद्धि दर (फरवरी, 2020 हेतु) 6.4% दर्ज की गई है।
- **उद्योग वार विवरण :**
- **उद्योग**
- **कोयला-**कोयला उत्पादन में मई, 2019 की तुलना में मई, 2020 तक (एक वर्ष के दौरान) 14 प्रतिशत की गिरावट
- **क्रूड ऑयल-**7.1 प्रतिशत की गिरावट
- **प्राकृतिक गैस-**16.8 प्रतिशत की गिरावट
- **रिफाइनरी उत्पाद-** 21.3 प्रतिशत की गिरावट
- **उर्वरक-**7.5 प्रतिशत की वृद्धि
- **स्टील-**48.4 प्रतिशत की गिरावट
- **सीमेंट-**22.2 प्रतिशत की गिरावट
- **इलेक्ट्रिसिटी-**15.6 प्रतिशत की गिरावट।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=209814

गोवा मैरीटाइम क्लस्टर

प्रश्न-गोवा सरकार ने MSME यूनिट्स को जमीन का आवंटन किया है-
(a) गोवा में बिजली प्लांट की स्थापना हेतु (b) पामऑयल प्लांट की स्थापना हेतु
(c) गोवा हैंडलूम क्लस्टर की स्थापना हेतु (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- गोवा सरकार ने हाल ही में (जून, 2020) 'गोवा मैरीटाइम क्लस्टर' की स्थापना हेतु 49 गोवन (Goan) MSME यूनिट्स के कंसोर्टियम को भूमि का आवंटन किया है।

- **उद्देश्य-**क्लस्टर का उद्देश्य शिप डिज़ायनर्स, शिप एवं बोट बिल्डर्स, शिप रिपेयर्स एवं समुद्री उपकरण विनिर्माताओं हेतु विश्व स्तरीय सुविधाओं का सृजन करना है।
- ध्यातव्य है कि गोवा में निर्मित जहाज (शिप) भारत के पूरे समुद्र तट पर सेवारत हैं और साथ ही एशिया-पैसिफिक रीज़न और यूरोप में भी निर्यात किए जा रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/govt-allots-land-to-msme-units-to-set-up-goa-maritime-cluster/1879287

नई देशव्यापी केंद्रीय क्षेत्र योजना-कृषि अवसंरचना कोष

प्रश्न-8 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई देशव्यापी केंद्रीय क्षेत्र योजना-कृषि अवसंरचना कोष को मंजूरी प्रदान की। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह योजना ब्याज अनुदान और वित्तीय सहायता के माध्यम से फसल के बाद बुनियादी ढांचा प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों हेतु व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश हेतु एक मध्यम दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध कराएगी।

(b) इस योजना की समयावधि वित्तीय वर्ष 2020 से लेकर वित्तीय वर्ष 2029 (10 वर्ष) तक के लिए होगी।

(c) ऋण का वितरण 5 वर्षों में किया जाएगा।

(d) चालू वित्तीय वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये और आगामी तीन वित्तीय वर्ष के लिए 30,000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नई देशव्यापी केंद्रीय क्षेत्र योजना-कृषि अवसंरचना कोष को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह योजना ब्याज अनुदान और वित्तीय सहायता के माध्यम से फसल के बाद बुनियादी ढांचा प्रबंधन और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों हेतु व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश के लिए एक मध्यम दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध कराएगी।
- इस योजनान्तर्गत बैंकों और वित्तीय संस्थानों के द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की राशि ऋण के रूप में प्राथमिक कृषि साख समितियों, विपणन सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, किसानों, संयुक्त देयता समूहों, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअपों, संग्रहित अवसंरचना प्रदाताओं और केंद्रीय/राज्य एजेंसियों या स्थानीय निकायों द्वारा प्रायोजित सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजनाओं को उपलब्ध कराई जाएगी।
- ऋण का वितरण 4 वर्षों में किया जाएगा, चालू वित्तीय वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये और आगामी तीन वित्तीय वर्ष के लिए 30000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।
- इस वित्त पोषण सुविधा के तहत, सभी प्रकार के ऋणों में प्रतिवर्ष 2 करोड़ रुपये की सीमा तक ब्याज में 3 प्रतिशत की छूट प्रदत्त होगी, जिसकी अधिकतम छूट अवधि 7 वर्ष तक होगी।
- इसके अतिरिक्त 2 करोड़ रुपये तक के ऋण हेतु क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल इंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) योजना के अंतर्गत इस वित्तपोषण सुविधा के माध्यम से पात्र ऋण लेने वालों के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज भी उपलब्ध होगा।

- भारत सरकार की तरफ से बजटीय सहायता के रूप में कुल बहिर्प्रवाह (Outflow) 10,736 करोड़ रुपये का होगा।
- इस वित्तपोषण सुविधा के अंतर्गत पुनर्भुगतान हेतु ऋण स्थगन न्यूनतम 6 महीने और अधिकतम 2 वर्ष के लिए हो सकता है।
- कृषि अवसंरचना कोष का प्रबंधन और निगरानी ऑनलाइन प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) के माध्यम से होगी।
- इस योजना की समयावधि वित्तीय वर्ष 2020 से लेकर वित्तीय वर्ष 2029 (10 वर्ष) तक के लिए होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1637766

एआईआईबी द्वारा एलटीआईएफ को पहली किस्त जारी

प्रश्न-जुलाई, 2020 में एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को निधि देने के निमित्त एलएंडटी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एलटीआईएफ) को अनुदान सहायता की पहली किश्त के रूप में कितनी राशि जारी की है?

(a) 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (b) 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर
(c) 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर(d) 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का निधि देने के निमित्त एलएंडटी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एलटीआईएफ) को अनुदान सहायता की पहली किस्त के रूप में 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि जारी कर दी है।
- यह जारी की गई राशि स्वीकृत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर राशि के ईसीबी (बाह्य वाणिज्यिक उधार) ऋण का हिस्सा है।
- यह पहली बार है, जब एआईआईबी द्वारा भारत में किसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी को ऋण प्रदान किया गया है।
- इस ऋण का उपयोग भारत में बड़े और मध्यम स्तर की पवन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं को ऋण देने में किया जाएगा।
- एलएंडटी इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का एक प्रमुख प्रबंधक और फाइनेंसर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/aiib-extends-50-mn-loan-to-l-t-infra-finance-for-renewable-energy-120070700968_1.html

https://www.aiib.org/en/news-events/news/2019/AIIB-Approves-On-Lending-Facility-to-Support-Renewable-Energy-in-India.html

न्यूजलेटर 'मत्स्य संपदा'

प्रश्न-30 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि के न्यूजलेटर 'मत्स्य संपदा' का पहला संस्करण और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों को जारी किया। मई, 2020 में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना कितनी राशि के निवेश के साथ शुरू की गई थी?

(a) 13,500 करोड़ रुपये (b) 14,200 करोड़ रुपये (c) 15,100 करोड़ रुपये (d) 20,050 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह ने मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि के न्यूजलेटर 'मत्स्य संपदा' का पहला संस्करण और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों को जारी किया।
- न्यूजलेटर 'मत्स्य संपदा' को वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से शुरू करते हुए तिमाही आधार पर प्रकाशित किया जाएगा।
- इस न्यूजलेटर के माध्यम से मत्स्य पालन विभाग संचार के विभिन्न साधनों के माध्यम से हितधारकों विशेष रूप से मत्स्य पालकों एवं मछुआरों तक पहुंच स्थापित कर उन्हें मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि के क्षेत्र की नवीनतम घटनाओं के संदर्भ में जानकारी प्रदान करेगा।
- भारत सरकार द्वारा मई, 2020 में 20,050 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मात्स्यिकी क्षेत्र के सतत और जिम्मेदार विकास के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) शुरू की गई थी।
- इस योजना के अंतर्गत अतिरिक्त 70 लाख टन मछली उत्पादन 1 लाख करोड़ रुपये के मत्स्य निर्यात एवं अगले 5 वर्षों में 55 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635365

https://www.outlookindia.com/newsscroll/govt-releases-operational-guidelines-of-pm-matsya-sampada-yojana/1881989

ICT उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए जाने वाले इम्पोर्ट ड्यूटी पर डिस्प्यूट पैनल

प्रश्न-ICT का पूर्ण रूप है-

(a) इन्फ्रारेड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (b) इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी
(c) इंटरनेट कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- WTO ने हाल ही में (जून, 2020) यूरोपीय संघ के एक अनुरोध पर सहमति व्यक्त किया है, जिसमें भारत द्वारा ICT उत्पादों पर इम्पोर्ट ड्यूटी लगाए जाने से उपजे विवाद के हल हेतु एक डिस्प्यूट पैनल के गठन का प्रस्ताव है।
- ICT का पूर्ण रूप है- इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी।
- यूरोपीय संघ ने जिन ICT उत्पादों का जिक्र अपनी शिकायत में किया है, उसमें मोबाइल फोन भी शामिल हैं।

- **यूरोपीय संघ** (EU) के अनुसार, भारत वर्षों से ICT उत्पादों पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) लगा रहा है और आयात शुल्क को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने हेतु उपायों को आजमाया है।
- यूरोपीय संघ के अनुसार, भारत की यह गतिविधि दिसंबर, 1996 में हस्ताक्षरित WTO के IT एग्रीमेंट के विरुद्ध है।
- जिसके तहत भारत ICT उत्पादों पर आयात शुल्क न लगाने हेतु प्रतिबद्ध है।
- ध्यातव्य है कि विवाद का EU के पक्ष में निस्तारित होना भारत के लिए संवेदनशील स्थिति होगी (चीन को लाभ)
- भारत ने 2019-20 (अप्रैल-फरवरी) में 665.21 मिलियन के मोबाइल फोन समेत 3.4 बिलियन डॉलर के ICT उत्पादों को चीन से खरीदा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/foreign-trade/wto-sets-up-dispute-panel-on-indias-import-duties-on-ict-products/articleshow/76694198.cms?from=mdr

https://www.ksgindia.com/study-material/news-for-aspirants/20277-india-s-ict-products-tariff.html

NBFCs एवं HFCs हेतु विशेष तरलता योजना

प्रश्न-1 जुलाई, 2020 को RBI ने हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों (HFCs) और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (NBFCs) हेतु सरकार की विशेष तरलता योजना के लिए पात्रता शर्तों का अनुमोदन किया। तरलता योजना के तहत स्ट्रेस्ट संपत्ति फंड (SAF) का प्रबंधन करने के लिए किसका गठन किया जाएगा?

(a) स्पेशल परपस विहिकल (b) स्पेशल परपस ड्राइव (c) स्पेशल परपस राइड (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को RBI ने पूर्व घोषित विशेष तरलता योजना (NBFCs एवं HFCs हेतु) के लिए पात्रता शर्तों का अनुमोदन किया।
- **योजना**
- योजना में NBFCs (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) और HFCs (आवास वित्त कंपनियों) की नकदी की समस्या के समाधान के लिए एक विशेष नकदी योजना के जरिए एक कार्य योजना का प्रस्ताव है।
- NBFCs एवं HFCs की स्ट्रेस्ड संपत्ति फंड (SAF) का प्रबंधन करने के लिए एक SPV (स्पेशल परपस विहिकल : विशेष उद्देश्य संवाहक) का गठन किया जाएगा।
- SPV के विशेष प्रतिभूतियों की गारंटी भारत सरकार देगी और उसे सिर्फ RBI ही खरीदेगा।
- ऐसी प्रतिभूतियों की खरीद प्रक्रिया का इस्तेमाल NBFCs/HFCs के लघु अवधि के ऋणों को हासिल करने के लिए SPV ही करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/business-economy/economy/article/rbi-sets-conditions-for-nbfcs-hfcs-to-be-eligible-for-govts-special-liquidity-scheme/614798

कार्लाइल ग्रुप द्वारा एयरटेल के डाटा सेंटर व्यवसाय में हिस्सेदारी अधिग्रहण

प्रश्न-हाल ही में यूएस बेस्ड कार्लाइल ग्रुप ने एयरटेल के डाटा सेंटर व्यवसाय में कितने प्रतिशत की हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है?

(a) 25% (b) 35% (c) 40% (d) 45%

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को अमेरिकी फर्म कार्लाइल ग्रुप के द्वारा एयरटेल के डाटा सेंटर व्यवसाय (Nxtra Data Ltd.) में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की गई।
- 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी के अधिग्रहण हेतु कार्लाइल ग्रुप 235 मिलियन डॉलर (लगभग 1,780 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी।
- यह सौदा आवश्यक नियामकीय अनुमोदन के अधीन है, जिसमें भारत के प्रतिस्पर्धा आयोग से अनुमोदन भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/carlyle-to-acquire-about-25-stake-in-airtels-data-centre-business-for-about-rs-1780-crore/articleshow/76722195.cms

फिच रेटिंग्स के वृद्धि अनुमान

प्रश्न-30 जून, 2020 को फिच रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि अनुमान, 2021-22 को पूर्व आकलित 9.5 प्रतिशत से घटा कर कितने प्रतिशत कर दिया है?

(a) 8 प्रतिशत (b) 6 प्रतिशत (c) 7 प्रतिशत (d) 5 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को फिच रेटिंग्स ने भारत के वृद्धि अनुमान, 2021-22 को पूर्व आकलित 9.5 प्रतिशत से घटा कर 8 प्रतिशत कर दिया है।
- इसने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत के संकुचन के अनुमान को बरकरार रखा है।
- 2019-20 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत अनुमानित है।
- ध्यातव्य है कि अपने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक' के जून अपडेट में फिच ने भारत की वृद्धि दर 2022-23 में 5.5 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/fitch-slashes-india-s-growth-projection-from-9-5-to-8-for-fy22-120063001577_1.html

भारत में FDI : RBI के आंकड़े

प्रश्न-RBI द्वारा जारी IIP (इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट पोजीशन) नामक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2019-20 में FDI में कितनी बढ़ोत्तरी हुई है?

(a) 19 बिलियन डॉलर (b) 13.7 बिलियन डॉलर (c) 25 बिलियन डॉलर (d) 35 बिलियन डॉलर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को RBI ने इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट पोजीशन (IIP) नामक रिपोर्ट जारी किया।
- रिपोर्ट के अनुसार, 2019-20 के दौरान भारत में FDI में 19 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है।
- जबकि इसी अवधि के दौरान पोर्टफोलियो निवेश में 13.7 बिलियन डॉलर की कमी (decline) दर्ज की गई।
- इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय वित्तीय देनदारियों में 16.3 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है।
- साथ ही अन्य निवेशों में 11.0 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है।
- GDP से ओवरसीज फाइनेंशियल एसेट्स के अनुपात, 2019-20 (चालू कीमतों पर) में मार्च, 2020 में 26.5% की वृद्धि हुई है।
- जबकि GDP से गैर-निवासियों की कुल दावेदारी का अनुपात मार्च, 2020 में 40.5% बढ़ा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=50025

https://www.aninews.in/news/national/general-news/rbi-releases-indias-international-investment-position-data20200630211647/

RBI : ओपन मार्केट ऑपरेशन्स की घोषणा

प्रश्न-29 जून, 2020 को RBI ने कितनी राशि के 'खुला बाजार परिचालन' (OMO) की घोषणा की?
(a) 10,000 करोड़ रुपये (b) 20,000 करोड़ रुपये (c) 30,000 करोड़ रुपये
(d) 40,000 करोड़ रुपये
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- RBI ने 29 जून, 2020 को मुक्त बाजार परिचालन (OMO) की घोषणा की।
- उपरोक्त घोषणा के क्रम में 2 जुलाई, 2020 को 10,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की खरीद और बिक्री का आयोजन किया गया।
- OMO एक मात्रात्मक मौद्रिक नीति उपकरण है, जो केंद्रीय बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए आयोजित किया जाता है।
- अक्सर ये परिचालन (OMO) दिन-प्रतिदिन के आधार पर किए जाते हैं, जो बैंकों को उधार देने में मदद के साथ-साथ मुद्रास्फीति को संतुलित करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=50012

एडीबी, एनजीएफएस के पर्यवेक्षक के रूप में शामिल

प्रश्न-23 जून, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों के समूह 'नेटवर्क फॉर ग्रिनिंग द फाइनेंसियल सिस्टम (एनजीएफएस) में शामिल हुआ। एमजीएफएस को कब पेरिस वन प्लैनेट समिट में शुरू किया गया था?

(a) फरवरी, 2015 (b) जनवरी, 2016 (c) दिसंबर, 2017 (d) अप्रैल, 2018

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जून, 2020 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों के समूह 'नेटवर्क फॉर ग्रिनिंग द फाइनेंसियल सिस्टम' (एनजीएफएस) में शामिल हुआ।
- एनजीएफएस में शामिल अन्य संगठन विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन हैं।
- एडीबी ने अपनी कॉर्पोरेट रणनीति 'द स्ट्रेटजी 2030' विशेष रूप से जलवायु और आपदा लचीलापन का निर्माण करने, पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने, क्षेत्रीय सहयोग और एकीकरण को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और शासन एवं संस्थागत क्षमता को मजबूत करने आदि को पूरा करने हेतु इस नेटवर्क में शामिल हुआ है।
- एनजीएफएस 12 दिसंबर, 2017 को पेरिस वन प्लैनेट समिट में शुरु किया गया था।
- वित्तीय प्रणाली को बेहतर करने के लिए यह केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों का एक समूह है, जो सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और वित्तीय क्षेत्र में पर्यावरण और जोखिम प्रबंधन के विकास में योगदान करने के लिए इच्छुक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://News%20Release%20%7C%203&text=MANILA%2C%20PHILIPPINES%20(3%20July%202020,an%20observer%20on%2023%20June.

स्विग्गी-ICICI बैंक साझेदारी

प्रश्न-ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग एवं डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विग्गी ने ICICI बैंक के साथ साझेदारी किया है-

(a) डिजिटल वॉलेट -स्विग्गी मनी' को लॉन्च करने के लिए
(b) 'स्विग्गी पैसा' नामक डिजिटल वॉलेट को लॉन्च करने के लिए
(c) 'स्विग्गी पे' नामक डिजिटल वॉलेट को लॉन्च करने के लिए
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में स्विग्गी ने 'स्विग्गी मनी' नामक डिजिटल वॉलेट को लॉन्च किया।
- ध्यातव्य है कि स्विग्गी भारत में एक प्रमुख ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग एवं डिलीवरी प्लेटफॉर्म है, जिसने ICICI बैंक के साथ साझेदारी में इस डिजिटल वॉलेट को लॉन्च किया है।
- यह डिजिटल वॉलेट मनी स्टोर एवं पेमेंट करने की सुविधा देता है, जिसका प्रयोग स्विग्गी के ग्राहक फूड ऑर्डरिंग के दौरान कर सकेंगे।

- 'स्विग्गी मनी' ICICI बैंक के 'इंस्टा वॉलेट सर्विस' द्वारा समर्थित पहल है।
- जिसे API एकीकरण के साथ क्लाउड प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है।
- ICICI बैंक के ग्राहक इस डिजिटल वॉलेट का प्रयोग तुरंत कर सकेंगे।
- जबकि गैर, ICICI बैंक के ग्राहकों को स्विग्गी मनी का प्रयोग करने से पहले बैंक के पास अपनी ID (पहचान) की जानकारी देनी होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bfsi.economictimes.indiatimes.com/news/fintech/swiggy-launches-digital-wallet-in-tie-up-with-icici-bank/76711561

https://www.thehindu.com/business/swiggy-icici-bank-in-pact-for-digital-wallet/article31957406.ece

इंडियन मरीन फिश प्रोडक्शन डाटा

प्रश्न-CMFRI द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय मरीन (समुद्री) फिश प्रोडक्शन में 2019 में कितनी वृद्धि हुई है?
(a) 5.2% (b) 2.1% (c) 7.2% (d) 9.5%
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में CMFRI ने वार्षिक मरीन फिश लैंडिंग्स अनुमान, 2019 को जारी किया।
- जिसके अनुसार, भारत का समुद्री मछली उत्पादन, 2019 में मामूली रूप से बढ़ा (2.1% या 3.56 मिलियन टन) है।
- **CMFRI-**सेंट्रल मरीन फिशरीज़ रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना भारत सरकार द्वारा 3 Òरवरी, 1947 को कृषि मंत्रालय के तहत की गई थी और वर्ष 1967 में यह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) समूह में शामिल होकर विश्व का एक अग्रणी ऊष्णकटिबंधीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के रूप में उभरा।
- **मुख्य अंश**
- वार्षिक मरीन फिश लैंडिग्स अनुमान, 2019 के अनुसार समुद्री मछलियों के आगमन (लैंडिंग) या पकड़ आने में पश्चिम बंगाल (55%), आंध्र प्रदेश (34%), ओडिशा (14.5%), कर्नाटक (11%) और तमिलनाडु (10.4%) जैसे राज्यों ने वृद्धि दर्ज की है।
- जबकि महाराष्ट्र (32%), गोवा (44%) एवं केरल (15.4%) में पिछले वर्ष की तुलना में मछली पकड़ने में कमी आई है।
- इस संदर्भ में शीर्ष राज्य तमिलनाडू है, जहां 7.75 लाख टन मछलियां पकड़ी गईं।
- जबकि गुजरात (7.49 लाख टन) एवं केरल (5.44 लाख टन) क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/agriculture/indian-marine-fish-landings-rise-marginally-in-2019/articleshow/76709135.cms?from=mdr

एट वन क्लिक

प्रश्न-26 जून, 2020 को किस राज्य सरकार ने राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और बड़ी औद्योगिक इकाइयों (कपड़ा उद्योग सहित) के लिए एक ऑनलाइन नकद सहायता पहल 'एट वन क्लिक' की शुरुआत की?

(a) कर्नाटक (b) महाराष्ट्र (c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जून, 2020 को गुजरात सरकार ने राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और बड़ी औद्योगिक इकाइयों (वस्त्र उद्योग सहित) के लिए एक ऑनलाइन नकद सहायता पहल 'एट वन क्लिक' (At one click) की शुरूआत की।इस पहल के तहत गुजरात सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और बड़ी औद्योगिक इकाइयों (वस्त्र उद्योग सहित) को 1369 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की।12,247 एमएसएमई के बैंक खातों में सीधे 768 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित करके इस पहल की शुरुआत की गई, जबकि बड़ी औद्योगिक इकाइयों जिसमें कपड़ा उद्योग भी शामिल है, को इस पहल के तहत 601 करोड़ रुपये की राशि स्थानांतरित की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/gujarat-govts-online-aid-of-rs-1369-crore-for-msmes-textile-industry/1878415

विश्व बैंक द्वारा भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु ऋण स्वीकृत

प्रश्न-24 जून, 2020 को विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशकों के बोर्ड ने 6 भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और गवर्नेंस में सुधार हेतु कितनी राशि के ऋण को स्वीकृति प्रदान की?

(a) 400 मिलियन डॉलर (b) 500 मिलियन डॉलर (c) 650 मिलियन डॉलर (d) 750 मिलियन डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशकों के बोर्ड ने 6 भारतीय राज्यों में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और गवर्नेंस में सुधार हेतु STARS (Strengthening Teaching – Learning and Resutls for States) Program के अंतर्गत 500 मिलियन डॉलर के ऋण की स्वीकृति प्रदान की।कार्यक्रमसेलाभान्वितहोनेवालेराज्यहैं-हिमाचलप्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान।1.5 मिलियन स्कूलों में पढ़ने वाले 6 से 17 वर्ष की उम्र के 250 मिलियन छात्र और 10 मिलियन से अधिक शिक्षक इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे।
- STARS कार्यक्रम भारत और विश्व बैंक के बीच लंबी साझेदारी पर आधारित है, जो सरकारी स्कूलों में शिक्षा को सुदृढ़ करने और 'सभी के लिए शिक्षा' प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 1994 में शुरू किया गया था।इसकार्यक्रमसेपूर्वविश्वबैंकनेइसलक्ष्यकेलिए3 बिलियन से अधिक की सहायता प्रदान की थी।

क्रयशक्ति समतुल्यता के आधार पर भारत की GDP

प्रश्न-क्रयशक्ति समतुल्यता (PPP) के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था (GDP) विश्व में तीसरे स्थान पर है, जबकि पहले एवं दूसरे स्थान पर हैं, क्रमशः-

(a) यूके एवं रूस (b) जापान एवं फ्रांस (c) कनाडा एवं जर्मनी (d) चीन एवं अमेरिका

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 जून, 2020 को MoSPI (सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय) ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था की वैश्विक स्थिति को स्पष्ट किया।
- **विस्तार :**
- क्रयशक्ति समतुल्यता के आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर है, जबकि पहले एवं दूसरे स्थान पर क्रमशः चीन एवं अमेरिका हैं।
- यह निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय तुलनात्मक कार्यक्रम (ICP) के तहत संदर्भ वर्ष 2017 के लिए विश्व बैंक के नए PPP (क्रयशक्ति समतुल्यता) का हिस्सा है।
- **ICP-** यह कार्यक्रम दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में कॉस्ट ऑफ लिविंग में पाए जाने वाले अंतर को समायोजित करता है।
- **भारत : एक लोअर-मिडिल-इन्कम अर्थव्यवस्था**
- ICP के 2017 साइकिल (चरण) में वैश्विक रूप से 176 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया।
- अगली ICP तुलना संदर्भ वर्ष 2021 के लिए जाएगी।
- वर्ष 2017 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के कुल 119,547 बिलियन डॉलर में भारत की GDP का योगदान 6.7% (8,051 बिलियन डॉलर) है। (PPP के संदर्भ में)
- जबकि चीन एवं अमेरिका (U.S.) के GDP, PPP का योगदान क्रमशः 16.4% एवं 16.3% है।
- इस प्रकार भारत तीसरे पायदान पर रहा, जिसके बाद जापान, जर्मनी एवं रूसी संघ का स्थान है। (स्रोत : इको. टाइम्स)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mospi.gov.in/sites/default/files/press_release/Press%20Release%20for%20ICP%202017.pdf

CCI: मैकरिची द्वारा अधिग्रहण को मंजूरी

प्रश्न-CCI (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) पूरी तरह कार्यात्मक (Functional) बना-

(a) मई, 2000 में (b) अप्रैल, 1998 में (c) जून, 1996 में (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने मैकरिची इन्वेस्टमेंटस के द्वारा किए जाने वाले अधिग्रहणों को मंजूरी दे दिया।
- ध्यातव्य है कि मैकरिची के द्वारा 91 स्ट्रीट्स मीडिया टेक्नोलॉजीज, एसेंट हेल्थ एंड वेलनेस सॉल्यूशन्स एवं API होल्डिंग्स में हिस्सेदारियों का अधिग्रहण किया जाना है।

- मैकरिची सिंगापुर स्थित एक एसेट मैनेजमेंट कंपनी है।
- CCI भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है, जो पूरे भारत में प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिए उत्तरदायी संस्था है।
- इसकी स्थापना 14 अक्टूबर, 2003 को हुई थी।
- यह मई, 2009 में पूरी तरह कार्यात्मक बना।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1631675

इन्सटा फ्लेक्सीकैश

प्रश्न-अपने सैलरीड एकाउंट कस्टमर्स के लिए इन्सटा फ्लेक्सीकैश (Insta FlexiCash) नामक OD (ओवरड्राफ्ट) सुविधा को लांच किया है-
(a) ICICI बैंक ने (b) HDFC बैंक ने (c) एक्सिस बैंक ने (d) IDBI बैंक ने
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में ICICI बैंक ने अपने सैलरीड एकाउंट कस्टमर्स (जिनका वेतन खाता बैंक में हो) हेतु Insta Flexi Cash नामक OD (ओवरड्राफ्ट) या लोन सुविधा का शुभारंभ किया।
- अल्पकालिक ऋण सुविधा को प्रदान कर बैंक उपरोक्त ग्राहकों के हितों की रक्षा करेगा।
- उदाहरणार्थ पर्याप्त फंड या धन न होने के कारण EMI (किस्त) चूक जाने या चेक बाउंस की परिस्थिति में Insta Flexi Cash सुविधा ग्राहकों के हितों की रक्षा करेगा।
- यह सुविधा बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म का प्रयोग करके प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार यह एक एंड-टू-एंड पूर्णतः डिजिटल सुविधा है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.icicibank.com/aboutus/article.page?identifier=news-icici-bank-introduces-insta-flexicash-20201506123203450
https://economictimes.indiatimes.com/wealth/save/icici-bank-launches-overdraft-facility-for-salary-account-customers-heres-how-to-use-it/articleshow/76381675.cms

टेक पायनियर्स लिस्ट

प्रश्न-'टेक पायनियर्स लिस्ट' 2020 संकलित की गई है-
(a) WEF के द्वारा (b) वर्ल्ड बैंक के द्वारा
(c) एशियन डेवलपमेंट बैंक के द्वारा (d) WTO के द्वारा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में WEF (विश्व आर्थिक मंच) के द्वारा 'टेक पायनियर्स सूची' 2020 जारी की गई।
- सूची में दो भारतीय फर्मों को स्थान दिया गया है-जेस्ट मनी एवं स्टेलएप्स (Stellapps)।

- सूची में शामिल (100) कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से लेकर कार्बन कैप्चर तक के क्षेत्र से संबंधित हैं। ये जलवायु की रक्षा के लिए नवाचारों का उपयोग कर रही हैं, स्वास्थ्य सेवा में सुधार करने में संलग्नरत हैं और समाज को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने में मदद कर रही हैं।
- इस सूची को पहली बार वर्ष 2000 में लांच किया गया था।
- हालिया जारी सूची में एक चौथाई कंपनियां फीमेल लीड (महिला स्वामित्व वाली) हैं।
- सूची में छः भौगोलिक क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं, जो इस प्रकार हैं-अफ्रीका, एशिया-पैसिफिक, यूरोप, लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व व नॉर्थ अफ्रीका तथा नॉर्थ अमेरिका।
- जेस्टमनी
- कंपनी अपनी तकनीकी का उपयोग वित्तीय सेवाओं से संबंधित उद्योगों की तस्वीर बदलने में कर रही है।
- यह किफायती ऋण का वितरण करने के लिए AI- आधारित डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करती है।
- स्टेलएप्स (Stellapps)
- स्टेलएप्स भारत में अपनी तरह का पहला स्टार्टअप है, जो डेयरी आपूर्ति शृंखला के डिजिटलीकरण की दिशा में कार्यरत है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://widgets.weforum.org/techpioneers-2020/

एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक : भारत को 750 मिलियन डॉलर का लोन

प्रश्न-AIIB (एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक) निम्न में से किस तिथि को लागू समझौते के बाद से परिचालनगत हुआ?
(a) 25 दिसंबर, 2012 (b) 26 मार्च, 2011 (c) 1 जुलाई, 2010 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) ने हाल ही (जून, 2020) में भारत को 750 मिलियन यूएस डॉलर के ऋण की मंजूरी प्रदान किया है।
- गरीब और कमजोर परिवारों पर COVID-19 महामारी के प्रतिकूल प्रभाव के खिलाफ लड़ाई में यह वित्तीयन कारगर साबित हो सकता है।
- क्राइसेस रिकवरी फैसिल्टी (CRF)
- 750 मिलियन डॉलर की ऋण राशि AIIB द्वारा स्थापित कोविड-19 CRF निधि से प्रदान की जा रही है।
- इस निधि से भारत को दूसरी बार सहायता प्राप्त हो रही है।
- ध्यातव्य है कि AIIB ने COVID 19-CRF (कोविड 19 संकट निवारण सुविधा) को प्रारंभिक रूप से 5 बिलियन डॉलर की राशि के साथ स्थापित किया था, जिसे बाद में 10 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया गया।
- **AIIB के सदस्य देशों को इस निधि से निम्नानुसार सहायता प्रदान की जा चुकी है-**

देश	सहायता राशि (मि. डॉलर)

चीन	355
पाकिस्तान	500
बांग्लादेश	250
इंडोनेशिया एवं फिलीपींस	750

- इस प्रकार से AIIB ने CRF से अब तक कुल 4.05 बिलियन डॉलर की सहायता अपने सदस्य देशों को पहुंचाई है।
- AIIB
- बहुपक्षीय विकास बैंक, AIIB ने 25 दिसंबर, 2015 को हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार परिचालन शुरू किया था।
- 16 जनवरी, को बीजिंग में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की पहली बैठक में बैंक के द्वारा व्यवसाय शुरू करने की घोषणा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें…
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/aiib-approves-additional-750-million-loan-to-strengthen-indias-covid-response/articleshow/76417874.cms?from=mdr

एम्पावरिंग द ग्रेटर 50% : फिक्की एवं FLO की पहल

प्रश्न-19 जून, 2020 को 'एम्पावरिंग द ग्रेटर 50%' नामक कैम्पेन को किसने लांच किया था?
(a) स्मृति ईरानी (b) देबाश्री चौधरी (c) निर्मला सीतारमण (d) डॉ. संगीता रेड्डी
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 19 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 'Empowering the Greater 50%' नामक विशेष अभियान (कैम्पेन) की शुरुआत की।
- यह FICCI (फिक्की) एवं FLO की साझा पहल है, जिसका नेतृत्व संगीता रेड्डी (FICCI की अध्यक्ष) कर रही हैं।
- **पहल/अभियान**
- यह पहल अगले तीन वर्षों में भारत में एक लाख महिलाओं के जीवन को प्रभावित करेगा।
- पहले चरण (First stage) के रूप में, इस पहल का उद्देश्य दूरदर्शी और प्रभावशाली लोगों के एक नेटवर्क का निर्माण करना है, जो इस अभियान का समर्थन करने के लिए अपना समय और संसाधन दे सकते हैं।
- इसे उद्यमशीलता और निर्णय लेने के कौशल को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

- इसके लिए महिलाओं को मेंटरशिप प्रोग्राम्स, वित्त तक पहुंच, बिजनेस एक्सलरेटर्स कंपनियों के बोर्ड में शामिल होने लायक प्रशिक्षण तथा कमजोर तबके की महिलाओं को बिज़नेस फ्रेमवर्क तथा फाइनेंशियल मॉड्ल्स इत्यादि का विशेष मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।
- **FLO**
- FLO (फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन) की स्थापना फिक्की (FICCI : Fedration of Indian Chambers of Commerce and Industry) के एक डिविजन के रूप में 1983 में हुई थी।
- FICCI, भारत वाणिज्य एवं व्यापार की एक सर्वोच्च संस्था है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ficci.in/events-page.asp?evid=24918

सर्वे, 'एनेक्शियस अबाउट फाइनेंसेज

प्रश्न-किस वैश्विक मार्केट रिसर्च कंपनी ने 'एनेक्शियस अबाउट फाइनेंसेज' नामक सर्वे का संचालन किया है?
(a) मैकेन्ज़ी (b) नील्सन (c) कैन्टर (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- मई, 2020 के आखिरी सप्ताह में इप्सॉस के द्वारा 'एनेक्शियस अबाउट फाइनेंसेज' नामक सर्वे किया गया।
- जिसके परिणाम 19 जून को जारी हुए।
- **विस्तार-**
- सर्वे के परिणामों के अनुसार, मुंबई एवं बेंगलुरू में प्रत्येक पांच उपभोक्ताओं में से एक एनेक्शियस अबाउट फाइनेंसेज (वित्त की बात करने पर चिंतित) है।
- ये एनेक्शियसनेस (चिंता) COVID-19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से है।
- सर्वे का संचालन इप्सॉस नामक फ्रेंच फर्म ने किया, परंतु इसका सूत्रधार स्विस री ग्रुप है, जो कि एक वैश्विक रीइंश्योरर है।
- सर्वे मुंबई और बेंगलुरु के 1000 उपभोक्ताओं से संवाद पर आधारित है।
- सर्वे के अनुसार, बहुत से उपभोक्ता वित्तीय बोझ को हल्का करने के लिए वाहन एवं जीवन बीमा जैसे महत्वपूर्ण मदों में भी कटौती करने को तैयार रहते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/one-in-five-consumers-in-mumbai-bengaluru-anxious-about-finances-due-to-covid-19-survey/articleshow/76464990.cms

वैज्ञानिकपरिदृश्य

रक्षा/विज्ञानसंक्षिप्तिकी

कोविड प्रोटेक्शन सिस्टम फॉर वर्कप्लेस

प्रश्न-कॉप्स (COPS: Covid Protection System for Workplace) का अनावरण किया है-
(a) CSIR-CMERI ने (b) IIT-बॉम्बे ने (c) TIFR-ने (d) IISC-*बैंगलोर* ने
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में CSIR-CMERI, दुर्गापुर ने कॉप्स (COPS:Covid Protection System for Workplace) का अनावरण किया।
- 'केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (CMERI), 'भारतीय वैज्ञानिक और अनुसंधान परिषद' (CSIR) की एक घटक प्रयोगशाला है।
- **COPS**
- यह निम्नलिखित तकनीकों का समूह है:

(i) IntelliMAST अर्थात-सौर ऊर्जा आधारित इंटेलिजेंट मास्क ऑटोमेटेड (स्वचालित) डिस्पेंसिंग यूनिट कम थर्मल स्कैनर।

(ii) इंटेलिमास्ट (IntelliMAST) शरीर के तापमान की जांच करता है और यह भी सुनिश्चित करता है कि कोई व्यक्ति फेस मास्क पहन रहा है या नहीं।

(iii) स्पर्श मुक्त नल (The Touchless Faucet)- यह प्रणाली 30 सेकंड के समय अंतराल में एक ही नल से तरल साबुन और पानी का डिस्चार्ज करती है।

(iv) 3600 कार फ्लशर-सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल का उपयोग करके कार्यालयों में आने वाली चार पहिया वाहनों को सैनिटाइज करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/jobs/csir-cmeri-durgapur-unveils-covid-protection-system-for-workplace-2265406

नासा के द्वारा डिजाइन किए गए मल्टी-फंक्शनल वेंटिलेटर का बंगलुरू स्थित फर्म में उत्पादन

प्रश्न-हाल ही में बंगलुरू स्थित फर्म 'क्यूरासिग्ना' (Curasigna) ने नासा के द्वारा डिजाइन किए गए और FDA (Food and Drug Administration) द्वारा अनुमोदित मल्टी-फंक्शनल वेंटिलेटरों का उत्पादन किए जाने की घोषणा की है। इस वेंटिलेटर का क्या नाम है?
(a) VITAL (वाइटल) (b) SENSITIVE (c) BREATH Passer (d) AIR Bridge

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- बंगलुरू स्थित फर्म क्यूरासिग्ना (Curasigna) ने नासा के द्वारा डिजाइन किए गए और FDA (Food and Drug Administration) द्वारा अनुमोदित 'VITAL' वाइटल नामक वेंटिलेटरों का उत्पादन शुरू करने जा रही है।इसकी घोषणा जुलाई, 2020 में की गई।
- **VITAL:**
- VITAL एक बहु-कार्यात्मक (Multi Functional) वेंटिलेटर है, जिसका पूर्ण रूप है-
- Ventilator Intervention Technology Accessible Locality
- **यूरासिग्नाः-**
- 'क्यूरासिग्ना' इस उद्देश्य हेतु नासा द्वारा लाइसेंस प्राप्त चंद भारतीय कंपनियों में से एक है।
- फर्म वेंटिलेटर निर्माण के एक उन्नत चरण में है और निर्माणोपरांत भारतीय कोरोना मरीजों की वेंटिलेटर की जरूरतों को पूरा किया जाएगा।तदुपरांत ही इस वेंटिलेटर का निर्यात किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/nasa-designed-us-fda-authorised-ventilators-from-bangaluru-tech-firm/articleshow/77125351.cms

चीन का मंगल ग्रह के लिए पहला मिशन

प्रश्न-23 जुलाई, 2020 को चीन ने मंगल ग्रह के लिए अपने पहले मिशन तिआन वेन-1 को सफलतापूर्वक लांच किया। इस मिशन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?
(a) इसे दक्षिण चीन के हेनान प्रांत स्थित वेनचांग अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया गया।
(b) चीन का सबसे हैवी रॉकेट लांग मार्च-4 इस अंतरिक्ष यान को लेकर रवाना हुआ।
(c) 2000 सेकंड की उड़ान के पश्चात यह रॉकेट पृथ्वी और मंगल ग्रह की कक्षा में स्थापित हो गया।
(d) इस मिशन का लक्ष्य मंगल की सतह पर जलवायु और बर्फ का पता लगाना है।
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को चीन ने मंगल ग्रह के लिए अपने पहले मिशन 'तिआनवेन-1' को सफलतापूर्वक लांच किया।इसे दक्षिण चीन के हेनान प्रांत के स्थित वेनचांग (Wenchang) अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया गया।
- चीन का सबसे हैवी रॉकेट लांग मार्च-5 वाई-4 इस अंतरिक्ष यान को लेकर रवाना हुआ।
- 2000 सेकंड की उड़ान के पश्चात यह रॉकेट पृथ्वी और मंगल ग्रह की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया।
- इस मिशन का लक्ष्य मंगल की सतह पर जलवायु और बर्फ के स्थानों का पता लगाना है।
- चीन का दावा है कि इस यान से अंतरिक्ष में खोज के नए युग की शुरुआत होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cnbc.com/2020/07/23/china-mars-mission-tianwen1-launches.html#:~:text=China%20launched%20a%20major%20Mars%20mission%20on%20Thursday%20in%20what,on%20Hainan%20Island%20on%20Thursday.

एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' का सफल परीक्षण

प्रश्न-15-16 जुलाई, 2020 को भारत ने स्वदेश विकसित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' का कहां पर सफल परीक्षण किया?

(a) बालासोर (b) जैसलमेर (c) जोधपुर (d) पोखरण

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15-16 जुलाई, 2020 के मध्य भारत ने ओडिशा के बालासोर में स्वदेश विकसित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' का सफल परीक्षण किया।
- यह तीसरी पीढ़ी की दागो और भूल जाओ टैंक रोधी मिसाइल है।
- इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।
- यह मिसाइल 'नाग' मिसाइल का एक उन्नत संस्करण है।
- 'ध्रुवास्त्र' लगभग 230 मीटर/सेकंड की रफ्तार से लक्ष्य पर निशाना साधती है।
- इसकी मारक क्षमता 7 किमी. तक है।
- यह 1.9 मीटर लंबी तथा 45 किग्रा. वजनी मिसाइल है।
- इसका इस्तेमाल भारतीय सेना के ध्रुव हेलीकॉप्टर के साथ किया जाएगा।
- यह मिसाइल हवा से फायर करके दुश्मन के बंकरों, बख्तरबंद वाहनों और मुख्य युद्धक टैंकों को नष्ट करने में सक्षम है।
- इसे विश्व के सबसे उन्नत एंटी टैंक हथियारों में से एक माना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/indias-indigenously-developed-anti-tank-guided-missile-dhruvastra-test-fired/articleshow/77112971.cms

तापांतर प्रभाव से बेहद कम समय में खराब होने वाली वस्तुओं हेतु डिवाइस की लॉन्चिंग

प्रश्न-तापांतर प्रभाव से बेहद कम समय में खराब होने वाली वस्तुओं हेतु 'Multi ULD Cool Dolly' नामक डिवाइस किस एयरपोर्ट ने लॉन्च किया है?

(a) हैदराबाद एयरपोर्ट (b) मुंबई एयरपोर्ट (c) कोलकाता एयरपोर्ट (d) दिल्ली एयरपोर्ट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21जुलाई, 2020 को GMR हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट (GHIAL) ने 'Multi ULD Cool Dolly' नामक डिवाइस को लॉन्च किए जाने की घोषणा की।
- यह डिवाइस तापांतर प्रभाव से बेहद कम समय में खराब होने वाली वस्तुओं को खराब होने से बचाएगी।
- **विशेषता**

- कूल डॉली (Cool Dolly) में इस्पात का एक ट्रेलर और एल्युमीनियम का ऊष्मारोधी कंटेनर है।
- यह कार्गो टर्मिनल से विमान तक सामान को ले जाने के दौरान दो डिग्री से आठ डिग्री सेंटीग्रेट तथा 15 डिग्री सेंटीग्रेट से 25 डिग्री सेंटीग्रेट तक तापमान बनाए रखने में सक्षम है।
- इसमें एक बार में सात टन कार्गो ले जाया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/airlines-/-aviation/hyderabad-airport-launches-multi-uld-cool-dolly-for-unbroken-cold-chain/articleshow/77086599.cms

मायलान को क्षयरोगनिवारक दवा के सशर्त अभिगम हेतु DCGI की मंजूरी

प्रश्न-भारतीय फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों के लिए राष्ट्रीय नियामक संस्था है-
(a) DCGI (b) डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ (c) CDSCO (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- दवा कंपनी 'मायलान' (Mylon) को भारतीय औषध महानियंत्रक (DCGI) से तपेदिक/क्षय (TB) के इलाज की दवा 'प्रेटोमैनिड' के सशर्त अभिगम (Conditional Access) के लिए अनुमति मिल गई है।
- इसकी घोषणा 22 जुलाई, 2020 को की गई।
- **प्रेटोमैनिड (Pretomanid)**
- इसे बीमारी के ड्रग-रेजिस्टेंट स्वरूप से लिए विकसित किया गया है।
- **DCGI एवं CDSCO**
- DCGI, भारत सरकार के केंद्रीय ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) का एक विभाग है, जो मुख्य रूप से दवाओं की निर्दिष्ट श्रेणियों के लाइसेंस को अनुमोदित करता है।
- जबकि CDSCO भारतीय फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों के लिए राष्ट्रीय नियामक संस्थान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/healthcare/biotech/pharmaceuticals/mylan-gets-dcgi-nod-for-anti-tuberculosis-drug-pretomanid-for-conditional-access/articleshow/77106553.cms?from=mdr

दक्षिण अफ्रीका को डीडीटी की आपूर्ति

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को सार्वजनिक उपक्रम एचआईएल (इंडिया) लिमिटेड ने मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम हेतु दक्षिण अफ्रीका को कितने मीट्रिक टन डीडीटी (75% WP) की आपूर्ति की है?
(a) 40.20 मीट्रिक टन (b) 35.65 मीट्रिक टन
(c) 20.60 मीट्रिक टन (d) 15.75 मीट्रिक टन
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को सार्वजनिक उपक्रम एचआईएल (इंडिया) लिमिटेड ने मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम हेतु दक्षिण अफ्रीका को 20.60 मीट्रिक टन डीडीटी 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी की आपूर्ति की है।
- भारत सरकार के मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को डीडीटी की आपूर्ति हेतु वर्ष 1954 में एआईएल इंडिया लिमिटेड का गठन किया गया था, जो विश्व में डीडीटी बनाने वाली एकमात्र कंपनी है।
- दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित मोजाम्बिक से सटे तीन प्रांतों में डीडीटी का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने की योजना बनाई गई है।
- एआईएल इंडिया ने वित्त वर्ष 2020-21 में जिम्बाब्वे को 128 मीट्रिक टन डीडीटी 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी एवं जांबिया को 113 मीट्रिक टन डीडीटी की आपूर्ति करने हेतु प्रक्रियारत है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में विश्व में मलेरिया से प्रभावित लोगों की अनुमानित संख्या 228 मिलियन थी, जिसमें से अधिकांश मौतें (93 प्रतिशत) अफ्रीकी क्षेत्र में हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1640136

http://www.newsonair.com/News?title=HIL-supplied-20.60-Metric-tonne-of-DDT-75%25-WP-to-South-Africa-for-their-Malaria-control-program&id=395323

विप्रो 3D : कोरोना मरीजों के सहायतार्थ उपकरण की लांचिंग

प्रश्न-कोरोना मरीजों के सहायतार्थ 'विप्रो 3D' द्वारा लांच किया गया उपकरण वेंटिलेटर के आपातकालीन जरूरत के विकल्प के रूप में कार्य करेगा। यह उपकरण है-

(a) एयरब्रिज (b) फायरब्रिज (c) ब्रेथब्रिज (d) विंडब्रिज

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को 'विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग' ने कोविड मरीजों के सहायतार्थ एक उपकरण लांच किए जाने की घोषणा की।
- यह उपकरण SCTIMST के तकनीकी सहयोग से विप्रो 3D को लांच किया है।
- SCTIMST (श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी) डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी का एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है।
- जबकि 'विप्रो 3D', विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग का एक विजनेस डिवीजन है।
- **उपकरण एवं विशेषता**
- उपकरण वास्तव में एक 'इमरजेंसी ब्रेथिंग असिस्ट सिस्टम' (EBAS) है, जिसे 'एयरब्रिज' नाम दिया गया है।
- यह वेंटिलेटर की आपातकालीन जरूरत के समय काम आएगा तथा वेंटिलेटर की अनुपलब्धता की स्थिति में कोविड मरीज को सहायता पहुंचाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Kerala-institute-WIPRO-develop-emergency-breathing-system-to-assist-ventilation/06-07-2020-294546/

तीन रैपिड टेस्ट क्षमता वाली कोविड-19 परीक्षण सुविधाओं का शुभारंभ

प्रश्न-27 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन रैपिड टेस्ट क्षमता वाली कोविड-19 परीक्षण सुविधाओं का शुभारंभ किया। इन परीक्षण सुविधाओं की स्थापना तीन आईएमसीआर (ICMR) के संस्थानों में की गई है। विकल्प में कौन इसमें शामिल नहीं है?

(a) ICMR राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान, नोएडा
(b) ICMR राष्ट्रीय प्रजननीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, मुंबई
(c) ICMR राष्ट्रीय हैजा एवं आंत्र बीमारी संस्थान, कोलकाता
(d) ICMR राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन रैपिड टेस्ट क्षमता वाली कोविड-19 परीक्षण सुविधाओं का शुभारंभ किया।
- यह तीन रैपिड टेस्ट वाली परीक्षण सुविधाएं रणनीतिक तौर पर ICMR राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान, नोएडा; ICMR राष्ट्रीय प्रजननीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, मुंबई और ICMR राष्ट्रीय हैजा एवं आंत्र बीमारी संस्थान, कोलकाता में स्थापित की गई हैं।
- इसमें प्रतिदिन 10,000 से अधिक नमूनों का परीक्षण किया जा सकेगा।
- इन सुविधाओं से युक्त प्रयोगशालाओं में संक्रामक नैदानिक सामग्री से स्वास्थ्यकर्मियों को बचाने और उनके प्रतिवर्तन काल (टर्नअराउंड टाइम) को कम करने में सहायता प्राप्त होगी।
- इन प्रयोगशालाओं में कोविड-19 के अलावा अन्य बीमारियों का परीक्षण भी हो सकेगा।
- महामारी समाप्त होने के पश्चात हेपेटाइटिस बी एवं सी, एचआईवी, माइक्रोवैक्टिरियम ट्यूबरकुलोसिस, क्लैमाइडिया, नीसेरिया, डेंगू इत्यादि बीमारियों का भी परीक्षण होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/pm-modi-launches-covid-19-testing-facilities-in-noida-mumbai-and-kolkata-to-test-over-10-000-samples-per-day-11595851070929.html

नवाचार प्रतियोगिता 'डेयर टू ड्रीम 2.0'

प्रश्न-27 जुलाई, 2020 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किसकी पुण्य तिथि पर नवाचार प्रतियोगिता 'डेयर टू ड्रीम 2.0' का शुभारंभ किया?

(a) होमी जहांगीर भाभा (b) मेघनाथ साहा
(c) डॉ. अब्दुल कलाम (d) विक्रम साराभाई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम की 5वीं पुण्य तिथि पर नवाचार प्रतियोगिता 'डेयर टू ड्रीम 2.0' (Dare To Dream 2.0) का शुभारंभ किया।डेयरटूड्रीम2.0 देश के इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स को रक्षा व अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई एक नवाचार प्रतियोगिता

है।इसप्रतियोगितामेंएकविशेषज्ञसमितिद्वारामूल्यांकनकेबादविजेताओंकाचयनकियाजाएगा।पुरस्कारकीधनराशि केरूपमेंविजेतास्टार्टअपको10 लाख रुपये और व्यक्तिगत श्रेणी में 5 लाख रुपये तक दिए जाएंगे।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के आह्वान के बाद देश में नवाचार हेतु व्यक्तियों एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन के लिए इस योजना की शुरुआत की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.drdo.gov.in/dare-dream-20

दिहर, लेह में DRDO द्वारा कोविड टेस्टिंग सुविधा की स्थापना

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को दिहर (DIHAR), लेह में (DRDO) के द्वारा स्थापित कोविड-19 टेस्टिंग सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। दिहर (DIHAR) का पूर्ण रूप है-

(a) Defence Institute of High Altitude Research
(b) Defence Institute of High Altitude Range
(c) Defence Institute of Hyper Altitude Range
(d) Defence Institute of Hyper Altitude Research

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को दिहर (DIHAR) लेह में DRDO के द्वारा स्थापित कोविड-19 टेस्टिंग सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- दिहर (DIHAR: Defence Institute of High Altitu Research) के परिसर में स्थापित इस केंद्र में 50 सैंपल प्रतिदिन की दर से परीक्षण किए जा सकेंगे।
- यह केंद्र संघशासित प्रदेश लद्दाख में कोरोना मामलों की पहचान करने के लिए परीक्षण की दर को बढ़ाने का कार्य करेगा औषधीय।
- दिहर
- DRDO की यह प्रयोगशाला औषधीय और सुगंधित पौधों की पहचान एवं चयन करती है जिससे उनका उपयोग रक्षा उद्देश्यों के लिए किया जा सके।
- इसके साथ ही यह संस्थान ऊंचे जगह और ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों के लिए ग्रीनहाउस प्रौद्योगिकियों पर भी शोध करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1640600

https://www.moneycontrol.com/news/business/sbi-general-insurance-appoints-prakash-chandra-kandpal-as-md-ceo-5576021.html

कोरोना वायरस को बेअसर करने वाले दो लामाओं से एंटीबॉडी की पहचान

प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस को बेअसर करने वाले दो एंटीबॉडी की पहचान की है। ये एंटीबॉडी कहां के स्तनधारी लामाओं से प्राप्त किए गए हैं?

(a) उत्तरी अमेरिका (b) दक्षिणी अमेरिका (c) पश्चिमी अफ्रीका (d) पूर्वी अफ्रीका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में वैज्ञानिकों ने एक शोध में कोरोना वायरस को बेअसर करने वाले दो एंटीबॉडी की पहचान की है।
- ये एंटीबॉडी दक्षिणी अमेरिकी स्तनधारी लामाओं से प्राप्त किए गए हैं।
- यह शोध रोसालिंड फ्रैकलिन इंस्टीट्यूट, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और डायमंड लाइट सोर्स एंड पब्लिक हेल्थ, इंग्लैंड के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया।
- इन दो छोटे, स्थिर एंटीबॉडी से प्रयोगशाला-संवर्धित कोशिकाओं में कोरोना वायरस को बेअसर किया जा सकता है।
- इसे कोविड-19 के विरुद्ध एक नई चिकित्सा पद्धति को हासिल करने की दिशा में प्रगति के रूप में देखा जा रहा है।
- यह अध्ययन 'नेचर स्ट्रक्चरल एंड मॉलिक्यूलर बायालॉजी' नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है।
- इस अध्ययन के अनुसार, नैनोबॉडीज प्रोटीन एसीई 2 (ACE2) के साथ अंतःक्रिया को रोककर कोरोना वायरस सार्स-सीओवी-2 के संक्रमण को रोका जा सकता है।
- मौजूदा अध्ययन में वैज्ञानिकों द्वारा सार्स-सीओवी-2 को बेअसर करने में दक्षिण अमेरिकी स्तनधारी लाभाओं से प्राप्त एंटीबॉडी की क्षमता का परिक्षण किया गया।
- वैज्ञानिकों के अनुसार, अधिकांश स्तनधारियों की तरह मानव एंटीबॉडी में भी दो शृंखलाएं होती हैं-भारी और हल्की।
- किंतु लामा जैसे जीवों में एक अतिरिक्त एकल भारी शृंखला एंटीबॉडी भी होती है, जिसे नैनोबॉडी के रूप में जाना जाता है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार, नैनोबॉडी छोटे, स्थिर और आसानी से निर्मित होते हैं और इस तरह निदान के लिए पारंपरिक एंटीबॉडी के विकल्प के रूप में काम करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sciencedaily.com/releases/2020/07/200713104334.htm

मंगल मिशन 'होप'

प्रश्न-19 जुलाई, 2020 को किस देश के पहले मंगल मिशन होप (HOPE) को जापान के तानेगाशिया स्पेस सेंटर से लांच किया गया?

(a) सऊदी अरब (b) संयुक्त अरब अमीरात (c) बेल्जियम (d) कतर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 जुलाई, 2020 को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का पहले मंगल मिशन 'होप' (HOPE) को जापान के तानेगाशिमा (Tanegashima) स्पेस सेंटर से लांच किया गया।
- इसका वजन लगभग 1500 किग्रा. है।

- यह अंतरिक्ष यान के एक तरफ लगे वैज्ञानिक उपकरणों एमिरेट्स एक्सप्लोरेशन इमेजर (हाई-रिजॉल्यूशन कैमरा), एमिरेट्स मार्स अल्ट्रावॉयलेट स्पेक्ट्रोमीटर, फॉर-यूवी इमेजिंग स्पेक्ट्रोग्राफ, एमिरेट्स मार्स इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोमीटर और एफटीआईआर स्कैनिंग स्पेक्ट्रोमीटर को साथ ले गया है।
- होप नामक इस उपग्रह को एच 2-ए (H-2A) नामक रॉकेट से भेजा गया।
- यह अंतरक्षि यान मंगल ग्रह के मौसम और जलवायु का अध्ययन करेगा।
- साथ ही यह मंगल ग्रह की जलवायु से संबंधित डेटा भी एकत्र करेगा।
- लांच होने के बाद होप लगभग 200 दिनों तक मंगल ग्रह की परिक्रमा करेगा, जिसके बाद यह यूएई की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के साथ वर्ष 2021 तक लाल ग्रह की कक्षा में प्रवेश करेगा।
- यह मिशन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एजेंसी मोहम्मद बिन राशिद स्पेस सेंटर द्वारा संचालित है।'होप' मंगल ग्रह पर अरब जगत का पहला मिशन है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मंगल ग्रह (लाल ग्रह) के वातावरण का पहला एकीकृत मॉडल बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में 'होप' नामक एमिरेट्स मार्श मिशन की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.space.com/hope-emirates-mars-mission.html

सशस्त्र बलों को सैन्य सामग्री की खरीद हेतु मंजूरी

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों को आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कितनी राशि तक की तात्कालिक सैन्य सामग्री की खरीद हेतु मंजूरी प्रदान की?

(a) 200 करोड़ रुपये (b) 250 करोड़ रुपये (c) 300 करोड़ रुपये (d) 350 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों को आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालीन सैन्य सामग्री की खरीद हेतु मंजूरी प्रदान की।सशस्त्रबलोंकोयहअधिकारप्रदानकरनेकानिर्णयरक्षामंत्रीराजनाथसिंहकीअध्यक्षतामेंरक्षाअधिग्रहणपरिषद (डीएसी) कीबैठकमेंलियागया।
- उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थित के कारण उत्पादन्न हुए सुरक्षा माहौल के दृष्टिगत और सीमाओं की रक्षा हेतु सशस्त्र बलों को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता के दृष्टिगत रक्षा अधिग्रहण परिषद की यह विशेष बैठक आयोजित हुई।
- इस मंजूरी से हथियारों की खरीद में कम समय लगेगा और खरीद के लिए 6 महीने के भीतर हथियारों का ऑर्डर दिया जा सकेगा तथा एक वर्ष के भीतर आपूर्ति की शुरूआत हो जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/amid-border-row-india-allows-armed-forces-to-speed-up-weapon-purchases-worth-rs-300-crore/story-IpOpM5AiJeBz2w9PyhWncO.html

IIT दिल्ली का अल्प लागत कोविड-19 टेस्ट किट

प्रश्न-IIT दिल्ली द्वारा विकसित एक अल्प लागत कोविड-19 परीक्षण (टेस्ट) किट कब लॉन्च की गई?
(a) 12 जुलाई, 2020 (b) 11 जुलाई, 2020 (c) 10 जुलाई, 2020 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को HRD मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के द्वारा एक सस्ती कोविड-19 परीक्षण (टेस्ट) किट लॉन्च की गई।यहकिटIIT दिल्ली द्वारा विकसित है। इस प्रकार यह कोविड-19 जांच पद्धति विकसित करने वाला पहला शैक्षणिक संस्थान बन गया है।
- संस्थान ने कंपनियों को जांच किट का व्यवसाय करने के लिए गैर-विशिष्ट मुक्त लाइसेंस प्रदान किया है।
- ICMR (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) और डीसीजीआई (भारतीय दवा महानियंत्रक) द्वारा स्वीकृत इस उत्पाद का नाम 'कारोस्योर (Corosure)' है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanherald.com/national/iit-delhis-low-cost-covid-19-test-kit-to-launch-on-july-15-861131.html

भारतीय रक्षा परिदृश्य : अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की अंतिम खेप की प्राप्ति

प्रश्न-इंडियन एयर फोर्स को हाल ही में पांच अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर किस कंपनी ने डिलिवर किए हैं?
(a) बोइंग (b) यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (c) एयरबस (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को अमेरिकी कंपनी बोइंग ने अपने उत्पाद (पांच अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर) भारतीय वायु सेना को सौंपे जाने की घोषणा की।
- ध्यातव्य है कि भारतीय वायु सेना का बोइंग से 22 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की खरीद हेतु करार हुआ था।
- जिनमें से 17 हेलिकॉप्टर्स भारतीय वायु सेना को पहले ही सौंपे जा चुके हैं।
- इसके साथ ही बोइंग ने भारत को 15 चिनूक हेवीलिफ्ट हेलिकॉप्टर भी सुपुर्द किए हैं।
- ध्यातव्य है कि चिनूक एक परिवहन हेलिकॉप्टर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/iaf-gets-last-of-five-apache-attack-helicopters-from-boeing/article32042881.ece

कोविड-19 वैक्सीन के मानव परीक्षण खत्म करने वाला विश्व का पहला देश

प्रश्न-जुलाई, 2020 में कोविड-19 वैक्सीन के मानव परीक्षण खत्म करने वाला कौन विश्व का पहला देश बना?
(a) जर्मनी (b) जापान (c) रूस (d) अमेरिका
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में कोविड-19 वैक्सीन के मानव परीक्षण खत्म करने वाला रूस विश्व का पहला देश बना।रूसकेसेचनोवयूनिवर्सिटीमेंसेंटरफॉरक्लीनिकलरिसर्चऑनमेडिकेशंसकेशोधकर्ताओंनेकोविड-19 वैक्सीन पर मानव परीक्षण पूरे होने का दावा किया है।
- यहां के शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि इसके नतीजे प्रभावी साबित हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.forbes.com/sites/kenrapoza/2020/07/13/russia-completes-human-trials-of-covid-19-vaccine/#2ed937c7153b

रक्षा क्षेत्र : इस्रायली राइफलों, अरद और कार्मेल का भारत में निर्माण

प्रश्न-घरेलू छोटे हथियारों के उद्योग को बढ़ावा देने के लिए दो नवीनतम इस्रायली असॉल्ट राइफलों का उत्पादन भारत के किस राज्य में किया जाएगा?

(a) मध्य प्रदेश (b) गुजरात (c) उत्तर प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- घरेलू छोटे हथियार उद्योग को बढ़ावा देने के लिए दो नवीनतम इस्र ायली असॉल्ट राइफलों का उत्पादन मध्य प्रदेश में किया जाएगा।इसकीघोषणाजुलाई, 2020 में पुंज लॉयड ने की।
- इस संयुक्त उद्यम ने मध्य प्रदेश में 2017 में एक संयंत्र स्थापित किया था। जहां 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 'अरद' एवं 'कार्मेल' नामक इस्राइली असॉल्ट राइफलों का निर्माण किया जाएगा।
- संयुक्त उद्यम का लक्ष्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस के अलावा सेना, नौसेना और वायु सेना के विशेष बलों हेतु इन हथियारों का उत्पादन करना है।
- संयुक्त उद्यम में पुंज लॉयड का भागीदार 'इस्रायल वेपन इंडस्ट्रीज़' नामक इस्रायली हथियार निर्माता फर्म है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://theprint.in/defence/two-new-israeli-assault-rifles-arad-and-carmel-now-set-to-be-manufactured-in-india/459332/

न्यूमोकोकल पॉलीसैकराइड कंजुगेट टीका

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने पहली बार पूर्णतः स्वदेशी विकसित न्यूमोकोकल पॉलीसैकराइड कंजुगेट टीके को बाजार में बेचने हेतु मंजूरी प्रदान की। यह टीका किस रोग के उपचार से संबंधित है?

(a) चेचक (b) तपेदिक (c) निमोनिया (d) पीलिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने पहली बार पूर्णतः स्वदेशी तकनीक से विकसित न्यूमोकोकल पॉलीसैकराइड कंजुगेट टीके को बाजार में बेचने हेतु मंजूरी प्रदान की।

- इस टीके को मेसर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुणे द्वारा विकसित किया गया है।
- इस संस्थान ने देश में सबसे पहले न्यूमोकोकल पॉलीसैकराइड कंजुगेट टीके के चरण I, II और III के नैदानिक परीक्षणों हेतु डीसीजीआई से अनुमति प्राप्त की थी।
- इस टीके का नैदानिक परीक्षण गांबिया में भी किया गया है।
- निमोनिया के उपचार के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित यह अपने किस्म का पहला टीका है।
- इससे पूर्व देश में इस प्रकार के टीकों का आयात किया जाता था।
- यह टीका शिशुओं में 'स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया' के कारण होने वाले रोग और निमोनिया के खिलाफ सक्रिय टीकारण अभियान हेतु उपयोग किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/news/india/indias-first-fully-indigenously-developed-vaccine-against-pneumonia-gets-dcgi-approval-2717737.html

"APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को हाल ही में किस देश ने "APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया?

(a) जापान (b) इस्राइल (c) रूस (d) चीन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को चीन ने "APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह का सफलापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- इसे चीन के Xichang सैटेलाइट लांच सेंटर, सिचुआन से लांग मार्च 3B कैरियर रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।
- इस उपग्रह को चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित किया गया है।
- इस उपग्रह का लक्ष्य लगभग 50 गीगाबाइट/सेकंड की क्षमता व हाईस्पीड कम्युनिकेशन प्रदान करना है।
- यह चीन के पहले ग्लोबल हाई-थ्रूपुट ब्रांडबैंड सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम का एक भाग है।
- इसके अंतरिक्ष में भू-स्थिर कक्षा में लगभग 15 वर्ष तक रहने की उम्मीर है।
- साथ ही यह एक ब्रॉडबैंड उपग्रह संचार प्रणाली के हिस्से के रूप में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में काम करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasaspaceflight.com/2020/07/long-march-3b-launches-apstar-6d/

अमेजोनिया-1

प्रश्न-अगस्त, 2020 में अमेजोनिया-1 पृथ्वी अवलोकन उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा लांच किया जाएगा। यह उपग्रह किस देश द्वारा विकसित किया गया है?

(a) अर्जेंटीना (b) ब्राजील (c) ब्रिटेन (d) बेल्जियम

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अगस्त, 2020 में ब्राजील द्वारा विकसित अमेजोनिया-1 (Amazonia-1) पृथ्वी अवलोकन उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा लांच किया जाएगा।
- इसरो इस उपग्रह को पीएसएलवी (PSLV) के माध्यम से लांच करेगा।
- इस उपग्रह को ब्राजील द्वारा स्थानीय स्तर पर डिजाइन किया गया है और इसका परीक्षण भी ब्राजील द्वारा ही किया गया है।
- ब्राजील के इस उपग्रह से अमेजन वन में वृक्षों की कटाई की निगरानी करने में मदद मिलेगी।
- ज्ञातव्य है कि भारत और ब्राजील के मध्य अंतरिक्ष सहयोग की शुरुआत 2000 के दशक में प्रारंभ में हुई थी जब दोनों देशों की सरकारों के बीच इस संबंध में एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.firstpost.com/tech/science/isro-prepares-to-launch-brazils-amazonia-1-satellite-aboard-pslv-in-august-this-year-8581681.html
https://www.financialexpress.com/lifestyle/science/isro-to-launch-amazonia-1-satellite-of-brazil-onboard-pslv-next-month/2018693/

वाणिज्यिक संचार उपग्रह-APSTAR-6D

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को किस देश ने वाणिज्यिक संचार उपग्रह 'APSTAR-6D' को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया?
(a) अमेरिका (b) रुस (c) चीन (d) फ्रांस
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को चीन ने शीचांग सैटेलाइट लांच सेंटर, शीचुआन से वाणिज्यिक संचार उपग्रह 'APSTAR-6D' को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
- इसका प्रक्षेपण लांग मार्च-3बी वाहक रॉकेट द्वारा किया गया।
- इस उपग्रह को चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन (CASE) की सहायक कंपनी चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी (CSAT) द्वारा विकसित किया गया है।
- सीएसएटी से यह उपग्रह एपीटी मोबाइल सैटकॉम लिमिटेड ने ब्रॉडबैंड दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए खरीदा था।
- इस उपग्रह का जीवनकाल 15 वर्ष है।
- APSTAR-6D चीन के पहले वैश्विक उच्च-थ्रूपुट ब्रॉडबैंड उपग्रह संचार प्रणाली का हिस्सा है।
- संभवतः इस उपग्रह का उपयोग एशिया-प्रशांत क्षेत्र के उपयोगकर्त्ताओं के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले ब्रॉडबैंड नेटवर्क और डेटा संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasaspaceflight.com/2020/07/long-march-3b-launches-apstar-6d/

मॉलीक्यूलर डायग्नोस्टिक टेस्ट्स की मैनुअल प्रक्रियाओं हेतु मशीन लॉन्च

प्रश्न-'मायलैब' नामक फर्म ने मॉलीक्यूलर डायग्नेस्टिक टेस्ट्स की मैनुअल प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए भारत की पहली मशीन लांच की है, जिसका नाम है-
(a) कॉम्पैक्ट XL(b) कॉम्पैक्ट एक्सेस(c) कॉम्पैक्ट एक्शन (d) कॉम्पैक्ट क्यूबिक

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को मायलैब नामक फर्म ने मॉलीक्यूलर डायग्नेस्टिक टेस्ट्स की मैनुअल प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए भारत की पहली मशीन लांच की।
- **मशीन**
- मशीन का नाम कॉम्पैक्ट XL है, यह एक फोर बाई थ्री बेंचटॉप मशीन है जो पूर्णरूपेण स्वदेशी है।
- मशीन प्रयोगशाला तकनीशियनों के लिए नमूनों को संभालने और जांचने की आवश्यकता को कम कर देगी।
- यह भारत में पहली मशीन होगी जो 'कोविड-19' के मॉलीक्यूलर नैदानिक नमूनों के परीक्षण हेतु आवश्यक मैनुअल प्रयोगशाला संचालन को पूरी तरह से स्वचालित करेगी।
- यह स्वचालित प्रणाली RNA/DNA आधारित परीक्षण, RT-PCR परीक्षण, प्लाज्मा, ऊतक, स्वाब और थूक के नमूनों को संभालने में सक्षम होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/mylab-launches-compact-machine-to-automate-molecular-diagnostics/article32012520.ece

छिपकली की नई प्रजाति की खोज

प्रश्न-NCBS का पूर्ण रूप है-
(a) नेशनल सेंट फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज़ (b) नेशनल काउंसिल फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज
(c) नेशनल सेंटर फॉर बॉटेनिकल साइंसेज (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- हाल ही में शोधकर्ताओं ने फैन-प्रोटेड लिज़ार्ड (छिपकली) की एक नई प्रजाति की खोज की।
- NCBS-ये शोधकर्ता बेंगलुरु स्थित NCBS (नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज) की त्रि-सदस्यीय टीम का हिस्सा थे, जिन्होंने 'सिताना धारवाणनेसिस' (Sitana Dharwarensis) प्रजाति नामक छिपकली की खोज की।
- **स्थान एवं खोजकर्ता**
- खोजकर्ताओं में मुंबई के मयूरेश अंबेकर, जीशान मिर्जा एवं मेंगलुरू के आर्य मूर्थी शामिल है।
- इन्होंने इस छिपकली को कर्नाटक के बगलकोट जिले की बंजरभूमि से खोजा है।
- इस खोज से संबंधित अध्ययन रिपोर्ट बॉन जूलॉजिकल बुलेटिन रिपोर्ट में प्रकाशित हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanherald.com/science-and-environment/new-species-of-fan-throated-lizard-discovered-in-northern-karnataka-858180.html

ग्लोबल एनुएल टू डिकेडल क्लाइमेट अपडेट फॉर 2020-24

प्रश्न-विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के अनुसार, अगले पांच वर्षों में वैश्विक तापमान में कितनी वृद्धि संभावित है?

(a) 1.5 डिग्री सेल्सियस(b) 2.2 डिग्री सेल्सियस(c) 1.0 डिग्री सेल्सियस(d) 3.0 डिग्री सेल्सियस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- WMO द्वारा जुलाई, 2020 में 'ग्लोबल एनुअल टू डिकेडल क्लाइमेट अपडेट फॉर 2020-24 नामक रिपोर्ट जारी की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, अगले पांच वर्षों में औसत वैश्विक तापमान पहली बार पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 फॉरेनहाइट) अधिक हो सकता है।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO), संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत (Specialized) एजेंसी है, जिसके कार्यक्षेत्र में मौसम, जलवायु और जल संसाधन इत्यादि विषय शामिल हैं।
- **1.5 डिग्री पर सहमति-**1.5 डिग्री सेल्सियस वह स्तर है जिस पर विभिन्न देशों ने 'ग्लोबल वार्मिंग' को सीमित करने की कोशिश करने के लिए सहमति जताई है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार वैश्विक औसत तापमान 1850 से सन् 1900 की अवधि की तुलना में पहले ही कम से कम एक डिग्री सेल्सियस अधिक है।
- **2015 का पेरिस समझौता-**रिपोर्ट के अनुसार 2015 के पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने में देशों के समक्ष भारी चुनौती है।
- समझौते में ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने का लक्ष्य रखा गया है जो आदर्श रूप से 1.5 डिग्री से अधिक नहीं है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/average-global-temperature-could-rise-by-1-5-degrees-celsius-in-next-5-years-wmo/story-AkefLIcMn2htxhN4iW1LQJ.html#:~:text=WMO%20in%20its%20Global%20Annual,very%20likely%20to%20be%20within

आणविक प्रोब्स

प्रश्न-जुलाई, 2020 में जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) की सहायक कंपनी (स्पिन ऑफ) वीएनआईआर बायोटेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, ने रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमेरेज चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) जांच हेतु स्वदेशी फ्लोरेंस प्रोब्स और पॉलीमेरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) का मिश्रण लांच किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) वीएनआईआर के सह-संस्थापक प्रो.टी. गोविंदराजू और डॉ. मेहर प्रकाश ने आरटी-पीसीआर की जांच हेतु फ्लोरेंस प्रोब्स और पीसीआर मिश्रण विकसित किया है।

(b) इन आणविक प्रोब्स का उपयोग कोविड-19 परीक्षण किट में किया जाता है।

(c) एक विशिष्ट पीसीआर आधारित परीक्षण किट में तीन महत्वपूर्ण घटक (ओलिगो, एंजाइम और आणविक प्रोब्स) होते हैं।

(d) कोविड-19 परीक्षणों में उपयोग किए जाने वाले आणविक प्रोब्स को स्वदेश में ही निर्मित किया जाता है।

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर) की सहायक कंपनी (स्पिन ऑफ) वीएनआईआर बायोटेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पोलीमरेज चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) जांच हेतु स्वदेशी फ्लोरेसेंस प्रोब्स और पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) का मिश्रण लांच किया।
- वीएनआईआर के सह-संस्थापक प्रो.टी. गोविंदराजू और डॉ. मेहर प्रकाश द्वारा आरीटी-पीसीआर की जांच हेतु फ्लोरेसेंस प्रोब्स और पीसीआर मिश्रण विकसित किया गया है।
- इन आणविक प्रोब्स का उपयोग कोविड-19 परीक्षण किट में किया जाता है।
- एक विशिष्ट पीसीआर आधारित परीक्षण किट में तीन महत्वपूर्ण घटक (ओलिगो, एंजाइम और आणविक प्रोब्स) होते है।
- ओलिगो और एंजाइम भारत में आंशिक रूप से उपलब्ध है और इनका केवल आंशिक रूप से आयात किया जाता है।
- कोविड-19 परीक्षणों में उपयोग किए गए आणविक प्रोब्स का सिर्फ आयात किया जाता है।
- आणविक प्रोब्स का उपयोग पीसीआर में प्रबंधन को देखने के लिए किया जाता है, किंतु इसका तात्कालिक उपयोग कोविड-19 परीक्षण के लिए है।
- वीएनआईआर ने आणविक प्रोब्स के एक संश्लेषण प्रोटोकॉल का निर्माण किया है, जो पीसीआर आधारित कोविड-19 परीक्षण हेतु उपयोगी होगा।
- आणविक प्रोब्स विकास, सिंथेटिक कार्बनिक रसायन का एक परिणाम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1638120

जाइड्स कैडिला द्वारा विकसित कोविड-19 वैक्सीन मानव नैदानिक परीक्षण हेतु मंजूरी

प्रश्न-3 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने अहमदाबाद स्थित जाइड्स कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित कोविड-19 वैक्सीन को मानव नैदानिक परीक्षण हेतु मंजूरी प्रदान की है। इस कोविड-19 वैक्सीन का क्या नाम है?
(a) जाईकोव-डी (b) कोवाक्सिन (c) जाईकोविड (d) कोरोनिल
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने अहमदाबाद स्थित जाइड्स कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित कोविड-19 वैक्सीन 'जाईकोव-डी' (Zy CoV-D) को मानव नैदानिक परीक्षण हेतु मंजूरी प्रदान की है।
- यह मंजूरी इस वैक्सीन के मनुष्यों पर फेज-1 और फेज-2 नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदान की गई है।
- फेज-1 और फेज-2 परीक्षण पूरा होने में लगभग 3 महीने लगेंगे।
- पशुओं पर नैदानिक परीक्षण में इस वैक्सीन को रोग प्रतिरोधी प्रणाली के संबंध में सफल पाया गया था।

- यह भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) के सहयोग से हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक द्वारा विकसित कोविड-19 वैक्सीन 'कोवाक्सिन' (Covaxin) के बाद दूसरी संभावित वैक्सीन है, जिसे डीसीजीआई द्वारा मानव नैदानिक परीक्षण हेतु मंजूरी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theweek.in/news/health/2020/07/03/from-covaxin-to-zydus-cadila-indian-coronavirus-vaccines-human-trial-stage-explained.html

डीएसी द्वारा आवश्यक रक्षा उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी

प्रश्न-2 जुलाई, 2020 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा विभिन्न प्लेटफॉर्मों और उपकरणों से संबंधित सैन्य सामग्री की खरीद हेतु कितनी राशि की अनुमानित लागत के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) 30,500 करोड़ रुपये (b) 35,600 करोड़ रुपये
(c) 36,800 करोड़ रुपये (d) 38,900 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा विभिन्न प्लेटफॉमरें और उपकरणों से संबंधित सैन्य सामग्री की खरीद हेतु 38,900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई।
- स्वदेशी डिजाइन और विकास पर केंद्रित इन स्वीकृतियों में भारतीय उद्योग से 31,130 करोड़ रुपये की सैन्य सामग्री की खरीद शामिल है।
- यह उपकरण भारत में निर्मित किए जाएंगे।
- उपकरणों के निर्माण में भारतीय रक्षा उद्योग शामिल है, जिन्हें कई एमएसएमई प्रमुख विक्रेताओं के रूप में सहयोग प्रदान करेंगे।
- डीएसी ने मौजूदा 59 मिग-29 विमानों के उन्नयन के साथ ही 21 मिग-29 और 12 एसयू-30 एमकेआई विमानों की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।
- रूस से मिग-29 की खरीद और उन्नयन के मद में 7,418 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान है।
- एसयू-30 एमकेआई की खरीद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 10,730 करोड़ रुपये है।
- अन्य प्रस्तावों में भारतीय सेना के लिए पिनाका गोला बारूद, बीएमपी आयुध उन्नयन और सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो तथा भारतीय नौसेना एवं वायु सेना के लिए लंबी दूरी तक जमीन पर आक्रमण करने वाली क्रूज मिसाइल प्रणाली और एस्ट्रा मिसाइल शामिल है।
- इन डिजाइन और विकास प्रस्तावों की लागत राशि 20,400 करोड़ रुपये है।
- पिनाका मिसाइल प्रणाली की खरीद से पहले से शामिल सैन्य दलों व अतिरिक्त रेजिमेंट को सक्षम किया जा सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635916

शारीरिक और मानसिक रूप से असक्षम लोगों के लिए आंखों की पुतली से चलने वाला कंप्यूटर विकसित

प्रश्न-जुलाई, 2020 में किस संस्थान ने शारीरिक और मानसिक रूप से असक्षम लोगों के लिए आंखों की पुतली से चलने वाला कंप्यूटर विकसित किया?

(a) भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू(b) नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

(c) सी-डैक (d) आईआईटी दिल्ली

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में बेंगलुरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के सेंटर फॉर प्रोडक्ट एंड मैन्युफैक्चरिंग ने शारीरिक और मानसिक रूप से असक्षम लोगों के लिए आंखों की पुतली से चलने वाला कंप्यूटर विकसित किया।
- यह कंप्यूटर विशेषतौर पर ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है, जो अपने अंगों पर नियंत्रण नहीं रख पाते और बोलने में भी सक्षम नहीं हैं।
- इस कंप्यूटर को रोबोटिक आर्म से जोड़ा गया है, जिसके जरिए मात्र आंखों की पुतलियों के माध्यम से ऐसे लोग कई काम स्वतंत्र रूप से कर सकते हैं।
- इस रोबोटिक आर्म का परीक्षण चेन्नई के विद्या सागर संस्थान में प्रमस्तिष्क घात (सेरेबल पॉल्सी) से पीड़ित छात्रों पर किया गया था।
- इस रोबोटिक आर्म का इस्तेमाल ई-लर्निंग, ऑटोमेटिव और एरोनॉटिकल एप्लीकेशन के लिए किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/variety/iisc-develops-eye-gaze-controlled-robotic-arm-for-those-suffering-from-speech-and-motor-impairment/article32041313.ece

देश के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत

प्रश्न-2 जुलाई, 2020 को कहां पर देश के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत हुई?

(a) बंगलुरु(b) नई दिल्ली(c) लखनऊ (d) कोलकाता

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली में देश के पहले प्लाज्मा बैंक की शुरुआत की।
- सरकारी संस्थान 'इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलिअरी साइंसेस' में प्लाज्मा बैंक की स्थापना की गई है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1031 और 880000 7722 नंबर जारी किया, जिनपर लोग कोविड-19 मरीजों के लिए प्लाज्मा दान कर सकते हैं।
- उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मरीज ठीक होने के 14 दिन बाद प्लाज्मा दान कर सकते हैं।
- 18 से 60 वर्ष तक की आयु के लोग, जिनका वजन 50 किग्रा. से कम नहीं है वे कोविड-19 मरीजों के लिए अपना प्लाज्मा दान कर सकते हैं।

- उल्लेखनीय है कि प्लाज्मा थेरेपी में कोविड-19 के ठीक हुए मरीजों के रक्त से एंटीबॉडी लिया जाता है इसके बाद इसे मरीजों को चढ़ाया जाता है।
- इस थेरेपी से कोविड-19 से मरने वालों की संख्या में कमी आ सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/coronavirus-delhi-inaugurates-plasma-bank-kejriwal-urges-donors-to-come-forward/article31969629.ece
https://www.ndtv.com/delhi-news/indias-first-plasma-bank-opens-in-delhi-who-can-donate-other-rules-arvind-kejriwal-gives-dos-donts-2255779

क्वांटम संचार प्लेटफार्मों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु टूलकिट विकसित

प्रश्न-30 जून, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हाल ही में किस संस्था के शोधकर्ताओं ने क्वांटम संचार प्लेटफार्मों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सिमुलेशन टूलकिट विकसित किया है?
(a) रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट(b) आईआईटी दिल्ली(c) सी-डैक (d)इसरो
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हाल ही में रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) के शोधकर्ताओं ने क्वांटम संचार प्लेटफार्मों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अद्वितीय सिमुलेशन टूलकिट विकसित किया है।
- जिसे 'क्यूकेडीसिम' नाम दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि आरआरआई बंगलुरु स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है।क्यूकेडीसिममॉडयूलरसिद्धांतोंपरआधारितहै, जिससे यह विभिन्न प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके प्रोटोकॉल के विभिन्न वर्गों का विकास कर सकता है।
- कैलगरी विश्वविद्याल, कनाडा के प्रो. बैरी सैडर्स के सहयोग से, प्रो. उर्वशी सिन्हा और उनकी टीम के नेतृत्व में किया गया यह कार्य सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के उपयोग से क्वांटम प्रयोग (क्वेस्ट) परियोजना का एक हिस्सा है।
- यह भारत का पहला उपग्रह-आधारित क्वांटम संचार का प्रयास है, जिसे इसरो द्वारा समर्थन दिया गया है।यहशोध, फिजिकल रिव्यू एप्लाइड जर्नल में प्रकाशित होगा।
- टूलकिट की नवीनता विभिन्न प्रयोगात्मक खामियों उपकरण-आधारित और प्रक्रिया आधारित दोनों के समावेश में निहित है।इसप्रकारसिमुलेशनपरिणामवास्तविकप्रयोगात्मककार्यान्वयनकेसाथकिसीभीअन्यमौजूदाटूलकिटकीतुलनामेंबेहतरसटीकतादेंगे।
- उल्लेखनीय है कि यह शोध गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में सुरक्षित प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन संचार सुनिश्चित करने की सलाह के फलस्वरूप हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635294

एनबीआरआई में कोविड-19 के परीक्षण हेतु अत्याधुनिक वायरोलॉजी प्रयोगशाला की शुरुआत

प्रश्न-30 जून, 2020 को सीएसआईआर की कहां स्थित प्रयोगशाला राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (NBRI) में कोविड-19 के परीक्षण के लिए अत्याधुनिक वायरोलॉजी प्रयोगशाला की शुरुआत की गई?

(a) वाराणसी(b)नई दिल्ली(c) लखनऊ (d) देहरादून

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की लखनऊ स्थित प्रयोगशाला राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (NBRI) में कोविड-19 के परीक्षण के लिए अत्याधुनिक वायरोलॉजी प्रयोगशाला की शुरुआत की गई है।
- कोविड-19 के परीक्षण के लिए लखनऊ में शुरु की गई यह सीएसआईआर से संबंधित तीसरी प्रयोगशाला है।इससेपूर्वCSIR सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं CSIR-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में भी कोविड-19 के परीक्षण केंद्र बनाए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.vigyanprasar.gov.in/isw/NBRI-establishes-advanced-virology-lab-for-COVID-19-testing.html

अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी

प्रश्न-हाल ही में कब केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी?

(a) 15 जून, 2020(b) 26 जून, 2020(c) 24 जून, 2020 (d) 18 जून, 2020

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है।
- इस मंजूरी से अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधारों की शुरूआत हुई।
- इससे न केवल इस क्षेत्र में तेजी आएगी बल्कि भारतीय उद्योग विश्व अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा।
- इसके साथ ही प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार की संभावनाएं हैं।
- प्रस्तावित सुधार अंतरिक्ष परिसंपत्तियों, डाटा एवं सुविधाओं तक बेहतर पहुंच के माध्यम सहित अंतरिक्ष परिसंपत्तियों तथा गतिविधियों के सामाजिक आर्थिक उपयोग को बढ़ायेंगे।
- नवसृजित भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन तथा प्रमाणीकरण केंद्र (इन-स्पेस) भारतीय अंतरिक्ष अवसंरचना का उपयोग करने हेतु निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध करायेगा।
- यह बढ़ावा देने वाली नीतियों तथा अनुकूल नियामकीय वातावरण के जरिए अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की आरंभिक सहायता करेगा, उन्हें बढ़ावा तथा दिशा-निर्देश देगा।

- ये सुधार इसरो को 'अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, नई प्रौद्योगिकियों, खोजी मिशनों तथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों पर अधिक फोकस करने में सक्षम बनाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1633892

खेल परिदृश्य

टेनिस

पीएसडी बैंक नॉर्ड ओपन टूर्नामेंट, 2020

प्रश्न-1 जुलाई, 2020 को पेइन, जर्मनी में संपन्न टेनिस प्रतियोगिता पीएसडी बैंक नॉर्ड ओपन टूर्नामेंट, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) सोमदेव देववर्मन(b) सुमित नागल(c) दिविज सरन (d) साकेत मायनेनी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को टेनिस प्रतियोगिता पीएसडी बैंक नॉर्ड ओपन टूर्नामेंट, 2020 जर्मनी के पेइन (Peine) टाउन में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भारतीय टेनिस, खिलाड़ी सुमित नागल ने दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के खिलाड़ी डेनियल मसूर को पराजित कर खिताब जीत लिया।
- सुमित नागल कोविड-19 महामारी के दौरान कोई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।
- नांगल वर्तमान में 127 नंबर के साथ भारत के सर्वोच्च रैंक वाले एकल खिलाड़ी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thestatesman.com/sports/sumit-nagal-wins-psd-bank-nord-open-tournament-germany-1502905266.html

विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

प्रश्न-विश्व का तीसरा और भारत का दूसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम किस राज्य में निर्मित किया जाएगा?

(a) महाराष्ट्र(b) राजस्थान(c) कर्नाटक (d) गुजरात

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जुलाई, 2020 को राजस्थान क्रिकेट संघ के सचिव महेंद्र शर्मा ने जानकारी प्रदान की कि राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) जयपुर के निकट एक विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराएगा।

- इस स्टेडियम में 75000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी।
- यह अहमदाबाद (गुजरात) स्थित मोटरा स्टेडियम और ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा और देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा।
- यह स्टेडियम जयपुर से 25 किमी. की दूरी पर जयपुर-दिल्ली हाईवे पर स्थित चोंप (Chonp) गांव में निर्मित किया जाएगा।
- 100 एकड़ जमीन पर स्थापित किए जाने वाले इस स्टेडियम में आधुनिक पैवेलियन स्टैंड, कॉर्पोरेट बॉक्स, स्पोर्ट्स फील्ड, मॉडर्न क्लब हाउस के अतिरिक्त कई तरह की विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी।
- यह स्टेडियम 2 चरणों में निर्मित किया जाएगा।
- पहले चरण में 45 हजार दर्शकों की क्षमता होगी, जबकि दूसरे चरण में इसकी क्षमता बढ़ाकर 75 हजार की जाएगी।
- इस स्टेडियम की अनुमानित निर्माण लागत राशि 350 करोड़ रुपये होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/sports/cricket/news/jaipur-to-get-worlds-3rd-largest-cricket-stadium-with-75000-capacity/articleshow/76785242.cms

फुटबॉल

ला-लीगा (स्पेनिश लीग), 2019-20

प्रश्न-जुलाई, 2020 में संपन्न स्पेनिश लीग ला-लीगा, 2019-20 का खिताब अंकों की बढ़त के आधार पर किस फुटबॉल क्लब ने जीता है?

(a) बार्सिलोना एफसी(b) रियल मैड्रिड(c) एटलेटिको डी मैड्रिक (d) सेविला एफसी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को रियल मैड्रिड ने फुटबॉल क्लब विल्ला-रियल को पराजित कर अंको की बढ़त के आधार पर स्पेनिश लीग ला-लीगा, 2019-20 का खिताब जीता लिया।
- रियल मैड्रिड 37 मैचों में 87 अंक अंर्जित कर अंक तालिका में शीर्ष पर है।
- बार्सिलोना एफसी 37 मैचों में 79 अंक लंकर दूसरे स्थान पर रहा।
- वर्तमान समय में रियल मैड्रिड के कोच जिनेदिन जिदान (फ्रांस) थे।
- इस लीग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर (22 गोल) बार्सिलोना एफसी के लियोनेस मेसी रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.laliga.com/en-GB/news/real-madrids-title-success-in-numbers

जर्मन फुटबॉल कप, 2020

प्रश्न-4 जुलाई, 2020 को संपन्न जर्मन फुटबॉल कप, 2020 का खिताब किस फुटबाल क्लब ने जीता है?
(a) बायर्न म्यूनिख(b) एफसी ऑग्सबर्ग(c) बेयर लेवर कुसेन (d) बॉससिया डॉर्टमंड
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 अगस्त, 2019 से 4 जुलाई, 2020 के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता जर्मन फुटबॉल कप, 2020 जर्मनी में संपन्न हुई।
- बर्लिन स्थित ओलंपिया स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बायर्न म्यूनिख ने बेयर लेवर कुसेन को 4-2 से पराजित कर लगातार दूसरी बार खिताब जीत लिया।
- बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के 20वें खिताब के साथ ही घरेलू खिताब का डबल पूरा किया।
- यह पहली बार था, जब कोरोना वायरस महामारी के कारण इस कप के फाइनल मुकाबले का आयोजन खाली स्टेडियम में करना पड़ा।
- बायर्न म्यूनिख के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की शीर्ष गोल स्कोरर (6 गोल) रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dw.com/en/german-cup-final-irresistible-bayern-munich-secure-domestic-double/a-54042222

फीफा महिला विश्वकप, 2023 की मेजबानी

प्रश्न-25 जून, 2020 को विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा की शीर्ष परिषद ने फीफा महिला विश्वकप 2023 की मेजबानी संयुक्त रूप से किसे प्रदान करने का निर्णय लिया?
(a) स्कॉटलैंड और इंग्लैंड(b) कोलंबिया और पेरू (c) ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड(d) भारत और चीन
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 25 जून, 2020 को विश्व फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा की शीर्ष परिषद ने फीफा महिला विश्वकप, 2023 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को संयुक्त रूप से प्रदान करने का निर्णय लिया।
- यह निर्णय मतदान के आधार पर लिया गया है।
- मतदान में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के संयुक्त मेजबानी के पक्ष में 22 जबकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंदी कोलंबिया को 13 मत प्राप्त हुए थे।
- ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में वर्ष 2023 में होने वाला टूर्नामेंट ऐसा विश्वकप होगा, जिसे दो देश और दो भिन्न फीफा परिसंघों के सदस्य मिलकर आयोजित करेंगे।
- ऑस्ट्रेलिया एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) और न्यूजीलैंड ओसियाना फुटबॉल परिसंघ (OFC) का सदस्य है।इस महिला विश्वकप में पहली बार 32 टीमें भाग लेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fifa.com/womensworldcup/news/australia-and-new-zealand-selected-as-hosts-of-fifa-women-s-world-cup-2023tm

इंग्लिश प्रीमियर लीग, 2020

प्रश्न-जून, 2020 में इंग्लिश प्रीमियर लीग, 2020 का खिताब सर्वाधिक अंकों के आधार पर किस क्लब ने जीता है?
(a) मैनचेस्टर सिटी(b) चेल्सी(c) लिवरपूल (d) लीसेस्टर सिटी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग, 2020 का खिताब जीता है।
- लिवरपूल ने यह खिताब सर्वाधिक अंकों के आधार पर जीता है।
- लिवरपूल 25 जून तक खेले गए 31 मैचों में 86 अंक अर्जित कर अंकतालिका में पहले स्थान पर है।
- मैनचेस्टर सिटी 31 मैचों में 63 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।
- लिवरपूल ने 7 मैच शेष रहते ही खिताब जीत लिया है, जो कि एक रिकॉर्ड है।
- इससे पूर्व मैनचेस्टर यूनाइटेड ने वर्ष 1907-08 में 5 मैच शेष रहते खिताब जीता था।
- लिवरपूल ने 30 वर्ष में पहली बार (इससे पूर्व अंतिम बार वर्ष 1989-90 में प्रीमियर लीग का खिताब जीता था) इस खिताब को जीता है।
- लिवरपूल द्वारा विजित यह 19वां इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब है।
- मैनचेस्टर यूनाइटेड ने सर्वाधिक 20 बार इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/sport/football/53183857

मुक्केबाजी

AIBA द्वारा विश्व रैंकिंग, 2020 जारी

प्रश्न-जुलाई, 2020 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ द्वारा जारी महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी की विश्व रैंकिंग में कौन-सा भारतीय मुक्केबाज 52 किग्रा. भार वर्ग में कुल 1300 अंकों के साथ पहले स्थान पर है?
(a) अमित पंधाल(b) कवीन्द्र सिंह(c) शिव थापा (d) देवेन्द्रो सिंह
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (AIBA) ने महिला एवं पुरुष मुक्केबाजी की विश्व रैंकिंग जारी की।
- इस रैंकिंग में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज अमित पंधाल ने 52 किग्रा. भार वर्ग में कुल 1300 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं।
- भारतीय महिला मुक्केबाज मंजूरानी 48 किग्रा. भार वर्ग में महिलाओं की रैंकिंग में 1175 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।51 किग्रा. भार वर्ग में एम.सी. मैरीकॉम एवं 69 किग्रा. भार वर्ग में लोवलिना बोर्गोहिन ने रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aiba.org/rankings-2/

गोल्फ

रॉकेट मोर्टगेज क्लासिक, 2020

प्रश्न-5 जुलाई, 2020 को संपन्न पीजीए टूर सत्र, 2020 की गोल्फ प्रतियोगिता रॉकेट मोर्टगेज क्लासिक, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) मैथ्यू वोल्फ(b) ब्रायसन डिचेम्बो(c) केविन किसनर(d) अर्जुन अटवाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2-5 जुलाई, 2020 के मध्य पीजीए टूर सत्र, 2020 की गोल्फ प्रतियोगिता रॉकेट मोर्टगेज क्लासिक, 2020 डेट्रायट गोल्फ क्लब, डेट्रायट, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम-**
- **विजेता-**ब्रायसन डिचेम्बो (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- संयुक्त राज्य अमेरिका के ही मैथ्यू वोल्फ दूसरे तथा केविन किसनर तीसरे स्थान पर रहे।
- इस प्रतियोगिता में भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल 45वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pgatour.com/news/2020/07/05/bryson-dechambeau-surges-for-sixth-pga-tour-win-at-rocket-mortgage-classic-detriot-golf-club.html

फॉर्मूला वन

हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-19 जुलाई, 2020 को संपन्न हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 फॉर्मूला वन कार रेस का खिताब किसने जीता?

(a) मैक्स वर्सटाप्पेन(b) लुईस हैमिल्टन(c) वाल्टेरी बोट्टास (d) डेनियल रिकियार्डो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17-19 जुलाई, 2020 के मध्य फॉर्मूला 1 सत्र, 2020 की तीसरी रेस (10वीं) हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 मोग्योरोद, हंगरी, में संपन्न हुई।यहरेसमर्सिडीजटीमकेब्रिटिशचालकलुईसहैमिल्टननेजीतली।हैमिल्टननेलगातारतीसरीबारऔरकुलआठवींबा रयहरेसजीतीहै।हैमिल्टन ने एक ट्रैक पर सर्वाधिक रेस जीतने के जर्मनी के माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।शूमाकरनेवर्ष2006 में आठवीं बार फ्रांसीसी ग्रैंड प्रिक्स जीतकर रिकॉर्ड बनाया था।
- हैमिल्टन की यह इस सत्र की दूसरी और कॅरियर की 86वीं जीत है।
- इस रेस में रेड बुल टीम के नीदरलैंड के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2020/Hungary.html

ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020

प्रश्न-5 जुलाई, 2020 को संपन्न फॉर्मूला वन रेस ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 का खिताब किसने जीता?
(a) लुईस हैमिल्टन(b) चार्ल्स लेकलर्क(c) वाल्टेरी वोट्टास (d) सेबेस्टियन वेट्टल
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 5 जुलाई, 2020 को इस सत्र की पहली फॉर्मूला वन रेस ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स, 2020 स्पिलबर्ग, ऑस्ट्रिया में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम-**
- **विजेता-**वाल्टेरी वोट्टास (फिनलैंड), **टीम-**मर्सिडीज
- फेरारी के चालक चार्ल्स लेकलर्क दूसरे और मैक्लारेन के चालक लैंडो नौरिस तीसरे स्थान पर रहे।
- इस प्रतियोगिता में मर्सिडीज के कार चालक लुईस हैमिल्टन चौथे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theguardian.com/sport/live/2020/jul/05/austrian-grand-prix-f1-live

खेल विविध

जकार्ता एशियाई खेल, 2018 मिश्रित रिले टीम के पदकों में बदलाव हुए

प्रश्न-वर्ष 2018 में हुए जकार्ता एशियाई खेलों में 4×400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा का स्वर्ण पदक बहरीन की टीम से छीनकर किस देश की टीम को दिया गया है?
(a) ऑस्ट्रेलिया(b) केन्या(c) जमैका(d) भारत
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने वर्ष 2018 में हुए जकार्ता एशियाई खेलों में 4×400 मीटर मिश्रित रिले टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता बहरीन टीम की एक सदस्य केमी अदेकोया पर डोप टेस्ट में विफल होने पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया।
- इससे पूरी टीम आयोग्य घोषित हो गई है, जिसके कारण वर्ष 2018 में हुए जकार्ता एशियाई खेलों में 4×400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धा का स्वर्ण पदक बहरीन से छीनकर रजत पदक विजेता भारत की टीम को दे दिया गया है।
- शिक्षा क्षेत्र में आवश्यक सुधार लाने, मानव पूंजी को सुदृढ़ता प्रदान करने और उत्पादकता को बढ़ावा देने के एक भाग के रूप में,'मनोदर्पण' पहल को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शामिल किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1640208

जोरम मेगा फूड पार्क

प्रश्न-हाल ही में जोरम मेगा फूड पार्क लॉन्च किया गया है-
(a) आइजॉल में(b) लुंगलेई में(c) कोलासिब में(d) मामित में
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने मिजोरम के कोलासिब में जोरम मेगा फूड पार्क लिमिटेड का ई-उद्घाटन किया।
- **विशेषता एवं महत्वः-**
- 75 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित और 55 एकड़ में विस्तृत फूड पार्क से प्रत्यक्ष तौर पर 25,000 किसानों को लाभ होगा।साथ ही इससे 5000 से अधिक क्षेत्रीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।
- यह 'आत्मनिर्भर' भारत के विजन की दिशा में उठाया गया एक कदम है।
- मेगा फूड पार्क बिचौलियों को दूर कर क्षेत्र के किसानों की आय दोगुनी करने में मददगार साबित होगा।
- ध्यातव्य है कि इस क्षेत्र में किसी प्रसंस्करण इकाई के अभाव में लगभग 40 प्रतिशत फलों की बर्बादी हो जाती थी।इस क्षेत्र में उगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों, मसालों फलों और सब्जियों के भंडारण और प्रसंस्करण के लिए मेगा फूड पार्क को राष्ट्रीय राजमार्ग 54 के पास स्थापित किया गया है, जिससे कि परिवहन की बाधाएं न उत्पन्न हों।
- **पूर्व प्रयत्न**
- खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय पिछले छह वर्षों में मिजोरम के 7 सहित पूरे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिए 88 परियोजनाओं को 1000 करोड़ रुपये की लागत के साथ प्रारंभ किया गया है।
- जिससे तीन लाख क्षेत्रीय किसान प्रत्यक्ष लाभान्वित होंगे।
- साथ ही 50,000 रोजगार सृजित होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://zorammegafood.com/

आंध्र प्रदेशः नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात नीति

प्रश्न-आंध्र प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात नीति का उद्देश्य है, निर्यात हेतु-

(a) 120 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना

(b) 150 मेगावॉट की परियोजनाओं की स्थापना

(c) 180 मेगावॉट की परियोजनाओं की स्थापना

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में आंध्र प्रदेश सरकार ने अपने नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात नीति की घोषणा की।
- इस नीति का उद्देश्य निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 120 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करना है।
- ध्यातव्य है कि 30 जून, 2020 तक राज्य ने 8200 MW की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को शुरू कर लिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/states/andhra-pradesh/2020/jul/18/andhra-pradesh-renewable-energy-export-policy-unveiled-aims-to-attract-private-investments-2171375.html#:~:text=VIJAYAWADA%3A%20Ambitiously%20aiming%20to%20attract,a%20couple%20of%20days%20ago.

ई-पोर्टल एएसपीआईआरई (ASPIRE)

प्रश्न-17 जुलाई, 2020 को किस संस्थान ने ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी ई-पोर्टल एसपीआईआरई (ASPIRE) के लांच की घोषणा की?

(a) आईआईसीटी(b) आईसीएटी(c) एनआईएफटी(d) आईआईटी, बॉम्बे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 जुलाई, 2020 को इंटरनेशनल सेंटर ऑफ ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) ने ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी ई-पोर्टल ASPIRE के लॉन्च की घोषणा की।
- यह उद्योग, अनुसंधान और शिक्षा के लिए एक ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस पोर्टल है।
- आईसीएटी के अनुसार भारत ने भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार के सचिव के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों के लिए भारत में नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और उत्पाद विकास को बढ़ावा देने का निर्णय किया है।नईमोटरवाहनप्रौद्योगिकीई-पोर्टलकोउसीरणनीतिकाएक हिस्सा माना जा सकता है।
- प्रौद्योगिकी मंच ई-पोर्टल का निर्माण जहां प्रौद्योगिकी विकास, सूचना विनिमय और नवचार की सुविधा हो सकती है।
- विभिन्न संगठनों द्वारा विशिष्ट क्षेत्रों हेतु पांच पोर्टल विकसित किए जा रहें है, बिजली क्षेत्र के उपकरणों के लिए भेल, मशीन टूल्स के लिए एचएमटी, विनिर्माण प्रौद्योगिकी के लिए सीएमएफटीआई और मोटर वाहन के लिए आईसीएटी और एआरएआई की स्थापना की गई है।

- इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के माध्यम से भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना है।
- यहां जिन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा उनमें अनुसंधान एवं विकास, उत्पाद प्रौद्योगिकी विकास, तकनीकी नवाचार, उद्योग हेतु तकनीकी और गुणवत्ता की समस्या का समाधान, विनिर्माण और प्रक्रिया प्रौद्योगिकी विकास प्रौद्योगिकी विकास के लिए बाजार अनुसंधान और प्रौद्योगिकी सर्वेक्षण का संचालन शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://auto.economictimes.indiatimes.com/news/industry/icat-launches-automotive-technology-e-portal-aspire/77030152

मंगोलियन कंजूर पांडुलिपियों के पुनर्मुद्रण की परियोजना शुरू

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत मंगोलियन कंजूर पांडुलिपियों के 108 खंडों के पुनर्मुद्रण की परियोजना शुरू की। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत कब की थी?
(a) वर्ष 2003(b) वर्ष 2005(c) वर्ष 2006(d) वर्ष 2009
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को संस्कृति मंत्रालय ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत मंगोलियन कंजूर पांडुलिपियों के 108 खंडों की पुनर्मुद्रण की परियोजना शुरू की।
- मंगोलियाई कंजूर मंगोलिया में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ समझे जाते हैं।
- मंगोलियाई भाषा में 'कंजुर' का अर्थ होता है 'संक्षिप्त आदेश' जो विशेष रूप से भगवान बुद्ध के शब्द होते हैं।
- कंजुर की भाषा शास्त्रीय मंगोलियाई है।
- उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2003 में की गई थी।
- इसका उद्देश्य पांडुलिपियों में निहित जानकारी का प्रलेखन, संरक्षण और सम्प्रेषण करना है।
- मिशन के उद्देश्यों में से एक दुर्लभ और अप्रकाशित पांडुलिपियों को प्रकाशित भी करना है।
- ताकि उनमें निहित ज्ञान बड़े पैमाने पर अनुशंधानकर्ताओं, विद्वानों और आम लोगों को मिल सके।
- सभी 108 मंगोलियाई कंजूर पांडुलिपियों के मार्च, 2022 तक प्रकाशित होने की संभावना है।
- यह कार्य प्रसिद्ध विद्वान प्रो. लोकेश चंद्रा के पर्यवेक्षण के तहत किया जा रहा है।
- इस मिशन के तहत 5 खंडों का पहला सेट 4 जुलाई, 2020 को गुरु पूर्णिमा अर्थात 'धर्म चक्र दिवस' के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेंट किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637551

आंध्र प्रदेश में निष्ठा कार्यक्रम लांच

प्रश्न-16 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने आंध्र प्रदेश के कितने प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए पहले ऑनलाइन निष्ठा (NISHTHA) कार्यक्रम का शुभारंभ किया?
(a) 500(b) 1000(c) 1200(d) 1500

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने आंध्र प्रदेश के 1200 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए पहले ऑनलाइन निष्ठा (NISHTHA-National Inititaive Schlool Heads and Teachers Holistic Advancement) कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- आंध्र प्रदेश पहला राज्य है जहां 1200 प्रमुख संसाधन व्यक्तियों (Key Resources Persons) के लिए ऑनलाइन निष्ठा कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- निष्ठा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप प्रोग्राम-समग्र शिक्षा के तहत प्रारंभिक स्तर पर शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की प्रगति के लिए शुरू किया गया एक एकीकृत अध्यापन प्रशिक्षण कार्यक्रम है।
- इसका शुभारंभ 21 अगस्त, 2019 को किया गया था।
- एनसीईआरटी ने राज्य स्तर पर 29 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में निष्ठा एसआरजी ट्रेनिंग कार्यक्रम पूरा कर दिया है।
- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर और बिहार में प्रशिक्षण अभी जारी है, वहीं 2 राज्यों में इसे अभी शुरू किया जाना है।
- इसके अतिरिक्त 23 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया गया है।
- कोरोना की स्थिति के दृष्टिगत शेष 24 लाख शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनसीईआरटी द्वारा निष्ठा को दीक्षा और निष्ठा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रारूप में बदल दिया गया है।
- अब तक लगभग 23000 प्रमुख संसाधन व्यक्ति और 17.5 लाख शिक्षक और स्कूल निष्ठा से लाभान्वित हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1639103

नवीन रोजगार छतरी योजना

प्रश्न-18 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने किस वर्ग के गरीब व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास हेतु 'नवीन रोजगार छतरी योजना' का शुभारंभ किया?
(a) सामान्य वर्ग(b) पिछड़ा वर्ग(c) अनुसूचित जाति (d) अनुसूचित जनजाति
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'नवीन रोजगार छतरी योजना' का शुभारंभ किया।
- यह योजना अनुसूचित जाति के गरीब व्यक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू की गई है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना के 3,484 लाभार्थियों को ऑनलाइन 17 करोड़ 42 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की।
- इस हस्तांतरित धनराशि का उपयोग लाभार्थी परचून की दुकान, जनरेटर सेट, लॉण्ड्री तथा ड्राईक्लीनिंग, साइबर कैफे, टेलरिंग, बैकिंग कॉरेस पॉण्डेंट, टेंट हाउस, गौ-पालन आदि के लिए कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5f12d6c3-1104-4acf-9bb9-113a0af72573.pdf

लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता हेतु पीएम पुरस्कार की नई संशोधित योजना और वेब पोर्टल लांच

प्रश्न-17 जुलाई, 2020 को लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता हेतु पीएम पुरस्कार की नई संशोधित योजना और वेब पोर्टल को किसने लांच किया?

(a) रविशंकर प्रसाद(b) थावर चंद गहलोत(c) डॉ. जितेंद सिंह(d) प्रहलाद सिंह पटेल

उत्तर-(c)

- 17 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता हेतु पीएम पुरस्कार की नई संशोधित योजना और वेब पोर्टल www.pmawards.gov.in का शुभारंभ किया।
- लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री (पीएम) पुरस्कार योजना में कुछ संशोधन कर इसे फिर से शुरू किया गया है, जिससे परिणाम संकेतक, आर्थिक विकास, लोगों की भागीदारी और जन शिकायतों के निवारण की दिशा में जिला क्लेक्टरों के काम को पहचान दिलाया जा सके।
- चार प्रमुख श्रेणियों-जिला प्रदर्शन संकेतक कार्यक्रम, नवाचार सामान्य श्रेणी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम और नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकन मांगा गया है।
- जिला प्रदर्शन संकेतक कार्यक्रम के तहत, प्राथमिकता क्षेत्र में क्रेडिट प्रवाह के माध्यम से समावेशी विकास, एसबीएम (ग्रामीण), और एसबीएम (शहरी) कार्यक्रमों की प्राथमिकता क्षेत्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा, सेवा वितरण और जन शिकायत के निवारण की दिशा में जिला कलेक्टरों के योगदान का मूल्यांकन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर नवाचारों के लिए अलग-अलग पुरस्कार श्रेणियां प्रदान करने हेतु योजना की नवाचार श्रेणी को व्यापक आधार दिया गया है।
- इन पुरस्कारों हेतु 1 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2020 तक की अवधि के दौरान किए गए कार्यों पर ही विचार होगा।
- वर्ष, 2020 में इस योजना के तहत कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1619667

आजाद पट्टन जल विद्युत परियोजना

प्रश्न-7 जुलाई, 2020 को पाकिस्तान और चीन के बीच 700 मेगावाट की आजाद पट्टन जल विद्युत परियोजना के लिए समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) आजाद पट्टन जल विद्युत परियोजना पीओके के सुधौंटी जिले में स्थापित की जा रही है।
(b) यह परियोजना व्यासनदी पर निर्मित की जाएगी।
(c) इस परियोजना की लागत राशि 2.4 अरब डॉलर होगी।
(d) चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत पीओके में निर्मित की जाने वाले यह दूसरी परियोजना है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 जुलाई, 2020 को पाकिस्तान एवं चीन के बीच 700 मेगावाट की आजाद पट्टन जल विद्युत परियोजना के लिए एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।

- यह परियोजना पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के सुधौंटी जिले में स्थापित की जा रही है।
- यह परियोजना झेलम नदी पर निर्मित की जायेगी।
- इस परियोजना की लागत राशि 2.4 अरब डॉलर होगी।
- इस परियोजना का निर्माण चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) जो कि चीन की बेलट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा है, के अंतर्गत किया जाएगा।
- चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत पीओके में निर्मित की जाने वाली यह दूसरी परियोजना है।
- 1100 मेगावाट की कोहाला परियोजना हेतु दोनों देशों के बीच जून, 2020 में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।
- कोहला परियोजना मुजफ्फराबाद के निकट झेलम नदी पर विकसित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/azad-pattan-pok-hydel-project-pakistan-china-6507640/

अमेजन इंडिया का कौशल विकास कार्यक्रम

प्रश्न-अमेजन इंडिया ने NAPS (नेशनल अप्रेंटिशिप प्रमोशन स्कीम) के तहत कहां पर कौशल विकास कार्यक्रम लॉन्च किए जाने की घोषणा की है?

(a) दिल्ली में(b) मुंबई एवं बंगलुरू में(c) हैदराबाद में(d) उपरोक्त सभी जगहों पर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को 'अमेजन इंडिया' ने NAPS (नेशनल अप्रेंटिशिप प्रमोशन स्कीम) के तहत अपने दिल्ली, मुंबई, बंगलुरू एवं हैदराबाद के वेयरहाउसों में कौशल विकास कार्यक्रम लॉन्च किए जाने की घोषणा की।
- इस पहल को 1,000 प्रशिक्षुओं के साथ पायलट प्रोग्राम के रूप में शुरू किया गया है तथा आगे कार्यक्रम को और व्यापक बनाया जाएगा।
- **उद्देश्य-**कंपनी का लक्ष्य उन युवाओं को प्रशिक्षित करना है, जिनका कौशल अर्जन या नियुक्ति COVID-19 महामारी के कारण प्रभावित हुई है।
- लॉन्च किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि छः माह है।
- जिसमें एक हजार प्रशिक्षुओं को वेयरहाउस एसोसिएट्स एवं प्रॉसेस एसोसिएट्स की भूमिका हेतु वांछित कौशल प्रदान किया जाएगा, जैसे वेयरहाउसिंग एवं इन्वेंटरी मैनेजमेंट से संबंधित कौशल।
- साथ ही NAPS के प्रावधान के अनुसार प्रशिक्षुओं को एक मासिक मानदेय (Stipend) भी प्रदान किया जाएगा।
- **लॉजिस्टक्स सेक्टर स्किल काउंसिल-**प्रशिक्षणोपरांत प्रशिक्षुओं को भारत सरकार के तहत कार्यरत इस संस्थान के द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा व प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे।
- जिसके बाद प्रशिक्षु अमेजन के पार्ट टाइम और फुलटाइम कार्य अवसर हेतु पात्र हो जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.skillreporter.com/2020/07/news/skilldevelopment/amazon-india-launched-pilot-program-for-skill-development-through-apprenticeship/

द्वितीय राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन परियोजना

प्रश्न-विश्व बैंक के द्वारा 'द्वितीय राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन परियोजना' को मंजूरी कब दी गई?

(a) 26 जून, 2020(b) 25 जून, 2020(c) 27 जून, 2020(d) 1 जनवरी, 2020

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जून, 2020 को विश्व बैंक ने 'द्वितीय राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन परियोजना' (SNGRBP) को मंजूरी दी।
- परियोजना का लक्ष्य नदी में प्रदूषण को नियंत्रित करने और इसकी जल गुणवत्ता को बहाल करने के लिए सरकार के 'नमामि गंगे' कार्यक्रम का सहायक है।
- **NGRBP :**
- ध्यातव्य है कि विश्व बैंक वर्ष 2011 से चल रही 'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन परियोजना' (NGRBP) के माध्यम से सरकार के प्रयासों का समर्थन कर रहा है।
- इसी के तहत NMCG (स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन) की स्थापना की गई जो नदी के प्रबंधन हेतु एक नोडल एजेंसी है।
- इसके साथ ही विश्व बैंक ने नदी के किनारे बसे शहरों एवं कस्बों में सीवेज उपचार (Sewage treatment) के बुनियादी ढांचे को भी वित्तपोषित किया है।
- **SNGRBP हेतु ऋण राशि :**
- परियोजना में 381 मिलियन डॉलर की ऋण राशि एवं 19 मिलियन डॉलर तक की प्रस्तावित गारंटी शामिल है।
- पांच वर्ष की छूट अवधि (ग्रेस पीरियड) सहित ऋण की परिपक्वता अवधि 18.5 वर्ष है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1636999

पोस्ट कोविड कोच

प्रश्न-14 जुलाई, 2020 को रेल मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कहां स्थित रेल कोच फैक्ट्री ने कोविड-19 से लड़ने के लिए एक पोस्ट कोविड कोच डिजाइन किया है?

(a) लालगंज(b) चेन्नई(c) पेरंबूर(d) कपूरथला

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 जुलाई, 2020 को रेल मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला ने कोविड-19 से लड़ने के लिए एक 'पोस्ट कोविड कोच' डिजाइन किया है।
- भारतीय रेलवे ने सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने हेतु यह कोच बनाया है।
- इस कोच में हैंडसफ्री सुविधाओं कॉपर कोटिंग युक्त रेंलिंग व चिटकनी और प्लाज्मा एयर प्यूरीफायर के अलावा टाइटेनियम डाई-ऑक्साइड कोटिंग भी की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1638516

भारत चाबहार रेल परियोजना से बाहर

प्रश्न-जुलाई, 2020 में ईरान ने भारत को चाबहार रेल परियोजना से बाहर करने की घोषणा की। भारत और ईरान द्वारा किस वर्ष इस परियोजना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे?

(a) वर्ष 2018(b) वर्ष 2015(c) वर्ष 2016(d) वर्ष 2004

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में ईरान ने भारत को चाबहार रेल परियोजना से बाहर करने की घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि भारत और ईरान द्वारा वर्ष 2016 में चाबहार बंदरगाह से जहेदान और अफगानिस्तान की सीमा के साथ लगने वाली रेलवे लाइन का निर्माण करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गये थे।
- समझौते के तहत भारतीय रेलवे कंस्ट्रक्शन लि. (IRCON) ने इस परियोजना के लिए सारी सेवाएं, अधिरचना कार्य और वित्तपोषण प्रदान करने वादा किया था।
- ईरान, अफगानिस्तान और भारत के बीच त्रिपक्षीय समझौते के तहत आवगमन और परिवहन गलियारे के एक हिस्से के रूप चाबहार-जहेदान रेलवे लाइन के निर्माण के लिए भारत जरूरी सेवाएं मुहैया कराने वाला था।इरानीसरकारनेभारतकोइसपरियोजनासेहटानेकानिर्णयपैसादेनेऔरपरियोजनाकोशुरूकरनेमेंहोरहीदेरीकोबतायाहै।
- इस निर्णय के बाद, अब ईरान इस रेलवे परियोजना पर भारत की सहायता के बिना काम शुरू करेगा।जिसकेलिएईरानीराष्ट्रीयविकासनिधिसेलगभग400 मिलियन डॉलर धन जारी किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/iran-drops-india-from-chabahar-rail-project-cites-funding-delay/article32072428.ece

'बलराम' योजना

प्रश्न-जुलाई, 2020 में किस राज्य में कोरोना वायरस प्रकोप के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे भूमिहीन किसानों को 1040 करोड़ रुपये का कृषि ऋण प्रदान करने हेतु 'बलराम' (Balaram) नामक योजना शुरू की गई है?

(a) छत्तीसगढ़(b) मध्य प्रदेश(c) ओडिशा(d) राजस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को ओडिशा सरकार ने भूमिहीन किसानों को कृषि ऋण प्रदान करने हेतु 'बलराम' (Balaram) योजना की शुरुआत की।इसयोजनाकेतहतकोरोनावायरसप्रकोपकेकारणकठिनाइयोंकासामनाकररहेभूमिहीनकिसानोंको1040 करोड़ रुपये का कृषि ऋण प्रदान किया जाएगा।योजनांतर्गतअगले2 वर्षों में लगभग 7 लाख भूमिहीन कृषक लाभान्वित होंगे।
- यह कृषि ऋण संयुक्तदेयता समूहों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा, जो सामाजिक गारंटी के रूप में कार्य करेगा।
- यह योजना राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से तैयार की गई है।
- गांव के कृषि कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को क्षेत्र स्तर पर लागू करेंगे।

- दो सरकारी संगठन कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (ATMA) इस योजना के कार्यान्वयन हेतु क्रमशः राज्य और जिला स्तर पर नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.odisharay.com/pages/single_page.php?id=18401

लद्दाख खाद्य सुरक्षा योजना

प्रश्न-जुलाई, 2020 में शुरू की गई लद्दाख खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लद्दाख के एएवाई परिवारों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम एवं प्रति परिवार कितना राशन सस्ती दरों पर प्रदान किया जाएगा?
(a) 25 किलोग्राम(b) 30 किलोग्राम(c) 35 किलोग्राम(d) 40 किलोग्राम
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 से केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में लद्दाख प्रशासन द्वारा लद्दाख खाद्य सुरक्षा योजना शुरू की गई है।
- इस योजना के कार्यान्वयन के साथ पूर्व में संचालित मुफ्ती मोहम्मद सईद खाद्य पात्रता योजना (Mufti Mohammad Sayeed Food Entitlement Scheme) को बंद कर दिया गया है।
- लद्दाख खाद्य सुरक्षा योजना के लागू होने से 43,916 एमएमएसएफईएस परिवारों के अलावा लद्दाख के 6101 अन्तोदय अन्न योजना (एएवाई) के अंतर्गत शामिल परिवार लाभान्वित होंगे।
- इस योजना के तहत लद्दाख के एएवाई परिवारों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम एवं प्रति परिवार 35 किलोग्राम सस्ती दरों पर राशन प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://news.statetimes.in/ut-ladakh-admn-launches-ladakh-food-security-scheme/

आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम

प्रश्न-26 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत राज्य में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कितने कामगार एवं श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया गया है?
(a) 90 लाख से अधिक (b) 1 करोड़ से अधिक
(c) 1.25 करोड़ से अधिक (d) 1.50 करोड़ से अधिक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 26 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम' का शुभारंभ किया।
- यह कार्यक्रम उन विस्थापित श्रमिकों को रोजगार देने के लिए शुरू किया गया है, जो कोविड-19 महामारी के कारण अन्य राज्यों से वापस आए हैं।

- इस कार्यक्रम के तहत राज्य में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 1.25 करोड़ से अधिक कामगार एवं श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया गया।
- आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा एवं अन्य कार्यक्रमों में 60 लाख से अधिक श्रमिकों एवं कामगारों को नियोजित किया गया है।
- एम.एस.एम.ई. सेक्टर में 50 लाख, स्वयं सहायता समूह एवं फॉमर्स प्रोड्सर्स ग्रुप के अंतर्गत 5 लाख, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न एक्सप्रेस-वेज, अन्य मार्गों, सिंचाई परियोजनाओं तथा वन, नगर विकास व अन्य विभागों की परियोजनाओं में 10 लाख श्रमिक व कामगार नियोजित किए गए हैं।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' के अंतर्गत 2.68 लाख इकाइयों को 6,565 करोड़ रुपये और 1.35 लाख नवीन इकाइयों को लगभग 4,034 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5ef5fe78-86a0-4fd4-8ce0-0b9f0af72573.pdf

रेलवे द्वारा कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य

प्रश्न-भारतीय रेलवे ने किस वर्ष तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य रखा है?
(a) 2022(b) 2025(c) 2028 (d) 2030
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय रेलवे ने वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को पूर्णतः समाप्त करने का लक्ष्य रखा है।
- इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु रेल मंत्रालय ने व्यापक पैमाने पर अपनी खाली पड़ी भूमि पर सौर उर्जा संयंत्र स्थापित करने का निर्णय किया है।
- सौर उर्जा के उपयोग से रेलवे को जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला जन परिवहन बनाया जाएगा।
- भारतीय रेलवे ने रायबरेली (उ.प्र.) स्थित मॉडर्न कोच फैक्टरी (एमसीएफ) में स्थापित 3 मेगावॉट के सौर संयंत्र जैसे विभिन्न सौर परियोजनाओं से बिजली खरीद शुरू की है।
- भारतीय रेलवे के विभिन्न स्टेशनों और भवनों पर लगभग 100 मेगावॉट वाले सौर पैनल पहले से ही संचालित हैं।
- बीना, मध्य प्रदेश में 1.7 मेगावॉट क्षमता की एक परियोजना पहले ही स्थापित की जा चुकी है, जो सीधे ओवरहेड ट्रैक्शन सिस्टम से जुड़ी होगी।
- वर्तमान में यह परियोजना व्यापक परीक्षण के तहत है, जिसके 15 दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है।
- भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के सहयोग से भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई विश्व में यह अपनी तरह की पहली परियोजना है।
- इसमें रेलवे के ओवरहैड ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे फीड करने हेतु डीसी (डायरेक्ट करेंट) को सिंगल फेज एसी (अल्टरनेटिंग करेंट) में परिवर्तित करने के लिए अभिनव तकनीक का उपयोग किया गया है।यहसौरउर्जासंयंत्रप्रतिवर्ष लगभग 25 लाख यूनिट उर्जा का उत्पादन कर सकता है।
- यह परियोजना बीएचईएल द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) योजना के तहत शुरू की गई थी।

- इसके अलावा भारतीय रेलवे की विद्युत कर्षण ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भूमि आधारित सौर संयंत्रों की योजना के लिए दो पायलट परियोजनाएं भिलाई (छत्तीसगढ़) की खाली पड़ी भूमि पर 50 मेगावॉट सौर उर्जा संयंत्र और दीवाना (हरियाणा में 2 मेगावाट के सौर उर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु कार्यान्वित की जा रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/railways/wonderful-indian-railways-to-be-net-zero-carbon-emission-mass-transportation-network-what-that-means/2015745/#:~:text=Indian%20Railways%20is%20all%20set,lands%20for%20renewable%20energy%20projects.

ड्रीम केरल प्रोजेक्ट

प्रश्न-1 जुलाई, 2020 को केरल सरकार ने किसके पुनर्वास और राज्य का समग्र विकास करने के उद्देश्य से 'ड्रीम केरल प्रोजेक्ट' शुरू करने का निर्णय किया?

(a) जंगली जानवरों(b) दिव्यांगजनों(c) विदेशों से लौटे केरलवासियों(d) वंचित समूहों

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को केरल सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण अपनी नौकरी खोने के बाद विदेश और अन्य राज्यों से लौटने वाले केरलवासियों की क्षमता और अनुभव का लाभ उठाने हेतु 'ड्रीम केरल प्रोजेक्ट' (Dream Keral Project) शुरू करने का निर्णय किया।
- इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य विदेशों से लौट रहे केरल वासियों का पुनर्वास और राज्य का समग्र विकास करना है।इसप्रोजेक्टकासमन्वयराज्यसरकारकेविभिन्नविभागोंकेमाध्यमसेकियाजाएगा।
- इस प्रोजेक्ट के तहत जनता से विचार और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे।
- प्रस्तुत सुझावों पर अमल करने हेतु एक विशेषज्ञ पैनल गठित किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि केरल के लिए एनआरआई प्रेषणों का महत्व किसी भी अन्य राज्य की तुलना में बहुत अधिक है।
- वर्ष 2018 में एनआरआई प्रेषण राज्य में लगभग 85,000 करोड़ रुपये था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://frontline.thehindu.com/dispatches/article31964965.ece

'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना

प्रश्न-विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सांविधिक निकाय विज्ञान और इंजीनयरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना शुरू की गई है। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक शोध की गति तेज करने और विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन को तैयार करना है।

(b) इस योजना के 2 प्रमुख घटक 'अभ्यास' और 'समूहन' हैं।

(c) 'अभ्यास' के 2 उप-घटक 'कार्यशाला' और 'वृत्तिका' हैं।

(d) 'समूहन' कार्यक्रम के 2 उप-घटक 'संयोजिका' और 'समृद्धि' हैं।

उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सांविधिक निकाय विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना शुरू की गई है।
- इस योजना का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक शोध की गति तेज करने और विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन को तैयार करना है।
- अन्य उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों को रिसर्च इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं से संबंधित एक मंच प्रदान करना है।
- इस योजना के 'अभ्यास' घटक के अंतर्गत शीतकालीन सत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- 'अभ्यास', 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना का एक प्रमुख घटक है, जिसका लक्ष्य स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के छात्रों को उसके संबंधित विषयों में कौशल विकास को प्रोत्साहित करता है, जिससे वे शोध एवं विकास को बढ़ावा देने में सक्षम हो सके।
- इस कार्यक्रम के दो उप-घटक 'कार्यशाला' और रिसर्च इंटर्नशिप 'वृत्तिका' है।
- इस योजना के अंतर्गत संचालित एक अन्य कार्यक्रम 'समूहन' है, जिसके दो उप-घटक 'संयोजिका' एवं 'संगोष्ठी' है।
- 'संयोजिका' देश में सभी सरकारी फंडिंग एजेंसियों द्वारा समर्थित विज्ञान और प्रौद्योगिकी में क्षमता निर्माण गतिविधियों को सूचीबद्ध करने के लिए शुरू किया गया है।
- 'संगोष्ठी' विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा संचालित है।
- यह योजना मिशन मोड में कार्य करेगी, विशेषकर उस घटक के संबंध में, जो देश में सभी प्रमुख वैज्ञानिक समारोहों के एकीकरण का कार्य करेगा।
- इस योजना का मूल दृष्टिकोण अनुसंधान के आधार का विस्तार करना है।
- इस योजना के 3 व्यापक लक्ष्यों में वैज्ञानिक कार्यक्रमों का एकत्रीकरण, संसाधनों/सुविधाओं से दूर अनुसंधान प्रशिक्षुओं के लिए स्तरीय कार्यशालाओं की शुरुआत और अवसरों का सृजन करना शामिल है।
- यह योजना अनुसंधान की संभावनाओं, परामर्श, प्रशिक्षण और व्यावहारिक कार्य प्रशिक्षण की पहचान करने की कार्यविधि को मजबूत बनाने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://dst.gov.in/serb-inaugurates-inter-ministerial-initiative-accelerate-vigyan-scheme

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार

प्रश्न-30 जून, 2020 को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करने की घोषणा की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवंबर, 2020 के अंत तक विस्तार करने की घोषणा की।

(b) 5 महीने की अवधि (जुलाई से नवंबर, 2020 के अंत तक) इस योजना का विस्तार होने से 90 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

(c) 5 महीने के अवधि के दौरान प्रति परिवार प्रतिमाह 1 किलोग्राम मुफ्त चना के साथ प्रति सदस्य 5 किग्रा. चावल या गेहूं मुफ्त में उपलब्ध कराया जाएगा।

(d) इस योजना के विस्तार पर सरकार द्वारा 90,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि व्यय की जाएगी।
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवंबर, 2020 के अंत तक विस्तार करने की घोषणा की।5 महीने की अवधि (जुलाई से नवंबर, 2020 के अंत तक) इस योजना का विस्तार होने से 80 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।
- इस 5 महीने की अवधि के दौरान प्रति परिवार प्रति माह 1 किलोग्राम मुफ्त चना के साथ प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस योजना के विस्तार पर सरकार द्वारा 90,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि व्यय की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि 26 मार्च, 2020 को केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीबों के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपये के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की घोषणा की थी।
- इसी पैकेज के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को अगले 3 माह (अप्रैल से जून तक) तक प्रतिमाह 5 किग्रा. गेहूं या चावल और 1 किग्रा. दाल मुफ्त में प्रदान करने की घोषणा की गई थी।
- इस योजना की अवधि जून में समाप्त हो रही थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1608345

मुख्यमंत्री मातृ पुष्टि उपहार योजना

प्रश्न-जून, 2020 में किस राज्य में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण किट प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री मातृ पुष्टि उपहार योजना शुरू की गई है?
(a) सिक्किम(b) त्रिपुरा(c) छत्तीसगढ़(d) असम
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को त्रिपुरा सरकार ने कुपोषण एवं मातृ मृत्युदर से मुकाबला करने हेतु मुख्यमंत्री मातृ पुष्टि उपहार योजना (Mukhyamantrai Matru Pushti Uphaar Scheme) का शुभारंभ किया।
- इस योजना के तहत सरकार गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को मुफ्त में पोषण किट प्रदान करेगी।इस योजना के तहत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही पोषण किट से कम से कम 40,000 महिलाएं प्रति वर्ष लाभान्वित होंगी।प्रत्येक किट का मूल्य लगभग 500 रुपये प्रति किट होगा।
- गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर अपने घर के पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी होगी और प्रत्येक जांच के बाद उन्हें किट प्रदान की जाएगी।
- इस किट के अंतर्गत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को मूंगफली, सोयाबीन, मिश्रित दालें, गुड़ और घी जैसी खाद्य सामग्री प्रदान की जाएगी।
- राज्य सरकार की इस योजना के तहत प्रतिवर्ष लगभग 8 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://indianexpress.com/article/north-east-india/tripura/tripura-announces-schemes-to-combat-infant-maternal-mortality-malnourishment-6474728/

एमएसएमई क्षेत्र की सहायता हेतु वित्त-पोषण योजना

प्रश्न-24 जून, 2020 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने उप-ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (एमएसएमई के लिए संकटग्रस्त परिसंपत्ति फंड-उप-ऋण) का नागपुर में शुभारंभ किया। इस योजनांतर्गत उन प्रमोटरों को कितनी राशि का गारंटी कवर उपलब्ध कराया जाएगा, जो इक्विटी के रूप में एमएसएमई में आगे निवेश करने हेतु बैंकों से कर्ज लेना चाहते हैं?

(a) 10,000 करोड़ रुपये(b) 12,000 करोड़ रुपये

(c) 15,000 करोड़ रुपये(d) 20,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने उप-ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएसडी) का नागपुर में शुभारंभ किया।
- इस स्कीम को एमएसएमई के लिए संकटग्रस्त परिसंपत्ति फंड-उप-ऋण भी कहा जाता है।
- इस योजनांतर्गत इन प्रमोटरों को 20,000 करोड़ रुपये का गारंटी कवर उपलब्ध कराया जाएगा, जो इक्विटी के रूप में एमएसएमई में आगे निवेश करने हेतु बैंकों से कर्ज लेना चाहते हैं।
- यह योजना एमएसएमई के उन प्रमोटर को समर्थन देने के लिए शुरू की गई है, जो चालू अवस्था में हैं और संकटग्रस्त हैं तथा 30 अप्रैल, 2020 तक एनपीए हो गए हैं।
- एमएसएमई के प्रमोटर को उनकी हिस्सेदारी (इक्विटी व ऋण को मिलाकर) के 15 प्रतिशत के बराबर या 75 लाख रुपये, जो भी कम हो का क्रेडिट प्रदान किया जाएगा।
- इस उप-ऋण हेतु 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज योजना के तहत प्रदान की जाएगी और 10 प्रतिशत संबंधित प्रमोटर द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।
- मूलधन के भुगतान पर 7 वर्ष की छूट मिलेगी, जबकि पुनर्भुगतान हेतु अधिकतम अवधि 10 वर्ष होगी।
- इस योजना के तहत लगभग 2 लाख एमएसएमई लाभान्वित होंगे।
- यह योजना एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के माध्यम से संचालित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1633907

खादी ग्रामोद्योग आयोग की नीर एवं पामगुड़ परियोजना

प्रश्न-दहानू महाराष्ट्र के किस जिले में स्थित है?

(a) पालघर(b) थाणे(c) नासिक (d) जलगांव

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में खादी ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने नीर और पामगुड़ के उत्पादन के लिए एक रोजगारोन्मुखी परियोजना शुरू किया।
- स्थान एवं परियोजना
- प्रोजेक्ट पाम वृक्ष की प्रचुरता वाले राज्य महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानू में लांच किया गया।

- ध्यातव्य है कि महाराष्ट्र में पचास लाख पाम (Palm) वृक्ष हैं।
- परियोजना ताड़ (Palm) तोड़ने वाले (Trappers) 400 स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करवाएगी।
- परियोजना का उद्देश्य सॉफ्ट ड्रिंक के विकल्प के रूप में 'नीर' (Neera) को बढ़ावा देने के साथ-साथ जनजातीय एवं पारंपरिक ट्रैपर्स के लिए रोजगार का सृजन करना है।
- परियोजना के लांचिंग के अवसर पर KVIC ने 200 स्थानीय कारीगरों को नीर को निचोड़ने/एकत्र करने से संबंधित तथा पामगुड़ को बनाने से संबंधित टूल्स/बर्तन प्रदान किए।
- नीर (Neera)
- कई भारतीय राज्यों में सेवन किया जाने वाला नीर एक पोषण स्वास्थ्य पेय है, जिसे पाम वृक्ष से सूर्योदय से पहले निकालना (Extract) होता है।
- संस्थागत विपणन तकनीक की कमी के कारण, भारत में नीर का वाणिज्यिक उत्पादन एवं बड़े पैमाने पर विपणन अभी तक शुरू नहीं हो सका है।
- नीर से कैंडी, दूध चॉकोलेट्स, पाम कोला, आइसक्रीम एवं पांरपरिक मिठाइंयां बनाई जा सकती हैं।
- वर्तमान में पामगुड़ नीर का देश में 500 करोड़ रुपये का बाजार है, जिसे वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करके कई गुना बढ़ाया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1632024

आयोग/समिति

'इंडियन पैंडेमिक रिस्क पूल' की व्यवहार्यता की जांच हेतु एक कार्य समूह का गठन

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने इंडियन पैंडेमिक रिस्क पूल की व्यवहार्यता की जांच हेतु किसकी अध्यक्षता में एक कार्य समूह का गठन किया?
(a) सुरेश माथुर(b) रमेश भंडारी(c) एम.आर. कुमार(d) राजेश अग्रवाल
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने इंडियन पैंडेमिक रिस्क पूल (Indian Pandemic Risk Pool) की व्यवहार्यता की जांच हेतु एक 9 सदस्यीय कार्य समूह का गठन किया।
- आईआरडीएआई के कार्यकारी निदेशक सुरेश माथुर इस कार्य समूह के अध्यक्ष होंगे।
- इसमें विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।
- रिस्क पूल जैसी आवश्यकता का अध्ययन करने के अलावा यह समूह संरचना और संचालन मॉडल की भी सिफारिश करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/business/banking-and-finance/irdai-planning-pandemic-risk-pool-sets-up-panel-6498568/

उच्चतम न्यायालय द्वारा विकास दुबे प्रकरण की न्यायिक जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने विकास दुबे की न्यायिक जांच हेतु किसकी अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी दी?

(a) न्यायमूर्ति डॉ. बी.एस. चौहान(b) न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना

(c) न्यायमूर्ति शशिकांत अग्रवाल (d) न्यायमूर्ति शिवकीर्ति सिंह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को उच्चतम न्यायालय ने विकास दुबे प्रकरण की न्यायिक जांच हेतु एक तीन सदस्यीय समिति के गठन को मंजूरी दी।
- उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ.बी.एस. चौहान इस समिति के अध्यक्ष होंगे।
- इस जांच समिति में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शशिकांत अग्रवाल और उ.प्र. के पूर्व पुलिस महानिदेशक (DGP) के.एल. गुप्ता शामिल हैं।
- यह समिति कानपुर के चौबेपुर थानांतर्गत बिकरू गांव में आठ पुलिसकर्मियों के मारे जाने और उसके बाद हुई मुठभेड़ की घटनाओं की जांच करेगी।
- इसके साथ ही जांच समिति उन परिस्थितियों की भी जांच करेगी, जिसमें 65 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे विकास दुबे को जमानत पर रिहा किया गया था।
- समिति को 2 माह के भीतर जांच पूरी कर लेने को कहा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/mirror-now/in-focus/article/vikas-dubey-s-encounter-probe-panel-to-be-headed-by-former-sc-judge-bs-chauhan/625359

विकास दुबे प्रकरण की जांच हेतु एकल सदस्यीय आयोग गठित

प्रश्न-11 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास दुबे प्रकरण की जांच के लिए किसकी अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित करने का निर्णय लिया?

(a) न्यायमूर्ति ऋषि सहाय(b) न्यायमूर्ति राकेश मिश्रा

(c) न्यायमूर्ति शशि कांत अग्रवाल (d) न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास दुबे प्रकरण की जांच के लिए एकल सदस्यीय आयोग के गठन का निर्णय लिया।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति शशि कांत अग्रवाल के नेतृत्व में इस एकल सदस्यीय जांच आयोग गठित हुआ है।
- आयोग विकास दुबे तथा उसके सहयोगियों द्वारा 2-3 जुलाई, 2020 की रात्रि में की गई घटना की गहनतापूर्वक जांच करेगा।
- साथ ही, आयोग पुलिस एवं विकास दुबे के बीच हुई मुठभेड़ की गहनतापूर्वक जांच करेगा।

- 2-3 जुलाई, 2020 और 10 जुलाई, 2020 के बीच पुलिस और इस प्रकरण से संबंधित अपराधियों के बीच हुई प्रत्येक मुठभेड़ की यह आयोग गहनतापूर्वक जांच करेगा।
- यह आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपाय भी सुझाएगा।
- यह आयोग अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि से 2 माह की अवधि के भीतर अपनी जांच पूर्ण कर लेगा।इसआयोगकामुख्यालयकानपुरमेंहोगा।
- इसके अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (SIT) के गठन का निर्णय लिया।
- अपर पुलिस महानिदेशक हरिराम शर्मा तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक जे. रवींद्र गौड़ को एसआईटी का सदस्य नामित किया गया है।
- एसआईटी इस प्रकरण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन जांच सुनिश्चित करते हुए 31 जुलाई, 2020 तक जांच रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/jul/12/yogi-govt-forms-panel-to-probe-kanpur-ambush-vikas-dubeys-encounter-2168834.html

मानव अधिकारों पर कोविड-19 प्रभाव का अध्ययन करने हेतु विशेषज्ञ समिति

प्रश्न-जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मानव अधिकारों पर कोविड-19 प्रभाव का अध्ययन करने हेतु किसकी अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया?

(a) डॉ. के. एस. रेड्डी (b) डॉ. नरेश त्रेहान (c) डॉ. के.के. सिंह (d) डॉ. पूनम खेत्रपाल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने मानव अधिकारों पर कोविड-19 प्रभाव का अध्ययन करने हेतु एक 11 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।
- इस विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. के. एस. रेड्डी करेंगे।यहसमितिविशेषकरप्रवासीमजदूरोंसहितसमाजकेकमजोरवर्गोंपरकोविड-19 के प्रभाव का आकलन करेगी।
- यह समिति केंद्र और राज्य सरकारों को भविष्य की नीति भी सुझाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanherald.com/national/nhrc-sets-up-panel-to-assess-covid-19-impact-on-human-rights-857405.html

ऑपरेशन/अभियान

प्लाज्मा दान अभियान

प्रश्न-जुलाई, 2020 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली स्थित किस अस्पताल में प्लाज्मा दान अभियान की शुरुआत की?

(a) एम्स(b) आरएमएल(c) सफदरजंग(d) अपोलो
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 19 जुलाई, 2020 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली स्थित एम्स (AIMS) अस्पताल में प्लाज्मा दान अभियान की शुरुआत की।
- इस अभियान की सह-संयोजक दिल्ली पुलिस के कोविड-19 से ठीक हो चुके 26 पुलिसकर्मियों ने स्वेच्छा से प्लाज्मा दान किया।
- उल्लेखनीय है कि कोविड-19 से ठीक हुए रोगियों से प्राप्त प्लाज्मा कोरोना वायरस (कोविड-19) के लिए सुरक्षात्मक एंटीबॉडी होती है, जिसे संक्रमित व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कराने पर यह कोविड-19 के रोगियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न करता है।
- इसके संभावित लाभ के दृष्टिगत प्लाज्मा थैरेपी उन रोगियों को प्रदान की जाती है जो पारंपरिक उपचार से ठीक नहीं हो पा रहे हैं।
- कोई भी व्यक्ति जो कोविड-19 से ठीक हो चुका हो, और उपचार या होम आइसोलेशन के बाद 28 दिन पूरा कर चुका हो, वह अपने रक्त प्लाज्मा को दान कर सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=394160

उत्तर प्रदेश में 'विशेष संचारी रोग अभियान' का द्वितीय चरण

प्रश्न-1 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विशेष संचारी रोग अभियान' के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। यह अभियान प्रदेश के कितने जिलों में संचालित किया जाएगा?
(a) 55(b) 45(c) 38(d) 75
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विशेष संचारी रोग अभियान' के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया।
- यह अभियान प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1 जुलाई से 31 जुलाई, 2020 तक संचालित किया जाएगा।
- स्वास्थ्य विभाग को इस अभियान का नोडल विभाग बनाया गया है।
- वर्तमान में प्रदेश में 38 जिले एक्यूट इन्सेफेलाइटिस (ए.ई.एस.) और जापानी इन्सेफेलाइटिस (जे.ई.) से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://information.up.nic.in/attachments/files/5efc5e0a-ffa4-496a-9f7c-379e0af72573.pdf

किल कोरोना अभियान

प्रश्न-1 जुलाई, 2020 से किस प्रदेश में 'किल कोरोना अभियान' चलाया जाएगा?
(a) उत्तर प्रदेश(b) मध्य प्रदेश(c) राजस्थान (d) हरियाणा

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्रदान की कि प्रदेश में 1 जुलाई, 2020 से 'किल कोरोना अभियान' चलाया जाएगा।इसअभियानकीशुरुआतभोपालसेकीजाएगी।प्रदेशकेसभीजिलोंमेंवायरसनियंत्रणऔरस्वास्थ्यजागरूकता के इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत सरकार और समाज साथ-साथ कार्य करेंगे।इसअभियानकेतहतप्रत्येकपरिवारकोकवरकियाजाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200701N2&LocID=1

सम्मेलन/समारोह

जी-20 डिजिटल इकोनॉमी मंत्रिस्तरीय बैठक, 2020

प्रश्न- जुलाई, 2020 में जी-20 इकोनॉमी मंत्रिस्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किस देश की मेजबानी में हुआ?
(a) जापान(b) सऊदी अरब(c) भारत (d) ब्राजील
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में जी-20 डिजिटल इकोनॉमी मंत्रिस्तरीय बैठक, 2020 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुई।इसबैठककीमेजबानीसऊदीअरबद्वाराकीगई।
- इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने किया।

भारतीय वायु सेना कमांडर सम्मेलन-जुलाई, 2020

प्रश्न-22-24 जुलाई, 2020 के मध्य भारतीय वायु सेना कमांडर सम्मेलन, 2020 कहां आयोजित किया जा रहा है?
(a) नई दिल्ली(b) जोधपुर(c) बंगलुरु(d) ग्वालियर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 22-24 जुलाई, 2020 के मध्य भारतीय वायु सेना कमांडर सम्मेलन, 2020 का आयोजन वायु सेना मुख्यालय (वायु भवन) नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1640363

5वां एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर सम्मेलन, 2020

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 5वां एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन का विषय-वस्तु क्या थीं-

(a) आत्मनिर्भर भारत मिशन(b) रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना

(c) घरेलू रक्षा उत्पाद को बढ़ावा देना(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 5वां एयरोस्पेस और रक्षा विनिर्माण प्रौद्योगिकी पर सम्मेलन आयोजित हुआ।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) था-"आत्मनिर्भर भारत मिशन"
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने इस सम्मेलन का शुभारंभ किया।
- गौरतलब है कि हाल के वर्षों में रक्षा क्षेत्र तेजी आगे बढ़ा है।
- यह वर्ष 2008 से वर्ष 2016 के बीच 9.7 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ा है, जो वर्ष 2017-18 में 42.83 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच रहा है।
- भारत में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग 2030 तक 70 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1638887

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=393888

संधि/समझौता

डाटा सेंटर पार्क की स्थापना हेतु समझौता

प्रश्न-हीरानंदानी ग्रुप के 'योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर' के साथ कौन सी प्रदेश सरकार ने डाटा सेंटर पार्क की स्थापना हेतु समझौता किया है?

(a) तमिलनाडु(b) केरल(c) कर्नाटक(d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में हीरानंदानी ग्रुप के 'योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर' ने चेन्नई में डाटा सेंटर पार्क की स्थापना हेतु एक समझौता हस्ताक्षरित किया।
- योट्टा समेत हीरानंदानी ग्रुप की सहायक कंपनियां (Subsidiaries) अगले आठ-दस वर्षों में इस परियोजना में 4,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।
- प्रस्तावित 'डाटा सेंटर पार्क' 13 एकड़ में विस्तृत होगा और इसमें 20,000 रैक की क्षमता वाले कुल चार डेटा सेंटर भवन स्थापित किए जाएंगे।
- **डाटा सेंटर पार्क**
- डाटा सेंटर पार्क ने फेसबुक, गूगल व अन्य वेबसाइटों पर शेयर होने वाले डाटा को स्टोर किया जाता है।

- अभी इन वेबसाइटों पर शेयर होने वाला हमारा डाटा अमेरिका, हांगकांग, सिंगापुर और आयरलैंड के डाटा सेंटर में स्टोर होता है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2020-21 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में डाटा सेंटर पार्क के लिए नीति लाने की घोषणा की गई थी।
- डाटा सेंटर पार्क की स्थापना से डेटा साइंटिस्ट, क्लाउड आर्किटेक्ट और हार्डवेयर असिस्टेंट जैसी नौकरियों का सृजन होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/tech/internet/hiranandani-groups-yotta-inks-pact-to-set-up-13-acre-data-center-park-in-chennai/articleshow/77061523.cms

भारत-मालदीव में समझौता

प्रश्न-जुलाई, 2020 में भारत और मालदीव ने किस क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?
(a) कृषि(b) व्यापार एवं वाणिज्य(c) आपातकालीन चिकित्सा सेवा(d) सूचना प्रौद्योगिकी
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में भारत और मालदीव ने आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता मालदीव की राजधानी माले में हस्ताक्षरित हुआ।
- स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग भारत और मालदीव की साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है।
- भारत महामारी से निपटने में मालदीव का पूर्ण सहयोग कर रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=India%2C-Maldives-sign-agreement-for-establishment-of-%E2%80%98Emergency-Medical-Services%E2%80%99-in-Male&id=395334

NSDC- एअरटेल पेमेंट्स बैंक साझेदारी

प्रश्न-NSDC एअरटेल पेमेंट्स बैंक की साझेदारी के तहत ग्रामीण युवाओं को वित्तीय क्षेत्र की नौकरी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। NSDC का पूर्ण रूप है-
(a) National Skill Development Corporation (b) National Skill Development Council (c) National Scholarship Direction Council (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को 'राष्ट्रीय कौशल विकास निगम' (NSDC: National Skill Development Corporation) और 'एअरटेल पेमेंट्स बैंक' ने ग्रामीण युवाओं के प्रशिक्षण हेतु एक साझेदारी किए जाने की घोषणा की।
- साझेदारी के तहत ग्रामीण युवाओं को वित्तीय क्षेत्र की नौकरी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

- ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास कार्यक्रमों को तैयार करने और संचालित करने के लिए इस साझेदारी के तहत एअरटेल पेमेंट्स बैंक की उद्योग के बारे में समझ और NSDC के प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और विस्तृत नेटवर्क का लाभ लिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.expresscomputer.in/egov-watch/nsdc-and-airtel-payments-bank-collaborate-to-create-employment-opportunities-in-financial-services/61118/

CBIC एवं CBDT के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

प्रश्न-केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) एवं केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने डेटा के सहज द्विपक्षीय आदान-प्रदान की सुविधा के लिए समझौता-ज्ञापन कब हस्ताक्षरित किया?
(a) 21 जुलाई, 2020(b) 20 जुलाई, 2020(c) 19 जुलाई, 2020 (d) उपरोक्त में से कोई
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 21 जुलाई, 2020 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) एवं केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने डेटा के सहज द्विपक्षीय आदान-प्रदान की सुविधा के लिए समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।
- यह समझौता CBDT एवं CBEC (केंद्रीय उत्पादन व सीमा शुल्क बोर्ड) द्वारा 2015 में हस्ताक्षरित समझौते को प्रतिस्थापित (Supersede) करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1640147

सीबीडीटी और एमएसएमई मंत्रालय में समझौता

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने किस उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) के साथ एक औपचारिक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) निवेश करने(b) एक संयुक्त उद्यम की स्थापना करने
(c) डेटा साझा करने(d) डिफॉल्टरों को चिह्नित करने
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने डेटा साझा करने के उद्देश्य से सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) के साथ एक औपचारिक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन से एमएसएमई मंत्रालय को आयकर विभाग द्वारा आयकर-रिटर्न (आईटीआर) संबंधित सूचनाओं के निर्बाध प्राप्ति की सूचना मिलेगी।
- यह समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित तिथि से लागू हो गया है।
- दोनो संगठन डेटा विनिमय की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए वैकल्पिक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1639978

तमिलनाडु सरकार द्वारा 8 नए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को तमिलनाडु सरकार ने कितनी राशि के 8 नए समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए?
(a) 5,530 करोड़ रुपये(b) 8,625 करोड़ रुपये(c) 9,568 करोड़ रुपये (d) 10,399 करोड़ रुपये
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को तमिलनाडु सरकार ने 10,399 करोड़ रुपये के 8 नए समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।
- एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न योजनाओं में होने वाले इस पूरे निवेश से सौर सेल, डेटा केंद्रों और औद्योगिक पार्कों में राज्य भर में 13,507 रोजगार सृजित होंगे।
- इस समझौता-ज्ञापन से राज्य में सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण, कृषि प्रौद्योगिकी और आयरन फाउंड्री जैसे क्षेत्रों में निवेश आएगा।
- मुख्यमंत्री के. पलानी स्वामी की उपस्थिति में इन समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिसमें 5 समझौता-ज्ञापनों पर उनकी उपस्थिति में और 3 समझौता-ज्ञापनों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत परियोजनाएं राज्य के कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, रानीपेट्टई, कोयंबटूर, विलुप्पुरम और इरोड जिलों में लागू की जाएंगी।
- परियोजनाओं को विभिन्न मंजूरिया शीघ्र दिलाने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/tamil-nadu-government-signs-mous-for-rs-10000-crore-new-investments-jobs-creation/articleshow/77067436.cms#:~:text=CHENNAI%3A%20The%20Tamil%20Nadu%20government,an%20official%20release%20here%20said.

रक्षा मंत्रालय और बीईएमएल में समझौता

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को रक्षा मंत्रालय की खरीद इकाई ने कितनी अनुमानित लागत राशि से टी-90 टैंकों के लिए बारूदी सुरंग हटाने वाले 1512 उपकरणों की खरीद हेतु भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?
(a) 350 करोड़ रुपये(b) 475 करोड़ रुपये(c) 525 करोड़ रुपये (d) 557 करोड़ रुपये
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को रक्षा मंत्रालय की खरीद इकाई ने 557 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि से टी-90 टैंकों के लिए बारुदी सुरंग हटाने वाले 1512 उपकरणों की खरीद हेतु भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- इसका उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देना है।
- इस अनुबंध की खरीद और निर्माण शर्तों में इन उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले 50 प्रतिशत कलपुर्जे स्वदेश निर्मित होना आवश्यक है।
- बारूदी सुरंग हटाने वाले इन उपकरणों को सेना के बख्तरबंद कोर के टी-90 टैंकों में फिट किया जाएगा।
- बारूदी सुरंग हटाने वाले इन 1512 उपकरणों को हासिल करने का काम वर्ष 2027 तक पूरा किए जाने की योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1639963

उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के लिए समझौता

प्रश्न-24 जुलाई, 2020 को उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के लिए ट्राइफेड और किस आईआईटी और विज्ञान भारती के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) आईआईटी, मद्रास(b) आईआईटी, बॉम्बे(c) आईआईटी, रुड़की (d) आईआईटी, दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 जुलाई, 2020 को उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के लिए ट्राइफेड, आईआईटी, दिल्ली (यूबीए की तरफ से राष्ट्रीय समन्वय संस्थान के रूप में) और विज्ञान भारती (विभा (VIBHA), एक स्वदेशी आंदोलन के बीच त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन से आदिवासियों को नई प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, उत्पादन नवाचार, मेंटरशिप ओर परिवर्तनकारी डिजिटल प्रणाली से अवगत कराया जाएगा।
- आदिवासियों को आजीविका प्राप्ति में सक्षम बनाने के लिए 2600 से अधिक संस्थान ट्राइफेड के साथ जुड़ेंगे।
- आईआईटी, दिल्ली उन्नत भारत अभियान (यूबीए) हेतु राष्ट्रीय समन्वय संस्थान (एनसीआई) के साथ मिलकर ट्राइफेड द्वारा संबंधित मंत्रालयों, जिला प्रशासन, स्थानीय पंचायत राज संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, अन्य हितधारकों के साथ-साथ अन्य प्रतिभागी संस्थानों के बीच सहयोगात्मक सहयोगी के माध्यम से जनजातीय आजीविका और अन्य सृजन कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा।
- आईआईटी दिल्ली और ट्राइफेड की साझेदारी को विज्ञान भारती की विशेषता और अनुभव से भी लाभ प्राप्त होगा, जिसका उद्देश्य भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण विकास और वर्तमान संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता के लिए जागरूकता उत्पन्न करना एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1641191

भारत-श्रीलंका में मुद्रा विनिमय समझौता

प्रश्न-2020 में भारतीय रिजर्व बैंक और श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के मध्य कितनी राशि का मुद्रा विनिमय समझौता हस्ताक्षरित हुआ?

(a) 250 मिलियन डॉलर(b) 300 मिलियन डॉलर(c) 350 मिलियन डॉलर(d) 400 मिलियन डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2020 में भारत और श्रीलंका ने 400 मिलियन डॉलर का मुद्रा विनिमय (अदला-बदली) समझौता किया।
- इस समझौते के अनुबंध पर भारतीय रिजर्व बैंक और श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते पर हस्ताक्षर दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के फ्रेमवर्क (2019-22) के तहत किया गया है।
- इस मुद्रा विनिमय समझौते की मान्य अवधि 13 नवंबर, 2022 तक है।
- दोनों देशों के मध्य मुद्रा विनिमय का उपयोग विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने और देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/business/economy/rbi-signs-400-mn-currency-swap-with-sri-lanka-6523495/

भारत-इस्राइल में समझौता

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को भारत और इस्राइल के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) रक्षा विनिर्माण(b) सूचना प्रौद्योगिकी(c) साइबर सुरक्षा (d) कृषि

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को भारत और इस्राइल ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के कारण तीव्रता से हो रहे डिजिटलीकरण से बीच साइबर खतरों से निपटने हेतु साइबर सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते से दोनों पक्षों के बीच परिचालन सहयोग और मजबूत होगा तथा क्षेत्र में सुरक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए साइबर खतरों के संदर्भ में सूचना के आदान-प्रदान के दायरे का विस्तार भी होगा।
- यह समझौता क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रथाओं के आपसी आदान-प्रदान में सहायता करेगा।
- इस समझौते में भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी) भी शामिल है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी और इस्राइल के राष्ट्रीय साइबर निदेशालय के तहत करती है।
- उल्लेखनीय है कि जुलाई, 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस्राइल यात्रा के दौरान साइबर सुरक्षा को सहयोग के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया था और वर्ष 2018 में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच इस विषय को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-and-israel-sign-agreement-to-expand-collaboration-in-dealing-with-cyber-threats/articleshow/76998307.cms

भारत-इज़राइल साइबर थ्रेट समझौता

प्रश्न-भारत और इज़राइल ने साइबर थ्रेट समझौता हस्ताक्षरित किया है-

(a) 17 जुलाई, 2020 को(b) 16 जुलाई, 2020 को(c) 14 जुलाई, 2020 को (d) 15 जुलाई, 2020 को

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को भारत और इज़राइल ने साइबर खतरों से निपटने में सहयोग का विस्तार करने के लिए एक समझौता हस्ताक्षरित किया।
- यह समझौता सर्ट (CERT) एवं INCD के बीच हुआ है।
- CERT भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक इकाई है।
- जिसका पूर्ण रूप है-कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम।
- जबकि INCD इज़राइल की संस्था है, जिसका पूर्ण रूप है-इज़राइल नेशनल साइबर डायरेक्टरेट।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-and-israel-sign-agreement-to-expand-collaboration-in-dealing-with-cyber-threats/articleshow/76998307.cms

एनटीपीसी-एनआईआईएफ में समझौता

प्रश्न-16 जुलाई, 2020 को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के बीच किस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) बिजली वितरण प्रबंधन क्षेत्र में सुधार हेतु।

(b) भारत में आपसी हितों वाले क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का पता लगाने हेतु।

(c) एनटीपीसी को दीर्घावधि ऋण प्रदान करने हेतु।

(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) लिमिटेड और राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) के बीच भारत में आपसी हितों वाले क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का पता लगाने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- निवेश के प्रमुख क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली वितरण आदि शामिल हैं।
- इस समझौता-ज्ञापन के माध्यम से एनटीपीसी और एनआईआईएफ का उद्देश्य देश में चिरस्थायी और मजबूत ऊर्जा अवसरंचना का निर्माण करने वाले भारत के दृष्टिकोण में सहयोग प्रदान करना है।

- इस साझेदारी का अन्य उद्देश्य एनटीपीसी की तकनीकी विशेज्ञता और एनआईआईएफ की पूंजी एकत्रीकरण क्षमता को एक साथ लाना और अग्रणी पेशेवरों के साथ अपने वर्तमान संबंधों को का लाभ उठाकर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की प्राप्ति करना है।
- वर्तमान में एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 62,110 मेगावाट है, और उसके पास 70 स्टेशन हैं।
- एनटीपीसी का लक्ष्य वर्ष 2032 तक अपनी कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग 30 मेगावाट हिस्सा नवीकरणयी ऊर्जा स्त्रोतों के माध्यम से प्राप्त करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ntpc.co.in/en/media/press-releases/details/ntpc-enters-pact-niif-explore-business-opportunities-india

NTPC-NIIF समझौता

प्रश्न-16 जुलाई, 2020 को NTPC एवं NIIF ने एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया। नवीकरणीय ऊर्जा तथा भारत में साझा महत्व के अन्य क्षेत्रों में बिजली वितरण इत्यादि से संबंधित इस समझौते में NTPC के साथ शामिल NIIF का पूर्ण रूप है-

(a) National Investment and Infrastructure Fund (b) National Incorporated Investment Fund (c) National Integrated Investment Fund

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जुलाई, 2020 को 'राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) ने NIIF (राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष) के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।
- **क्षेत्र**
- यह समझौता नवीकरणीय ऊर्जा तथा भारत में साझा महत्व के अन्य क्षेत्रों में बिजली वितरण इत्यादि से संबंधित है।
- **उद्देश्य-**
- इस साझेदारी का उद्देश्य NTPC की तकनीकी विशेषज्ञता और NIIF (National Investment and Infrastructure Fund) की पूंजी जुटाने की क्षमता व वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को एक साथ लाना है।
- **NTPC-**
- NTPC की कुल संस्थापित क्षमता 62110 मेगावॉट है तथा NTPC ग्रुप के 70 पावर स्टेशन हैं।
- NTPC का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 2032 तक 30GW ओवरऑल पावर जनरेशन का है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1639087

नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड और एनसीआरबी में समझौता

प्रश्न-जुलाई, 2020 में नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID) ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ 'प्रथम सूचना रिपोर्ट' (एफआईआर) तथा चोरी के वाहनों पर केंद्रीकृत ऑनलाइन डेटाबेस तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। NATGRID को कब तक क्रियान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया

गया है?
(a) 30 अगस्त, 2020(b) 25 अक्टूबर, 2020 (c) 1 नवंबर, 2020(d) 31 दिसंबर, 2020
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID) ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के साथ 'प्रथम सूचना रिपोर्ट' (एफआईआर) तथा चोरी के वाहनों पर केंद्रीकृत ऑनलाइन डेटाबेस तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID) को अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम CCTNS) डेटाबेस तक पहुंच प्रदान करेगा, जो लगभग 14,000 पुलिस स्टेशनों को जोड़ता है।
- सभी राज्य पुलिस को सीसीटीएनएस में एफआईआर दर्ज कराना अनिवार्य है।
- नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (NATGRID) वन स्टॉप डेस्टिनेशन के माध्यम से सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों से डेटाबेस/सूचनाओं को एकत्र कर उनका उपयोग करने तथा बैंकिंग एवं टेलीफोन विवरण से संबंधित डेटाबेस तक पहुंचने के लिए एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म विकसित करने में मदद करेगा।
- इस परियोजना (NATGRID) को 31 दिसंबर, 2020 तक क्रियान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.thehindu.com/news/national/natgrid-to-have-access-to-database-that-links-around-14000-police-stations/article32058643.ece

स्थानीय कला, शिल्प, हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु समझौता

प्रश्न-10 जुलाई, 2020 को ई-वाणिज्यिक कंपनी फ्लिपकार्ट ने स्थानीय कला, शिल्प, हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु किस राज्य के एमएसएमई एवं खदान विभाग के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) महाराष्ट्र(b) उत्तर प्रदेश(c) कर्नाटक (d) राजस्थान
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को ई-वाणिज्यिक कंपनी फ्लिपकार्ट ने स्थानीय कला, शिल्प, हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु कर्नाटक सरकार के एमएसएमई एवं खदान विभाग के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इसका उद्देश्य स्थानीय कला, शिल्प और हथकरघा क्षेत्रों को ई-वाणिज्य मंच पर लाना और उन्हें बाजार तक पहुंच प्रदान करना है।
- फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के तहत भागीदारी से कर्नाटक के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों को अपने हॉलमार्क उत्पादों को देश भर के ग्राहकों के समक्ष प्रदर्शित करने की सुविधा मिल सकेगी।
- कर्नाटक और फ्लिपकार्ट समूह व्यापार और व्यापार समावेश को बढ़ाने के लिए मार्ग बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/flipkart-signs-mou-with-karnataka-govt-to-promote-local-art-craft-and-handlooms/1891401

आईआईटी एलुमनी काउंसिल और सीएसआईआर-आईजीआईबी में समझौता

प्रश्न-किसके द्वारा विश्व की सबसे बड़ी आणविक नैदानिक प्रयोगशाला 'मेगालैब मुंबई' की स्थापना की जा रही है?

(a) आईआईटी एलुमनी काउंसिल(b) आईआईटी बॉम्बे

(c) सीएसआईआर-आईजीआईबी (d) भाभा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को आईआईटी एलुमनी काउंसिल ने सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (सीएसआईआर-आईजीआईबी) के साथ कोविड-19 और रोगी डेटा विश्लेषण पर शोध करने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- उल्लेखनीय है कि आईआईटी एलुमनी काउंसिल (आईआईटी के पूर्व छात्रों की परिषद) विश्व की सबसे बड़ी आणविक नैदानिक प्रयोगशाला 'मेगालैब मुंबई' (Megalab Mumbai) की स्थापना कर रही है।मईकेअंतमेंइसपरिषदने1 करोड़ परीक्षण करने की क्षमता के साथ विश्व के सबसे बड़े वायरोलॉजी लैब परीक्षण केंद्र शुरु करने कीघोषणा की थी।
- पहला चरण 10 लाख परीक्षण करने की क्षमता के साथ, इसी महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा।
- आईआईटी एलुमनी काउंसिल देश के सभी 23 प्रौद्योगिकी संस्थानों और उत्कृष्ट तकनीकी संस्थानों के पूर्व छात्रों और संकाय का सबसे बड़ा निकाय है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=IIT-Alumni-Council-and-CSIR-IGIB-sign-MoU-for-joint-research-on-COVID-19-and-patient-data-analysis&id=393314

ईईएसएल-नोएडा प्राधिकरण में समझौता

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक ईरी चार्जिंग स्टेशनों और उससे संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोयडा) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्राधिकरण ने कितने सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की है?

(a) 80(b) 95(c) 154 (d) 162

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों और उससे संबंधित बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ईईएसएलइससमझौतेसेसंबंधितसेवाओंपरअग्रिमनिवेशकरनेकेसाथ-साथकुशलजनशक्ति के माध्यम से सार्वजनिक अवसंरचना का संचालन एवं देखभाल करेगा।
- नोएडा प्राधिकरण चार्जिंग अवसंरचना के लिए स्थान उपलब्ध कराएगा।
- इस पहल से प्रतिवर्ष प्रति ई-कार से 3.7 टन से अधिक कार्बन डाईआक्साइड (CO_2) उत्सर्जन कम होने का अनुमान है।नोएडाप्राधिकरणने162 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=209998

एनएलसी इंडिया लिमिटेड-कोल इंडिया लिमिटेड में समझौता

प्रश्न-3 जुलाई, 2020 को सरकारी स्वामित्व वाली खनन कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने सोलर और थर्मल पॉवर एसेट्स (5000 मेगावॉट क्षमता के) विकसित करने हेतु एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संयुक्त उद्यम कंपनी में दोनों कंपनियों की कितनी इक्विटी होगी?
(a) 75 : 25(b) 50 : 50 (c) 60 : 40(d) 70 : 30
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को सरकार के स्वामित्व वाली खनन की बड़ी कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने सोलर और थर्मल पावर एसेट्स विकसित करने हेतु एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस संयुक्त उद्यम कंपनी में दोनों कंपनियों की बराबर 50 : 50 इक्विटी होगी।
- 5000 मेगावॉट की सौर और थर्मल पॉवर एसेट्स को संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा विकसित किया जाएगा।
- एनएलसी इंडिया लिमिटेड को पहले नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/nlc-coal-india-to-form-jt-venture-to-develop-5000-mw-green-power/article31988071.ece

भारतीय रेलवे और रेलटेल में समझौता

प्रश्न-जून, 2020 में भारतीय रेलवे ने देशभर के कितने रेलवे स्टेशनों पर आईपी-आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS) की स्थापना हेतु रेलटेल के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) 2500(b) 3050(c) 5,075 (d) 6,049
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में भारतीय रेलवे ने देशभर के 6,049 रेलवे स्टेशनों पर आईपी-आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS-Video Surveillance System) की स्थापना हेतु रेलटेल के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- रेलटेल रेलवे के श्रेणी A1, ए, बी, सी, डी और ई के तहत आने वाले 6049 स्टेशनों पर वीडियो निगरानी प्रणाली मुहैया कराएगा।
- इस काम के दायरे में रेलवे के वर्तमान सीसीटीवी नेटवर्क का वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) में एकीकरण भी शामिल है।
- आईपी आधारित कैमरे आप्टिकल फाइबर केबल से जोड़े जाएंगे और सीसीटीवी कैमरों के वीडियो फीड को निकटतम आरपीएफ थाना/चौकी नियंत्रण कक्ष तक लाया जाएगा, जहां से वीडियो फीड को आरपीएफ कर्मी कई एलसीडी मॉनिटर पर देख सकेंगे।

- रेलटेल ने देशभर में 215 स्टेशनों पर पहले ही वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS) स्थापित कर चुका है।
- यह प्रणाली 85 और स्टेशनों पर सितंबर, 2020 में शुरू होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/railtel-to-provide-video-surveillance-at-6049-stations-across-country/1877338

डेटा साझा करने हेतु समझौता

प्रश्न-8 जुलाई, 2020 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने किसके साथ डेटा-साझा करने के उद्देश्य से एक औपचारिक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?
(a) एसोचैम(b) फिक्की(c) सेबी (d) वित्त मंत्रालय
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के बीच डेटा-साझा करने के उद्देश्य से एक औपचारिक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- यह समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित तिथि से लागू होगा।
- इस समझौता-ज्ञापन से सेबी और सीबीडीटी आपस में स्वचालित और नियमित आधार पर डेटा और सूचना साझा कर सकेंगे।
- इसके अलावा सेबी और सीबीडीटी विभिन्न कानूनों के तहत अपने कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से, अनुरोध पर या अपने आप डेटाबेस में उपलब्ध जानकारी का आदान-प्रदान भी करेंगे।
- एक डेटा एक्सचेंज स्टीयरिंग ग्रुप भी गठित किया गया है, जो डेटा साझा की स्थिति की समीक्षा करने और डेटा साझा तंत्र की प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के संदर्भ में समय-समय पर बैठक करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/sebi-cbdt-ink-mou-for-data-exchange/articleshow/76855317.cms

एनएसडीसी और माइक्रोसॉफ्ट के मध्य साझेदारी

प्रश्न-8 जुलाई, 2020 को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और माइक्रोसॉफ्ट ने अगले 12 महीनों में देश में कितने युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने हेतु रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की?
(a) 50 हजार से अधिक(b) 75 हजार से अधिक(c) 1 लाख से अधिक (d) 1.5 लाख से अधिक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 8 जुलाई, 2020 को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और माइक्रोसॉफ्ट ने अगले 12 महीनों में देश में 1 लाख से अधिक युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने हेत रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।
- माइक्रोसॉफ्ट शिक्षण संसाधनों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करने और डिजिटल कार्यक्रम का संवचालन करने हेतु एनएसडीसी के ई-स्किल इंडिया पोर्टल के साथ सहयोग करेगा।

- इसके माध्यम से नई पीढ़ी के शिक्षार्थियों को वैसे कौशल उपलब्ध कराए जाएंगे, जो डिजिटल अर्थव्यवस्था में कामयाब बनाने हेतु आवश्यक हैं।
- इस साझेदारी के हिस्से के रूप में माइक्रोसॉफ्ट का लर्निंग रिसोर्स सेंटर 'माइक्रोसॉफ्ट लर्न' को इस भागीदारी के तहत ई-स्किल इंडिया पोर्टल के साथ एकीकृत किया जाएगा।
- एनएसडीसी के साथ यह साझेदारी माइक्रोसॉफ्ट की वैश्विक कौशल पहल का विस्तार है।
- इस पहल के तहत माइक्रोसॉफ्ट ने कोविड-19 के मद्देनजर प्रासंगिक कौशल से विश्वभर में 25 मिलियन लोगों की मदद करने का लक्ष्य रखा है।
- ई-स्किल इंडिया प्लेटफॉर्म पर माइक्रोसॉफ्ट लर्न के एकीकृत होने से शिक्षार्थियों को अनुकूलित सामग्री और संसाधन उपलब्ध होंगे।
- ई-स्किल इंडिया और माइक्रोसॉफ्ट एनएसडीसी के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत नामांकित छात्रों, प्रशिक्षण भागीदारों और उच्च-शिक्षा प्रशिक्षुओं का समर्थन करने के लिए देशभर में ई-कौशल कार्यक्रमों, वेबिनार और आभासी सत्रों की सह-मेजबानी करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://news.microsoft.com/en-in/nsdc-microsoft-collaborate-empower-youth-digital-skills/

समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को भारतीय तटरक्षक बल और किस देश के तटरक्षक बल के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।

(a) श्रीलंका(b) इंडोनेशिया(c) मालदीव (d) सेशेल्स

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को भारतीय तटरक्षक बल और इंडोनेशियाई तटरक्षक बल के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इसका उद्देश्य भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाना है।
- इस समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत दोनों देश अपने क्षेत्रों में समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री खोज एवं बचाव और समुद्री प्रदूषण बचाव कार्यों में सहयोग करेंगे।
- इसके तहत दोनों देशों के तटरक्षक बल समुद्री अपराध को रोकने और समुद्र में समन्वित खोज एवं बचाव कार्यों की सुविधा और क्षमता निर्माण गतिविधियों के संचालन हेतु सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/international/indian-coast-guard-indonesia-coast-guard-sign-mou-boost-maritime-relations

बीडीएल और डीआरडीओ में समझौता

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-'डीआरडीओ' (डीआरडीओ) के साथ किस मिसाइल हथियार प्रणाली हेतु ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी और लाइसेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए?

(a) पृथ्वी(b) आकाश(c) नाग (d) अग्नि
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) (डीआरडीएल-रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला) के साथ आकाश मिसाइल हथियार प्रणाली (भारतीय सेना वेरियंट) हेतु ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी और लाइसेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया।
- आकाश स्वदेश निर्मित कम दूरी से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है।
- आकाश मिसाइल डीआरडीओ (DRDO) द्वारा डिजाइन और विकसित की गई है।
- यह मिसाइल बीडीएल द्वारा निर्मित है।
- यह मिसाइल प्रणाली विमान को 30 किमी. दूर व 18000 मीटर ऊंचाई तक टारगेट कर सकती है।
- वर्तमान में यह भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ परिचालन सेवा में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/bdl-signs-licence-agreement-with-drdo-for-akash-missile-weapon-system/article32005354.ece

यू.के.आईबीसी-एमआईडीसी में समझौता

प्रश्न-3 जुलाई, 2020 को यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूके आईबीसी) और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के बीच एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1993(b) 1999(c) 2005 (d) 2014
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के बीच एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन से महाराष्ट्र को अपने व्यावसायिक वातावरण को बेहतर बनाने और ब्रिटिश व्यवसायों के साथ अपने सहयोग को मजबूत करने में मदद मिलेगी।
- एक वर्चुअल राउंडटेबल चर्चा भी आयोजित हुई, जिसमें यूके (UK) आधारित व्यवसायों द्वारा महाराष्ट्र में भविष्य की निवेश योजनाओं, राज्य में अर्थव्यवस्था को पुनः विकसित करने, आत्मनिर्भर भारत आदि पर चर्चा की गई।
- उल्लेखनीय है कि यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) का मुख्यालय लंदन में स्थित है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1993 में दोनों देशों यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/midc-signs-pact-with-uk-india-business-council/article32001172.ece

अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन खरीदने हेतु समझौता

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड ने जानकारी प्रदान की कि उसने अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण हेतु कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) के साथ समझौता किया है। इस अधिग्रहण की कुल राशि कितनी होगी?

(a) 850 करोड़ रुपये(b) 930 करोड़ रुपये(c) 1185 करोड़ रुपये (d) 1286 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड ने जानकारी प्रदान की कि उसने अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण हेतु कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) के साथ समझौता किया है।
- इस अधिग्रहण की कुल राशि 1286 करोड़ रुपये होगी।
- केपीटीएल के इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण 10 रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर किया गया है।
- अलीपुरद्वार ट्रांसमिशन पश्चिम बंगाल और बिहार में 650 सर्किट किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइनों का परिचालन करती है।
- इस अधिग्रहण के साथ ही अडाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड का कुल नेटवर्क 15,400 सर्किट किलोमीटर तक पहुंच जाएगा।
- इसमें से 12000 किलोमीटर से अधिक (इस संपत्ति को मिलाकर) परिचालन में है, जबकि 3200 सर्किट किलोमीटर निर्माण के विभिन्न चरणों में है।
- यह अधिग्रहण सभी नियामकीय मंजूरियों और अन्य सहमतियों के पूरा होने पर दो माह में पूरा होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/adani-transmission-to-buy-kalpataru-s-transmission-asset-for-rs-1-286-cr-120070600354_1.html

एमएसएमई आपातकालीन उपाय कार्यक्रम हेतु समझौता

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को विश्व बैंक और भारत सरकार के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) हेतु 'आपातकालीन उपाय कार्यक्रम' के लिए कितनी ऋण राशि का समझौता हस्ताक्षरित हुआ?

(a) 450 मिलियन डॉलर(b) 550 मिलियन डॉलर(c) 650 मिलियन डॉलर (d) 750 मिलियन डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को विश्व बैंक और भारत सरकार के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) हेतु 'आपातकालीन उपाय कार्यक्रम' के लिए 750 मिलियन डॉलर का ऋण समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वित्त का प्रवाह बढ़ाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करना है।
- विश्व बैंक के एमएसएमई आपातकालीन उपाय कार्यक्रम से लगभग 1.5 मिलियन लाभप्रद एमएसएमई की नकदी एवं ऋण संबंधी तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।
- जिससे उन्हें मौजूदा संकट के प्रभावों को झेलने के साथ-साथ लाखों नौकरियों की रक्षा करने में मदद मिलेगी।

- विश्व बैंक ने एमएसएमई परियोजना सहित भारत के आपातकालीन कोविड-19 उपायों में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु अब तक 2.75 अरब डॉलर राशि देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
- इस वर्ष अप्रैल महीने में विश्व बैंक ने 1 अरब डॉलर की पहली आपातकालीन सहायता भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग देने के लिए घोषित की थी।
- 1 अरब डॉलर की एक और परियोजना को मई महीने में गरीबों और कमजोर वर्गों को नकद हस्तांतरण एवं खाद्य संबंधी लाभों में वृद्धि करने हेतु मंजूर की थी।
- 750 मिलियन डॉलर राशि का यह ऋण अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) प्रदान करेगा।
- इस ऋण राशि की परिपक्वता अवधि 19 वर्ष है, जिसमें 5 वर्ष की छूट अवधि शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/business/govt-world-bank-ink-750-million-us-dollar-agreement-msme-emergency-response-programme

भारत बांग्लादेश LPG व्यवसाय समझौता

प्रश्न-बांग्लादेश में LPG व्यवसाय के लिए भारत और बांग्लादेश ने हाल ही में पचास-पचास प्रतिशत भागीदारी से संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन संबंधी एक समझौता हस्ताक्षरित किया है। निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनियां समझौते के पक्षकारों में शामिल हैं?

(a) IOC Middle Easpt FZE (आईओसी मिडिल ईस्ट एफजेडई) एवं आरआर होल्डिंग्स लि.।
(b) ONGC विदेश एवं गैस ट्रांसमिशन कंपनी लि.
(c) IOC Middle East FZE एवं पद्मा ऑयल कंपनी लि.
(d) ONGC विदेश एवं पेट्रोबांग्ला

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को भारत और बांग्लादेश के बीच LPG (तरल पेट्रोलियम गैस) व्यवसाय के लिए एक समझौता हस्ताक्षरित किया गया।
- **समझौते का उद्देश्य-**बांग्लादेश में LPG व्यवसाय हेतु एक पचास-पचास प्रतिशत भागीदारी वाले संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन करना है।
- **पक्षकार-**समझौते के हस्ताक्षरकर्ताओं में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के पूर्ण स्वामित्व वाली आईओसी मिडिल ईस्ट एफजेडई एवं RR होल्डिंग्स लि. शामिल हैं। R.R. होल्डिंग्स लि. UAE में स्थित है और बेक्सिमको (Besimco) LPG के लिए मूल (Parent) कंपनी है।
- बेक्सिमको LPG बांग्लादेश में LPG के डाउनस्ट्रीम विपणन और वितरण में अग्रणी कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=India-Bangladesh-form-50%3A50-Joint-Venture-Company-for-LPG-business-in-Bangladesh&id=392609

यूएसएमसीए लागू

प्रश्न-अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा के बीच एक नया मुक्त व्यापार समझौता (USMCA) कब से लागू हुआ?
(a) 30 जून, 2020(b) 1 जुलाई, 2020(c) 2 जुलाई, 2020 (d) 3 जुलाई, 2020
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा के बीच एक नया मुक्त व्यापार समझौता (United States Mexico-Canada Agreement-USMCA) लागू हो गया।
- तीनों देशों ने 10 दिसंबर को इस समझौते पर मैक्सिको सिटी में हस्ताक्षर किए थे, जिसे संबंधित देशों की संसद द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- नया मुक्त व्यापार समझौता 25 वर्ष पुराने उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता (NAFTA) का स्थान लेगा।
- अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा नया मुक्त व्यापार समझौता (USMCA) में श्रम सुधार, पर्यावरण संबंधी मामलों की निगरानी आदि को कठोर बनाने के प्रावधान शामिल हैं।
- इसमें औषधियों के सस्ते जेनेरिक संस्करणों की राह में बाधा बनने वाले प्रावधानों को भी दूर करने के उपाय किए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sdg.iisd.org/news/new-trade-agreement-between-us-mexico-and-canada-enters-into-force/#:~:text=The%20US%20%E2%80%93%20Mexico%20%E2%80%93%20Canada%20Agreement,Free%20Trade%20Agreement%20(NAFTA).

अपशिष्ट के संदर्भ में समझौता

प्रश्न-30 जून, 2020 को एनटीपीसी लिमिटेड, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) और किसके बीच दिल्ली के ओखला स्थित उर्जा संयंत्र हेतु अपशिष्ट के संदर्भ में एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?
(a) इंडियन ऑयल(b) ओएनजीसी(c) भारत पेट्रोलियम (d) हिंदुस्तान पेट्रोलियम
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को दिल्ली के ओखला स्थित ऊर्जा संयंत्र हेतु इंडियन ऑयल, एनटीपीसी लिमिटेड और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) के बीच अपशिष्ट के संदर्भ में एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन अंतर्गत इंडियन ऑयल, एसडीएमसी, एनटीपीसी लिमिटेड गैसीकरण प्रौद्योगिकी का उपयोग करके दिल्ली के ओखला लैंडफिल साइट पर संयुक्त रूप से एक नमूना वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र विकसित करेंगे।
- यह संयंत्र प्रति वर्ष नगरपालिका अपशिष्टों के दहनशील घटकों से उत्पन्न होने वाले 17,500 टन अपशिष्ट व्युत्पन्न ईंधन (आरडीएफ) को संसाधित करेगा, जिसका उपयोग बिजली उत्पन्न करने में किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://timesofindia.indiatimes.com/city/delhi/okhla-landfill-to-churn-out-power-sdmc-inks-pact-with-ntpc-ioc/articleshow/76719354.cms

भूटान सरकार और खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड में समझौता

प्रश्न-29 जून, 2020 को भूटान सरकार और खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड के बीच भूटान की राजधानी थिम्पू में कितने मेगावॉट क्षमता की खोलोंगछू पनबिजली परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए?

(a) 400 मेगावॉट(b) 500 मेगावॉट(c) 600 मेगावॉट (d) 750 मेगावॉट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 जून, 2020 को भूटान सरकार और खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड के बीच भूटान की राजधानी थिम्पू में खोलोंगछू पनबिजली परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 600 मेगावॉट की यह परियोजना पूर्वी भूटान के त्राशियांगत्से जिले में खोलोंगछू नदी पर निर्मित की जाएगी।
- यह योजना खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड द्वारा संचालित की जाएगी।
- खोलोंगछू हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड भूटान के द्रूक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (DGPC) और भारत के सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (SJVWL) के बीच बनी एक संयुक्त उपक्रम कंपनी है।
- यह परियोजना वर्ष 2025 तक पूरी होने की संभावना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/32794/Signing+of+Concession+Agreement+for+600+MW+Kholongchhu+Hydroelectric+Project+in+Bhutan

विधि/न्याय

मध्यप्रदेशसाहूकारी (संशोधन) विधेयकएवंअनुसूचितजनजातिऋणमुक्तिविधेयक, 2020

प्रश्न-13 जुलाई,2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी प्रदत्त अनुसूचित जनजाति ऋण मुक्ति विधेयक, 2020 के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति के सभी व्यक्तियों के कब तक के सभी ऋण ब्याज सहित माफ किए जाने का प्रावधान किया गया है?

(a) 1 जून, 2020(b) 30 जुलाई, 2020(c) 15 अगस्त, 2020 (d) 30 सितंबर, 2020

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 जुलाई, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा मध्य प्रदेश साहूकारी संशोधन विधेयक एवं अनुसूचित जनजाति ऋण मुक्ति विधेयक, 2020 को मंजूरी प्रदान की गई।
- मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति ऋण मुक्ति विधेयक का उद्देश्य आदिवासियों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराना है।
- इस विधेयक अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति के सभी व्यक्तियों के 15 अगस्त, 2020 तक के सभी ऋण ब्याज सहित माफ किए जाने का प्रावधान किया गया है।
- मध्य प्रदेश साहूकारी (संशोधन) विधेयक, 2020 में अन्य वर्गों को भी साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराने के संबंध में प्रावधान किया गया है।

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20200713N16&LocID=1

वर्ष/दिवस/सप्ताह

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय प्रसारण दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 24 जुलाई(b) 23 जुलाई(c) 22 जुलाई (d) 20 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को देशभर में 'राष्ट्रीय प्रसारण दिवस' (National Broadcasting Day) मनाया गया।
- वर्ष 1927 में इसी दिन बॉम्बे स्टेशन से पहला रेडियो प्रसारण किया गया था।
- तब इस स्टेशन का स्वामित्व एक निजी कंपनी के पास था जिसका नाम (इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी) था।
- 1 अप्रैल, 1930 को सरकार ने प्रसारण को अपने नियंत्रण में ले लिया तथा इसका नाम बदलकर इंडियन स्टेट ब्रॉडकॉस्टिंग सर्विस (ISBS) कर दिया।
- बाद में, 8 जून, 1936 को इसका नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो किया गया।
- भारत में 23 भाषा के 414 ऑल इंडिया स्टेशन हैं और 179 क्षेत्रीय भाषा के प्रसारण केंद्र हैं, जो विश्व में सबसे बड़ा सार्वजनिक प्रसारक संगठन है।
- इसका आदर्श वाक्य है-'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय'।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.byscoop.com/national-broadcasting-day-23-july-2/

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 26 जुलाई(b) 28 जुलाई(c) 29 जुलाई (d) 30 जुलाई
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 29 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस' (International Tiger Day) मनाया गया।
- **उद्देश्य-**विश्व में बाघों के निवास स्थान का संरक्षण, विस्तार तथा उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना।
- वर्ष 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में बाघ सम्मेलन में 29 जुलाई को प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था।
- इस सम्मेलन में वर्ष 2022 तक बाघों की संख्या को दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त किया गया था।दरअसलअवैधशिकारऔरवनोंकेनष्टहोनेकेकारणविश्वकेकईदेशोंमेंबाघोंकीसंख्यामेंकाफीगिरावटआईहै।
- गौरतलब है कि भारत सरकार ने बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' की शुरुआत की थी।

- वर्तमान में भारत में कुल 50 टाइगर रिजर्व कोर और बफर क्षेत्र (Tiger Reserves Core and Buffer Areas) हैं।
- अखिल भारतीय बाघ अनुमान रिपोर्ट, 2018 के अनुसार, देश में बाघों की संख्या 2967 है।
- इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने राष्ट्र को गिनीज विश्व रिकॉर्ड समर्पित किया।
- यह बाघों की गिनती में निगरानी के लिए लगाए गए सबसे अधिक कैमरों के संबंध में है।
- भारत में फिलहाल विश्व के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक बाघ हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/international-tiger-day-2020-date-significance-history-and-save-wildlife-quotes-1705524-2020-07-29

विश्व हेपेटाइटिस दिवस

प्रश्न-'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 26 जुलाई(b) 29 जुलाई(c) 20 जुलाई (d) 28 जुलाई
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' (World Hepatitis Day) मनाया गया।**मुख्यविषय (Theme)-**"हेपेटाइटिस-मुक्त भविष्य"।
- **उद्देश्य-**हेपेटाइटिस रोग की रोकथाम, परीक्षण और उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में 63वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में हेपेटाइटिस-बी वायरस के खोजकर्ता व नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. बारूच सैमुएल ब्लूमबर्ग के जन्मदिवस (28 जुलाई) को इस दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया था।
- डब्ल्यू एच.ओ. के अनुसार, विश्वभर में 325 मिलियन व्यक्ति हेपेटाइटिस 'बी' व 'सी' से संक्रमित हैं।इसकेअनुसार, प्रति वर्ष 900,000 व्यक्ति हेपेटाइटिस बी वायरस संक्रमण से मरते हैं।
- हेपेटाइटिस के वायरस मुख्यतः 5 प्रकार (A, B, C, D तथा E) के होते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/campaigns/world-hepatitis-day/2020

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

प्रश्न-'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 29 जुलाई(b) 28 जुलाई(c) 30 जुलाई (d) 25 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 28 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' (World Nature Conservation Day) मनाया गया।

- **उद्देश्य-**लोगों में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के लिए सर्वोत्तम प्रयासों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- गौरतलब है कि पृथ्वी हमें सीमित मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों की आपूर्ति करती है, जिन्हें हमें भावी पीढ़ी के लिए भी बचाते हुए इनका उपयोग करना चाहिए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/world-nature-conservation-day-2020-here-s-how-you-can-make-a-difference-120072800272_1.html

कारगिल विजय दिवस

प्रश्न-हाल ही में 'कारगिल विजय दिवस' की 21वीं वर्षगांठ कब मनाई गई?
(a) 24 जुलाई(b) 23 जुलाई(c) 26 जुलाई (d) 28 जुलाई
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 26 जुलाई, 2020 को 'कारगिल विजय दिवस' की 21वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई, 1999 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों से अपनी कई ऊंची सीमा चौकियों (High Out Posts) को स्वतंत्र करा लिया था।
- इस अवसर पर देशभर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमर जवान ज्योति पर सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों के साथ 'ऑपरेशन विजय' में भाग लेने वाले बहादुर सैनिकों के साहस, शौर्य बलिदानों के प्रति श्रद्धांजलि दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/kargil-vijay-diwas-2020-live-updates-6523487/

विश्व शतरंज दिवस

प्रश्न-'विश्व शतरंज दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 18 जुलाई(b) 15 जुलाई(c) 20 जुलाई (d) 19 जुलाई
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व शतरंज दिवस' (World Chess Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर, 2019 को वर्ष 1924 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष '20 जुलाई' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इस दिवस के अवसर पर विश्वभर के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी एक उच्चस्तरीय आभासी कार्यक्रम 'Chess For Recovering) में भाग लिया।
- गौरतलब है कि शतरंज सबसे प्राचीन, बौद्धिक और सांस्कृतिक खेलों में से एक है।
- जिसमें खेल, वैज्ञानिक सोच और कला के तत्व शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/world-chess-day

नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-हाल ही में कब नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया है?
(a) 16 जुलाई(b) 20 जुलाई(c) 18 जुलाई (d) 15 जुलाई
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 18 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'नेल्सन मंडेला अंतरराष्ट्रीय दिवस' (Nelson Mandela International Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-लोगों को विश्व में शांति और सौहार्द के लिए बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना।
- यह दिवस नेल्सन मंडेला के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि उनका जन्म 18 जुलाई, 1918 को हुआ था।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नवंबर, 2009 में प्रतिवर्ष '18 जुलाई को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/events/mandeladay/

मलाला दिवस

प्रश्न-'मलाला दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 15 जुलाई (b) 12 जुलाई (c) 13 जुलाई (d) 18 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 12 जुलाई, 2020 को विश्व भर में 'मलाला दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस विश्व भर में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान की बाल एवं महिला अधिकार कार्यकत्री मलाला युसुफजई के जन्म दिन को इस दिवस के रूप में घोषित किया है।
- गौरतलब है कि लड़कियों की शिक्षा के लिए सार्वजनिक रूप से आवाज उठाने वाली मलाला युसुफजई पर तालिबान बंदूधारियों द्वारा 9 अबर, 2012 को गोली चलाई गई थी।
- वह वर्ष 2014 में बाल अधिकारों के लिए अपने प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र की प्राप्तकर्ता बनी थीं।
- उन्होंने एक गैर-लाभकारी संस्था 'मलाला फंड' की स्थापना की है, जो युवा लड़कियों को स्कूल जाने में मदद करता है।
- वह प्रसिद्ध पुस्तक 'I am Malala नामक पुस्तक की सह-लेखिका भी है।
- उन पर बनीं डॉक्यूमेंट्री 'He Named Me Malala को वर्ष 2015 में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/books/malala-day-2020-malala-fund-to-compile-anthology-on-girls-right-to-education/story-UVgwtbvsZqT4ZUtftBjmHJ.html

विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस

प्रश्न-'विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 14 जुलाई(b) 17 जुलाई(c) 15 जुलाई (d) 20 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 17 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस' (World Day for International Justice) मनाया गया।
- यह दिवस अंतरराष्ट्रीय न्याय की सुदृढ़ व्यवस्था को मान्यता देने और पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई, 1998 को अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल न्यायालय (ICC) की संस्थापक संधि और रोम संविधि को अपनाने की वर्षगांठ का प्रतीक है।
- जो लोगों को नसंहार, मानवता के विरूद्ध अपराध, युद्ध अपराधों आक्रामकता के अपराध से बचाने की कोशिश करता है।
- अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट (ICC) के बारे में
- स्थापना (कार्य प्रारंभ करने की तिथि)-1 जुलाई, 2002
- मुख्यालय-द हेग, नीदरलैंड्स
- वर्तमान अध्यक्ष -चिली इबोए-ओसुजी (Chile Eboe-Osuji)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.awarenessdays.com/awareness-days-calendar/world-day-for-international-justice-2020/

विश्व युवा कौशल दिवस

प्रश्न-'विश्व युवा कौशल दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 12 जुलाई(b) 15 जुलाई(c) 14 जुलाई (d) 10 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को संपूर्ण 'विश्व विश्व युवा कौशल दिवस' (World Youth Skill Day) मनाया गया।
- वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) हैं-"Skills for a Resilint Youth" ।
- इस दिवस का उद्देश्य वर्ष 2030 के आगामी सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) हेतु रोजगार के लिए शिक्षा और कौशल पर निम्न दो लक्ष्यों के प्रस्ताव को बढ़ावा देना हैं-

- लक्ष्य-4- समावेशी और समान गुणवत्ता की शिक्षा सुनिश्चित करने और सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसर को बढ़ावा देना।
  (ii) सभी के लिए, समावेशी और सतत आर्थिक विकास, रोजगार और प्रतिष्ठित काम को बढ़ावा देना।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 दिसंबर, 2014 को युवाओं के कौशल विकास में निवेश के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 जुलाई को प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था।
- इस अवसर पर भारत में कौशल भारत मिशन (Skill India Mission) शुरूआत की 5वीं वर्षगांठ मनाई गई।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.un.org/en/observances/world-youth-skills-day
https://www.ilo.org/newyork/events-and-meetings/WCMS_749667/lang–en/index.htm

विश्व जनसंख्या दिवस

प्रश्न-'विश्व जनसंख्या दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 11 जुलाई(b) 10 जुलाई(c) 8 जुलाई (d) 13 जुलाई
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व जनसंख्या दिवस' (World Population Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)-"Putting the breaks on Covid-19: How to safeguard the health and rights of women and girls now."
- उद्देश्य-परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ-स्वास्थ्य और मानव अधिकारों जैसे जनसंख्या मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की शासकीय परिषद द्वारा वर्ष 1989 में एक प्रस्ताव पारित कर 11 जुलाई को प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वर्ष 2011 में, वैश्विक आबादी 7 बिलियन तक पहुंच गई है।
- आज यह लगभग 7.7 बिलियन है, और इसके वर्ष 2030 में लगभग 8.5 बिलियन, वर्ष 2050 में 9.7 बिलियन और वर्ष 2100 में 10.9 बिलियन होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unfpa.org/events/world-population-day

वर्ल्ड जूनोसेस

प्रश्न-'वर्ल्ड जूनोसेस डे' कब मनाया जाता है?
(a) 7 जुलाई(b) 4 जुलाई(c) 3 जुलाई (d) 6 जुलाई
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को विश्वभर में 'विश्व जूनोसेस दिवस' (World Zoonoses Day) मनाया गया।

- **उद्देश्य-**लोगों में जूनोटिक रोगों के जोखिम के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस फ्रांसीसी जीवविज्ञानी लुई पाश्चर की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने 6 जुलाई, 1885 को रैबीज वायरस (एक खतरनाक जूनोटिक बीमारी) से निपटने हेतु पहला सफल टीका लगाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://minister.awe.gov.au/littleproud/media-releases/world-zoonoses-day-2020

अंतरराष्ट्रीय संक्रांति दिवस

प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय संक्रांति दिवस मनाया गया-
(a) 21 जून को(b) 16 जून को(c) 15 जून को (d) 14 जून को
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 21 जून को अंतरराष्ट्रीय संक्रांति दिवस (International Solstice Day) मनाया गया।
- 20 जून, 2019 को संयुक्त राष्ट्र महासभादाता इस दिवस को मनाये जाने की घोषणा की गई थी।
- सोलस्टाइस (Solstice) शब्द की उत्पत्ति लैटिन शब्द 'सोल' (Sun) एवं 'सिस्टेरे' (सीधे खड़े रहना) से हुई है।
- वार्षिक तौर पर दो सोलस्टाइस होते हैं- 21 जून के आस-पस (समर सोलस्टाइस एवं 21 दिसंबर के आस-पास (विंटर सोलस्टाइस)।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/solstice-day

विश्व खेल पत्रकार दिवस

प्रश्न-'विश्व खेल पत्रकार दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 3 जुलाई(b) 1 जुलाई(c) 29 जून (d) 2 जुलाई
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व खेल पत्रकार दिवस' (World Sports Journalist Day) मनाया गया।उद्देश्य-खेल पत्रकारों के कार्यों की सराहना करना और उन्हें अपने काम में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करना।इस दिवस को मनाए जाने की शुरुआत इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन (AIPS) की 70वीं वर्षगांठ को चिन्हित करने के लिए वर्ष 1994 में की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://indianathletics.in/happy-world-sports-journalists-day-2020/

संसदीयता का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-संसदीयता का अंतरराष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 26 जून (b) 30 जून (c) 20 जून (d) 29 जून

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'संसदीयता का अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day of Parliamentrism) मनाया गया।उद्देश्य-राष्ट्रीययोजनाओं और रणनीतियों में संसदों की भूमिका पहचानने और राष्ट्रीय तथा वैश्विक स्तर पर अधिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना।
- यह दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि वर्ष 1989 में इसी दिन संसदों के वैश्विक संगठन अंतर-संसदीय संघ (IPU) की स्थापना हुई थी।
- IPU का उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय संवाद कायम करना तथा शांति एवं सहयोग बनाए रखते हुए लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाना है।
- उल्लेखनीय है कि मई, 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रति वर्ष 30 जून को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/parliamentarism-day

अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 26 जून(b) 28 जून(c) 16 जून (d) 30 जून

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस' (International Asteroid Day) मनाया गया।इसदिवसकाउद्देश्यक्षुद्रग्रहप्रभावखतरोंकेबारेमेंसार्वजनिकजागरूकताबढ़ानाहै।उल्लेखनीयहै कि दिसंबर, 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रति वर्ष 30 जून को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि यह दिवस 30 जून, 1908 को साइबेरिया (रूस) में 'तुंगुस्का प्रभाव' (घटना) की सालगिरह के अवसर पर मनाया जाता है।
- इस घटना के तहत रूस की तुंगुस्का नदी के पास बहुत बड़ा विस्फोट हुआ था।
- जिसे क्षुद्रग्रह के चलते धरती पर हुआ अब तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/asteroid-day

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 29 जून (b) 1 जुलाई (c) 26 जून (d) 3 जुलाई
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2020 को देश भर में 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करने व समाज में चिकित्सकों के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।यहदिवसप्रसिद्धचिकित्सकवपश्चिमबंगालकेदूसरेमुख्यमंत्रीविधानचंद्ररायकीयादमेंमनायाजाताहै।
- डॉ. रॉय का जन्म 1 जुलाई, 1882 को हुआ था।
- उनको वर्ष 1961 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।
- इस दिवस की स्थापना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1961 में की गई थी।
- इनकी स्मृति में भारत सरकार ने बी.सी. राय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना भी की है।
- वर्ष 1928 में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के गठन में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635676

पुस्तकें

पुस्तक-सूरज कदे मरदा नही

प्रश्न-'सूरज कदे मरदा नहीं' किस स्वतंत्रता सेनानी के कई पहलुओं को चित्रित किया गया है?
(a) मदन लाल ढींगरा (b) महात्मा गांधी (c) लाला लाजपत राय (d) उधम सिंह
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 31 जुलाई, 2020 को उधम सिंह की 80वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुस्तक 'सूरज कदे मरदा नहीं' (Sun Never Dies) को औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा।
- इस पुस्तक के लेखक साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता बलदेव सिंह सदकनामा हैं।
- इस पुस्तक में स्वतंत्रता सेनानी उधम सिंह के कई पहलुओं को चित्रित किया गया है।
- इस पुस्तक में कर्नल रेजिनाल्ड डायर से संबंधित कुछ तथ्यों का वर्णन किया गया है, जिसे जलियांवाला बाग के नरसंहार का दोषी माना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://m.dailyhunt.in/news/india/english/adda247-epaper-adda/a+book+titled+suraj+kade+marda+nahi+authored+by+baldev+singh+sadaknama-newsid-n200376846

पुस्तक-द एंड गेम

प्रश्न-पुस्तक 'द एंड गेम' के लेखक कौन हैं?

(a) एस. नारीमन(b) सिद्धार्थ पारिख(c) एस. हुसैन जैदी (d) बेजान दारुवाला

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में पुस्तक द एंडगेम (THE END GAME) हॉर्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है।
- इस पुस्तक के लेखक एस. हुसैन जैदी हैं।
- यह पुस्तक राजनीति, विश्वासघात और अकल्पनीय आतंकवाद पर आधारित है।
- इससे पूर्व एस. हुसैन जैदी द्वारा लिखी गई अन्य पुस्तकें ब्लैक फ्राइडे, माफिया क्वीस ऑफ मुंबई, डोंगरी टू मुंबई और बाइकुला टू बैंकॉक हैं।
- वह 26/11 के आंतकवादी हमलों पर आधारित एक एचबीओ डॉक्यूमेंट्री 'टेरर इन मुंबई' के सहयोगी निर्माता भी रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theweek.in/wire-updates/national/2020/07/18/lst3-book-zaidi.html

पुस्तक-इफ इट ब्लीड्स

प्रश्न-पुस्तक-इफ इट ब्लीड्स' के लेखक कौन हैं?

(a) रस्किन बांड(b) स्टीपन हार्पर(c) स्टीपन किंग (d) जोनाथन स्विफ्ट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को पुस्तक 'इफ इट ब्लीड्स' हैचेट इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई।
- इस पुस्तक के लेखक स्टीफन किंग है।
- इसमें 4 कहानियों का संग्रह है।
- यह पुस्तक अल्बर्ट मैरेडी मिडिल स्कूल (Albert Macready Middle School) में हुए बम कांड पर केंद्रित है।
- स्टीफन किंग को वर्ष 2014 में 'नेशनल मेडल ऑफ आर्टस' पुरस्कार प्रदान किया गया था।
- किंग हाल ही में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति अपना समर्थन देने के कारण चर्चा में रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/books-and-literature/stephen-kings-new-book-india-6497360/

पुस्तक-ए सांग ऑफ इंडिया

प्रश्न-पुस्तक-'ए सांग ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?

(a) सम्राट हलदर(b) रस्किन बॉन्ड(c) चेतन भगत (d) अमिताव घोष

उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को पफिन बुक्स द्वारा पुस्तक 'ए सांग ऑफ इंडिया' (A Song of India) प्रकाशित की जाएगी।
- यह पुस्तक लेखक के साहित्यिक कैरियर के 70 वर्षों के विवरण को चिह्नित करेगी।
- इस पुस्तक के लेखक रस्किन बॉन्ड हैं।
- इस पुस्तक में एक सफल लेखक बनने से पूर्व उनके जीवन का भी चित्रण है।
- यह पुस्तक उनकी संस्मरण शृंखला में चौथी है।
- उनकी अन्य 3 संस्मरण शृंखलाएं 'लुकिंग फॉर द रेन बो' (2017) टिल द क्लाउड्स रोल बाई (2017) और कमिंग राउंड द माउंटेन (2019) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://indianexpress.com/article/books-and-literature/ruskin-bonds-new-book-will-mark-70-years-of-his-writing-journey-6501769/

पुस्तक-मेरा युद्ध, कैंसर विरुद्ध

प्रश्न-पुस्तक-'मेरा युद्ध, कैंसर विरुद्ध' के लेखक कौन हैं?
(a) डॉ. अर्जुन मेधवाल(b) डॉ. भावेश कुमार(c) डॉ. जसवंत राठी (d) डॉ. वेद प्रकाश गोयल
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुस्तक-'मेरा युद्ध, कैंसर विरुद्ध' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक डॉ. जसवंत राठी हैं।
- यह पुस्तक लगभग 2.5 वर्षों तक कैंसर की बीमारी से जूझते हुए लेखक के स्वयं के अनुभवों पर आधारित है।
- इसका उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों में डर को दूर करना और कैंसर पीड़ितों का साहस बढ़ाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.208683.html#

पुस्तक-'हिज होलीनेस द फोर्टिंथ दलाई लामा : एन इलेस्ट्रेटेड बॉयोग्राफी'

प्रश्न-पुस्तक-'हिज होलीनेस द फोर्टिंथ दलाईलामा : एन इलेस्ट्रेटेड बॉयोग्राफी' के लेखक कौन हैं?
(a) तिरसोंग डेटसेन(b) लोबसांग सांग्ये(c) तेनजिंग ग्याचे तेथोंग (d) तेनजिन डेलेक रिनपोछे
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2020 में पुस्तक – 'हिज होलीनेस द फोर्टिंथ दलाईलामा : एन इलेस्ट्रेटेड बायोग्राफी' रोली बुक्स प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की जाएगी।
- इस पुस्तक के लेखक तेनजिंग ग्याचे तेथोंग हैं।

- इस पुस्तक में लगभग 400 तस्वीरों के साथ आध्यात्मिक नेता के निजी संदेशों को भी शामिल किया गया है।
- इसमें दलाईलामा के आरंभिक वर्षों से लेकर कम्युनिस्ट चीन के साथ बाद में बिगड़े हुए संबंधों का भी विवरण दिया गया।
- पुस्तक में मार्च, 1959 में दलाईलामा भारत आने को मजबूर हुए थे इस ऐतिहासिक संदर्भ का भी उल्लेख है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/books-and-literature/roli-books-announces-holiness-the-fourteenth-dalai-lama-an-illustrated-biography-6492370/

पुस्तक-सेव यूथ सेव नेशन

प्रश्न-पुस्तक-'सेव यूथ सेव नेशन' किसने लिखी है?

(a) अमृता भार्गव (b) अर्पणा मालवीय (c) सीमा हिंगोनिया (d) रीमा जाटव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक भूपेंद्र सिंह ने पुस्तक 'सेव यूथ सेव नेशन' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक की लेखिका सीमा हिंगोनिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) हैं।
- इस पुस्तक में युवाओं को अपराध से बचाने के विषय में विवरण के साथ ही युवाओं के लिए बने विभिन्न कानूनों यथा-पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, रैगिंग एक्ट, साइबर अपराध आदि के विषय में अत्यंत ही सरल भाषा में जानकारी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.khaskhabar.com/local/rajasthan/jaipur-news/crime-news-save-youth-save-nation-book-released-news-hindi-1-445123-KKN.html

पुस्तक-फ्यूचर ऑफ हायर एजूकेशन-नाइन मेगा ट्रेंड्स

प्रश्न-पुस्तक-'फ्यूचर ऑफ हायर एजूकेशन-नाइन मेगा ट्रेंड्स' के लेखक कौन हैं?

(a) लक्ष्मी नारायणन (b) टी.एन. मनोहरन

(c) एम. शिवकुमार (d) सीएवी पट्टाभि राम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को भारत के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने एक वर्चुअल रूप से पुस्तक 'फ्यूचर ऑफ हॉयर एजुकेशन-नाइन मेगा ट्रेंड्स' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक सीएवी पट्टाभि राम (CAV Pattabhi Ram) हैं।
- इस पुस्तक में उच्च शिक्षा के प्रमुख पहलुओं यथा छात्र-शिक्षक संबंध, शिक्षण विधियों, प्रयोगशालाओं और परीक्षाओं के अतिरिक्त अन्य नए मापदंड शामिल किए गए हैं, तथा इसमें कोविड-19 महामारी के दौरान बदलाव को भी शामिल किया गया है।

- इस पुस्तक पूरे भारत के लगभग 5000 शिक्षकों के सर्वेक्षण पर आधारित है, जो आईसीटी एकेडमी की 'स्काईकैंपस' डिजिटल नॉलेज सीरीज का हिस्सा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theweek.in/wire-updates/business/2020/06/30/pwr24-ict-academy.html

विविध

रीस्टार्टइंडिया (Restart India) मंच

प्रश्न-एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने 23 जुलाई को 'रीस्टार्टइंडिया' (Restart India) मंच लांच किया जो कि एक वेबसाइट है और निम्न जानकारियां प्रदान करती है-

(a) विभिन्न MSME-केंद्रित सरकारी/संस्थागत समर्थन और संसाधनों का विवरण जिससे कि एक स्थायी व्यापार उद्यम को चलाया या स्थापित किया जा सके।

(b) बहुत छोटे व्यवसायों की स्थापना करके आजीविका चलाने वाली महिला उद्यमियों की समस्याओं का समाधान

(c) (a) एवं (b) दोनों (d) केवल (b)

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जुलाई, 2020 को MSME मंत्री नितिन गडकरी ने www.restartindia.in नामक मंच (वेबसाइट) लांच किया।
- 'मुथुट फिनकॉर्प' एवं 'INKtalks' (एक इनोवेशन प्लेटफॉर्म) ने संयुक्त रूप से इस मंच (रीस्टार्टइंडिया) की अवधारणा प्रस्तुत की है।
- रीस्टार्टइंडिया, सलाहकार सहायता के लिए एक खुला मंच है। जो निम्न जानकारियां/सहायता प्रदान करती है-
- विभिन्न MSME केंद्रित सरकारी/संस्थागत समर्थन और संसाधनों का विवरण जिससे कि एक स्थायी व्यापार उद्यम को चलाया या स्थापित किया जा सके।
- बहुत छोटे व्यवसायों की स्थापना करके आजीविका चलाने वाली महिला उद्यमियों की समस्याओं का समाधान।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/sme-sector/nitin-gadkari-launches-advisory-platform-restartindia/articleshow/77128226.cms

प्रवासी रोजगार ऐप

प्रश्न-22 जुलाई, 2020 को किसने 'प्रवासी रोजगार ऐप' लांच किया?

(a) धर्मेंद्र प्रधान(b) सोनू सूद(c) नरेंद्र मोदी (d) नितिन गडकरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जुलाई, 2020 को प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने 'प्रवासी रोजगार ऐप' लांच किया।
- यह ऐप रोजगार खोजने और विशिष्ट रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करता है।
- यह ऐप श्रमिकों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।
- यह रोजगार खोजने के लिए सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/bollywood/pravasi-rojgar-sonu-sood-launches-job-hunt-app-for-migrant-workers/story-kTz6b4msuLMGjt1tdC6AsO.html

NTPC की कुल संस्थापित क्षमता में वृद्धि

प्रश्न-1600 मेगावॉट का लारा सुपर थर्मलपॉवर स्टेशन स्थित है-
(a) बिहार में(b) छत्तीसगढ़ में(c) आंध्रप्रदेश में (d) तमिलनाडु में
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को NTPC ने छत्तीसगढ़ में स्थित 1600 मेगावॉट के लारा सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन के पूरी तरह से चालू होने की घोषणा की।
- यह पॉवर स्टेशन पूरी तरह से कार्यात्मक हो चुका है।
- इसके साथ ही NTPC की कुल संस्थापित क्षमता भी बढ़कर 51,155 मेगावॉट तथा NTPC समूह की कुल संस्थापित क्षमता भी बढ़कर 62,910 मेगावॉट हो गई है।
- ध्यातव्य है कि NTPC समूह के 70 पॉवर स्टेशनों में 24 कोयला आधारित 7 कंबाइंड साइकिल गैस/लिक्विड फ्यूल, 1 हाइड्रो, 13 नवीकरणीय ऊर्जा आधारित तथा 25 सब्सिडिडयरी एवं ज्वाइंट वेंचर (संयुक्त उपक्रम) वाले हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/news-cm/ntpc-s-lara-power-project-in-chhattisgarh-fully-operational-120072100344_1.html

कोवैक्सिन मानव परीक्षणः स्वयं सेवकों की भर्ती

प्रश्न-20 जुलाई, 2020 को किस संस्थान ने कोवैक्सिन (Covaxin) के मानव परीक्षण हेतु स्वयंसेवकों (Volunteers) की भर्ती शुरू करने की घोषणा की है?
(a) AIIMS दिल्ली(b) AIIMS ऋषिकेश(c) AIIMS भोपाल (d) AIIMS रायपुर
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 20 जुलाई, 2020 को AIIMS दिल्ली ने कोवैक्सिन के मानव परीक्षण (Human Clinical trials) हेतु स्वयंसेवकों (Voluntees) की भर्ती शुरू कर दी।
- कोवैक्सीन को स्वदेशी कंपनी भारतबोयोटेक ने विकसित किया है।

- कोरोना वायरस की वैक्सिन 'कोवैक्सिन' के विकास में ICMR और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/covid-19-aiims-delhi-begins-recruiting-volunteers-for-covaxin-human-trials/articleshow/77070750.cms

जम्मू-कश्मीर में पंचायत सदस्यों के लिए बीमा कवर

प्रश्न-18 जुलाई, 2020 को जम्मू और कश्मीर में प्रशासनिक परिषद ने सभी निर्वाचित खंड विकास परिषद अध्यक्षों, सरपंचों, पंचों और नगर निकायों के सभी निर्वाचित सदस्यों के लिए कितनी राशि तक का जीवन बीमा कवर प्रदान करने हेतु स्वीकृती प्रदान की?

(a) 25 लाख रुपये(b) 50 लाख रुपये(c) 1 लाख रुपये (d) 2 लाख रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की प्रशासनिक परिषद की उपराज्यपाल जी.सी.मूर्मू की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी निर्वाचित खंड विकास परिषद अध्यक्षों, सरपंचों, पंचों और नगर निकायों के सभी निर्वाचित सदस्यों को 25 लाख रुपये की जीवन बीमा कवर प्रदान करने हेतु स्वीकृति प्रदान की।
- इसका उद्देश्य स्थानीय निकाय के निर्वाचित सदस्यों को आतंकवादियों से लागातार खतरे से सुरक्षा प्रदान कर जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना है।
- जीवन बीमा कवर आतंक से संबंधित घटनाओं में मरने वाले निर्वाचित प्रतिनिधियों के परिवार के सदस्यों के निर्वाह हेतु एक गारंटी के रूप में काम करेगा।
- ऐसा इसलिए किया जा रहा है जिससे किसी अप्रिय घटना के कारण परिवारों को संकट और गरीबी का सामना न करना पड़े।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=J%26K%3A-Rs-25-lakh-insurance-cover-approved-for-elected-representatives-of-local-bodies&id=394130

भारत की पहली 'नो-परमीशन नो-टेकऑफ' (NPNT) अनुपालित ड्रोन उड़ान

प्रश्न-भारत की पहली 'नो-परमीशन नो-टेकऑफ (NPNT) अनुपालित ड्रोन उड़ान कहां संचालित हुई?

(a) तुमकुर(b) भद्रावती(c) गंगावती (d) बेलगावी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- भारत की पहली 'नो-परमीशन नो-टेकऑफ' (NPNT) अनुपालित ड्रोन उड़ान तुमकुर, कर्नाटक में संचालित हुई।
- इसकी घोषणा तीन जुलाई को हुई।
- **डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म-**इस पोर्टल को उड्डयन मंत्रालय द्वारा दिसंबर, 2018 को लांच किया गया था।

- नागरिक उड्डयन के नियमों (CAR) के तहत इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया गया था।
- यह CAR के उल्लंघन को कम करने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित आत्म-प्रवर्तन की एक आदर्श प्रणाली 'बिना अनुमति के उड़ान नहीं' (NPNT) लागू करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/indias-first-npnt-compliant-drone-flight-successfully-completed/1884984

सऊदी अरब की पहल : कोविड रोधी एक्शन प्लान लांच

प्रश्न-G-20 के अध्यक्ष सऊदी अरब ने अपने व्यापार मंच के माध्यम से कोविड का मुकाबला करने हेतु कौन-सी कार्य योजना को लांच किया है?

(a) छः सूत्री कार्य योजना(b) सात सूत्री कार्य योजना(c) आठ सूत्री कार्य योजना (d) दस सूत्री कार्य योजना

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- G.-20 देशों के अध्यक्ष सऊदी अरब ने अपने व्यापार मंच के माध्यम से कोविड का मुकाबला करने हेतु छः सूत्री कार्य योजना को लांच किया है।
- यह घोषणा 6 जुलाई, 2020 को 'B20 Saudi Arabia' ने किया।
- जो G-20 का अधिकृत व्यवसाय प्रवक्ता है।
- **जम्प-स्टार्टिंग द ग्लोबल इकोनमी पोस्ट-कोविड-19 चरण-**यह इस छः सूत्री कार्ययोजना का शीर्षक है।
- जिसके प्रस्तावित छः बिंदु है-विस्तृत और सम्मिलित (Wide ranging and include), स्वास्थ्य लचीलेपन का सृजन (Building health resilience), मानव- पूंजी की रक्षा (Safeguard human capital) वित्तीय अस्थिरता पर लगाम, वैश्विक आपूर्ति शृंखला में रुकावट को दूर करना तथा "उत्पादक क्षेत्रों का पुनरुद्धार एवं समावेशी व जवाबदेह डिजिटलीकरण"।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/international/world-news/g-20-chair-saudi-arabia-launch-action-plan-to-combat-covid-through-its-business-platform/articleshow/76820171.cms

रेलवेः निजी ट्रेनों का लॉन्चिंग वर्ष घोषित

प्रश्न-निजी ट्रेनों के पहले जत्थे के रूप में 2023 तक कितने ट्रेनों को लांच किया जाएगा?

(a) बारह(b) नौ(c) सात (d) छह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- भारतीय रेलवे के द्वारा देश में निजी ट्रेनों के पहले जत्थे (First batch) के रूप में 2023 तक बारह ट्रेनों को लांच किया जाएगा।
- इसकी उद्घोषणा जुलाई, 2020 में की गई।
- 2024 तक 45 और निजी ट्रेनों को लांच किया जाएगा।

- ध्यातव्य है कि रेलवे की योजना वर्ष 2027 तक सभी 151 निजी ट्रेनों को लांच करने की है।
- परियोजना के तहत निजी क्षेत्र से लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा।
- **महत्व**
- निजी प्रदर्शनकारियों को ट्रेन चलाने की मंजूरी से रेलवे की सेवा में सुधार होगा और नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- मार्ग-ये 151 निजी ट्रेनें 109 रूट्स पर चलाई जाएंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/indian-railways-to-launch-1st-set-of-private-trains-by-2023-all-151-by-2027-11595166949766.html

'मौसम' मोबाइल ऐप का शुभारंभ

प्रश्न-27 जुलाई, 2020 को किस मंत्रालय ने 'मौसम' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया?
(a) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय(b) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(c) सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (d) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 27 जुलाई, 2020 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर भारत मौसम विज्ञान विभाग के 'मौसम' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया।
- इसका डिजाइन इस बात को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है कि मौसम संबंधी जानकारी और पूर्वानुमान का पता बड़े ही सरल तरीके से किया जा सके।
- इसकी सहायता से उपयोगकर्ता मौसम के पूर्वानुमान, रडार से लिए गए चित्र और विषम मौसम संबंधी बाधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1641501#:~:text=To%20further%20enhance%20this%20initiative,Mausam%E2%80%9D%20for%20India%20Meteorological%20Department.&text=The%20MAUSAM%20mobile%20App%20has,updated%208%20times%20a%20day.

IIT मद्रास की मदद से स्थापित स्टार्टअप द्वारा पोर्टेबल हॉस्पिटल का निर्माण

प्रश्न-IIT मद्रास-इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप, 'मॉड्यूलस हाउसिंग' ने हाल ही में एक पोर्टेबल हास्पिटल का विकास किया है, जिसका नाम है-
(a) मेडिकैब(b) मेडिऐड(c) मेडिफ्लैक्स (d) मेडिस्टार्ट
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में IIT मद्रास-इन्क्यूबेटेड (IIT मद्रास की मदद से स्थापित) स्टार्ट-अप 'मॉड्यूलस हाउसिंग के द्वारा पोर्टेबल हॉस्पिटल बनाए जाने की घोषणा की।
- यह पोर्टेबल हॉस्पिटल है-'मेडिकैब'।
- यह पोर्टेबल हॉस्पिटल कहीं पर भी चार व्यक्तियों के द्वारा मात्र दो घंटे में स्थापित किया जा सकता है।
- 'मेडिकैब' फोल्डेबल है और इसमें चार जोन हैं-एक डॉक्टर का कमरा, एक आइसोलेशन रूम, एक मेडिकल रूम/वार्ड और एक दिन (twin)-बेड आईसीयू।
- 'मेडिकैब' को हाल ही में केरल के वायनाड जिले में लॉन्च किया गया है, जहां कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए इन इकाइयों को स्थापित किया जा रहा है।
- ऐसे सूक्ष्म अस्पतालों को जरूरत के अनुसार देशभर में कहीं पर भी स्थापित किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/iit-madras-incubated-startup-develops-a-portable-hospital-unit/articleshow/76996438.cms?from=mdr

FamPay का नंबरलेस कार्ड लॉन्च

प्रश्न-'FamPay' द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया नंबरलेस कार्ड समर्पित है-
(a) चिकित्सकों की कैशलेस सुविधा को(b) स्ट्रीट वेंडर्स के कैशलेस ट्रांजक्शन के लिए
(c) टीनएजर्स (किशोरों) की कैशलेस सुविधा को (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में 'FamPay' (फैमपे) ने एक अंक रहित (नंबरलेस) डिजिटल पेमेंट कार्ड लॉन्च किया।
- यह कार्ड टीनएजर्स (किशोरों) की कैशलेस ट्रांजक्शन जरूरतों को पूरा करेगा।
- **FamPay-**
- FamPay किशोरो को समर्पित फिनटेक स्टार्टअप है।
- 'FamPay' एक डेबिट एक डेविट कार्ड की तरह है जिसे किशोर अब स्वतंत्र रूप से भुगतान करने के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- फैमपे ने मार्च, 2020 में सीड फंडिंग के जरिए 4.7 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...https://timesofindia.indiatimes.com/gadgets-news/fampay-launches-numberless-card-for-teenagers/articleshow/77006342.cms

माता नी पछेड़ी

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को किस राज्य की टेक्सटाइल आर्ट फॉर्म माता नी पछेड़ी को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग हेतु आवेदन पंजीकृत किया गया?
(a) महाराष्ट्र(b) गोवा(c) गुजरात (d) छत्तीसगढ़
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को गुजरात की टेक्साइल आर्ट फॉर्म 'माता नी पछेड़ी' को भौगोलिम संकेतक (GI) टैग हेतु आवेदन पंजीकृत किया गया।
- यह आवेदन गुजरात काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दायर किया गया है।
- पछेड़ी, एक धार्मिक एवं लोक कला हे, जिसके केंद्र में मातृदेवी का उल्लेखनी किया जाता है और शेष कप़डों में उनकी कहानियों एवं किदवंतियों को निरुपित किया जाता है।
- इसको गुजरात की 'कलमकारी' भी कहते हैं।
- वर्तमान में इस कला को गुजरात के वघारी समुदाय (खानाबदोश) के 10-15 परिवारों के 70-80 लोग ही जानते हैं।
- परंपरागत रूप से इन पछेड़ियों को कपड़े पर हाथ से पेंट या ब्लॉक प्रिंट द्वारा निरुपित किया जाता है।
- यदि इसे मंजूरी प्रदान हो जाती है तो यह गुजरात का 16वां जीआई टैग होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/gujarat-application-for-gi-tag-for-mata-ni-pachedi-registered-6507990/

महा जॉब पोर्टल

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को किस राज्य ने 'महा जॉब' पोर्टल की शुरूआत की?
(a) महाराष्ट्र (b) दिल्ली (c) चेन्नई (d) हरियाणा
उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को महाराष्ट्र सरकार ने 'महा जॉब' (Maha Jobs) पोर्टल की शुरुआत की।
- इस पोर्टल के माध्यम से राज्य में कुशल, अर्ध-कुशल और अकुशल श्रमिकों को नौकरी ढूंढने में मदद प्राप्त होगी और किस कंपनी में कितने पद रिक्त हैं, इसकी जानकारी भी प्राप्त होगी।
- इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण राज्य छोड़ने वाले लाखों स्थानीय लोगों या अधिवासियों को रोजगार प्रदान करना है।
- इस पोर्टल में एक शर्त जोड़ दी गई है कि महाराष्ट्र में नौकरी के लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट (अधिवास प्रमाण पत्र) देना अनिवार्य होगा।
- इससे पूर्व महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों के लिए ही 15 साल का अधिवास प्रमाण पत्र देना अनिवार्य किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/business/story/maharashtra-launches-jobs-portal-for-sons-of-soil-hit-by-lockdown-1697698-2020-07-06

स्वास्थ्य बीमा : कोरोना कवच एवं कोरोना रक्षक पॉलिसियां

प्रश्न-कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए बीमा कंपनियों ने 'कोरोना कवच' और 'कोरोना रक्षक' नामक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां लांच की हैं। कोरोना कवच पॉलिसी के तहत इलाज के लिए 50,000 रुपये से लेकर कितनी राशि तक का कवर (बीमा सुरक्षा) मिलेगा?

(a) पांच लाख रुपये(b) सात लाख रुपये(c) दस लाख रुपये (d) पंद्रह लाख रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में 'कोरोना रक्षक' और 'कोरोना कवच' नामक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां लॉन्च की गईं।
- कोरोना वायरस के इलाज के लिए अलग से स्वास्थ्य बीमा की सुविधा की जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए इन पॉलिसियों को लॉन्च किया गया है।
- कोरोना कवच एक क्षतिपूर्ति आधारित स्कीम है, जबकि कोरोना रक्षक एक फिक्स्ड बेनिफिट प्लान है।
- **बीमा कवर**
- 'कोरोना कवच' पॉलिसी के तहत इलाज के लिए 50,000 रुपये से ले कर पांच लाख रुपये तक का कवर मिलेगा।
- बीमा नियामक IRDAI के दिशा निर्देशों के अनुसार, अल्पावधि के लिए पॉलिसी 3.5 महीने, 6.5 महीने और 9.5 महीने के लिए हो सकती है।
- इस पॉलिसी के तहत हॉस्पिटलाइजेशन, घर में इलाज, आयुष ट्रीटमेंट और कोरोना से पहले और उसके बाद के इलाज को भी शामिल किया जाएगा।
- **कोरोना रक्षक-**इस पॉलिसी के तहत यदि बीमाधारक कोरोना से पीड़ित पाया जाता है और हॉस्पिटलाइजेशन की स्थिति उत्पन्न होती है तो एक निश्चित रकम अदा की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/business-news/corona-kavach-corona-rakshak-insurance-policies-on-offer-from-today-premium-tenure-benefits/story-Sfj3MW68AeDVL0t2R0hU8O.html

अंजी खाड ब्रिज

प्रश्न-कश्मीर में भारतीय रेलवे द्वारा अंजी खाड ब्रिज (Anji khad Bridge) का निर्माण कराया जा रहा है। इस ब्रिज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) अंजी खाड ब्रिज देश में बनाया जा रहा पहला केबल स्टेएड रेल ब्रिज है।

(b) इस पुल का निर्माण कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है।

(c) यह ब्रिज जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटरा और रियासी के बीच बनाया जा रहा है।

(d) इस पुल की लंबाई 480.75 मीटर होगी।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, कश्मीर में भारतीय रेलवे द्वारा अंजी खाड ब्रिज (Anji khand Bridge) का निर्माण किया जा रहा है।
- यह देश में बनाया जा रहा पहला केबल-स्टेएड रेल ब्रिज है।
- इस ब्रिज का निर्माण कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (KRCL) द्वारा कराया जा रहा है।
- यह ब्रिज ऊधमपुर-श्रीनगर-बारमूला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है।
- यह ब्रिज (पुल) कश्मीर को शेष भारत से रेलवे ट्रैक के माध्यम से जोड़ेगा।
- यह ब्रिज जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटरा और रियासी के बीच बनाया जा रहा है।

- इस ब्रिज की लंबाई 473.25 मीटर होगी।
- इस ब्रिज को 96 केबल का सहायता प्रदान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/railways/indian-railways-1st-cable-stayed-rail-bridge-anji-khad-bridge-will-be-an-engineering-marvel-watch-video/2024579/

कोविड-19 जांच किट-कोरोश्योर

प्रश्न-15 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किस प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित कम लागत वाली कोविड-19 जांच किट 'कोरोश्योर' को लांच किया?

(a) आईआईटी, दिल्ली(b) आईआईटी, मद्रास(c) आईआईटी, बॉम्बे (d) आईआईटी, रूड़की

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने आईआईटी, दिल्ली द्वारा विकसित कम लागत वाली कोविड-19 जांच किट को लांच किया।इस कोविड-19 जांच किट का नाम इस टेस्ट किट को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (ICMR) द्वारा प्रमाणित किया गया है। 'कोरोश्योर' (Corosure) है।इस किट में एक वैकल्पिक जांच विधि का उपयोग किया गया है।
- आईआईटी, दिल्ली कोविड-19 जांच पद्धति विकसित करने वाला पहला शैक्षणिक संस्थान है।
- आईआईटी, दिल्ली की तकनीक का उपयोग करके न्यूटेक मेडिकल डिवाइससे कंपनी प्रति माह 20 लाख जांच बेहद सस्ती कीमत पर कर सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/healthcare/biotech/healthcare/covid-19-test-kit-corosure-developed-by-iit-delhi-launched-base-price-at-rs-399/articleshow/76980531.cms

गोल्डन बर्डविंग

प्रश्न-गोल्डन बर्डविंग है एक-

(a) चिड़िया(b) तितली(c) मक्खी (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में गोल्डन बर्डविंग नामक हिमालयी तितली भारत की सबसे बड़ी तितली बनने का गौरव प्राप्त किया है।इसे यह गौरव 88 वर्षों के बाद प्रदान किया गया है।
- गोल्डन बर्डविंग से पूर्व भारत की सबसे बड़ी तितली दक्षिणी बर्डविंग थी।
- गोल्डन बर्डविंग के पंख 149 मिमी. हैं तथा यह दक्षिणी वर्ड विंग की तुलना में 4 मिमी. (190 मिमी.) बड़ी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://spontac.com/himalayan-butterfly-is-indias-largest-after-88-years/

हागिया सोफिया संग्रहालय

प्रश्न-हाल ही में चर्चा में रहा हागिया सोफिया संग्रहालय किस देश में स्थित है?
(a) मिस्र(b) ब्रिटेन(c) तुर्की (d) यूनान (ग्रीस)
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को तुर्की की शीर्ष अदालत (सुप्रीमकोर्ट) ने इस्तांबुल में स्थित प्रसिद्ध हागिया सोफिया संग्रहालय को मस्जिद में बदलने का फैसला सुनाया।
- इसी दिन तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन ने अदालत के फैसले के बाद हागिया सोफिया को मस्जिद के रूप में खोलने की घोषणा की, जिसमें 24 जुलाई से नमाज अदा की जाएगी।
- इसे 1500 वर्ष पूर्व एक आर्थोडॉक्स ईसाई गिरजाघर के रूप में निर्मित किया गया था।
- इसका निर्माण बेजनटाइन साम्राज्य के सम्राट जस्टीनियन प्रथम के काल में 537 ईस्वी में हुआ था।
- 1453 ईस्वी में इसे उस्मानियाई शासकों ने एक मस्जिद में बदल दिया।
- वर्ष 1934 में तुर्की के आधुनिक और धर्मनिरपेक्ष शासक कमाल अतातुर्क ने हागिया सोफिया को संग्रहालय में बदल दिया।
- मौजूदा समय में यह यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://indianexpress.com/article/explained/explained-turkey-hagia-sophia-mosque-conversion-6488890/
https://www.nytimes.com/aponline/2020/07/10/us/ap-eu-turkey-hagia-sophia.html

दवा-फेविपिराविर

प्रश्न-जुलाई, 2020 में किस फार्मास्युटिकल कंपनी को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) से कोविड-19 के उपचार में इस्तेमाल होने वाली 'फे विपिराविर' दवा के विनिर्माण हेतु लाइसेंस प्राप्त हुआ है?
(a) सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड(b) कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड
(c) ग्लेनमार्क फार्मा लिमिटेड (d) बायोफोर इंडिया फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में बायोफोर इंडिया फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) से कोविड-19 के उपचार में इस्तेमाल होने वाली 'फेविपिराविर' दवा के विनिर्माण हेतु लाइसेंस प्राप्त हुआ है।
- इस दवा का उपयोग कोरोना वायरस के मामूली लक्षणों से लेकर आंशिक लक्षणों वाले मरीजों के उपचार में किया जाता है।
- डीसीजीआई ने इस दवा के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (एपीआई) को भारत में बनाने का लाइसेंस देने के साथ-साथ इसके निर्यात को भी अनुमति प्रदान की है।
- इसके अतिरिक्त कंपनी को तुर्की में एक स्थानीय साझेदार के साथ विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल (एपीआई) को निर्यात का भी लाइसेंस मिला है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.thehindu.com/sci-tech/health/biophore-india-gets-dcgi-nod-to-manufacture-covid-19-drug-favipiravir/article32076479.ece
https://www.financialexpress.com/lifestyle/health/biophore-india-gets-dcgi-nod-to-manufacture-covid-drug-favipiravir/2023585/

एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल लांच

प्रश्न-11 जुलाई, 2020 को किसके द्वारा देशभर में स्कूली छात्रों के लिए एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल लांच किया गया?
(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (b) एनसीईआरटी
(c) अटल इनोवेशन मिशन (नीति आयोग) (d) उपरोक्त में कोई नहीं
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 11 जुलाई, 2020 को नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) ने देश भर में स्कूली छात्रों के लिए एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल लांच किया।
- एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल को भारतीय स्टार्टअप प्लेज्मों के सहयोग से लांच किया गया है।
- इसका उद्देश्य एआईएम के प्रमुख कार्यक्रम अटल टिकरिंग लैब्स के तहत आने वाले समय में स्कूली छात्रों के कौशल में सुधार करना और उनको ऐप उपयोगकर्त्ता से ऐप निर्माता बनाना है।
- एटीएल ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल पूर्णतः निःशुल्क एक ऑनलाइन कोर्स है।
- 6 प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग मॉड्यूल और ऑनलाइन पाठ्यक्रम सत्रों के माध्यम से युवा नवोन्मेषी विभिन्न भारतीय भाषाओं में मोबाइल ऐप बनाना सीख सकते हैं और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते हैं।
- इसके अलावा स्कूल के शिक्षकों में ऐप विकास की क्षमता और कौशल-निर्माण के लिए, एआईएम ऐप विकास पाठ्यक्रम पर आवधिक शिक्षक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=NITI-Aayog%E2%80%99s-Atal-Innovation-Mission-launches-ATL-App-Development-Module-for-school-children&id=393525

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637998

असीम पोर्टल

प्रश्न-10 जुलाई, 2020 को किस मंत्रालय ने असीम (ASEEM-Aatamanirbhar Skilled Employe Employer Mapping) पोर्टल का शुभारंभ किया?
(a) कोयला मंत्रालय(b) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(c) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार ने असीम (ASEEM-Aatamanirbhar Skilled Employe Employer Mapping) पोर्टल का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध है, जिसे बंगलुरू स्थित कंपनी बेटरप्लेस के सहयोग से राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा विकसित एवं प्रबंधित किया गया है।
- इसका उद्देश्य असीम पोर्टल पर उपलब्ध डेटा का विश्लेषण करके नीति निर्धारण में सहायता प्रदान करना है।
- यह पोर्टल एनएसडीसी और इससे संबंधित क्षेत्रीय कौशल परिषदों को रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स प्रदान करने में मददगार होगा।
- इस पोर्टल के साथ कोविड-19 के कारण भारत के विभिन्न राज्यों से अपने घरों को वापस आए श्रमिकों तथा वंदे भारत मिशन के तहत स्वदेश वापस आए भारतीय नागरिक जिन्होंने कौशल कार्ड में पंजीकरण कराया है, उनके डेटाबेस को भी एकीकृत किया जाएगा।
- इस पोर्टल के माध्यम से कुशल कार्यबल को आजीविका के अवसर तलाशने, बाजार में मांग आपूर्ति के अंतर को कम करने और नियोक्ताओं को कुशल कार्यबल खोजने में मदद करने के संदर्भ में सूचना प्रवाह की स्थिति को बेहतर बनाने हेतु शुरु किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637755

जम्मू-कश्मीर में 6 पुलों का ई-उद्घाटन

प्रश्न-9 जुलाई, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 6 पुलों को राष्ट्र को समर्पित किया। इन पुलों का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा किस प्रोजेक्ट के तहत किया गया है?
(a) प्रोजेक्ट 'हिमांक'(b) प्रोजेक्ट 'अरुणांक'(c) प्रोजेक्ट संपर्क (d) प्रोजेक्ट सेतुक
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 9 जुलाई, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 6 पुलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया।
- अख़्नूर/जम्मू जिले में अख़्नूर-पल्लनवाला रोड पर 4 पुल और कठुआ जिले में तरनाह नाले (Tarnah Nallah) पर 2 पुल निर्मित किए गए हैं।
- इन पुलों की कुल निर्माण लागत राशि 43 करोड़ रुपये है।
- इन पुलों का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है।
- इन पुलों का निर्माण बीआरओ ने 'प्रोजेक्ट संपर्क' (Connect People) के तहत किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1637504

डिजिटल इंडिया आत्म-निर्भर ऐप इनोवेशन चैलेंज

प्रश्न-4 जुलाई, 2020 को किसने डिजिटल इंडिया आत्म-निर्भर ऐप इनोवेशन चैलेंज का शुभारंभ किया?
(a) नरेंद्र मोदी(b) डॉ. राजीव कुमार(c) पीयूष गोयल (d) रविशंकर प्रसाद

उत्तर-(a)
संबंधित तथ्य

- 4 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'डिजिटल इंडिया आत्म-निर्भर ऐप इनोवेशन चैलेंज' का शुभारंभ किया।
- यह चैलेंज ऐसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय ऐप्स की पहचान करने के लिए है, जो पहले से ही नागरिकों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं और जिनमें अपनी श्रेणी विशेष में विश्वस्तर के ऐप्स बनने की क्षमता है।
- अटल इनोवेशन मिशन-नीति आयोग के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय ने भारतीय तकनीकी उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए इस चैलेंज की शुरुआत की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1636407

प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरियां

प्रश्न-6 जुलाई, 2020 को किस राज्य ने प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का निर्णय किया है?
(a) उत्तर प्रदेश(b) महाराष्ट्र(c) पंजाब (d) हरियाणा
उत्तर-(d)
संबंधित तथ्य

- 6 जुलाई, 2020 को हरियाणा राज्य सरकार ने प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरियां देने का निर्णय किया है।
- प्राइवेट कंपनियों, सोसाइटी, ट्रस्टों, लिमिटेड लायाबिलिटी पार्टनरशिप फर्म तथा पार्टनरशिप वाली फर्मों आदि में 50 हजार रूपये से कम वेतन वाली नौकरियों में इन्हें रोजगार प्रदान किया जायेगा।
- यह नियम नोटिफिकेशन जारी होने के बाद निकलने वाली नियुक्तियों पर लागू होगा तथा वर्तमान में रोजगार युक्त किसी भी व्यक्ति को नौकरी से नहीं निकाला जायेगा।
- इस निर्णय से राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को कौशल में निपुण करके रोजगार युक्त बनाना है।
- इस पहल के लिए राज्य ने रोजगार अध्यादेश, 2020 लाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।
- यदि उद्योग को किसी विशिष्ट श्रेणी के लिए उपयुक्त स्थानीय उम्मीदवार प्राप्त नहीं होते तो उन्हें बाहर के उम्मीदवार रखने की अनुमति प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.indiatoday.in/india/story/haryana-gurgaon-75-percent-private-job-for-local-residents-manohar-lal-khattar-bjp-government-approve-ordinance-1697793-2020-07-07

ई-लर्निंग पोर्टल-लीड

प्रश्न-3 जुलाई, 2020 को छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किस सरकार ने ई-लर्निंग पोर्टल 'लीड' (LEAD-Learning through E-Resources Made Accessible for Delhi) का शुभारंभ किया?
(a) राजस्थान(b) गुजरात(c) दिल्ली (d) हरियाणा

उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के ई-लर्निंग पोर्टल 'लीड' (LEAD-Learning through E-Resources Made Accessible for Delhi) का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करना है।
- इस पोर्टल पर पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए 10,000 से अधिक कोर्स मैटेरियल और शिक्षण सामग्री उपलब्ध होगी।
- इस पोर्टल पर सीबीएसई, एनसीईआरटी और दिल्ली सरकार के ऑनलाइन पाठ्यक्रम की उपयोगी सामग्री उपलब्ध होगी।
- इनमें डिजिटल क्यूआर कोडेड टेक्स्ट बुक, लर्निंग आउटकम, व्याख्यात्मक वीडियो, अभ्यास प्रश्न-पत्र, मूल्यांकन इत्यादि शामिल हैं।
- राज्य सरकार इस पोर्टल के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम को अपलोड करेगी और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'दीक्षा' (DIKSHA) पर शिक्षण-सामग्री साझा करेगी।
- यह पोर्टल दिल्ली सरकार के शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT) द्वारा विकसित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/govt-launches-e-portal-for-schoolchildren/article31984738.ece

पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान

प्रश्न-10 से 26 जुलाई, 2020 तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने हेतु संचालित किए जाने वाले मेगा वृक्षारोपण अभियान 'पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ' के दौरान कितने पौधे लगाए जाएंगे?
(a) 25 लाख(b) 30 लाख(c) 31 लाख (d) 40 लाख
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 10 जुलाई, 2020 को दिल्ली सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने हेतु एक मेगा वृक्षारोपण अभियान 'पौधे लगाओ, पर्यावरण बचाओ' लांच किया जाएगा।यह अभियान आईटीओ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-20 से लांच होगा।यह अभियान 26 जुलाई, 2020 तक संचालित किया जाएगा।
- इस अभियान के दौरान 31 लाख पौधे लगाए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि विगत कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी के हरित आवरण में बढ़ोत्तरी हुई है।पर्यावरण मंत्री के अनुसार वर्ष 2017 में हरित आवरण 299 वर्ग किमी. था, जो 2019 में बढ़कर 325 वर्ग किमी. हो गया और वर्ष 2021 में 350 वर्ग किमी. तक बढ़ जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/cities/delhi/2020/jul/02/delhi-govt-to-launch-massive-17-day-plantation-drive-from-july-10-2164407.html

देश का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप 'इलीमेंट्स' लांच

प्रश्न-5 जुलाई, 2020 को किसने देश का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप 'इलीमेंट्स' लांच किया?

(a) राम नाथ कोविंद(b) वेंकैया नायडू(c) रविशंकर प्रसाद (d) डॉ हर्षवर्धन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जुलाई, 2020 को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने देश का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप 'इलीमेंट्स' (Elements) लांच किया।
- यह ऐप मुफ्त ऑडियो/वीडियो कॉल, और प्राइवेट/ग्रुप चैट्स प्रदान करता है।
- स्वदेश विकसित यह ऐप 8 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा।
- इसमें यूजर्स के डेटा को देश में ही संग्रहीत किया जाएगा।
- डेटा को बिना यूजर्स की अनुमति के साझा नहीं किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2020/jul/06/indias-vice-president-launches-social-media-super-app-elyments-2165900.html

मिशन वृक्षारोपण, 2020

प्रश्न-उत्तर प्रदेश में 5 जुलाई, 2020 को 'मिशन वृक्षारोपण, 2020' के तहत एक दिन में पूरे प्रदेश में कितने पौधे लगाए गए?

(a) 15 करोड़ से अधिक(b) 20 करोड़ से अधिक(c) 25 करोड़ से अधिक (d) 30 करोड़ से अधिक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जुलाई, 2020 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन महोत्सव के अंतर्गत कुकरैल वन में 'मिशन वृक्षारोपण, 2020' का शुभारंभ किया।इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री ने हरिशंकरी के वृक्षों का रोपण कर किया।उल्लेखनीय है कि पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मिलित रोपण को हरिशंकरी कहा जाता है।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'वनस्पति वैविध्य महाअभियान-2020' पुस्तक का भी विमोचन किया।
- मिशन वृक्षारोपण-2020 के तहत 5 जुलाई, 2020 को एक दिन में पूरे प्रदेश में 25 करोड़ से अधिक लक्षित पौधे लगाए गए।
- इस मिशन के तहत व्यापक जनसहभागिता एवं अन्तर्विभागीय समन्वय से प्रदेश में एक दिन में 25 करोड़ से अधिक ओषधीय, फलदार, पर्यावरणीय, छायादार, चारा औद्योगिक व प्रकोष्ठ की दृष्टि से महत्वपूर्ण 201 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए।
- इस अभियान में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सहित 26 राजकीय विभागों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों आदि ने योगदान दिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/More-than-25-cr-saplings-to-be-planted-in-UP-under-Mission-Vriksharopan-2020-/05-07-2020-294206/

माइक्रोसॉफ्ट की पहल

प्रश्न-माइक्रोसॉफ्ट ने हाल ही में एक नए ग्लोबल स्किल इनिशिएटिव (पहल) की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कितनी जनसंख्या के डिजिटल स्किल में बढ़ोत्तरी करना है?

(a) 25 मिलियन(b) 32 मिलियन(c) 40 मिलियन (d) 50 मिलियन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन ने एक डिजिटल स्किल इनिशिएटिव की घोषणा की।
- माइक्रोसॉफट का यह कोविड 19 अर्थव्यवस्था की ओर पहला कदम है।
- ध्यातव्य है कि दुनियाभर में इस महामारी के कारण अर्थव्यवस्था का एक नया स्वरूप (डिजिटल अर्थव्यवस्था) उभर कर आ रहा है।
- डिजिटल अर्थव्यवस्था में सोशल डिस्टिंसिंग का पालन संभव है।
- उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए माइक्रोसॉफ्ट की योजना 2020 के अंत तक दुनिया भर में 25 मिलियन लोगों के डिजिटल स्किल में वर्धन करने की है।
- योजना को Linked In Economic Graph, Linked In Learning, Microsoft Learn, GitHub Learning Lab, माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन्स एवं Linked In job जैसे माध्यमों से अमली जामा पहनाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://blogs.microsoft.com/blog/2020/06/30/microsoft-launches-initiative-to-help-25-million-people-worldwide-acquire-the-digital-skills-needed-in-a-covid-19-economy/

पीएम स्वनिधि पोर्टल

प्रश्न-पीएम स्वनिधि योजना का पोर्टल कब लॉन्च किया गया?

(a) 25 जून, 2020(b) 26 जून, 2020(c) 27 जून, 2020 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 जून, 2020 को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के द्वारा पीएम स्वनिधि योजना का वेब पोर्टल लॉन्च किया गया।
- **पोर्टल**
- pmsvanidhi.mohua.gov. in- ये एक एकीकृत IT प्लेटफॉर्म है जो योजना हेतु एंड-टू-एंड समाधान (सभी समाधान) उपलब्ध कराएगा।
- इस पोर्टल (वेब साइट) पर योजना से संबंधित सभी जानकारियां यथा-लोन आवेदन की स्थिति, मोबाइल एप्स, आवेदनकर्ता के e-KYC एवं स्टेकहोल्डर्स की जानकारी तथा डिजिटल इन्सेटिव एवं ब्याज सब्सिडी की जानकारी उपलब्ध होगी।
- **योजना**
- PM-SAVNidhi (पीएम स्वनिधि) योजना को 1 जून, 2020 को लॉन्च किया गया था।

- यह स्ट्रीट वेंडर्स हेतु एक योजना है, जिसके पहले चरण (सितंबर, 2020) तक 108 शहर के स्ट्रीट वेंडरों को लाभान्वित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635176

L & T हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग

प्रश्न-हाल ही में L & T हाइड्रोकार्बन इंजी. (LTHE) ने किस उद्देश्य से अमेरिकी कंपनी KBR के साथ समझौता किया है?

(a) रिफ़ाइनरी के निर्माण के लिए(b) ऑफशोर ड्रिलिंग रिवा के निर्माण हेतु

(c) a व b दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जून, 2020 में LTHE (L&T Hydrocorbon Engineering Lt.) ने अमेरिकी फर्म KBR के साथ रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट्स की स्थापना हेतु समझौता किया।
- LTHE, भारतीय फर्म L & T की अनुषंगी है।
- **भारत का हाइड्रोकार्बन परिदृश्य**
- 31 मार्च, 2018 तक भारत का अनुमानित क्रूड ऑयल भंडार 594.49 मिलियन टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.59 प्रतिशत कम रहा।
- भारत में इसका सर्वाधिक भंडार वेस्टर्न ऑफशोर है।
- इसके बाद असम का स्थान आता है।
- भारत में प्राकृतिक गैस का अनुमानित भंडार उपरोक्त तिथि तक 1339.57 बिलियन क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.kbr.com/en/insights-events/press-release/kbr-signs-mou-lt-hydrocarbon-engineering-refinery-and-petrochemical

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/oil-gas/lt-signs-mou-with-us-based-kbr-for-building-refineries/articleshow/76506166.cms?from=mdr

फिट इंडिया वार्ता

प्रश्न-3 जुलाई से 14 जुलाई, 2020 तक फिट इंडिया वार्ता सत्रों का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण तथा किस मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है?

(a) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय(b) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

(c) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (d) इस्पात मंत्रालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने स्कूली छात्रों के साथ विख्यात खिलाड़ियों की परस्पर संवादमूलक सत्रों की शृंखला 'फिट इंडिया वार्ता' का शुभारंभ किया।
- फिट इंडिया वार्ता सत्रों का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के सहयोग से किया जा रहा है।
- इसमें 6 सत्र होंगे जो 3 जुलाई से 14 जुलाई, 2020 तक आयोजित किए जाएंगे।
- पहले सत्र में पी.वी. सिंधु तथा सुनील छेत्री जैसे विख्यात खिलाड़ी स्कूली छात्रों से बात करेंगे और अपनी विफलताओं, संघर्षों और अपनी सफलताओं के किस्से साझा करेंगे।
- अन्य सत्रों में अश्विनी पोन्नप्पा (बैडमिंटन खिलाड़ी), रानी रामपाल (भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान), मणिका बत्रा (टेबल टेनिस), अपूर्वी चंदेला (निशानेबाज) और पैरालिम्पियन दीपा मलिक शामिल होंगी।
- इस आयोजन का लक्ष्य स्कूली छात्रों को प्रेरित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/PR_Fit_India_0.pdf

जूनियर वकीलों को मासिक वृत्ति देने की घोषणा

प्रश्न-3 जुलाई, 2020 को किस राज्य सरकार ने वित्तीय कठिनाइयों से उबरने में मदद करने हेतु जूनियर वकीलों को 2 वर्ष तक प्रतिमाह 3000 रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की?

(a) केरल(b) तमिलनाडु(c) आंध्र प्रदेश (d) कर्नाटक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जुलाई, 2020 को तमिलनाडु सरकार ने वित्तीय कठिनाइयों से उबरने में मदद करने हेतु, जूनियर वकीलों को 2 वर्ष तक प्रतिमाह 3000 रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की।
- तमिलनाडु बार काउंसिल द्वारा लंबे समय से सहायता राशि प्रदान करने की मांग की जा रही थी।
- तमिलनाडु सरकार तीन दशकों से अधिक समय से अधिवक्ता कल्याण योजना का संचालन कर रही है।
- इस योजना के तहत किसी वकील की मौत होने पर उसके परिवार को 7 लाख रुपये दिए जा रहें हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=392819

औषध खोज हैकाथन

प्रश्न-2 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और डॉ. हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'औषध खोज हैकाथन' का शुभारंभ किया। इस हैकाथन का आयोजन वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और किसने संयुक्त रूप से किया है?

(a) भारतीय विज्ञान संस्थान (b) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

(c) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (d) केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जुलाई, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'औषध खोज हैकाथन' (Drug Discovery Hackathon) का शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने छात्रों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को इस हैकाथन में भाग लेने और कोविड-19 से निपटने हेतु दवाओं के विकास के लिए काम करने की अपील की।
- इस हैकाथन का आयोजन वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) ने संयुक्त रूप से किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1635928

उ.प्र. में प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों हेतु 'लाइब्रेरी खिड़की'

प्रश्न-जुलाई, 2020 में उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए ई-मैंगजीन की अवधारणा लाने हेतु किसके साथ करार किया है?

(a) एनसीईआरटी (b) यूजीसी (c) टाटा ट्रस्ट (d) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जुलाई, 2020 में उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए ई-मैंगजीन की अवधारणा लाने हेतु टाटा ट्रस्ट के साथ करार किया।
- बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश, राजस्थान के बाद दूसरा वैकल्पिक राज्य है।
- यह ई-मैंगजीन सप्ताह में दो बार छात्रों और शिक्षकों तक पहुंचेगी।
- 'लाइब्रेरी खिड़की' नामक इस ई-मैंगजीन में 3 से 14 वर्ष के उम्र के बच्चों हेतु कविता और कहानियों के रूप में सामग्री उपलब्ध है।
- ई-लर्निंग सामग्री टेक्स्ट, ऑडियो और वीडियो के रूप में उपलब्ध होगी, जो बच्चों, माता-पिता और शिक्षकों को अधिकांशतः सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और दीक्षा ऐप के माध्यम से उपलब्ध होगी।
- ई-मैंगजीन का पहला संस्करण 30 जून को जारी किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/library-khidki-for-primary-students-in-up/1883573

नाडा का पहला मोबाइल ऐप लांच

प्रश्न-30 जून, 2020 को किसने भारत की राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) का पहला मोबाइल ऐप लांच किया?

(a) किरेन रिजिजू (b) रवि मित्तल (c) नवीन अग्रवाल (d) अजय मेहरा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने भारत की राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) का पहला मोबाइल ऐप लांच किया।
- यह ऐप नाडा और खिलाड़ियों के बीच सेतु का काम करेगा।
- यह ऐप खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं और उसके उपयोग से बचने के संबंध में जानकारी देगा।
- इस ऐप में नाडा द्वारा निषिद्ध पदार्थों एवं दवाओं के विषय में पूर्ण जानकारी दी गई है, जिससे एथलीटों के चोटिल होने पर सही दवाओं का सेवन करने में मदद मिलेगी।
- इसके माध्यम से डोपिंग अधिकारी अपनी उपलब्धता के विषय में जानकारी दे सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/other-sports/kiren-rijiju-launches-nada-app-to-help-athletes-stay-updated-on-banned-substances/article31952363.ece

संकल्प पर्व

प्रश्न-28 जून से 12 जुलाई तक आयोजित होने वाले 'संकल्प पर्व' अभियान हेतु संस्कृति मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की इच्छानुरूप किन वृक्षों के रोपण का आह्वान किया है?

(a) बरगद एवं आंवला(b) पीपल एवं अशोक(c) केवल बेल (d) उपरोक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 28 जून से 12 जुलाई, 2020 तक भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने 'संकल्प पर्व' नामक वृक्षारोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है।
- **विस्तार**
- उपरोक्त समयावधि के दौरान मंत्रालय यह अपेक्षा रखता है कि इस दौरान उसके सभी अधीनस्थ कार्यालय, अकादमी, संलग्न संस्थान, संबद्ध संस्थान अपने-अपने परिसरों में या उसके आस-पास ही जहां भी संभव हो वहां अवश्य ही पेंड़ लगाएंगे।
- संस्कृति मंत्रालय के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर उन 5 वृक्षों के रोपण का आह्वान किया गया है, जिन्हें भारत के प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में रेखांकित किया है।
- ये वृक्ष हैं-(i) बरगद, (ii) पीपल, (iii) अशोक, (iv) आंवला एवं (v) बेल।
- संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई उद्घोषणानुसार अनुपलब्धा की स्थिति में किसी भी वृक्ष या पौधे का रोपण किया जा सकता है।
- **भारत में वृक्षावरण की स्थिति**
- ISFR, 2019 के अनुसार, देश में कुल वन और वृक्षावरण 8,07,276 वर्ग किमी. है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 24.56 प्रतिशत है।
- देश में वन और वृक्षावरण की स्थिति में वर्ष 2017 की तुलना में 5,188 वर्ग किमी. (0.65%) की वृद्धि हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1634757

प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम

प्रश्न-30 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक वर्चुअल समारोह में प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम लांच किया। यह पाठ्यक्रम किसी प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा तैयार कर पेश किया गया है?

(a) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
(c) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (d) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक वर्चुअल समारोह में प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम लांच किया।
- यह पाठ्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास द्वारा तैयार कर पेश किया गया है, जिसे एनआईआरएफ की भारत रैंकिंग 2020 में पहला स्थान हासिल है।
- यह पाठ्यक्रम (बी.एससी. डिग्री) उन छात्रों के लिए है, जिन छात्रों ने 10वीं कक्षा के स्तर पर अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई के साथ 12वीं कक्षा पास कर ली हो और किसी भी संस्थान में अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम में दाखिला लिया हो।
- इस कार्यक्रम को एक अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा और देश के सूदूरवर्ती क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को आकर्षित करेगा जहां पर डिजिटल साक्षरता की पहुंच न्यूनतम है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.financialexpress.com/education-2/iit-madras-launches-worlds-first-online-bsc-degree-in-programming-and-data-science-check-eligibility-fees/2009666/#:~:text=IIT%20Madras%20online%20degree%3A%20IIT,in%20Programming%20and%20Data%20Science!

प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम

प्रश्न-30 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक वर्चुअल समारोह में प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम लांच किया। यह पाठ्यक्रम किसी प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा तैयार कर पेश किया गया है?

(a) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर(b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
(c) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (d) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जून, 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने एक वर्चुअल समारोह में प्रोग्रामिंग एवं डेटा साइंस में विश्व का पहला ऑनलाइन बी.एससी. डिग्री पाठ्यक्रम लांच किया।
- यह पाठ्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास द्वारा तैयार कर पेश किया गया है, जिसे एनआईआरएफ की भारत रैंकिंग 2020 में पहला स्थान हासिल है।

- यह पाठ्यक्रम (बी.एससी. डिग्री) उन छात्रों के लिए है, जिन छात्रों ने 10वीं कक्षा के स्तर पर अंग्रेजी और गणित की पढ़ाई के साथ 12वीं कक्षा पास कर ली हो और किसी भी संस्थान में अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम में दाखिला लिया हो।
- इस कार्यक्रम को एक अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा और देश के सूदूरवर्ती क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को आकर्षित करेगा जहां पर डिजिटल साक्षरता की पहुंच न्यूनतम है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.financialexpress.com/education-2/iit-madras-launches-worlds-first-online-bsc-degree-in-programming-and-data-science-check-eligibility-fees/2009666/#:~:text=IIT%20Madras%20online%20degree%3A%20IIT,in%20Programming%20and%20Data%20Science!

देविका और पुनेजा सेतु

प्रश्न-24 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आभासी मंच के माध्यम से जम्मू और कश्मीर में दो महत्वपूर्ण सेतु देविका और पुनेजा का शुभारंभ किया। देविका और पुनेजा सेतु किस जिले में निर्मित किए गए हैं?
(a) कठुआ और किश्तवार(b) राजौरी और रामबन(c) डोडा और ऊधमपुर (d) कठुआ और गंदरबल
उत्तर-(c)
संबंधित तथ्य

- 24 जून, 2020 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आभासी मंच के माध्यम से जम्मू और कश्मीर में ऊधमपुर और डोडा जिले में निर्मित दो महत्वपूर्ण सेतु देविका और पुनेजा का शुभारंभ किया।
- 10 मीटर लंबा देविका सेतु 75 लाख रुपये की लागत राशि से 1 वर्ष की अवधि में निर्मित किया गया है। इसका निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया गया है।
- इस पुल से यातायात की व्यवस्था दूर करने और ऊधमपुर शहरी क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के अलावा सेना के काफिलों और वाहनों की सुगम आवाजाही में सहायता मिलेगी।
- पुनेजा सेतु डोडा जिले में भदेरवाह में 4 करोड़ रुपये की लागत राशि से निर्मित किया गया है।
- इस सेतु की लंबाई 50 मीटर है।
- बैसोली-बानी-भदेरवाह मार्ग जम्मू और ऊधमपुर से गुजरे बिना पठानकोट (पंजाब) से डोडा, किश्तवार, भदेरवाह और कश्मीर घाटी को जोड़ने वाला एक अहम संपर्क मार्ग है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1633953